बी.एच.ई.एल की शोधन क्षमता विश्लेषण – सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों में बीएचईएल भारत सरकार की ऊर्जा सम्बन्धित क्षेत्र में प्रमुख इंजीनियरिगं व निर्माणी कम्पनी है। जिसकी गणना विद्युत उपस्कर बनाने वाली विश्व की बारह शीर्ष कम्पनियों में की जाती है अत्याधिक प्रतिस्पर्धा के वातावरण में कम्पनी व्यापार में निरन्तरता बनाए रखने में सफल है। जिससे वर्ष 2013 में कम्पनी को महारत्न के रूप में सम्मानित किया गया है। कम्पनी की शोधन क्षमता के अध्ययन के लिए निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत अनुपातों का अध्ययन किया है, जो इस प्रकार है।

1. चालू अनुपात – चालू अनुपात की गणना चालू सम्पत्तियों तथा चालू दायित्वों के मध्य पाए जाने वाले सम्बन्ध को अभिव्यक्त करने के लिए की जाती है। चालू अनुपात को कार्यशील पूँजी अनुपात भी कहा जाता है। कम्पनी की अल्पकालीन वित्तीय स्थिति तथा तरलता का विश्लेषण करने के लिए चालू अनुपात का व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाता है। यह अनुपात एक प्रकार से तरलता की माप है। इस अनुपात की गणना से प्रकट होता है कि कम्पनी की चालू सम्पत्तियाँ चालू दायित्वों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं या नहीं। इस अनुपात से कम्पनी के पास अल्पकालीन दायित्वों का भुगतान करने के लिए उपलब्ध सम्पत्तियों की सूचना प्राप्त होती है। चालू अनुपात की गणना के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$\text{चालू अनुपात} = \frac{\text{चालू सम्पत्तियाँ}}{\text{चालू दायित्व}}$$

Table 1
Curent Ratio of BHEL

Rs. In crore

Year	Curent Assets Rs.	Curent Liabilities Rs.	Ratio
2005-2006	16330.78	10320.02	1.58
2006-2007	21062.97	14420.11	1.46
2007-2008	27704.72	19820.84	1.40
2008-2009	36901.07	28332.90	1.30
2009-2010	42934.81	32441.72	1.32
2010-2011	43277.86	24938.68	1.74
2011-2012	48714.94	28722.93	1.70
2012-2013	50959.46	27832.56	1.83
2013-2014	52018.78	25542.75	2.04
2014-2015	48537.54	22207.48	2.19
2015-2016	46539.03	20936.54	2.22

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 1 में चालू सम्पत्तियों व चालू दायित्वों के मध्य अनुपात को दर्शाया गया है। जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की स्थिति को बतलाती है। अध्ययन अवधि के दौरान चालू अनुपात में बहुत अधिक उतार चढ़ाव देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2005-06 में अनुपात 1.58% है। जो अगले वर्ष 2006-07 में 0.12% घट कर 1.46% पर आ गया। इसी प्रकार वर्ष 2007-08 में अनुपात में अधिक परिवर्तन नहीं हुआ। और अनुपात 0.06% कम होकर 1.40% की समान स्थिति पर आ गया।

वर्ष 2008-09 में अनुपात 0.10% की गिरावट के साथ 1.30% हो गया। वर्ष 2009-10 में अनुपात पुन: 0.02% की बढ़त के साथ 1.32% पर आ गया। और वहीं वर्ष 2010-11 में अनुपात 0.41% की वृद्धि के साथ 1.74% पर आ गया। किन्तु वर्ष 2011-12 में 0.04% की कमी के साथ अनुपात 1.70% पर देखा गया। वर्ष 2012-13 में अनुपात 0.13% बढ़कर 1.83% पर आ गया। यही स्थिति अगले वर्षों में भी देखी गई। जो कि वर्ष 2013-14 में 0.21% बढ़ कर 2.04% पर आ गई। वर्ष 2014-15 व 2015-16 में यह अनुपात 0.14% व 0.03% की वृद्धि के साथ अनुपात 2.19% व 2.22% के स्तर पर पहुँच गया।

2. तरल अनुपात – कोई भी कम्पनी अपने चालू दायित्वों का भुगतान कितनी सरलता से कर सकती है। इसका मूल्यांकन करने के लिए तरल अनुपात की गणना की जाती है। तरल अनुपात चालू अनुपात की तुलना में कम्पनी की तरलता को मापने का एक सटीक परीक्षण है। तरल अनुपात का आशय कम्पनी की सम्पत्तियों को रोकड़ में परिवर्तित करने तथा अल्पकालीन दायित्वों का देय तिथि पर भुगतान करने की क्षमता के मापन से है। तरल अनुपात की गणना के लिए चालू सम्पत्तियों में स्कन्ध तथा पूर्वदत्त व्यय को सम्मिलित नहीं किया जाता है। क्योंकि इन्हें सरलतापूर्वक रोकड़ में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। चालू दायित्व में बैंक अधिविकर्ष को नहीं लिया जाता है। क्योंकि यह मांग पर देय नहीं होते हैं। लेखांकन सिद्धान्त के आधार पर तरल अनुपात का आर्दश या परम्परागत माप 1:1 का होना सन्तोषप्रद माना जाता है। अनुपात की गणना के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$\text{तरल अनुपात} = \frac{\text{चालू सम्पत्तियाँ- (स्कन्ध+पूर्वदत्त व्यय)}}{\text{चालू दायित्व - बैंक अधिविकर्ष}}$$

Table 2
Liquid Ratio Of BHEL

Rs. In crore

Year	Liquidity Assets Rs.	Curent Liabilities Rs.	Ratio
2005-2006	12586.41	10320.02	1.22
2006-2007	16845.30	14420.11	1.17
2007-2008	21968.32	19820.84	1.11
2008-2009	29064.05	28332.90	1.03
2009-2010	33699.35	32441.72	1.04
2010-2011	32425.81	24938.68	1.30
2011-2012	35270.44	28722.93	1.23
2012-2013	39195.64	27832.56	1.41
2013-2014	42221.23	25542.75	1.65
2014-2015	38435.88	22207.48	1.73
2015-2016	36901.64	20936.54	1.76

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2015

निर्वचन – तालिका क्रमांक 2 में तरल सम्पत्तियों व चालू दायित्वों के मध्य अनुपात को दर्शाया गया है। जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की अध्ययन अवधि में तरल अनुपात की स्थिति को बतलाती है। अध्ययन अवधि के दौरान तरल अनुपात में बहुत अधिक उतार चढ़ाव दिखाई नहीं देता है वर्ष 2005-06 में अनुपात 1.22% है, जो अगले वर्ष 2006-07 में 0.05% घट कर 1.17% पर आ गया। वर्ष 2007-08 में अनुपात 0.06% की कमी के साथ 1.11% पर आ गया। इसके पश्चात् अगले वर्ष 2008-09 में भी अनुपात 0.08% कम होकर 1.03% हो गया। वर्ष 2009-10 में अनुपात 0.01% की सामान्य वृद्धि के साथ 1.04% पर आ गया। वहीं अगले वर्ष 2010-11 में अनुपात 0.26% की वृद्धि के साथ 1.30% आ गया। वर्ष 2011-12 में अनुपात 0.07% कम होकर 1.23% पर देखा गया। वर्ष 2012-13 में अनुपात पुन: 0.18% की वृद्धि के साथ 1.41% पर आ गया। यही स्थिति अगले वर्षों में भी देखी गई। जो कि वर्ष 2013-14 में 0.24% बढ़कर 1.65% पर आ गया। वहीं वर्ष 2014-15 व 2015-16 में अनुपात 0.08% व 0.03% की वृद्धि के साथ 1.73% व 1.76%के स्तर पर पहुँच गया।

3. पूर्ण रोकड़ अनुपात – पूर्ण रोकड़ अनुपात की गणना रोकड तथा चालू दायित्वों के मध्य पाए जाने वाले सम्बन्धों को व्यक्त करने तथा कम्पनी की रोकड़ व चालू दायित्वों की वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करने की लिए की जाती है। इस अनुपात की गणना से स्पष्ट होता है कि कम्पनी की रोकड चालू दायित्वों के भुगतान के लिए उपलब्ध है या नहीं। इस अनुपात की गणना से कम्पनी की रोकड़ की स्थिति स्पष्ट होती है। इस अनुपात की गणना का कोई माप निश्चित नहीं है। लेकिन चालू दायित्वों के भुगतान के लिए रोकड की मात्रा ज्ञात करने में उपयोगी है। अनुपात की गणना के लिए निम्न सूत्र का उपयोग किया जाता है।

$$\text{पूण रोकड़ अनुपात} = \frac{\text{रोकड़}}{\text{चालू दायित्व}} \times 100$$

Table 3
Cash Absolute Ratio of BHEL

Rs. In crore

Year	Cash Rs.	Curent Liabilities Rs.	Ratio
2005-2006	4133.97	10320.02	40.06
2006-2007	5808.91	14420.11	40.28
2007-2008	8386.02	19820.84	42.31
2008-2009	10314.67	28332.90	36.41
2009-2010	9790.08	32441.72	30.18
2010-2011	9630.15	24938.68	38.62
2011-2012	6671.98	28722.93	23.23
2012-2013	7732.05	27832.56	27.78
2013-2014	11872.93	25542.75	46.48
2014-2015	9812.70	22207.48	44.19
2015-2016	10085.99	20936.54	48.17

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 3 में रोकड़ व चालू दायित्वों के मध्य अनुपात को दर्शाया गया है, जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की स्थिति को बतलाती है। अध्ययन अवधि के दौरान पूर्ण रोकड अनुपात में बहुत अधिक उतार चढ़ाव देखने का नहीं मिलता है। वर्ष 2005-06 में अनुपात 40.06 है, जो अगले वर्ष 2006-07 में 0.22 बढ़ कर 40.28 पर आ गया। वर्ष 2007-08 में अनुपात 2.03 बढ़ कर 42.31 पर पहुचँ गया। वहीं वर्ष 2008-09 व 2009-10 में 5.90 व 6.23 की कमी के साथ 36.41 व 30.18 पर आ गया। लेकिन वर्ष 2010-11 में पुन 8.44 की वृद्धि के साथ अनुपात 38.62 हो गया। वहीं वर्ष 2011-12 व 2012-13 में 15.39 व 4.55 कम हो कर अनुपात 23.23 व 27.78 पर आ गया। वर्ष 2013-14 में अनुपात पुन: 18.70 की वृद्धि के साथ 46.48 पर पहुचँ गया। इसी प्रकार वर्ष 2014-15 में अनुपात में अधिक परिर्वतन नहीं हुआ और अनुपात 2.29 की कमी के साथ 44.19 के स्तर पर पहुचँ गया। लेकिन

वर्ष 2015-16 में 3.98% की वृद्धि के साथ अनुपात 48.17% पर आ गया।

4. कुल ऋण समता अनुपात – ऋण समता अनुपात को बाह्य समता अनुपात भी कहते हैं। इस अनुपात की गणना कम्पनी के अंशधारियों के कोष तथा दीर्घकालीन ऋण के मध्य सम्बन्धों को व्यक्त करने के लिए की जाती है। यह अनुपात कम्पनी की कुल सम्पत्तियों में कितना भाग अंशधारियों के कोष का तथा कितना भाग दीर्घकालीन ऋण का विनियोजित है इस बात की सूचना प्रदान करता है। ऋण समता अनुपात ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का उपयोग किया जाता है।

$$\text{कुल ऋण समता अनुपात} = \frac{\text{कुल दीर्घकालीन ऋण}}{\text{स्वामित्व कोष}}$$

Table 4
Total Debt Equity Ratio of BHEL
Rs. In crore

Year	Total Debt Rs.	Share holder's Fund Rs.	Ratio
2005-2006	10878.26	6627.66	1.64
2006-2007	14509.44	7853.10	1.85
2007-2008	19916.02	9436.28	2.11
2008-2009	28482.27	11098.51	2.57
2009-2010	32569.47	14390.13	2.26
2010-2011	39106.45	17990.29	2.17
2011-2012	41402.81	23826.97	1.74
2012-2013	39684.35	28893.41	1.37
2013-2014	39744.12	31078.10	1.28
2014-2015	34382.53	31863.87	1.08
2015-2016	33636.75	29918.52	1.12

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 4 में कुल ऋण एवं स्वामित्व कोष के मध्य अनुपात को दर्शाया गया है। जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की अध्ययन अवधि में कुल ऋण समता अनुपात की स्थिति को प्रकट करती है। अध्ययन अवधि के दौरान कुल ऋण समता अनुपात में परिवर्तन देखने को मिलता है। वर्ष 2005-06 में अनुपात 1.64% है। जिसमें अगले वर्ष 2006-07 में थोड़ी वृद्धि हुई। और अनुपात 0.21% से बढ़कर 1.85% पर आ गया। अगले वर्ष 2007-08 व 2008-09 में अनुपात क्रमश: 0.26% व 0.46% की वृद्धि के साथ 2.11% व 2.57% पर पहुँच गया। वर्ष 2009-10 में अनुपात 0.31% घट कर 2.26% हो गया। वर्ष 2010-11 में भी अनुपात 0.09% कम होकर 2.17% पर आ गया। हालांकि वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 व 2014-15 में अनुपात निरन्तर चार वर्षों में समान स्थिति के साथ 0.43%, 0.37%, 0.09% व 0.20% की कमी के साथ क्रमश: 1.74%, 1.37%, 1.28% व 1.08% के स्तर पर आ गया। वहीं वर्ष 2015-16 में अनुपात पुन: 0.04% की वृद्धि के साथ 1.12% पर पहुँच गया।

5. स्वामित्व अनुपात – स्वामित्व अनुपात की गणना कम्पनी की कुल सम्पत्तियों तथा स्वामी कोष के मध्य पाए जाने वाले सम्बन्धों का विश्लेषण करने के लिए की जाती है। अर्थात् इस अनुपात की गणना से यह जानकारी प्राप्त होती है कि कम्पनी की कुल सम्पत्तियों में स्वामित्व कोष का उपयोग किस सीमा तक किया गया हैं स्वामित्व अनुपात कम्पनी की दीर्घकालीन शोधन क्षमता को निर्धारित करने का महत्वपूर्ण अनुपात है। स्वामित्व अनुपात की गणना का सूत्र इस प्रकार है।

$$\text{स्वामित्व अनुपात} = \frac{\text{स्वामित्व कोष}}{\text{कुल सम्पत्तियों}} \times 100$$

Table 5
Proprietory Ratio of BHEL
Rs. In crore

Year	Share holder's Fund Rs.	Total Assets Rs.	Ratio (%)
2005-2006	6627.66	17505.92	37.86
2006-2007	7853.10	22362.54	35.12
2007-2008	9436.28	29352.30	32.15
2008-2009	11098.51	39580.78	28.04
2009-2010	14390.13	46959.60	30.64
2010-2011	17990.29	57096.74	31.51
2011-2012	23826.97	65229.78	36.53
2012-2013	28893.41	68577.76	42.13
2013-2014	31078.10	70822.22	43.88
2014-2015	31863.87	66246.40	48.10
2015-2016	29918.52	63555.27	47.07

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 5 में स्वामित्व कोष व कुल सम्पत्तियों के मध्य अनुपात को दर्शाया गया है। जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की अध्ययन अवधि में स्वामित्व अनुपात की स्थिति को बतलाती है अध्ययन अवधि के दौरान स्वामित्व अनुपात में उतार चढ़ाव देखने को मिलता है। वर्ष 2005-06 में अनुपात 37.86% है, जो अगले वर्ष 2006-07 में 2.74% घटकर 35.12% पर आ गया। वहीं वर्ष 2007-08 में अनुपात 2.97% घटकर 32.15% हो गया वर्ष 2008-09 में अनुपात 4.11% की कमी के साथ 28.04% पर पहुँच गया। वहीं वर्ष 2009-10 में अनुपात पुन: 2.60% की बढ़त के साथ 30.64% पर आ गया। वर्ष 2010-11 में अनुपात में 0.87% की वृद्धि देखी गई जिससे यह अनुपात 31.51% हो गया। वर्ष 2011-12 में अनुपात 5.02% बढ़कर 36.53% तक आ गया। वर्ष 2012-13 में 5.60% की वृद्धि देखी गई। जिससे यह अनुपात 42.13% हो गया। इसके पश्चात् अगले दो वर्ष 2013-14 व 2014-15 में भी वृद्धि का दौर दिखाई दिया और अनुपात क्रमश: 1.75% व 4.22% की वृद्धि के साथ 43.88% व 48.10% के स्तर पर पहुँच गया। वहीं वर्ष 2015-16 में 1.03% की गिरावट के साथ अनुपात 47.07% पर आ गया।

6. दीर्घकालीन ऋण का कुल सम्पत्तियों से अनुपात – इस अनुपात की गणना दीर्घकालीन ऋण व कुल सम्पत्तियों के मध्य पाए जाने वाले सम्बन्धों को प्रकट करने के लिए की जाती है। इस अनुपात के माध्यम से यह ज्ञात होता है कि कुल सम्पत्तियों की व्यवस्था में कितनी मात्रा में दीर्घकालीन ऋण का उपयोग किया गया है। दीर्घकालीन ऋण का कुल सम्पत्तियों से अनुपात की गणना दीर्घकालीन ऋण की सुरक्षा के माप की महत्वपूर्ण तकनीक है। क्योंकि दीर्घकालीन ऋण कुल सम्पत्तियों पर निश्चित प्रभार उत्पन्न करते हैं और यह अनुपात कम्पनी की दीर्घकालीन शोधन क्षमता की माप में सहायक है।

$$\text{दीर्घकालीन ऋण का कुल सम्पत्तियों से अनुपात} = \frac{\text{दीर्घकालीन ऋण}}{\text{कुल सम्पत्तियाँ}} \times 100$$

Table 6
Long Term Debt to Total Assets Ratio of BHEL
Rs. In crore

Year	Long term debt Rs.	Total Assets Rs.	Ratio (%)
2005-2006	558.24	17505.92	3.19
2006-2007	89.33	22362.54	0.40
2007-2008	95.18	29352.30	0.32
2008-2009	149.37	39580.78	0.78
2009-2010	127.75	46959.60	0.27
2010-2011	14167.77	57096.74	2.48
2011-2012	12679.88	65229.78	19.44
2012-2013	11851.79	68577.76	17.28
2013-2014	14201.37	70822.22	20.05
2014-2015	12175.05	66246.40	18.38
2015-2016	12700.21	63555.27	19.98

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 6 वर्ष 2005–06 से 2015–16 तक की अध्ययन अवधि में दीर्घकालीन ऋण का कुल सम्पत्तियों के मध्य अनुपात की स्थिति को दर्शाती है। अध्ययन अविध के दौरान दीर्घकालीन ऋण का कुल सम्पत्तियों के साथ अनुपात में उतार चढ़ाव देखने को मिलता है। वर्ष 2005–06 में अनुपात 3.19% है, जो अगले वर्ष 2006–07 व 2007–08 में 2.79% व 0.08% घट कर 0.40% व 0.32% पर आ गया। वर्ष 2008–09 में अनुपात 0.46% बढ़कर 0.78% पर पहुचँ गया। वहीं वर्ष 2009–10 में अनुपात 0.51% घट कर 0.27%पर आ गया। इसके पश्चात् अगले वर्ष 2010–11 व 2011–12 में 2.21% व 16.96% की वृद्धि के साथ अनुपात 2.48% व 19.44% के स्तर पर पहुचँ गया। वर्ष 2012–13 में अनुपात 2.16% कम हो कर 17.28% पर आ गया। वर्ष 2013–14 में यह अनुपात 2.77% की वृद्धि के साथ 20.05% पर पहुचँ गया। वहीं 2014–15 में यह अनुपात पुन: 1.67% घट कर 18.38% के स्तर पर आ गया। इसके पश्चात् वर्ष 2015–16 में अनुपात 1.60% की वृद्धि के साथ 19.98% पर आ गया।

7. चालू दायित्व का कुल सम्पत्तियों से अनुपात – यह अनुपात कम्पनी के चालू दायित्व व कुल सम्पत्तियों के मध्य सम्बन्धों को व्यक्त करता है। इस अनुपात की गणना कम्पनी की अल्पकालीन शोधन क्षमता को ज्ञात करने तथा भावी नियोजन का निर्धारण करने में सहायक है। अल्पकालीन ऋण दाताओं को यह अनुपात महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्रदान करता है। और यह भी ज्ञात होता है कि कम्पनी की सम्पत्तियों से चालू दायित्वों का भुगतान हो सकता है या नहीं इस अनुपात की गणना का मुख्य उद्देश्य अल्पकालीन दायित्वों के भुगतान की क्षमता के मापन से है। अनुपात की गणना का सूत्र इस प्रकार है।

$$\text{चालू दायित्वों का कुल सम्पत्तियों से अनुपात} = \frac{\text{चालू दायित्व}}{\text{कुल सम्पत्तियाँ}} \times 100$$

Table 7
Curent Liabilities To Total Assets Ratio of BHEL
Rs. In crore

Year	Curent Liabilities Rs.	Total Assets Rs.	Ratio (%)
2005-2006	10320.02	17505.92	58.95
2006-2007	14420.11	22362.54	64.48
2007-2008	19820.84	29352.3	67.53
2008-2009	28332.9	39580.78	71.58
2009-2010	32441.72	46959.6	69.08
2010-2011	24938.68	57096.74	43.68
2011-2012	28722.93	65229.78	44.03
2012-2013	27832.56	68577.76	40.59
2013-2014	25542.75	70822.22	36.07
2014-2015	22207.48	66246.4	33.52
2015-2016	20936-54	63555.27	32.94

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 7 वर्ष 2005–06 से 2015–16 तक की अध्ययन अवधि में चालू दायित्व का कुल सम्पत्तियों के मध्य अनुपात की स्थिति को दर्शाती है। अध्ययन अविध के दौरान चालू दायित्व का कुल सम्पत्तियों के साथ अनुपात में उतार चढ़ाव देखने को मिलता है। वर्ष 2005–06 में अनुपात 58.95% है, जो अगले वर्ष 2006–07 से 2008–09 में 5.53%, 3.05%, 4.05% की वृद्धि के साथ अनुपात 64.48%, 67.53% व 71.58% के स्तर पर पहुचँ गया। वर्ष 2009–10 व 2010–11 में अनुपात 2.50% व 25.40% घट कर 69.08% व 43.68% हो गया। वहीं वर्ष 2011–12 में अनुपात 0.35% बढ़कर 44.03% पर आ गया। इसके पश्चात् अगले वर्ष 2012–13 से 2015–16 तक अनुपात 3.44%, 4.52%, 2.55% व 0.58% की कमी के साथ 40.59%, 36.07% 33.52% व 32.94% के स्तर पर पहुचँ गया।

8. निधि ऋण का कुल पूँजीकरण से अनुपात – इस अनुपात की गणना कम्पनी द्वारा बाह्य व्यक्तियों से प्राप्त दीर्घकालीन कोष और कम्पनी में उपलब्ध कुल दीर्घकालीन कोष के मध्य स्थापित सम्बन्धों को ज्ञात करने के लिए की जाती है, यह अनुपात कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रकट करता है। कुल पूँजीकरण का वह भाग निधि ऋण कहलाता है। जिसे कम्पनी द्वारा बाह्य व्यक्तियों से वित्ता के रूप में प्राप्त किया जाता है। इस अनुपात की गणना से कम्पनी की कुल पूँजीकरण की राशि में निधि ऋण के समावेश की मात्रा का ज्ञान होता है। इस अनुपात की माप के लिए कोई स्वयं सिद्ध नियम या आदर्श मापन निर्धारित नहीं है लेकिन कम्पनी की बाह्य लोगों पर निर्भरता का कम होना कम्पनी की आर्थिक वित्तीय सुदृढ़ता के लिए अच्छा होता है। अनुपात की गणना निम्न प्रकार से की जाती है।

$$\text{निधि का कुल पूँजीकरण से अनुपात} = \frac{\text{निधि ऋण (दीर्घकालीन ऋण)}}{\text{कुल पूँजीकरण}} \times 100$$

Table 8
Funded Debt to Total Capitalisation Ratio of BHEL
Rs. In crore

Year	Funded Debt Rs.	Total Capitalisation Rs.	Ratio (%)
2005-2006	558.24	7185.90	7.77
2006-2007	89.33	7942.43	1.12
2007-2008	95.18	9531.46	1.00
2008-2009	149.37	11247.88	1.33
2009-2010	127.75	14517.88	0.88
2010-2011	14167.77	32158.06	44.06
2011-2012	12679.88	36506.85	34.73
2012-2013	11851.79	40745.20	29.09
2013-2014	14201.37	45279.47	31.36
2014-2015	12175.05	44038.92	27.65

2015-2016	12700.21	42618.73	29.80

Source - Annual Report of BHEL from 2005-2016

निर्वचन – तालिका क्रमांक 8 में दीर्घकालीन ऋण व कुल पूँजीकरण के मध्य अनुपात दर्शाया गया है, जो वर्ष 2005-06 से 2015-16 तक की अध्ययन अवधि में कुल पूँजीकरण की तुलना में दीर्घकालीन ऋण की स्थिति को बतलाती है। वर्ष 2005-06 में अनुपात 7.77% है। जो अगले वर्ष 2006-07 में 6.65% घटकर 1.12% पर आ गया। इसी प्रकार अगले वर्षों में अनुपात में अधिक परिर्वतन नहीं हुआ है, जो वर्ष 2007-08 में 0.12% कम होकर 1.00% हो गया। वर्ष 2008-09 में अनुपात में सामान्य वृद्धि देखी गई जो 0.33% की बढ़त के साथ 1.33% पर आ गया। वर्ष 2009-10 में अनुपात में पुन: 0.45% की गिरावट हुई और अनुपात 0.88% हो गया वर्ष 2010-11 में अनुपात सर्वाधिक 43.17% की वृद्धि के साथ 44.06% के स्तर पर पहुँच गया। हालांकि वर्ष 2011-12 में यह अनुपात 9.33% की गिरावट के साथ 34.73% पर आ गया। इसी प्रकार वर्ष 2012-13 मे अनुपात 5.64% कम होकर 29.09% पर आ गया वर्ष 2013-14 में अनुपात में पुन: 2.27% की वृद्धि हुई और अनुपात 31.36% पर देखा गया। वर्ष 2014-15 में अनुपात 3.71% की कमी के साथ 27.65% पर पहुँच गया। वहीं वर्ष 2015-16 में अनुपात 2.15% की वृद्धि के साथ 29.80% के स्तर पर आ गया।

परिकल्पनाओं का परीक्षण

शुन्य परिकल्पना

H_{01} शोध विषय अध्ययन की अवधि में चालू सम्पत्तियों एवं चालू दायित्वों में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

टी-टेस्ट विधि द्वारा चालू अनुपात के मध्य स्टुडेंट टी-टेस्ट परीक्षण

$$t = \frac{r}{\sqrt{1-r^2}} \times \sqrt{n-2}$$

$$t = \frac{.77}{\sqrt{1-(.77)^2}} \times \sqrt{11-2}$$

$$t = \frac{.77}{\sqrt{1-.5929}} \times \sqrt{9}$$

$$t = \frac{.77}{\sqrt{.4071}} \times 3$$

$$t = \frac{.77 \times 3}{.6380}$$

$$t = \frac{2.31}{.6380}$$

t = 3.621

$t_{0.05}$ = 2.262

t का परिकलित मान = 3.621

t का 5 प्रतिश्त लेवल पर सारणीयन मान = 2.262

यहाँ परिकलित मान > सारणीयन मान

$t > t_{0.05}$ = 3.621 > 2.262

शोध विषय के अध्ययन में ली गई परिकल्पना पूर्ण रूप से सार्थक नहीं है। अत: ली गई परिकल्पना अस्वीकृत है। क्योंकि सारणीयन मान परिकलित मान से कम है। अत: यहाँ स्पष्ट है कि कम्पनी की चालू सम्पत्तियों एवं चालू दायित्वों में अधिक अंतर है। अर्थात् चालू सम्पत्तियों में वृद्धि चालू दायित्वों के कारण नहीं हो रही है। बल्कि चालू सम्पत्तियों में वृद्धि चालू दायित्वों के अलावा अन्य स्त्रोतों के कारण भी हो रही है। जैसे स्वामित्व कोष इत्यादि।

शुन्य

$$t = \frac{r}{\sqrt{1-r^2}} \times \sqrt{n-2}$$

$$t = \frac{.70}{\sqrt{1-(.70)^2}} \times \sqrt{11-2}$$

$$t = \frac{.70}{\sqrt{1-.4900}} \times \sqrt{9}$$

$$t = \frac{.70}{\sqrt{.5100}} \times 3$$

$$t = \frac{.70 \times 3}{.7141}$$

$$t = \frac{2.1}{.7141}$$

t = 2.941

$t_{0.05}$ = 2.262

t का परिकलित मान = 2.941

t का 5 प्रतिश्त लेवल पर सारणीयन मान = 2.262

यहाँ परिकलित मान > सारणीयन मान

$t > t_{0.05}$ = 2.941 > 2.262

शोध विषय के अध्ययन में ली गई परिकल्पना पूर्ण रूप से सार्थक नहीं है। अत: ली गई परिकल्पना अस्वीकृत है। क्योंकि सारणीयन मान परिकलित मान से कम है। अत: यहाँ स्पष्ट है कि कम्पनी के कुल ऋण एवं स्वामित्व कोष में अधिक अंतर है। क्योंकि दोनों के स्त्रोत अलग अलग प्रकार के हैं। अर्थात् ऋण पूँजी एवं स्वामित्व पूँजी दोनों एक नहीं हैं। इसलिए इनमें सार्थक अन्तर है।

निष्कर्ष –

- बी.एच.ई.एल के चालू अनुपात की स्थिति संतोषजनक नहीं है। क्योंकि औसत अनुपात 1.65:1 है, जो कि 2:1 से कम है। यह स्थिति कम्पनी पर नकारात्मक प्रभाव ड़ाल रही है। क्योंकि कम्पनी को दैनिक खर्चों के भुगतान करने में कठिनाईयाँ हो रही हैं। ऐसी स्थिति में इसमें सुधार की आवश्यकता है।
- बी.एच.ई.एल के तरलता अनुपात की स्थिति संतोषजनक है। क्योंकि तरल सम्पत्तियाँ तरल दायित्वों की तुलना में अधिक हैं। कम्पनी पर यह अनुपात सकारात्मक प्रभाव ड़ाल रहा है। इससे कम्पनी आसानी से नगद में चालू दायित्वों का भुगतान कर सकती है, यह अनुपात औसतन 1:1 से अधिक है।
- पूर्ण रोकड़ अनुपात की स्थिति भी कम्पनी की संतोषजनक है। क्योंकि कम्पनी कम से कम चालू दायित्वों का भुगतान लगभग 40 प्रतिशत के आस पास तुरन्त कर सकती है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कम्पनी के पास पर्याप्त मात्रा में नगद राशि है, वह आसानी से अपने अल्पकालीन ऋण का भुगतान कर सकती है। कम्पनी की अल्पकालीन शोधन क्षमता की स्थिति संतोषजनक है। क्योंकि कम्पनी के पास में पर्याप्त मात्रा में रोकड़ की राशि उपलब्ध है।
- बी.एच.ई.एल का ऋण समता अनुपात संतोषजनक नहीं है। क्योंकि कम्पनी द्वारा ऋण पूँजी का लगभग 28 प्रतिशत अंश पूँजी की तुलना में उपयोग किया जा रहा है। ऋण समता अनुपात की गणना तालिका से यह निष्कर्ष निकलता है कि कम्पनी स्वामित्व पूँजी का अधिक उपयोग कर रही है। तथा ऋण पूँजी का कम उपयोग कर रही है। क्योंकि कम्पनी द्वारा रूढ़ीवादी विचारधारा के अन्तर्गत पूँजी का विनियोग कर रखा है, जो कि कम्पनी के लिए लाभप्रद नहीं है। इससे यह भी निष्कर्ष निकलता है कि कम्पनी वित्तीय जोखिम नहीं उठाना चाहती जिसके फलस्वरूप ही कम्पनी कम ऋण पूँजी का उपयोग कर रही है।
- बी.एच.ई.एल के स्वामित्व अनुपात की स्थिति संतोषजनक है क्योंकि कुल सम्पत्तियों में स्वामित्व कोष लगभग 36 प्रतिशत है तथा शेष बचा हुआ भाग बाहरी विनियोगकर्ताओं द्वारा कुल ऋण में विनियोग किया गया है। बाहरी विनियोगकर्ताओं में दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन विनियोगकर्ताओं का समावेश है।
- कम्पनी की दीर्घकालीन शोधन क्षमता की स्थिति संतोषजनक है क्योंकि कम्पनी के दीर्घकालीन ऋण कुल सम्पत्तियों की तुलना में कम हैं। कम्पनी के दीर्घकालीन ऋण औसतन लगभग 10 प्रतिश्त के आसपास है, कम्पनी आसानी से दीर्घकालीन ऋण का भुगतान कर सकती है। लेकिन कम्पनी दीर्घकालीन ऋण पूँजी का लाभ नहीं उठा रही है। जबकि कम्पनी की स्थिति अच्छी है, इसकी प्रत्याय दर भी अधिक है ऐसी स्थिति में कम्पनी को दीर्घकालीन ऋण पूँजी का लाभ उठाना चाहिए।
- चालू दायित्वों की स्थिति कुल सम्पत्तियों की तुलना में संतोषजनक है। क्योंकि चालू दायित्व औसतन 50 प्रतिशत के आस पास हैं ऐसी स्थिति में कम्पनी अपने चालू दायित्वों का आसानी से भुगतान कर सकती है। इसलिए कम्पनी की अल्पकालीन शोधन क्षमता की स्थिति भी संतोषजनक है। क्योंकि कम्पनी के पास पर्याप्त मात्रा में कुल सम्पत्तियाँ हैं।
- बी.एच.ई.एल के निधि ऋण का कुल पूँजीकरण से अनुपात की स्थिति संतोषजनक है। शोध विषय अध्ययन की अवधि के दौरान दीर्घकालीन ऋण कुल पूँजीकरण का 17.90 प्रतिशत हैं जो कि बहुत ही कम हैं। इससे स्पष्ट होता है कि दीर्घकालीन ऋण की पूँजी पूर्ण रूप से सुरक्षित है तथा कम्पनी के द्वारा दीर्घकालीन ऋण कम उपयोग किए जा रहे हैं। इस स्थिति का बाहरी पक्षकारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि कम्पनी की दीर्घकालीन शोधन क्षमता अच्छी है तथा उनकी राशि पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

सुझाव –

- बी.एच.ई.एल को अपनी चालू सम्पत्तियों में वृद्धि करनी चाहिए। तथा चालू दायित्वों में कमी करनी चाहिए। इस हेतु कम्पनी को स्वामित्व कोषों से भी चालू सम्पत्तियों का प्रबंध करना चाहिए। जिससे इस अनुपात में सुधार हो सके।
- बी.एच.ई.एल को तरल अनुपात की वर्तमान स्थिति को भविष्य में बनाए रखना चाहिए। जिससे कम्पनी को तरलता का लाभ मिल सके। यह अनुपात अप्रत्यक्ष रूप से कम्पनी की उधार लेने की क्षमता एवं धन सम्पदा में वृद्धि कर रहा है।
- पूर्ण रोकड़ की वर्तमान स्थिति को भी मज़बूत करते हुए इस स्तर को भविष्य में बनाए रखना चाहिए जिससे की कम्पनी की अल्पकालीन शोधन क्षमता बनी रहे।
- बी.एच.ई.एल को दीर्घकालीन ऋण पूँजी एवं अल्पकालीन ऋण पूँजी में वृद्धि करनी चाहिए तथा कम्पनी को ऋण पूँजी के मिश्रण का लाभ उठाना चाहिए। यदि कम्पनी अल्पकालीन ऋण पूँजी का उपयोग करती है। तो उसके व्यवसाय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा कम्पनी की धन सम्पदा में वृद्धि होगी
- बी.एच.ई.एल की कुल सम्पत्तियों को देखते हुए ऋण पूँजी में और अधिक वृद्धि करनी चाहिए तथा कुल ऋण पूँजी का लाभ उठाना चाहिए। क्योंकि कम्पनी की ऋण पूँजी पूर्ण रूप से सुरक्षित भी है और कम्पनी की आर्थिक स्थिति भी अच्छी है।
- कम्पनी की आर्थिक स्थिति को देखते हुए ऋण पूँजी का अधिक उपयोग करना चाहिए क्योंकि कम्पनी की प्रत्याय दर ब्याज दर से अधिक है। ऐसी स्थिति में कम्पनी को ऋण पूँजी का अधिक उपयोग कर इसका लाभ उठाना चाहिए। अत: कम्पनी को अपनी ऋण पूँजी में वृद्धि करनी चाहिए।
- कम्पनी को अपनी वर्तमान स्थिति को भी भविष्य के लिए बनाए रखना चाहिए इस हेतु कम्पनी को वर्तमान स्थिति को अत्याधिक मज़बूत करना चाहिए। जिससे कि भविष्य में भी कम्पनी की अल्पकालीन शोधन क्षमता संतोषजनक रह सके।
- बी.एच.ई.एल को स्थायी लागत वाली पूँजी की मात्रा को बढ़ाना चाहिए। क्योंकि कम्पनी के पास परिवर्तनशील लागत वाली पूँजी अधिक मात्रा में है। तथा कम्पनी के पास संचय की राशि भी अधिक है। इन तथ्यों को

ध्यान में रखकर कम्पनी को स्थायी पूँजी में वृद्धि करनी चाहिए। जिससे कम्पनी की धन सम्पदा में वृद्धि हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अग्रवाल, जे.के. एवं अग्रवाल, आर.के. (1998), 'प्रबंधकीय लेखांकन' रमेश बुक डिपो जयपुर।
2. अग्रवाल, जी.पी. एवं गुप्ता, के.सी. (1985), 'वित्तीय लेखांकन' एम.जे पब्लिकेशन मेरठ।
3. अग्रवाल, एम.आर. (1998), 'प्रबंध लेखांकन' मयूर पेपर बैक्स नोएडा।
4. अग्रवाल, एम.डी. एवं अग्रवाल, एन.पी. (2000), 'वित्तीय प्रबंध' रमेश बुक डिपो आगरा।
5. अग्रवाल, एम.डी. (2005), 'वित्तीय प्रबंध' रमेश बुक डिपो जयपुर।
6. अग्रवाल, एम.डी. एवं अग्रवाल, एन.पी. (1988–89), 'वित्तीय प्रबंध' रमेश बुक डिपो आगरा।
7. आर,के.शर्मा. (1992), 'प्रबंधकीय लेखांकन' कल्यानी पब्लिकेशन।
8. कुलश्रेष्ठ, आर.एस. (1987), 'निगमों का वित्तीय प्रबंध' साहित्य भवन आगरा।
9. कुलश्रेष्ठ, आर.एस. (2001), 'वित्तीय प्रबंध' साहित्य भवन पब्लिकेशन।
10. कुलश्रेष्ठ, आर.एस. एवं राठी,ए.एम. (2005), 'वित्तीय प्रबंधन' साहित्य भवन नई दिल्ली।
11. कुलश्रेष्ठ, आर.एस. एवं राठी, एम.जे. (2008), 'वित्तीय प्रबंध' एस बीपीडी पब्लिशिंग हाउस आगरा
12. कुमार, राजीव. (2011), 'वित्तीय लेखाकंन' अर्जुन पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
13. खनूजा, एस.एस. एवं करीम, ए. (2011), 'उच्चतम निगमीय लेखे' एस.बी.पी.डी साहित्य भवन आगरा।
14. गुप्ता, एस.पी. (1992), 'प्रबंधकीय लेखांकन विधि' साहित्य भवन आगरा।
15. गुप्ता, एस.पी. एवं अग्रवाल, वी.एम. (1994), 'एडवान्स एकाउंट्स' शिवलाल अग्रवाल एडं कम्पनी इन्दौर।
16. गुप्ता, एस.पी. (2005), 'वित्तीय प्रबंध' साहित्य भवन आगरा।
17. गुप्ता, एस.पी. (2008), 'प्रबंधकीय निर्णय हेतु लेखांकन' साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा।
18. ठाकुर, आर.एस. (1990), 'कम्पनी विधि' युगबोध प्रकाशन रायपुर छत्तीसगढ़।
19. जैन, एस.सी. (2010), 'भारतीय कम्पनी अधिनियम' कैलाश पुस्तक सदन भोपाल।
20. वर्मा, जी.डी. शर्मा. आर.के. एवं गुप्ता, शशि. के. (2013), 'वित्तीय प्रबंधन' कल्याणी पब्लिशन्स नई दिल्ली।
21. सिंह, एच.के. (2001), 'वित्तीय प्रबंधन' साहित्य भवन आगरा।
22. सक्सेना, एस.सी. (2002), 'प्रबंध के सिद्धान्त' साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा।
23. शर्मा, डी.सी. (1986–87), 'वित्तीय प्रबंध के मूल तत्व' केदारनाथ रामनाथ मेरठ।
24. शर्मा, वीरेन्द्र. प्रकाश. (2013), 'रिसर्च मेथोडोलॉजी' पंचशील प्रकाशन जयपुर।
25. Annual Reports of BHEL from year 2005-06 to 2014-16

****

ग्वालियर व्यापार मेला के आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण

डॉ. दर्शना राठौर *

शोध सारांश – ग्वालियर व्यापार मेला इस क्षेत्र का ही नहीं, वरन् उत्तर भारत में प्रगति मैदान के भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा आयोजित मेले के बाद सबसे बड़ा एवं कई अर्थों में अपने प्रकार का एक अद्वितिय मेला बन गया है, एवं ग्वालियर तथा चंबल संभाग की सामाजिक, आर्थिक एवं साँस्कृतिक धरोहर का परिचायक एवं केन्द्र बिन्दु है। इस अंचल की पूरी जनता ग्वालियर मेले में प्रतिवर्ष नियमित रूप से भाग लेती है। वर्तमान समय में यह मेला लगभग 30–40 दिन की अवधि का होता है। इसका प्रांरभ पशु मेले के रूप में होता है तथा समापन व्यापार मेले के रूप में होता है । इसमें सम्पूर्ण राष्ट्र के व्यापारी भाग लेते है।

शोधार्थी के अध्ययन का उद्देश्य ग्वालियर व्यापर मेले के आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण करना है। इस कार्य के लिए शोधार्थी द्वारा दो उद्देश्यों ग्वालियर व्यापार मेला का व्यापारियों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का अध्ययन एवं ग्वालियर व्यापार मेला का उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का अध्ययन को शामिल किया है तथा दो परिकल्पनाओं ग्वालियर व्यापार मेला एवं व्यापारियों के मध्य नकारात्मक संबंध एवं ग्वालियर व्यापार मेला एवं उपभोक्ताओं के मध्य नकारात्मक संबंध को शामिल किया है। शोधार्थी द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के आधार पर किए गए अध्ययन में दोनों परिकल्पनाएँ सही सिद्ध हुई हैं।

शब्द कुँजी – उपभोक्ता (सैलानी), व्यापारी एवं आर्थिक प्रभाव।

प्रस्तावना – ग्वालियर व्यापार मेले का प्रारंभ पशु मेले के रूप में वर्ष 1905 में सिंधिया घराने के सदस्य एवं पूर्व ग्वालियर राज्य के तत्कालीन महाराजा स्व.माधौराव शिन्दे जी द्वारा कराया गया था। उनकी दूरदर्शिता एवं परिकल्पना के परिणाम स्वरूप आज यह ग्वालियर व्यापार मेला के रूप में परिवर्तित होकर विख्यात हो रहा है। यह मेला प्रारंभ में नगर के प्रसिद्ध सागरताल के पास के मैदान में लगाया जाता था। इस स्थान का चयन वर्ष 1918 में मेले का स्थान बदलकर वर्तमान मेला परिसर में लगाया जाने लगा। यह मेला लगभग 104 एकड़ के विशाल भू–भाग पर फैला हुआ है। मेला परिसर में 1250 पक्की दुकानें, 500 पक्के चबूतरें है। परिसर में एक खुला रंगमंच एवं एक कला मंदिर भवन भी है, जिसमें मेला अवधि के दौरान साँस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं एवं देश–विदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुती देते हैं।

ग्वालियर व्यापार मेले से व्यापारियों को आय होती है, किन्तु साथ ही मेला परिसर में अपनी दुकान लगाने के संबंध में अनेक प्रकार के व्यय भी होते है, जिसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव व्यापारियों, उपभोक्ताओं एवं समाज पर पड़ता है। अत: शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध कार्य में ग्वालियर व्यापार मेला का व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है।

साहित्य रूपरेखा – ग्वालियर व्यापार मेला पर सर्वप्रथम शोधार्थी द्वारा स्वंय ही शोध कार्य किया गया है। जिसका शीर्षक 'श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापर मेला का आर्थिक एवं वित्तीय अध्ययन' है। इस शोध प्रबंध पर शोधार्थी द्वारा वर्ष 2007 में शोध उपाधि प्राप्त की गई। शोधार्थी के अतिरिक्त अन्य किसी शोधार्थी द्वारा इस क्षेत्र में कोई भी कार्य वर्तमान समय तक नहीं किया गया है। अत: शोधार्थी द्वारा अपने शोध कार्य में अपने ही शोध प्रबंध की सहित्य रूपरेखा उल्लेखित है।'

शोध प्रविधि – किसी भी शोध कार्य को संमकों के बिना पूर्ण नहीं किया जा सकता। अत: शोध कार्य में संमकों के संकलन का महत्वपूर्ण स्थान है। शोधार्थी द्वारा शोध कार्य के लिए संमको का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीय संमको के आधार पर किया गया है। जिसमें शोधार्थी द्वारा मेला व्यापारियों एवं सैलानियों से साक्षात्कार द्वारा प्राथमिक संमको का संकलन किया गया एवं द्वितिय समकों का संकलन मेला प्रधिकरण द्वारा प्रकाशित विवरण पत्रिका, दैनिक समाचार पत्र, जर्नल, शोध प्रबंध एंव बेवसाइट द्वारा किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. ग्वालियर व्यापार मेला का व्यापारियों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का अध्ययन।
2. ग्वालियर व्यापार मेला का उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का अध्ययन।

परिकल्पना –

1. ग्वालियर व्यापार मेला एवं व्यापारियों के मध्य नकारात्मक संबंध।
2. ग्वालियर व्यापार मेला एवं उपभोक्ताओं के मध्य नकारात्मक संबंध।

निर्वचन एवं विश्लेषण – व्यापारियों द्वारा दुकान पर किया जाने वाला व्यय शीर्षक में ग्वालियर व्यापार मेला के प्रमुख पाँच सेक्टर के व्ययों का विस्तृत वर्णन किया गया है। यह पाँच सेक्टर इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर, मनोरंजन सेक्टर, कपडा सेक्टर, फर्नीचर सेक्टर एवं होटल तथा रेस्टोरेन्ट सेक्टर हैं।

इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर ग्वालियर व्यापार मेले का एक महत्वपूर्ण अंग है। मेले में इलेक्ट्रॉनिक संसार की लगभग सभी कम्पनियॉ बढ़–चढ़कर हिस्सा लेती है, इसमें विडियोकॉन, फिलिप्स, एल.जी.सेमसंग, आई.एफ.बी,

* फेकल्टी ऑफ कॉमर्स, वी.आर.जी.पी.जी कॉलेज, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

ब्हर्लपूल, अकाई, हायर, सोनी आदि प्रमुख है। यह सभी अपने नये नये उत्पाद जैसे- फ्रीज, वॉशिंग मशीन, सी.डी.प्लेयर, एल.ईडी., होम थियेटर आदि आकर्षक मूल्यों पर लाती है।ग्वालियर व्यापार मेला में मनोरंजन के लिए अपना एक अलग स्थान है। जिसमें मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, सर्कस, जादू का खेल, मौत का कुआँ आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

मेले में लगाए जाने वाले कपडा सेक्टर में ग्वालियर के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष के व्यापारी अपनी दुकाने लगाते है। इसमें कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, के साथ-साथ अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक परिधानों के द्वारा देखने को मिलती है। फर्नीचर सेक्टर में फर्नीचर व्यापारी अपनी नई रेंज के साथ दुकाने लगाते हैं। इसमें लोहे एवं लकड़ी का डबल बेड, सिंगल बेड, सोफा सेट, सोफा कम बेट सेट, डायनिग टेबल, ड्रेसिंग टेबल, महाराजा कुर्सियाँ आदि प्रमुख है।

ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में होटल एवं रेस्टोरेन्ट सेक्टर में विगत 50 वर्षो से यादव चाट भण्डार एवं हरिद्वार चाट भण्डार के व्यापारी अपनी दुकान लगाते आ रहें हैं। इसके साथ ही चोटी वाला,साउथ इंडियन कैफे, चायनीज हाउस भी मेला सैलानियों के लिए जायकेदार व्यजंन लेकर आते है। ग्वालियर व्यापार मेला में भेलपूरी, पापड़, खजला एवं सॉफ्टी का भी महत्वपूर्ण स्थान है। अत: मेला सैलानियों के लिए सभी प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन ग्वालियर व्यापार मेला में उपलब्ध रहते है।

शोधार्थी द्वारा अध्ययन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में एल.ई.डी. एवं सी.डी.प्लेयर (साउन्ड सिंस्टम) मनोरंजन सेक्टर में झूला सेक्टर, कपड़ा सेक्टर में रेडीमेड गार्मेन्ट एवं होटल/रेस्टॉरेन्ट सेक्टर में भेलपूरी, सॉफ्टी आदि के व्यापारियों की आय-व्यय को शामिल किया गया है।

तालिका -1 व चार्ट-1 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका -1 में विभिन्न सेक्टर के व्यापारियों द्वारा मेले में दुकान लगाने के संबंधमें किए जाने वाले व्ययों को दर्शाया गया है। इन व्ययों में दुकान किराया, बिजली किराया, यातायात व्यय, साजसजा एवं रख रखाव पर किए जाने वाले व्ययों को शामिल किया गया है।

तालिका 1 से स्पष्ट है, कि इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर के व्यापारी दुकान किराये के रूप में 12000 रूपये, बिजली किराया 10,000 रूपये, यातायात व्यय 5000 रूपये, साज सज्जा एवं रखरखाव पर क्रमश: 25000 एवं 20000 रूपये व्यय करता है। इस प्रकार इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर के व्यापारी द्वारा दुकान पर किया जाने वाला कुल व्यय लगभग 72000 रूपये होता है मनोरंजन सेक्टर के व्यापारियों द्वारा दुकान किराया 28000 रूपये, बिजली किराया 23000 रूपये, यातायात व्यय पर 6000 रूपये, साज सज्जा व्यय पर 8000 रूपये एवं रखरखाव पर 10000 रूपये व्यय किए जाते है। कपड़ा सेक्टर के व्यापारियों द्वारा दुकान किराया 10,000 रूपये, बिजली किराया 6000 रूपये, साज सज्जा व्यय पर 10,000 रूपये एवं रख रखाव पर 10000 रूपये व्यय किए जाते है। इसी प्रकार फर्नीचर सेक्टर के व्यापारियों द्वारा दुकान किराया 12000 रूपये बिजली किराया 8000 रूपये, यातायात व्यय 6000 रूपये, साज सज्जा व्यय 12000 रूपये एवं रखरखाव पर 10000 रूपये व्यय किए जाते है तथा होटल/रेस्टोरेंन्ट सेक्टर के व्यापारी द्वारा दुकान किराया के रूप में 10000 रूपये, बिजली किराया 6000 रूपये, यातायात व्यय 8000 रूपये, साज सज्जा व्यय 15000 रूपये एवं रख रखाव पर 12000 रूपये व्यय किए जाते है।

इस प्रकार ग्वालियर व्यापर मेला में विभिन्न सेक्टर के व्यापारियों द्वारा दुकान लगाने के संबंध में किया जाने वाला कुल व्यय इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में 72000, मनोरंजन सेक्टर (झूला सेक्टर) में 75000, कपडा सेक्टर में 42000, फर्नीचर सेक्टर में 48000, एवं होटल/रेस्टोरेन्ट सेक्टर में 51000 है।

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है मनोरंजन सेक्टर के व्यवसायी का कुल व्यय सर्वाधिक है।

तालिका 2 व चार्ट-2 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका 2 से स्पष्ट है कि 20 वर्ष से कम आयुवर्ग के उपभोक्ताओं की रूचि सबसे कम फर्नीचर सेक्टर एवं कपड़ा सेक्टर में है, जो कि क्रमश: 20 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत है। इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में इस आयुवर्ग के लोगों की रूचि अपेक्षाकृत अधिक है। जो 50 प्रतिशत है, एवं सर्वाधिक रूचि मनोरंजन सेक्टर में है, जो 100 प्रतिशत है, चुँकि इस आयुवर्ग में बच्चे एवं युवा दोनों ही शामिल है। इसलिए इनकी रूचि मेला में मनोरंजन सेक्टर में सर्वाधिक होती है।

20 वर्ष से 40 वर्ष की आयुवर्ग में युवावर्ग आता है। उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है, कि इस आयुवर्ग की रूचि मनोरंजन सेक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में अधिक है, जो क्रमश: 90 प्रतिशत एवं 80 प्रतिशत है इसके पश्चात इस आयुवर्ग के लोगो की रूचि फर्नीचर सेक्टर में देखने को मिलती है जो 60 प्रतिशत तथा सबसे कम रूचि इस आयुवर्ग की कपड़ा सेक्टर में है जो मात्र 30 प्रतिशत ही है।

उपरोक्त तालिका में सबसे अंत में शोधार्थी ने 40 वर्ष से अधिक के आयुवर्ग के उपभोक्ताओं को शामिल किया है। इस आयुवर्ग में प्रोढ़ा अवस्था एवं वृद्धा अवस्था के उपभोक्ता आते है। उपरोक्त टेबल से स्पष्ट है कि इस आयुवर्ग के उपभोक्ताओं की रूचि भी मनोरंजन सेक्टर में सर्वाधिक है, जो 80 प्रतिशत है। इसके पश्चात इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर एवं फर्नीचर सेक्टर मे इस आयुवर्ग की रूचि है जो क्रमश: 60 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत दर्शायी गई है सबसे कम रूचि इस आयुवर्ग के उपभोक्ताओ की कपड़ा सेक्टर में है जो मात्र 20 प्रतिशत है।

तालिका एवं ग्राफ 2 से स्पष्ट है, कि सभी आयु वर्ग के उपभोक्ताओं की सर्वाधिक रूचि ग्वालियर व्यापार मेला के मनोरंजन सेक्टर में है एवं सबसे कम रूचि कपडा सेक्टर में है।

तालिका 3 - व्यापारियों की आय

व्यापारी	आय (रूपयें)
इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर	85000
मनोरंजन सेक्ट	90000
रकपडा सेक्टर	35000
फर्नीचर सेक्टर	40000
होटल/रेस्टोरेन्ट सेक्टर	40000

चार्ट-3 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तलिका 3 से स्पष्ट है, कि इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर के व्यापारियों के मेला अवधि में लगभग रू 85000 आय होती है। मनोरंजन सेक्टर के व्यापारियो को लगभग रू 90,000 आय होती है कपडा सेक्टर के व्यापारियों को लगभग रू 35000 की आय होती है तथा फर्नीचर सेक्टर एवं होटल/रेस्टॉरेन्ट सेक्टरों के व्यापारियों की सम्पूर्ण मेला अवधि में क्रमष: 40,000, 40,000 रूपये की आय होती है।

परिणाम - शोधार्थी द्वारा ग्वालियर व्यापार मेला के आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए ग्वालियर व्यापार मेला के इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर,

मनोरंजन सेक्टर, कपडा सेक्टर, फर्नीचर सेक्टर एवं होटल/रेस्टोरेन्ट सेक्टर के व्यापारियों की आय व्यय एवं उपभोक्ताओं की इन सेक्टरों के प्रति रूचि का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर एवं मनोरंजन सेक्टर के व्यापारियों की आय, व्यय की तुलना में कुछ ही अधिक है, जबकि अन्य सेक्टरों की आय, व्यय की तुलना कम है। जिस कारण व्यापारियों को मेला परिसर में दुकान लगाने पर कोई लाभ नहीं होता हैं । इसी प्रकार मेला परिसर में आ रहे उपभोक्ताओं (सैलानियों) की रूचि भी कम होती जा रही है, मेला सैलानी सिर्फ मेला घूमने ही आते हैं। उनकी मेले से वस्तुएँ खरीदने के पक्ष में रूचि कम ही देखने को मिलती है। इसका कारण मेला में विभिन्न सेक्टरों के उत्पादों में मिल रही कम छूट एवं बढती हुइ कीमतें है। परिणाम स्वरूप व्यापारी वर्ग एवं उपभोक्ता वर्ग दोनों ही ग्वालियर व्यापार मेला से आर्थिक रूप से प्रभावित होते है।

परिकल्पना 1 – ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा चार्ज किया जाने वाला दुकान किराया व बिजली किराय अधिक होने के परिणाम स्वरूप व्यापारियों द्वारा मेला परिसर में दुकान लगाने पर किया जाने वाला व्यय, आय की तुलना में अधिक होता है। जिस कारण व्यापारी वर्ग को कई बार हानि भी वहन करनी पडती है। अत: यहॉ परिकल्पना 1 ग्वालियर व्यापार मेला एवं व्यापारियों के मध्य नकारात्मक संबंध सही सिद्ध होता है।

परिकल्पना 2 – वर्तमान में ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में घुमने आने वाले उपभोक्ताओं (सैलानियों) की संख्या में कमी हुई है तथा उपभोक्ताओं की मेला परिसर में लगने वाले विभिन्न सेक्टरों (मनोरंजन सेक्टर को छोडकर) के प्रति रूचि में भी कमी हुई है अत: शोधार्थी द्वारा ली गई परिकल्पना 2 ग्वालियर व्यापार मेला एवं उपभोक्ता के मध्य नकारात्मक संबंध सही सिद्ध हुई।

सुझाव –

1. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा व्यापारियों से लिया जाने वाला दुकान किराया कम चार्ज किया जाना चाहिए। जिससे उत्पादों की कीमतें कम की जा सकें।
2. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा होटल/रेस्टॉरेन्ट सेक्टर के व्यापारियों की व्यंजनों को गुणवता बढाने एवं साफ सफाई के विशेष निर्देष दिए जाने चाहिए। जिससे उपभोक्ताओं की रूचि इस ओर अधिक बढ़े।
3. ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा समय समय पर ऐसे सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे व्यापारी वर्ग एवं उपभोक्ता वर्ग दोनो ही लाभान्वित हो।

निष्कर्ष – शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र 'ग्वालियर व्यापार मेला के आर्थिक प्रभाव का अध्ययन' में ग्वालियर व्यापार मेला के कुछ प्रमुख सेक्टर को अध्ययन की दृष्टि से शामिल किया गया है शोधार्थी द्वारा अध्ययन के उद्देश्यो को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर, मनोरंजन सेक्टर, कपडा सेक्टर, फर्नीचर सेक्टर एवं होटल/रेस्टॉरेन्ट सेक्टर के व्यवसायियों द्वारा ग्वालियर व्यापार मेला में दुकान लगाने पर किए जाने वाले व्ययों का अध्ययन किया, साथ ही मेला परिसर में घूमने आने वाले सैलानियों (उपभोक्ताओं) की इन सेक्टर के प्रति रूचि का अध्ययन किया। इस अध्ययन से शोधार्थी को ज्ञात हुआ कि, व्यापारियों द्वारा मेला प्राधिकरण में दुकान लागाने पर किया जाने वाला व्यय आय की तुलना में अधिक हो रहा है। व्यय अधिक होने के कारण व्यापारी अपने सामान का मूल्य अधिक कर देते है। इस कारण मेले में घूमने आने वाले उपभोक्ता वर्ग की रूचि इन सेक्टरों में कम होती जा रही है। जिससे व्यापारियों को कई बार घाटा भी उठाना पड़ता है। इस कारण व्यापारी वर्ग वर्तमान में ग्वालियर व्यापार मेले में दुकान लगाने में कम सहमत हो रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आर्य, एस.पी.,सामाजिक सर्वेक्षण की पद्तियाँ, साहित्य भवन, आगरा।
2. डॉ. द्विवेदी एवं डॉ. शुक्ला, रिसर्च मेथोडोलॉजी, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर वर्ष 2014
3. जैन, बी.एम.,रिसर्च मैथोडोलॉजी, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर, वर्ष 2015
4. डॉ. कपिल, एच.के, अनुसंधान विधियाँ, हर प्रसाद भार्गव, पुस्तक प्रकाशन, आगरा, वर्ष 2010

पत्र–पत्रिकाएँ–

1. ग्वालियर व्यापार मेला (वार्षिक), ग्वालियर व्यापार मेला का अधिकृत प्रकाशन।
2. ईनर न्यूज,समाचार पत्रिका (साप्ताहिक) मेला अवधि में।
3. वार्षिक विवरण, ग्वालियर व्यापार मेल प्राधिकरण ग्वालियर।
4. स्मृति(वार्षिक पत्रिका), ग्वालियर व्यापार मेला, ग्वालियर।

शोध प्रबंध –

1. राठौर, दर्शना, 'श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला का आर्थिक एवं वित्तीय अध्ययन' जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, वर्ष 2007

बेवसाईट –

1. www.gwaliortrdefair.com
2. www.gtf@gwalior tradefair.com

तालिका –1

व्यापारियों द्वारा दुकान पर किया जाने वाला व्यय

व्यापारी	दुकान किराया	बिजली किराया	यातायात व्यय	साज सज्जा व्यय	रख रखाव (कर्मचारी) व्यय	कुल व्यय
इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर	12000	10000	5000	25000	20000	72000
मनोरंजन सेक्टर	28000	23000	6000	8000	10000	75000
कपडा सेक्टर	10000	6000	6000	10000	10000	42000
फर्नीचर सेक्टर	12000	8000	6000	12000	10000	48000
होटल/रेस्टोरेन्ट सेक्टर	10000	6000	8000	15000	12000	51000

स्त्रोत – वार्षिक विवरण, ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण, ग्वालियर ।

चार्ट – 1



तालिका 2
उपभोक्ता की रूचि (प्रतिशत में)

उपभोक्ता (आयुवर्ग में)	इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर	मनोरंजन सेक्टर	कपडा सेक्टर	फर्नीचर सेक्टर
20 वर्ष से कम	50	100	30	20
20 वर्ष– 40 वर्ष	80	90	30	60
40 वर्ष से अधिक	60	80	20	50

चार्ट – 2



चार्ट – 3



****

लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापार में वित्तीय प्रबंधन

डॉ. देवेन्द्र प्रसाद पाण्डेय * आशीष सिंह **

प्रस्तावना – किसी भी व्यापार की मूल क्रियाओं का आधार स्तंभ वित्त माना जाता है। विशेषकर उत्पादन एवं विपणन सम्बन्धी क्रियाओं में वित्त उसी प्रकार का कार्य करता है, जो मशीन को चलानें में तेल का या मानव शरीर को चलाने में रक्त का होता है। वित्त के आभाव में न तो कोई व्यापार स्थापित किया जा सकता है और न संचालित व विकसित किया जा सकता है। वित्त की आवश्यकता उन क्षेत्रों मे भी होती है,जहां किसी न किसी प्रकार की आर्थिक क्रियाएं सम्पन्न होती हैं। हस्बैण्ड व **डाकरी(**Husband and Dockery) के शब्दों में,' आर्थिक क्रिया के बहाव को निर्देशित करने और उसके निर्विघ्न संचालन के लिए कुछ तो होना चाहिए। वित्त ही ऐसा साधन है, जो इस कार्य को सन्पन्न कर सकता है।'

लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापार जिनकी आधारशिला छोटी मात्रा में उपलब्ध पूंजी से रखी जाती है। ऐसे व्यापार में वित्तीय प्रबंधन का महत्व और बढ जाता है, उपलब्ध पूंजी का इस प्रकार से प्रयोग किया जाय कि व्यापार का सही तरीके से संचालन हो सके। ऐसा तभी सम्भव है, जब व्यापारियों द्वारा वित्त का सही प्रकार से प्रबन्ध किया जाए।

व्यापार में किन–किन स्थानों पर वित्त की आवश्यकता है,और भविष्य में किन–किन स्थानों में वित्त की आवश्यकता महसूस की जाएगी। यथा सम्भव सही पूर्वानुमान लगाकर उनकी पूर्ति के लिए स्त्रोंतो की व्यवस्था करना विनियोक्ताओं द्वारा प्रदत्त फण्ड का अधिकतम प्रभावशाली ढंग से उपयोग करना। छोटे एवं मध्यम प्रकार के व्यापारियों के लिए एक बहुत बडी चुनौती है। व्यापारी द्वारा वित्त सम्बन्धी लिए गए निर्णय उसके व्यापार की भविष्य की दशा एवं दिशा तय करते हैं।

वित्तीय प्रबन्ध वह प्रबंधकीय क्रिया है, जो फर्म को वित्तीय संसाधनों के नियोजन एवं नियंत्रण से सम्बन्धित है। दूसरे शब्दों में,यह व्यावसायिक उपक्रम के समग्र उद्धेश्य(मुख्यत: अंशधारियों की सम्पदा को अधिकतम करना) को पूरा करने के लिए सम्पत्तियों को प्राप्त करने, वित्तीय करने एवं प्रबन्ध करनें से सम्बन्धित है।

आधुनिक दुनिया में जहां पुस्तकीय लाभ की तुलना में धनात्मक रोकड प्रवाह अधिक महत्वपूर्ण है, वित्तीय प्रबंध को धनात्मक रोकड़ प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक उपक्रम के भविष्य के लिए नियोजन के रुप में भी परिभाषित किया जा सकता है। कुछ विशेषज्ञ वित्तीय प्रबन्ध को धन प्रबन्ध को विज्ञान कहते हैं।

Raymond chambers द्वारा दी गयी परिभाषा इस प्रकार है– 'वित्तीय प्रबन्ध में वित्तीय उद्देश्यों के लिए एक उपक्रम के वित्तीय संसाधनों को प्राप्त एवं प्रयोग करनें सम्बन्धी क्रियाओं के पूर्वानुमान, नियोजन, संगठन, निर्देशन, संयोजन एवं नियंत्रण को सम्मिलित किया जाता है।'

Phillippatus द्वारा दी गयी विस्तृत परिभाषा है– 'वित्तीय प्रबन्ध प्रबन्धकीय निर्णयों से सम्बन्धित है। जिसका परिणाम किसी फर्म के लिए अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन साख को प्राप्त करना तथा वित्तीयन करना है।'

यह परिभाषा उस स्थिति का वर्णन करती है, जो विशिष्ट सम्पत्तियों (या सम्पत्तियों के समूह)के चयन तथा एक उपक्रम के आकार एवं वृद्धि की विशिष्ट समस्या के चयन की आवश्यकता समझती है। इन निर्णयों का विश्लेषण कोषों के सम्भावित आगमन तथा प्रबन्धकीय निर्णयों पर उनके प्रभावों पर आधारित है।

जैन 1965, अपने शोध अध्ययन में विभिन्न वित्तीय संस्थागत उपक्रमों के प्रदर्शन का अध्ययन करते हुए यह पाया कि वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले उपक्रम लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करनें के मामले में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। जबकि वृहद उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में उनका प्रदर्शन का स्तर उच्च रहा है। जो प्रदर्शित करता है कि वित्तीय संस्थान वृहद उपक्रमों को वित्तीय सहायता देने में ज्यादा रुचि लेती है, अपेक्षाकृत लघु एवं मध्यम उपक्रमों के। Jeswal 2012, भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों की भूमिका पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि देश की आर्थिक एवं सामाजिक विकास में लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका है, कमजोर अर्थव्यवस्था एवं मंदी काल में ये उपक्रम बहुत तेजी से उभरकर सामने आये हैं। अर्थव्यवस्था के कुल सकल औद्योगिक मूल्य में इनका योगदान 40% का है। यही कारण रहा है कि मंदी के समय जब सारे विश्व की अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ गयी, हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका उतना ज्यादा प्रभाव नहीं पडा।

Ministry of micro, small and medium enterprise (2008–09), में प्रस्तुत आंकडों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में 6% से ज्यादा की वृद्धि दर दर्ज की गयी, इस वृद्धि दर में से लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों का बहुत बडा योगदान रहा है क्योंकि उसी आंकडों से यह भी जानकारी प्राप्त होती है कि लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों में 2008–09 के दौरान उत्पादन वृद्धि दर 11% रही।

Prime minister task force की जनवरी 2010 में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों को उचित मात्रा में, सही समय पर ऋण प्रदान करनें में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

* एसो. प्रोफेसर –महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी , महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत

Nishant.P. द्वारा किए गए सर्वेक्षण में साझेदारी फर्म से जुडे हुए व्यापारियों में से 41.67% व्यापारियों को ऋण लेने में वित्तीय संस्थानों द्वारा बहुत ज्यादा कागजी कार्यवाही करवायी जाती है, उसके उपरान्त ही ऋण प्रदान किया जाता है सिक्युरिटी के रुप में पर्याप्त संपत्ति न होने की वजह से ऋण देने में विलम्ब किया जाता है जिससे उनके व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए इन्होंने अपने सुझाव में कहा है कि जिला उद्योग केन्द्र द्वारा लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों को लेखांकन संबंधी प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा इन केन्द्रों में लेखांकन संबंधी प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि इन उपक्रमों केा लेखांकन एवं वित्त संबंधी कार्य करने में समस्या का सामना न करना पड़े। Sudha Venkatesh के अनुसार, पिछले दो वर्षों से लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों में स्थिर दर से वृद्धि दर्ज की गई है मगर केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इनके विकास के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वह पर्याप्त नहीं हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का इन उपक्रमों को लाभ नहीं मिल पा रहा है, ये उपक्रम स्वयं की क्षमता पर ही अपना व्यवसाय बढानें का प्रयास कर रहें हैं।

Naidu and Chand(2011) ने लघु एवं मध्यम प्रकार के उपक्रमों के वित्तीय संबंधी समस्याओं को तीन श्रेणियों में बांटा है, वित्तीय उपलब्धता की समस्या, परिचालन की समस्या, और प्रशासनिक विक्रय देनदारी संबंधी समस्या। इन समस्याओं को दूर कर दिया जाए तो इन उपक्रमों का विकास बहुत तीव्र गति से होगा।

Economic survey of India (2009-10), के अनुसार भारत में लगभग 60 लाख लघु एवं मध्यम प्रकार के उद्योगों से 80 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, जो कि रोजगार के क्षेत्र में इन उपक्रमों के योगदान केा प्रकट करता है।

वित्तीय प्रबन्ध के दो आधारभूत पहलू हैं- कोषो की प्राप्ति तथा व्यावसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इन कोषों का प्रभावी प्रयोग।

कोषों की प्राप्ति या उपलब्धता (Procurement of funds) – चूंकि कोष विभिन्न स्त्रोंतों से प्राप्त किये जा सकते हैं, अत: व्यावसायिक संस्थान उनकी प्राप्ति को हमेशा एक जटिल समस्या समझते हैं। एक व्यावसायिक उपक्रम के लिए कोषों के कूछ स्त्रोत हैं:

विश्वव्यापी प्रतियोगिता परिदृश्य में वित्त जुटाने के लिए उपलब्ध साधनों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है वरन् संसाधनों को नवोन्मेशी विधियों उत्पादों के द्वारा जुटाना चाहिए, जो विनियोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। हम सतत् रुप से कोषों के नवीन एवं रचनात्मक स्त्रोत देख रहें हैं, जो आधुनिक व्यावसायों को तेजी से बढने में सहायता कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कार्बन साख में व्यापार कोषों का एक अन्य स्त्रोत बन गया है।

विभिन्न स्त्रोतों से जुटाए गए कोषों की जोखिम, लागत एवं नियंत्रण की दृष्टि से भिन्न विशेषताएं होती हैं - कोषों की लागत, न्यूनतम होनी चाहिए तथा जोखिम एवं नियंत्रण के मध्य उचित सन्तुलन रखना चाहिए। नये व्यवसाय के वित्तीयन के लिए स्त्रोत का चुनाव करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण विचारणीय घटक समता तथा ऋण के मध्य सन्तुलन रखना है, जो व्यवसाय के लिए उपयुक्त कोष संरचना सुनिश्चित कर सके।

कोषों का प्रभावशाली उपयोग (Effective Utilisation of funds) - वित्त-प्रबन्धक कोषों के प्रभावशाली उपयोग के लिए भी उत्तरदायी है। उसको उन बिन्दुओं की ओर इंगित करना होता है जहां कोष बेकार पड़े हैं तथा जहां कोषों का उचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। सभी कोष निष्चित लागत तथा निश्चित जोखिम के आधार पर एकत्र किए जाते हैं। यदि इन कोषों का उपयोग इस प्रकार नहीं होता है कि इनके एकत्रीकरण की लागत की तुलना में वे अधिक आय उतपन्न कर सकें तो व्यापार चलाने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। अत: कोषों का उचित एवं लाभदायक प्रयोग महत्वपूर्ण है। कोष प्रयोग के कुछ मुख्य पहलू हैं –

स्थायी संपत्तियों के लिए प्रयोग (Utilisation for fixed Assets) - कोषों का विनियोग इस ढंग से होना चाहिए ताकि कम्पनी अपनी वित्तीय शोधन क्षमता को बिना खोए इसका श्रेष्ठतम उपयोग कर सके। पूंजीगत बजटन (या विनियोग मूल्यांकन) नियोजन प्रक्रिया है, जो यह निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त की जाती है कि क्या फर्म का दीर्घकालीन विनियोग, जैसे- नयी मशीनरी, मशीनरी का पुनर्संस्थापन , नवीन संयंत्र, नवीन उत्पाद और शोध विकास परियोजनाएं वांछनीय प्रत्याय(लाभ) प्रदान कर सकेंगी।

कार्यशील पूंजी का प्रयोग (Utilisation for working capital) – वित्तीय प्रबन्धक को पर्याप्त कार्यशील पूंजी (working capital) की आवश्यकता भी ध्यान में रखनी चाहिए। उसे यह सुनिश्चित करना होता है कि जब फर्म श्रेष्ठतम कार्यशील पूंजी के स्तर पर होने का लाभ प्राप्त कर रही होती है तो उसे अधिक मात्रा में कच्चे माल, ऋण तथा रोकड के रुप में कोषों को रोकना नहीं चाहिए।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में सतना जिले के सभी लघु एवं मध्यम प्रकार के पंजीकृत, अपंजीकृत व्यापारिक प्रतिष्ठानों का चयन उत्तरदाता के रुप में किया जा रहा है। दैव निदर्शन विधि का प्रयोग करते हुए कुल लघु एवं मध्यम प्रकार के प्रतिष्ठानों में से 30 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का चयन शोध के लिए किया गया है। अनुसूची के माध्यम से उत्तर प्राप्त किए गए, प्राप्त उत्तर को विश्लेषणात्मक रुप में परिणाम प्रस्तुत किया गया है। परिणामों के आधार पर आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं।

उद्देश्य – वर्तमान समय में प्रतियोगिता का स्तर बहुत बढ गया है, ऐसी स्थिति में लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापार में वित्त संसाधन एवं उपयोगिता का सही प्रबंधन करना हर व्यापारी के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है, प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य इस प्रकार है-

- व्यापारिक व्ययों के कम से कम करना जिससे लाभ अधिक हो सके।
- व्यापार के वित्तीय संसाधनों में से उचित संसाधन के चुनाव मे सहयोग प्रदान करना।
- वित्त का व्यापार में सही प्रबंधन एवं नियंत्रण करना।
- व्यापारिक जोखिमों को कम से कम करना जिससे लाभ अधिकाधिक हो सकें।
- वृहद व्यापारिक इकाइयों के मध्य लघु एवं छोटे क्षेत्र के व्यापारियों का अस्तित्व कायम रहे ऐसा प्रयास किया गया है।
- पूंजी बजटन की प्रक्रिया से व्यापारियों को अवगत करना।

आंकडों का विश्लेषण – प्रस्तुत अध्ययन के लिए सतना जिले के लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापारियों में से न्यायदर्श विधि का प्रयोग करते हुए अनुसूची के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर जाननें को प्रयास किया गया है। प्राप्त उत्तरों के आधार पर यह परिणाम प्राप्त होता है कि 29% व्यापारियों द्वारा ही वित्तीय बजट तैयार किया जाता है। 29% व्यापारियों नें व्यापार को चलाने के लिए ऋण लिया है। बाकी व्यापारियों ने स्वयं की पूंजी लगाई है। छोटे या

मध्यम प्रकार के व्यापार में पूंजी की कम आवश्यकता होती है, इसलिए इस प्रकार की प्रतिक्रिया मिलना स्वाभाविक है। 76% व्यापारियों ने भविष्य की जोखिमों के लिए उचित फंड की व्यवस्था लाभ में से करके रखी है। फंड के अन्य स्त्रोंतो को ज्यादा महत्व नहीं दिया है। उधार माल खरीदने और बेचने के मामले में क्रमश: 94% और 82% व्यापारी उधार लेन –देन करते हैं। 59% व्यापारियों द्वारा व्यापारिक खर्चों को नियंत्रित करने का प्रयास नहीं किया गया है। वित्तीय प्रबंधन संबंधी जागरुकता की कमी के कारण ऐसी प्रतिक्रिया हमें प्राप्त हुई है। बैंक लेन देन के मामले में 50% व्यापारिक उपक्रमों द्वारा कुल लेनदेन का 30% से कम लेनदेन बैंकों के माध्यम से किया जाता है। जिसके कारण इनको बैंक से व्यापारिक ऋण लेने में समस्याओं का सामना करना पडता है तथा उन 50% व्यापारियों में से केवल 11% व्यापारियों द्वारा बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है जो बैकिंग लेनदेन संबंधी उदासीनता का सूचक है। 28% व्यापारियों द्वारा कभी भी अपनी व्यापारिक लेनदेन का आंतरिक अंकेक्षण नहीं करवाया गया है, वित्तीय योजनाओं को तैयार करनें व उनके प्रबंधन में अंकेक्षकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। व्यापारियों को समय– समय पर अंकेक्षण संबंधी कार्य करवाने चाहिये। 90% व्यापारियों द्वारा अपने लेखांकन संबंधी कार्य का कभी भी विश्लेषण नहीं किया गया है। व्यापारियों में लेखांकन संबंधी ज्ञान के स्तर के मामले में 44% व्यापारियों के ज्ञान का स्तर औसत दर्जे से भी कम रहा है। 22% व्यापारियों का मुख्य उद्देश्य विक्रय विस्तार व 17% व्यापारियों का मुख्य उद्देश्य लाभ वृद्धि है। किन्तु यह कैसे प्राप्त होगा इसकी कोई निश्चित योजना तैयार नहीं की गई है। बिना योजना के उद्देश्य प्राप्त करने का मार्ग बहुत कठिन है। 35% लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापारियों द्वारा आज भी कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाता है। जिसमें से 59% व्यापारियों द्वारा इसका मुख्य कारण आर्थिक समस्या बताया है तथा 29% व्यापारियों को कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली पर विश्वास नहीं है, जो कि उनके कम्प्यूटर के प्रति निम्न ज्ञान के स्तर को प्रदर्शित करता है। जागरुकता का आभाव इन आंकडों से स्पष्ट रुप से प्रदर्शित हो रहा है।

सुझाव एवं निष्कर्ष –

- लघु एवं मध्यम प्रकार के व्यापारियों में वित्तीय प्रबंधन के प्रति उदासीनता पाई गई है, इन्हें वित्त के स्त्रोंतो (source) एवं उपयोग (use) के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए।
- पूंजी के अन्य स्त्रोंतो का उपयोग व्यापारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है।जिसके कारण व्यापार के क्षेत्र में वृद्धि करने में रुकावट आ रही है।
- वित्तीय प्रबंधन के उपकरणों की जानकारी न होने की वजह से व्यापारिक खर्चों को नियंत्रित करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है यहां जानकारी का अभाव हमने अपने अनुसंधान में पाया।
- प्रशिक्षित लेखापालों की कमीं भी एक कारण है, जिनके कारण वित्त के साधनों का सही प्रकार से प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इसलिए व्यापार में प्रशिक्षित लेखापालों की आवश्यकता है।
- वित्तीय प्रबंधन की जानकारी न होने के कारण व्यापारियों द्वारा व्यापार की प्रगति का सही विश्लेषण करनें में कठिनाई अनुभव हो रही है।

अत: वित्त की उपलब्धता, उसके स्त्रोत तथा उसका सही प्रकार से प्रयोग करके ही व्यापार को प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। इसके लिए व्यापारियों को जागरुक होना अति आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Financial Management(IPCC) BOOK, The Institute Of Chartered Accountants Of India(ICAI) 2015.
2. U.A.H.A Rathnasiri ,The Financial Management Practice Of Small And Medium Enterprise, Research Paper, Global Journal Of Contemporary Research In Accounting (GJCRA) VOL -2, 2015
3. डां. के.एल.गुप्ता, प्रबंधकीय लेखांकन, साहित्य भवन पब्लिकेषन्स आगरा,2013.
4. I.M. Pandey, Financial Management Book ,Vikas Publishing House Pvt.2005 .
5. Nalla Bala Kalyan Kumar (2012) , "Financial Management In Msmes In India", IJEMR – September 2012- Vol 2.
6. Aradhana Relhan(2013), " E-Accounting Practices Of Smes In India", International Journal Of Technical Research(IJTR) Vol. 2, Issue 1, Mar-Apr 2013.
7. R. Jeswal, "Role Of SME In Indian Economy", National Conference On Emerging Challenges For Sustainable Business, 2012.
8. Msmes Annual Report, "Introduction: Background Of Msmes", Ministry Of Micro, Small And Medium Enterprises,Government Of India, Http:// Www.Dcmsme.Gov.In/ANNUALREPORT-MSME-2012-13P.Pdf
9. Jaskaran Singh(2014), "Problems Related To The Financing Of Small Firms In India", International Journal Of Innovative Research And Development(*ISSN 2278 – 0211) .*
10. Sudha Venkatesh(2012), " Smes In India: Importance And Contribution", ASIAN JOURNAL OF MANAGEMENT RESEARCH 792 Volume 2 Issue 2.
11. Chandra, S., (2004), Small Industries Development Organization (SIDO) In Global Perspective, Laghu Udyog Samachar: Journal Of Small Scale Industries, 28-29(12-2), Pp 249-253.
12. Report Of Prime Minister S Task Force., (2010), Micro Small And Medium Enterprises, Government Of India. Http://Msme.Gov.In/PM_MSME_Task_Force_ Jan2010.Pdf, Accessed On June 23, 2011 .
13. Nishanth P.(2014), "BARRIERS FACED BY MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES IN RAISING FINANCE", Abhinav National Monthly Refereed Journal Of Research In *Commerce & Management* Volume 3, Issue 5
14. Naidu, S., & Chand, A. (2012). A Comparative Study Of The Financial Problems Faced By Micro, Small And Medium Enterprises In The Manufacturing Sector Of Figi And Tonga. *International Journal Of Emerging Markets .*

15. Ashok Thampy(2010), "Financing Of SME Firms In India Interview With Ranjana Kumar, Former CMD, Indian Bank; Vigilance Commissioner, Central Vigilance Commission" IIMB Management Review (2010).

16. Annual Report Of MSME Of India, (2010-11), Growth And Performance Of Msmes And4th Census Of Msmes, Development Commissioner (MSME), Government Of India. Http://Msme.Gov.In/MSME Annual-Report-2010-11.





****

जनजातीय विकास में कृषि यंत्रीकरण के प्रति कृषकों की रुचि (पश्चिमी निमाड़ जिलों के विशेष संदर्भ में)

रंजना चौहान * डॉ. विनोद गुप्ता **

प्रस्तावना – भारत जैसे विकात्सोन्मुख देश के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए कृषि का विकास अति आवश्यक हैं। कृषि द्वारा ही जनजातीय विकास की उन्नति के साथ औद्योगिक अर्थव्यवस्था का निर्माण सम्भव हैं। पश्चिमी म. प्र. में ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वाधिक जनाभार हैं। इनकी जीवन शैली एवं सामाजिक–आर्थिक संरचना नगरीय सभ्यता एवं संस्कृति से भिन्न हैं। जनजातीय क्षेत्रों के समाज का विकास कृषि के विकास में प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हैं। अन्य प्रदेशों के मुकाबले भारतीय कृषि अभी भी काफी पिछड़ी हुई हैं। इसका मुख्य कारण आज भी भारतीय ग्रामीण कृषकों को खेती के पुराने तरीकों व उपकरणों पर निर्भर रहना पड़ता हैं। जहाँ तक अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के विकास में आधुनिक कृषि तकनीकी की भूमिका का सवाल हैं, उन्हें आधुनिक कृषि को अपनाने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। इन समस्याओं में दुर्गम एवं पहुंच विहीन क्षेत्र, शिक्षा एवं जागरुकता की कमी, आर्थिक पिछड़ेपन एवं शोषण आदि खाद्यान्नों का अभाव और कृषि उपज मण्डियों एवं बाजारों का दूर होना प्रमुख कारण हैं। आधुनिक कृषि तकनीकी के उपयोग से उत्पादन अधिक मात्रा में प्राप्त होता हैं। यदि कृषि का विकास होता हैं, उत्पादन में वृद्धि होती है, तो लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। उनका सामाजिक जीवन, रहन–सहन आदि सभी में परिवर्तन होगा।

आधुनिक कृषि तकनीकी अपनाने से कृषकों के आर्थिक जीवन में काफी वृद्धि हो रही हैं, जिससे हमें यह पता चलता हैं कि कृषि यंत्रीकरण के प्रति कृषकों की रुचि सुचारु रूप से अग्रणी हैं। जिसके सम्बन्ध में वे कृषक जो कृषि यंत्रीकरण के पक्ष में हैं, उनका मत हैं कि कृषि यंत्रों का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। उत्तम बीज एवं रासायनिक खाद कीटनाशक दवाएँ आदि का प्रयोग किया जाना चाहिए। आधुनिक तकनीकी के प्रयोग से कृषक खाद्य संकट से छुटकारा पा सकता हैं।

अध्ययन की पद्धति – प्रस्तुत शोध कार्य को पूरा करने के लिए शोध विधि की निदर्शन विधि का सहारा लेकर शोध क्षेत्र बड़वानी जिलें के दो विकासखण्ड व खरगोन जिलें के दो विकासखण्ड का चयन निदर्शन विधि से किया गया एवं इन चयनित विकासखण्डों से भी निदर्शन विधि के सहारे प्रत्येक विकासखण्डों में से 5–5 गांवों का चयन किया गया। जिसमें प्रत्येक गांव के 15–15 ग्रामीण कृषकों का चयन किया तथा इस प्रकार कुल 300 ग्रामीण कृषकों का चयन किया गया।

कृषि यंत्रीकरण के पक्ष में तर्क से ही कृषि यंत्रीकरण के प्रति कृषकों की रुचि का पता लगाया जा सकता हैं।

1. **प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि –** कृषि यंत्रीकरण के प्रयोग से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती हैं। रासायनिक उर्वरकों तथा उत्तम किस्म के बीजों के प्रयोग तथा कीटनाशक दवाईयों के प्रयोग से उत्पादन में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकती हैं।
2. **उत्पादन लागतों में कमी –** कृषि यंत्रीकरण के प्रयोग द्वारा उत्पादन की औसत लागत को घटाया जा सकता हैं। कृषि कार्य अधिक कुशलतापूर्वक होने लगता हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती हैं।और औसत लागत स्वत: ही कम हो जाती हैं।
3. **कृषकों की आय में वृद्धि –** जब उत्पादन में लगातार वृद्धि व लागतों में कमी होती हैं, तो कृषकों की आय में भी वृद्धि होती हैं।
4. **रोजगार अवसरो का सृजन –** कृषि यंत्रीकरण से कृषि का विकास होता हैं। साथ–ही–साथ सहायक उद्योग जैसे मशीनों सम्बन्धी उद्योग, बीज संरक्षण सम्बन्धित संस्थान, उर्वरक उद्योग भी पनपने लगते हैं। जिनसे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती हैं।
5. **उपभोक्ताओं को लाभ –** कृषि में यंत्रीकरण से उत्पादन में वृद्धि तथा उत्पादन लागत में कमी दोनों ही के परिणामस्वरूप बाजार में कृषि उत्पादों की कीमत कम होती हैं, जिसका सर्वाधिक लाभ उपभोक्ता वर्ग को मिलता हैं।
6. **समय व श्रम की बचत –** कृषि में यंत्रीकरण से समय व श्रम की बचत हैं, व एक ही वर्ष में दो से तीन फसलें प्राप्त करना सम्भव हुआ हैं।
7. **कठिन कार्यों में लाभ –** कृषि में यंत्रीकरण से कठिन से कठिन कार्य जैसे–पथरीली और बंजर भूमि को साफ करना, ऊँची–नीची भूमि को समतल करना तथा एक साथ अधिक भूमि पर फसल बोना या काटना आदि कार्य सरलता से व शीघ्र किया जा सकता हैं।
8. **फसलों की सुरक्षा –** कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग द्वारा फसलों को कीड़े–मकोड़ों, चूहों तथा रोगों से बचाया जा सकता हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता हैं।
9. **श्रमिकों की कार्य कुशलता में वृद्धि –** कृषि यंत्रीकरण के प्रयोग करने से श्रमिकों की कार्य कुशलता बढ़ गई हैं। वर्तमान में वह एक निश्चित समय में पहले की अपेक्षा अधिक और उच्च गुणवत्ता वाला काम कर सकते हैं।
10. **व्यापारिक फसलों पर बल –** कृषि यंत्रीकरण के कारण कृषक व्यापारिक फसलों का उत्पादन करने में सक्षम हो गए हैं। वे खाद्य फसलों के स्थान पर व्यापारिक फसलों को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, पिपल्यामण्डी, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

अनेक उद्योगों का भी विकास होता हैं।

कृषि यंत्रीकरण के प्रयोग से कृषि के उपरोक्त लाभ प्राप्त हो सकते हैं, परन्तु जनसंख्या वृद्धि, बेरोजगारी व खेतों के छोटे आकार छोटे होने से कृषि की आर्थिक स्थिति गम्भीर हैं। इस कारण खेतों में यंत्रों का प्रयोग दोषपूर्ण भी सिद्ध हुआ हैं, बहुत से किसान बेरोजगार हो जाएंगे और वे कृषक जो खेतों में श्रम करके अपनी आजीविका चलाते हैं, जो कृषि यंत्रीकरण के विरोधी हैं। वे कृषि के यंत्रीकरण के विपक्ष में तर्क देते हैं। जो इस प्रकार हैं

1. **अशिक्षा –** भारतीय कृषक अशिक्षित होने के कारण विकास करना नहीं चाहते। वे रुढ़िवादी व परम्परावादी होने के कारण कृषि यंत्रीकरण का विरोध करते हैं व इसके प्रयोग का ज्ञान भी उन्हें नहीं होता।
2. **आर्थिक समस्या –** कृषकों की स्थिति प्रारम्भ से ही दयनीय रही हैं। कृषि यंत्रों के प्रयोग के लिए अधिक पूँजी लगानी पड़ती हैं, जिससे भारतीय कृषक असमर्थ रहते हैं और कृषि यंत्रों का प्रयोग नहीं कर पाते।
3. **जोतों का छोटा आकार –** कृषि जोतों के छोटे आकार में कृषि यंत्रों का प्रयोग असम्भव हैं। भारत में जोतों का औसत आकार 1.41 हेक्टेयर हैं। यहाँ 31.1 प्रतिशत जोते 1 से 4 हेक्टेयर के बीच हैं, जबकि 61.6 प्रतिशत जोतें एक हेक्टेयर से भी छोटी हैं।
4. **खनिज तेलों का अभाव –** कृषि यंत्रों में खनिज तेलों जैसे पेट्रोल, डीजल व तेल अधिक लगता हैं, जिसकी पूर्ति के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता हैं। यंत्रीकरण में वृद्धि अर्थात् खनिज तेलों की मांग में भी वृद्धि होना जो कि देश के भविष्य के लिए उचित नहीं हैं।
5. **बेरोजगारी में वृद्धि –** कृषि यंत्रीकरण में मानव श्रम की आवश्यकता बहुत कम होती हैं, जिससे बेरोजगारी में वृद्धि होती हैं।
6. **पशु शक्ति का बेकार होना –** भारत में पशुओं की संख्या अधिक हैं। कृषि यंत्रीकरण के प्रयोग से वे बेकार हो जाएंगे तथा उनसे कोई लाभ प्राप्त न होने पर भी उनके जीवित रहने की व्यवस्था करनी होगी जो कि देश के विकास के लिए उपयुक्त नहीं हैं।
7. **टूट–फूट की मरम्मत –** कृषि यंत्रों के खराब होने पर सीधे शहर जाना होता हैं तथा इनकी टूट–फूट की मरम्मत की सुविधा भी गाँव में नहीं मिल पाती हैं।
8. **जानकारी का अभाव –** किसानों को प्राय: कृषि यंत्रों के प्रयोग तथा लाभों की जानकारी नहीं होती व ग्रामीण क्षेत्रों में इससे सम्बन्धित उचित जानकारी देने वाली संस्थाओं का भी अभाव होता हैं, जिससे किसान इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं।

कृषि यंत्रीकरण के विपक्ष के जो तर्क हैं, उनमें से अधिकांश अधिक प्रभावशाली नहीं हैं : –

1. कृषि यंत्रीकरण से बेरोजगारी की समस्या बढ़ने लगेगी यह तर्क अधिक महत्वपूर्ण नहीं हैं, क्योंकि यंत्रीकरण से यातायात, कोयले, लोहे के उद्योग के क्षेत्र में विकास होगा जिनमें रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस प्रकार यंत्रीकरण से जो लोग बेकार हो जाएगे। उन्हें इस उद्योग में रोजगार मिल जाएगा।
2. कृषि जोतों के छोटे आकार में कृषि यंत्रों का प्रयोग असम्भव हैं, तर्क संगत है, भूमि का अपविभाजन एवं अपखण्डन एक वास्तविक बाधा नहीं है, क्योंकि सरकारी नीति संयुक्त कृषि अपनाने की हैं। छोटे खेतों के लिए भी आधुनिक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकता हैं, क्योंकि वर्तमान समय में 20 से 25 एकड़ खेत के लिए भी उचित कृषि मशीनरी सुलभता से उपलब्ध होने लगी हैं।
3. पशु शक्ति का बेकार होना यह तर्क संगत नहीं हैं, क्योंकि हम यही चाहते हैं कि भारत में पशुओं की कमी हो, क्योंकि दाना–चारे की समस्या भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत ही भार स्वरूप हैं।
4. कृषि यंत्रों के खराब होने व खनिज तेलों का विदेशों पर निर्भर होना भी तर्क संगत नहीं हैं, क्योंकि विकास की ओर देखा जाए तो यंत्रों का उत्पादन देश में ही किया जा सकता हैं। देश में यंत्रों व उसके छोटे–मोटे पूर्जों का निर्माण होने लगा हैं।

तालिका– 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका के अनुसार सर्वेक्षित कृषकों द्वारा कृषि में प्रयुक्त तकनीक का 61.00 प्रतिशत दोनों कृषि तकनीकी का उपयोग करते हैं। 32.33 प्रतिशत आज भी पूर्णत: परम्परागत कृषि तकनीक अपनाते हैं। सबसे कम 6.67 प्रतिशत सर्वेक्षित कृषक ही पूर्णत: आधुनिक कृषि तकनीकी को स्वीकार कर रहे हैं। बड़वानी जिलें में 58 प्रतिशत दोनों कृषि तकनीकी, 36 प्रतिशत परम्परागत कृषि तकनीकी एवं 6 प्रतिशत आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग करते हैं। खरगोन जिलें में 64 प्रतिशत दोनों कृषि तकनीकी, 28.67 प्रतिशत परम्परागत कृषि तकनीकी, 7.33 प्रतिशत आधुनिक कृषि तकनीकी का पूर्ण उपयोग करते हैं।

अत: स्पष्ट हैं, कि पश्चिमी निमाड़ जिलों में सबसे अधिक कृषकों द्वारा आधुनिक एवं परम्परागत (दोनों) कृषि तकनीकी का उपयोग किया गया हैं। आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग बहुत कम हैं। पश्चिमी निमाड़ जिलों में बड़वानी जिलें की अपेक्षा खरगोन जिलें के अधिक सर्वेक्षित कृषकों द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग किया जाता हैं। यह शिक्षा एवं जागरूकता का प्रमाण हैं।

तालिका– 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका के अनुसार यह स्पष्ट होता हैं, कि जिन सर्वेक्षित कृषकों द्वारा आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग किया जा रहा हैं, उनमें सबसे अधिक 72.41 प्रतिशत कृषक अधिक उत्पादन के लिए आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग कर रहे हैं शेष 24.14 प्रतिशत सर्वेक्षित कृषक दोनों कारण को महत्वपूर्ण मानते हैं। मात्र 3.45 प्रतिशत कृषक गुणवत्ता हेतु आधुनिक कृषि तकनीकी का उपयोग करते हैं।

निष्कर्ष – उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि कृषि यंत्रीकरण एक अच्छी नीति हैं। कृषि यंत्रीकरण से उत्पादकता वृद्धि होने से आर्थिक विकास में भी वृद्धि हो रही हैं। कृषकों को अधिक शक्ति उपयोग की समस्या प्रमुख हैं। एक कृषक अपने कार्य का मशीनीकरण तभी करेगा। जब उसे इस बात का पूर्ण विश्वास हो जाए कि ऐसा करना लाभकारी हैं। तभी वह आंशिक रूप से कृषि यंत्रीकरण को अपनाने में सफल होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **अग्रवाल, ए. एन. (2008) ;** 'भारतीय अर्थव्यवस्था' New Age Intrnetional Pub. New Delhi
2. **यादव, डॉ. बी. एस., ऋचा सिंह व नन्दिनी शर्मा (2008)** ; 'भारतीय अर्थव्यवस्था', यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली
3. **दोमडिया, डॉ. डी. एम., बारड, डॉ. बी. आर. (2014)** ; 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार', रावत प्रकाशन, नई दिल्ली – 110 002

तालिका– 1 : सर्वेक्षित कृषकों द्धारा कृषि में प्रयुक्त तकनीक का विवरण

सं.कृ.	कृषि तकनीक	बड़वानी		खरगोन		योग	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	परम्परागत	54	36.00	43	28.67	97	32.33
2	आधुनिक	09	6.00	11	7.33	20	6.67
3	दोनों	87	58.00	96	64.00	183	61.00
	योग	**150**	**100.00**	**150**	**100.00**	**300**	**100.00**

तालिका– 2 : सर्वेक्षित कृषकों द्धारा कृषि यंत्रीकरण उपयोग के कारण

सं.कृ.	कृषि यंत्रीकरण उपयोग के कारण	बड़वानी		खरगोन		योग	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	अधिक उत्पादन के लिए	72	73.47	75	71.43	147	72.41
2	गुणवत्ता के लिए	03	3.06	04	3.81	07	3.45
3	दोनों	23	23.47	26	24.76	49	24.14
	योग	**98**	**100.00**	**105**	**100.00**	**203**	**100.00**

****

रेल्वे में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन (रतलाम रेलवे मण्डल के विशेष सन्दर्भ में)

ममता कुशगोतिया *

प्रस्तावना – किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के विकास में प्राथमिक क्षेत्र और द्धितीयक क्षेत्र के बाद तृतीयक क्षेत्र का महत्वपूर्ण स्थान होता है। यातायात व परिवहन तृतीयक क्षेत्र के महत्वपूर्ण अंश हैं और इनका विकास इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करता है। भारत में कृषि और उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों की स्थितियों, परिस्थितियों और व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अनेक आर्थिक अध्ययन किए गए हैं, परंतु इन क्षेत्रों को विकास की ओर उन्मुख करने में सहायक तृतीयक क्षेत्र और विशेषकर इसके यातायात व परिवहन वाले हिस्से में कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति, परिस्थिति पर विचार, विनिमय, अध्ययन, मनन और चिन्तन न के बराबर है। यदि देश की अर्थव्यवस्था को विकास के मार्ग पर अग्रसर रखना है तो तृतीयक क्षेत्र का विस्तार व विकास आवश्यक है और इसके लिए इसमें कार्यरत कर्मचारियों की कार्यदशाओं आर्थिक परिस्थितियों की जानकारी, उसकी कमियों की खोज व निदान आवश्यक है अत: इसी को दृष्टिगत रखते हुए विषय का चयन किया गया है।

भारतीय रेलवे के 17 क्षेत्रों में एक क्षेत्र 'पश्चिम रेलवे' है। जिसकी स्थापना 15 नवम्बर 1951 को हुई। इसका मुख्यालय मुंबई में है तथा इससे संबंधित मण्डल मुंबई (सेन्ट्रल) रतलाम, राजकोट, अहमदाबाद, भावनगर, वड़ोदरा है। रतलाम रेलवे मण्डल में समस्त कर्मचारियों को चार वर्गों में बाँटा गया है। भारतीय रेलवे में इन कर्मचारियों की भर्ती एवं नियुक्ति चार प्रकार से होती है–

1. संघ लोक सेवा आयोग द्धारा
2. कर्मचारी चयन आयोग द्धारा
3. रेलवे भर्ती बोर्ड द्धारा
4. क्षेत्रीय व मण्डल मुख्यालय द्धारा।

वर्तमान में रतलाम रेलवे मण्डल में कुल 15563 कर्मचारी कार्यरत है। इनमें वर्ग ए तथा बी में 133 राजपत्रित व शेष वर्ग सी तथा डी में 15430 अराजपत्रित कर्मचारी है। छठे वेतन आयोग के अनुसार वर्ग ए तथा बी राजपत्रित अधिकारियों का वेतनमान 15,600 से 80,000 के मध्य है और वर्ग सी तथा डी का वेतनमान 4,440 से 20,200 के मध्य है। भारतीय रेलवे एवं रेलवे मण्डल द्धारा जो भी विकासात्मक एवं अन्य नियमित कार्य किए जाते हैं, उसका सम्पूर्ण सफल संचालन कार्मिक प्रबंध पर ही निर्भर करता है, लेकिन कर्मचारियों का वेतन उनके कार्य की तुलना में कम है, जिससे रतलाम रेलवे मण्डल के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं है और कर्मचारियों में वेतन के प्रति व्यापक असंतोष की भावना है।

विकसित देशों में कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति सम्बन्धी विषय पर विभिन्न जर्नलों में शोध पत्र प्रकाशित हुए है लेकिन विकासशील देशों में अभी भी इस क्षेत्र में पर्याप्त शोध का अभाव है, यहीं कारण है कि इस पहलू पर एक बड़े स्तर पर शोध कार्य की आवश्यकता है, तभी हम कर्मचारियों व देश दोनों का सर्वांगीण आर्थिक विकास कर सकते हैं।

रतलाम रेलवे मण्डल के सर्वेक्षित कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति – आय वर्तमान में आर्थिक जीवन का केन्द्र बिन्दु है, जिसमें प्रभावपूर्ण मांग, उपभोग, उत्पादन, रोजगार आदि आर्थिक क्षेत्रों को प्रभावित करने की क्षमता होती है। जिस व्यक्ति की आय जितनी अधिक होती है। उसे उतना ही अधिक समृद्धशाली, प्रभावशाली व विकसित माना जाता है। किसी भी व्यक्ति एवं समाज का आर्थिक कल्याण आय पर निर्भर करता है किसी भी संस्था, उद्योग, व्यवसाय या विभाग के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को ज्ञात करने के लिए आर्थिक सर्वेक्षण में आय पक्ष, व्यय पक्ष, बचत एवं ऋण पक्ष का अध्ययन करना आवश्यक है।

सर्वेक्षित कर्मचारियों की वेतन से प्राप्त आय

तालिका 1

मासिक आय के आधार पर सर्वेक्षित कर्मचारियों का वर्गीकरण

क्र.	आय समूह (रुपये में)	सर्वेक्षित कर्मचारियों की संख्या	प्रतिशत
1	5000 से कम	0	0
2	5000 से 10000	220	44.0
3	10000 से 15000	99	19.8
4	15000 से 20000	84	16.8
5	20000 से 25000	46	9.2
6	25000 से 30000	40	8.0
7	30000 से 35000	9	1.8
8	35000 से अधिक	2	0.4
	योग	**500**	**100**

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त आँकड़ो के आधार पर।

इस आय अध्ययन में सर्वेक्षित 500 कर्मचारियों को उनकी मासिक आय के आधार पर 6 आय वर्गों में बाँटा गया है।

परिवार की कुल एवं प्रति–व्यक्ति आय – परिवार की कुल आय द्धारा उनका निरपेक्ष अध्ययन किया जा सकता है परन्तु सापेक्ष अध्ययन हेतु प्रति–व्यक्ति औसत आय ज्ञात करना आवष्यक है। तालिका 9.6 में सर्वेक्षित परिवारों की कुल मासिक आय और प्रति–व्यक्ति आय का विवरण है। जो इस प्रकार है –

तालिका 2 (देखे आगे पृष्ठ पर)
तालिका 3 (देखे आगे पृष्ठ पर)

* (म.प्र.) भारत

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था देशवासियों के आर्थिक विकास के लिए कार्य करती है। वर्तमान में रतलाम रेलवे मण्डल कार्यरत कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए हमने प्रत्येक श्रेणी के कर्मचरियों की आर्थिक स्थिति को प्रश्नावली द्वारा जानने का प्रयास किया है जो काफी हद तक सफल रहा है। उसके आधार पर कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति का विश्लेषण कर बचत की राशि को स्पष्ट किया और यह पाया कि जैसे-जैसे परिवार की मासिक आय बढती है,उनकी बचत भी बढती जाती है अत: निष्कर्ष के रूप में यह स्पष्ट हैं कि जिस देश की आय अधिक होगी उस देश के निवासियों का जीवन स्तर उन्नत होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महाप्रबंधक की वार्षिक वर्णनात्मक रिपोर्ट 2006-07, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड।
2. श्रम अर्थशास्त्र एवं औद्योगिक सम्बंध, डॉ. टी.एन. भगोलीवाल एवं श्रीमति प्रेमलता भगोलीवाल, प्रकाशन, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, प्रकाशन वर्ष 2004
3. Railway Eastablishment Rules and Labour Laws, K.P. Sharma and Sanjiv Malhotra, Bahri Brothers, Edition 2012
4. पंचवर्षीय योजनाएँ।
5. रेल बजट।

तालिका 2

सर्वेक्षित परिवारों की कुल एवं प्रति-व्यक्ति औसत मासिक आय

क्र.	आय समूह (रुपये में)	परिवारों की संख्या	कुल सदस्य संख्या	कुल मासिक आय	प्रति व्यक्ति औसत आय	प्रतिशत
1	10000 से कम	205	1025	1312000	1280	8
2	10000 से 20000	190	950	2280000	2400	16
3	20000 से 30000	89	470	1790000	3808	24
4	30000 से 40000	16	53	442000	8340	52
	योग	**500**	**2498**	**5824000**	**15828**	**100**

स्रोत - सर्वेक्षण से प्राप्त आकँड़ो के आधार पर।

तालिका 3

सर्वेक्षित कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मदों पर किया जाना वाला व्यय

क्र.	व्यय की मद	आय समूह					
		10000 रु. आय वाले निम्न आय वर्ग		20000 रु. आय वाले मध्यम आय वर्ग		30000 रु. आय वाले उच्च आय वर्ग	
		व्यय राशि	प्रतिशत	व्यय राशि	प्रतिशत	व्यय राशि	प्रतिशत
1	भोजन	3890	38.9	6440	32.2	8790	29.3
2	वस्त्र	580	5.8	1960	9.8	3390	11.3
3	आवास	1000	10.0	2000	10.0	3000	10.0
4	प्रकाश व ईधन	550	5.5	1120	5.6	1740	5.8
5	प्रसाधन	140	1.4	400	2.0	750	2.5
6	शिक्षा	630	6.3	1400	7.0	2250	7.5
7	स्वास्थ्य	350	3.5	600	3.0	860	2.8
8	मनोरंजन	500	5.0	700	3.5	900	3.0
9	सामाजिक व्यय	500	5.0	980	4.9	1290	4.3
10	व्यसनों पर व्यय	210	2.1	520	2.6	930	3.1
11	संचार व्यय	250	2.5	800	4.0	1200	4.0
12	अन्य व्यय	500	5.0	1080	5.4	1600	5.4
13	कुल व्यय	9100	91.0	18000	90.0	26700	89.0
14	बचत	900	9.0	2000	10.0	3300	11.0
	योग	**10,000**	**100**	**20,000**	**100**	**30,000**	**100**

स्रोत :- सर्वेक्षण से प्राप्त आकँड़ो के आधार पर

संपूर्ण ग्रामीण एवं भूमिहीन ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का अध्ययन (उमरिया जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. रूपा मिश्रा *

प्रस्तावना – भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2002 से क्रियान्वित संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में केंद्रांश एवं राज्यांश का अनुपाल 75:25 है। योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न नि:शुल्क प्रदान किया जाता है, जो प्रति मानव दिवस 5 किलो ग्राम खाद्यान्न एवं शेष राशि नगद प्रदान की जाती है। खाद्यान्न परिवहन का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराना खाद्यान्न की सुरक्षा एवं पोषक स्तर में सुधार लाना, स्थायी सामुदायिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिसम्पत्तियों का सृजन एवं अधोसंरचना का विकास करना है। इस योजनांतर्गत ग्रामीण निर्धन परिवार एवं अकुशल श्रमिक, अत्यधिक गरीब महिलाए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं जोखिम पूर्ण व्यवसाय से निकाले गए बच्चों के माता-पिता को रोजगार मूलक कार्यों में प्राथमिकता देने के साथ-साथ महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत रोजगार के अवसर सुरक्षित रखे जाने का प्रावधान है। इस योजनांतर्गत कुल उपलब्ध राशि में से 30 प्रतिशत जनपद पंचायतों को 20 प्रतिशत जिला पंचायत को तथा ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत राशि आवंटित की जाती है। ग्राम पंचायतों को उपलब्ध राशि (नगद एवं खाद्यान्न की कीमत को जोड़कर) का 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बसाहट क्षेत्र में अधोसंरचना विकास पर व्यय किया जाना अनिवार्य है। शेष राशि अन्य कार्यों पर व्यय की जा सकती है एवं जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों को उपलब्ध राशि में से न्यूनतम 22.50 प्रतिशत राशि गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों को व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं पर व्यय की जा सकेगी।

उमरिया जिले में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना का क्रियान्वयन पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत किया जाता है, जिसे ग्रामीण जनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए नगद राशि एवं खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। जिले में संपूर्ण रोजगार योजना की जनपद पंचायत खण्डवार स्थिति का विवरण निम्नानुसार है :-

संपूर्ण रोजगार योजना की जनपद पंचायतवार स्थिति
(वर्ष 2009-10 से 2013-14 तक) (तालिका देखे आगे पृष्ठ पर)

विवरण से स्पष्ट होता है कि जिले में संपूर्ण रोजगार योजनांतर्गत वर्ष 2009-10 से 2013-14 की अवधि में कुल स्वीकृत लागत. 436.30 लाख रूपये हैं, जिसमें सबसे अधिक जनपद पंचायत करकेली की हैं, जिले में स्वीकृत लागत अनुसार व्यय भी किया गया है, जिसमें नगद मजदूरी 218.16 लाख रूपये तथा खाद्यान्न 5571.00 क्विंटल मजदूरी के रूप में भुगतान किया गया है। सबसे अधिक जनपद पंचायत करकेली में नगदी मजदूरी 114.37 लाख तथा सबसे अधिक खाद्य जनपद पंचायत करकेली में 2294.00 क्विंटल का भुगतान किया गया है। जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों की जनसंख्या के अनुपात में रोजगार योजना की प्रगति काफी कम है।

संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के क्रियान्वयन उपलब्ध कराए गए रोजगार खाद्यान्न विवरण आदि जैसे कार्य जो संपूर्ण योजना अंतर्गत किये जा रहे हैं। इस संबंध में उमरिया जिले की तीनों जनपद पंचायतों के चयनित उत्तरदाताओं का व्यक्तिगत सर्वेक्षण साक्षात्कार के माध्यम से किया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संपूर्ण रोजगार योजना अंतर्गत मानपुर जनपद पंचायत में 52 प्रतिशत, जनपद पंचायत करकेली में 49 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत पाली में 37 प्रतिशत लोग लाभान्वित हुए। इस प्रकार सबसे अधिक मानपुर जनपद पंचायत और सबसे कम पाली जनपद पंचायत के व्यक्तियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पंचायती राज्य अंतर्गत संचालित संपूर्ण स्वरोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण व्यक्तियों के विकास के निर्धारित लक्ष्य से लाभावितों का प्रतिशत न्यून है, किंतु योजना के संचालन से प्रगति निरंतर जारी है।

ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना – इस योजना का प्रारंभ 1983-84 में भूमिहीन कृषि मजदूरों को कृषि के अतिरिक्त समय में रोजगार सुविधाए देने के उद्देश्य से किया गया। इस योजना का उद्देश्य भूमिहीन श्रमिकों को वर्ष 100 दिन रोजगार देना तथा गावों में स्थायी सम्पत्ति का निर्माण करना था, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तीव्र वृद्धि हो सके।

इस योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण भूमिहीन परिवार के कम से कम एक सदस्य को साल में 100 दिन का रोजगार देना था। केन्द्रीय शासन से यह स्पष्ट किया है कि पिछड़े हुए और सुदूर क्षेत्रों को जहाँ पर बेरोजगार भूमिहीन मजदूर ज्यादा है, विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें 20 सूत्रीय कार्यक्रम संबंधी कार्य लेना प्रस्तावित था। लिंक सेट्स फील्ड चैनल बनाना सामाजिक वानिकी भूमि संरक्षण कार्य आदि। चूँकि कार्यक्रम के अंतर्गत मेटेरियल तथा प्रशासकीय व्यय मिलाकर 50 प्रतिशत तथा 50 प्रतिशत मजदूरी पर व्यय किया जा सकता था।

उमरिया जिले में पंचायती राज्य व्यवस्था के अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर, करकेली एवं पाली जनपद पंचायतों में इस योजना को प्रारंभ करते हुए भूमिहीन महिला एवं पुरूष कृषि मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न वर्षों में इसकी प्रगति हेतु शासन द्वारा आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2009-10 से 2013-14 तक में भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना की प्रगति का विवरण निम्नानुसा प्रस्तुत है

उमरिया जिले में राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारंटी

* (अर्थशास्त्र) पाली प्रोजेक्ट बिरसिंहपुर पॉली, जिला - उमरिया (म.प्र.) भारत

योजना की वर्षवार प्रगति – (वर्ष 2009–10 से 2013–14 तक)

तालिका

क्र.	वर्ष	स्वीकृत लागत (लाख रू.में)	व्यय (लाख रू.में)	रोजगार संख्या
1	2009–10	232.73	184.00	1115
2	2010–11	226.30	165.99	1894
3	2011–12	243.14	195.47	2472
4	2012–13	269.25	228.84	3285
5	2013–14	305.96	294.18	4312

स्त्रोत– जिला पंचायत उमरिया (म.प्र.)

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि वर्ष 2009–10 में इस योजना के अंतर्गत उमरिया जिले में स्वीकृत लागत 232.73 लाख रू0 की गई, जिसमें 184.00 लाख रूपये व्यय किया गया, जिसमें 1115 भूमिहीन परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो कि निरंतर विभिन्न वर्षों में प्रगति होती रही, जो कि वर्ष 2013–14 में स्वीकृत लागत बढ़कर 305.96 लाख रूपये हो गई व्यय लागत में वृद्धि होकर 294.81 लाख रूपये हो गई रोजगार के स्तर में भी वृद्धि होकर 4312 हो गई। उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट होता है कि उमरिया जिले की राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना की प्रगति में निरंतर वृद्धि हो रही है तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में वृद्धि हो रही है।

उमरिया जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्रामों के चयनित परिवारों का व्यक्तिगत सर्वेक्षण साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया, जिससे इस योजना के क्रियान्वयन से होने वाली प्रगति एवं उनके आर्थिक पहलू की जानकारी प्राप्त हो सके किए गए सर्वेक्षण के आधार पर इस योजना से निम्नानुसार लाभान्वित परिवारों की स्थिति पाई गई।

राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना से लाभांवित परिवारों की स्थिति – तालिका

क्र.	जनपद पंचायत	लाभांवितों का प्रतिशत
1	मानपुर	57
2	करकेली	69
3	पाली	56
योग		**60.67**

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण से प्राप्त रिपोर्ट।

उपरोक्त व्यक्तिगत सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि उमरिया जिले में 60.68 प्रतिशत परिवारों को राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना से लाभ प्राप्त हुआ है, जिसमें सबसे अधिक जनपद पंचायत करकेली के 69 प्रतिशत परिवारों को लाभांवित हो रहे है तथा सबसे कम जनपद पंचायत पाली के 56 प्रतिशत परिवार लाभांवित हो रहे हैं।

इस प्रकार सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि यह योजना भूमिहीन परिवारों के आर्थिक प्रगति में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

उमरिया जिले में राष्ट्रीय भूमिहीन रोजगार गारंटी योजना की वर्षवार प्रगति



1. स्वीकृत लागत(लाख रुपये में)
2. व्यय राशि (लाख रुपये में)
3. रोजगार संख्या

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जिला पंचायत उमरिया म.प्र. से प्राप्त आंकड़ें।
2. व्यक्तिगत सर्वेक्षण।
3. जिला सांख्यकीय पुस्तिका उमरिया 2012–13, 2013–14
4. भारत में पंचायती राज – अरूण श्रीवास्तव रावत पब्लिषर्स जयपुर 1994

संपूर्ण रोजगार योजना की जनपद पंचायतवार स्थिति – (वर्ष 2009–10 से 2013–14 तक)

तालिका

क्र.	जनपद पंचायत	स्वीकृत लागत (लाख रूपये में)	व्यय विवरण			
			नगदी	खाद्यान्न		
			नगदी मजदूरी भुगतान (लाख रू.में)	चावल क्वि.	गेहूँ क्विं.	योग क्वि.
1	मानपुर	119.24	59.62	975.00	840.0	1815.00
2	करकेली	228.73	114.37	1244.0	1050.0	2294.00
3	पाली	88.33	44.17	672.00	790.0	1462.00
	योग	436.30	218.16	2891.0	1680.0	5571.00

स्त्रोत– जिला पंचायत उमरिया (म.प्र.)

खरगोन जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में खरीफ एवं रबी फसल बीमा - एक अध्ययन

डॉ. रश्मि चौहान *

प्रस्तावना - भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं अन्य कार्यो की जोखिम से बहुत पूर्ण होती है। कृषि सुखे, बाढ आदि की जोखिम से बहुत अधिक प्रभावित होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के साथ पशुधन यथा गाय, भैस, बैल, बकरी, भेड आदि रेशम कीट तथा मधुमक्खी, पौधा रोपण तथा बागवानी फसले, कृषि यंत्र, व्यक्ति तथा ग्रामीण दुर्घटना आदि परिसम्पत्तियॉ बहुत जोखिम पूर्ण होती है। अत: जरूरी है कि कृषक एवं ग्रामीणों को जोखिम के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान की जाए। भारत में बीमा 1939 से प्रभावी हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के बीमा उद्योग की दशा सुधारने के लिए प्रयास किए गए। सन् 1950 में बीमा अधिनियम में अनेक महत्वपूर्ण संसोधन किए गए। सन् 1956 में भारत में लाईफ इंन्योरेन्स कार्पोरेशन लिमिटेड की स्थापना की गई। भारतीय जीवन बीमा निगम केवल व्यक्ति को जीवन जोखिमो से सुरक्षा प्रदान करता है। जीवन के साथ-साथ परिसम्पत्तियो की सुरक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण होती है। परिसम्पत्तियो को जोखिम सुरक्षा प्रदान करने हेतु सामान्य बीमा अधिनियम 1972 पारित किया गया।

विषय का चयन - खरगोन जिले की अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से कृषि एवं ग्राम आधारित है। जिले कि 84.5 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है तथा कृषि एवं वनोपज से अपनी जीविका चलाती है। इस क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 75 प्रतिशत भाग कृषि कार्यो में संलंग्न है। कुल कृषि भूमी के मात्र 25 प्रतिशत भाग पर ही सिंचाई सुविधाऍ उपलब्ध है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आय के प्रमुख साधन आज भी कृषि ही है। जिले की कृषि पूर्णरूप से मानसुन पर निर्भर है। कृषक एवं ग्रामीण परीवार कई जोखिमों के साथ अपने कार्यो को ईश्वर के भरोसे सम्पन्न करते है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की फसलो का बीमा जागरूकता के अभाव में एवं आय की कमी से बहुत कम मात्रा में होता है। जिससे ग्रामीणों की जोखिमें बहुत अधिक बनी रहती है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न जोखिमों से बीमा सुरक्षा प्रदान होती है, तो इस पिछड़े जिले के ग्रामीण परिवारों एवं कृषकों का विकास होगा जो प्रदेश एवं राष्ट्र के लिए लाभप्रद होगा।

अनुसंधान के उद्देश्य - इस शोध प्रबंध का प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित उद्देश्यो की पूर्ति हेतु किया गया है-

1. इस बात का अध्ययन करना कि कृषक खरीफ एवं रबी फसल बीमा में से किसे अधिक महत्व देतें है और क्यों ?
2. यह अध्ययन करना कि किसानों को बीमा सुरक्षा का लाभ प्राप्त हुआ है या नही।
3. जिले में बीमित कृषि भूमि का अध्ययन करना।
4. बीमा सुरक्षा से अधिक लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

खरगोन जिले में फसल बीमा की प्रगति - कृषि का मानसुन पर निर्भर होना तथा फसलो में कीट प्रकोप व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से कृषि कार्य जोखिम भरा हो गया है। कृषकों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा अनिवार्य हो गया है। खरगोन जिले में फसल बीमा की प्रगति का अध्ययन अगामी तालिकाओं में किया गया है -

खरगोन जिले में बीमित कृषि भूमि - खरगोन जिले के कृषक भी बोयी गई अधिक से अधिक कृषि भूमि का फसल बीमा करवाने लगे है। खरगोन जिले में सकल बोयी गई कृषि भूमि में से फसल बीमा कर आवरण प्राप्त कृषि भूमि की स्थिति अग्रतालिका में दी गई है-

तालिका (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि खरगोन जिले में वर्ष 2005-06 व 2009-10 में कृषि भूमि के बीमित क्षेत्र में कमी आयी है। इसी प्रकार खरीफ मौसम के बीमित क्षेत्र में वर्ष 2007-08 में कमी हुई। वर्ष 2009-10 में रबी मौसम में 195739 हैक्टेयर तथा खरीफ मौसम में 288636 हैक्टेयर कृषि भूमि फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित थी। जिले की अधिक से अधिक कृषि भूमि को बीमा कवरेज में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

खरगोन जिले में फसल बीमा धन - बीमा धन फसल की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग होता है। खाधान्न फसलों का बीमाधन कम तथा व्यापारिक फसलों का बीमाधन अधिक होता है। खरगोन जिले में बहुतायत में खाद्यान्न फसले बोयी जाती है, इसलिए यहॉ बीमा राशि अधिक नहीं है।

तालिका

खरगोन जिले में फसल बीमा के तहत बीमा धन (करोड़ रूपयो में)

क्र.	वर्ष	रबी मौसम	खरीफ मौसम	योग
1	2005-06	2.98	15.02	18.00
2	2006-07	3.01	15.51	18.52
3	2007-08	3.49	15.63	19.12
4	2008-09	3.85	15.69	19.54
5	2009-10	3.54	15.96	19.50

स्त्रोत-फसल बीमा नोडल एजेन्सी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन।

खरगोन जिले में बीमा धन की तालिका का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि 2005-06 में रबी मौसम एवं खरीफ दोनो फसलो की सकल बीमा राशि 18.00 करोड़ रूपये थी, जो फसलो के कुल मूल्य की जुलना में बहुत कम होती है। इस राशि में 2.98 करोड़ रूपये का रबी फसलो के लिए तथा 15.02 करोड़ रूपये का बीमा खरीफ फसलों का किया गया था। वर्ष

* एम.ए.,पीएच.डी (अर्थशास्त्र) खरगोन (म.प्र.) भारत

2009-10 में फसल बीमा की राशि बढकर 19.50 करोड़ रूपये हो गई। कृषि उत्पादो की कीमतो में वृद्धि, कृषि आगतो में वृद्धि के कारण ऋण मान आधारित फसल बीमा की राशि में 05 वर्षो में बढ़ गई किन्तु यह वास्तविक कीमतों से कई गुना कम थी जो कृषकों के लिये हितकारी नहीं कहीं जा सकती।

खरगोन जिले के कृषकों को फसल बीमा की प्राप्त क्लेम राशि – रबी मौसम और खरीफ मौसम दोनों में ही फसल को क्षति पहुँचती है। फसल क्षति होने पर कृषकों को बीमा की राशि प्राप्त होने पर उनकी क्षति की थोड़ी भरपाई हो जाती है। फसले तो बहुत अधिक खराब होती है, लेकिन बीमा की शर्तो को पूरा न कर पाने के कारण कृषकों को बहुत कम राशि प्राप्त हो पाती है–

तालिका

खरगोन जिले के कृषकों को फसल बीमा के तहत प्राप्त क्लेम राशि –

क्र.	वर्ष	रबी मौसम	खरीफ मौसम	योग
1	2005-06	197565.43	0911125.02	1108690.45
2	2006-07	218413.28	2413215.00	2631628.28
3	2007-08	152799.19	4861702.86	5014502.05
4	2008-09	114390.11	2642834.08	2757224.19
5	2009-10	137053.29	1642881.21	1779934.50

स्त्रोत – फसल बीमा नोडल एजेन्सी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन।

उपरोक्त तालिका खरगोन जिले के कृषकों को फसल बीमा के तहत प्राप्त क्लेम राशि का वर्णन करती है। वर्ष 2005-06 में जिले के कृषको को कुल 1108690.45 रूपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त हुई जिसमें 197565.43 रूपये रबी मौसम में तथा 0911125.02 रूपये खरीफ मौसम की फसलों के लिए क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई। क्षतिपूर्ति की राशि में बीच के वर्षो में उच्चावन की स्थिति बनी है। वर्ष 2009-10 में रबी मौसम में कृषको को 137053.29 रूपये की तथा खरीफ मौसम में 1642881.21 रूपये की बीमा राशि प्राप्त हुई।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र खरगोन जिले के कृषक भी फसलों के नुकसान होने फसल बीमा के लाभ प्राप्त कर रहे है लेकिन फसल बीमा के अन्तर्गत उन्हे जो जो क्षतिपूर्ति राशि दी जा रही है वह पर्याप्त नहीं है। जिले में फसल बीमा के अन्तर्गत बीमित कृषकों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। यहॉ पर रबी मौसम की तुलना में खरीफ मौसम की फसलों का बीमा अधिक हुआ है। वर्ष 2009-10 में 55266 कृषको ने रबी मौसम की फसलों का तथा 117396 कृषको ने खरीफ मौसम की फसलों का बीमा करवाया । अध्ययन अवधि में फसल बीमा करवाने वाले कृषको की संख्या में वृद्धि व कमी होती गई।

फसल बीमा के अन्तर्गत बीमा धन जितना अधिक होता है, कृषकों को उतनी अधिक मात्रा में बीमा सुरक्षा प्रदान प्राप्त होती है। खरगोन जिले में वर्ष 2005-06 में खरीफ एवं रबी मौसम की फसलों का जो बीमा हुआ उसका कुल धन 18.00 करोड़ रूपये तथा जो बढ़कर 2009-10 में 19.50 करोड़ रूपये हो गया। लेकिन फसल बीमा के अन्तर्गत उन्हें जो क्षतिपूर्ति राशि दी जा रही है वह पर्याप्त नहीं है। वर्ष 2005-06 में 13289 कृषकों को 1108690.45 रूपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया । इसी प्रकार वर्ष 2009-10 में 13135 कृषकों को 1779934.50 रूपये का क्षतिपूर्ति भुगतान किया गया। संख्या की द्रष्टि से यदि तो फसल बीमा के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले कृषकों को संख्या बहुत कम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. The Indian economic journal, journal of India economic association.
2. Kumaran K.P.—Rural Tension in India collage book dept. Jaipur (2005).
3. Pathak B.S. (1986) Gop. Insurance: Ret .
4. यादव सुबह सिंह –कृषि अर्थषास्त्र (2002) रावत पब्लिकेशन, दिल्ली।
5. सिंह सुदामा – भारतीय अर्थव्यवस्था (2009) राधा पब्लिकेश4न, नई दिल्ली।
6. पन्त डी.सी.– भारत में ग्रामीण विकास (2001) कॉलेज बुक डिपो, जयपुर।
7. yyy.aicofindia.com
8. www.gicofindia.com
9. www.kisanwatch.org
10. www.mpgov.in

तालिका

खरगोन जिले में फसल बीमा के अन्तर्गत बीमित क्षेत्र (हेक्टयर)

क्र.	वर्ष	रबी मौसम	वृद्धि/कमी	खरीफ मौसम	वृद्धि /कमी
1	2005-06	190123	-4095	280111	+16698
2	2006-07	192211	+2088	281582	+1471
3	2007-08	197913	+5702	274792	-6790
4	2008-09	207284	+9371	286201	+11409
5	2009-10	195739	-11545	288636	+2435

स्त्रोत–फसल बीमा नोडल एजेन्सी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित खरगोन।

****

महिलाओं के विकास में स्वरोजगार का महत्व

कमलराज सिंह उइके *

प्रस्तावना – उद्यमिता देश में अनुमानित 35 करोड़ महिलाए कामकाजी आयु की है। इनका योगदान विभिन्न उत्पाद गतिविधियों के माध्यम से आसानी से प्राप्त हो सकता है। लघु एवं कुटीर उद्योगों में आसानी से प्राप्त हो सकता है। लघु एवं कुटीर उद्योगों में महिलाओं का भूमिका इतनी सार्थक हो सकती है कि उत्पादन स्तर को अत्यधिक ऊपर उठाने में आशा के अनुरुप सफलता मिल सकती है।

भारतीय समाज में तथा विश्वव्यापी स्तर पर महिलाओं के प्रश्न को असमानता के साथ जोड़ा गया है। महिलाओं और पुरुषों का चौथा संस्करण अभी कुछ सयम पहले ही जारी किया है। इसे पढ़कर अधिकांश भारतीयों को निराशा ही होगी क्योंकि वर्ष 2009 की 134 देशों की इस सूची में चीन 60वें नम्बर पर है, इस साल इस सूची में आइसलैंड पहले स्थान पर है। खुद विश्व आर्थिक मंच की इन सूची में बताया गया है कि भारतीयों की तुलना में चीनी महिलाये बेहतर स्थिति में है।

पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था तकरीबन 9 फीसदी की दर से बढ़ती रही है मगर इस सूची में भारत 113 से 114 पायदान के बीच ही उलझा रहा है। इसका सीधा सा मतलब निकाला जा सकता है, कि भले ही देश की अर्थव्यवस्था में तेज गति से सुधार आया है। मगर इससे महिलाओं को कुछ खास फायदा नहीं हुआ है।

समानता का अर्थ अत: समता मूलक समाज की स्थापना है, जिसमें राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार होगें। भारत ही नहीं समूची दुनिया में आज महिला सशक्तिकरण का दौर है फिर भी महिलायें आगे क्यों नहीं बढ़ पा रही है। भारत की आबादी में महिलाओं की लगभग आधी हिस्सेदारी है। मगर जब बात महिला विकास की आती है, तो उन्हें इससे कोई विशेष लाभ मिलता नजर नही आता है।

कार्ल मार्क्स तथा एगिल्से ने भी स्वीकार्य किया है, कि स्त्रियों का उद्धार और उनकी पुरुषों से समानता तब तक असंभव है, जब तक कि उन्हे समाज के उत्पादकीय कार्यो से वंचित करके घरेलू कामों तक सीमित रखा जाता है।

आज महिलाए विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। यदि हम कामकाजी महिलाओं की संख्या के आधार पर विकास कर रही है जिसके चलते वे आर्थिक रुप से स्वतंत्र भी हो रही है, अपनी कामकाजी प्रवृत्ति के कारण आधुनिक महिलाएं सम्मान भी प्राप्त कर रही है। चंदा कोछड़ किरण मजुमदार शा, विनीता वालिस और बड़ी बड़ी कम्पनियों में ऊंचे औहदे पर बैठी महिलाओं जिन पर भारत को गर्व है। पर अगर हम गहनता से इस बात पर विचार करें तो पता चलता है कि भारतीय कम्पनियों या संगठनों मे शीर्ष पदो पर पहुचने वाली महिलाओं की संख्या काफी कम है। राजनीति में शीर्ष पर प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गॉधी एवं राष्ट्रपति श्री प्रतिभा पाटिल महिलाओं का गौरव बढ़ाया है पर यहां भी सफल महिलाओं की संख्या बहुत की कम है। आखिर क्या वजह है कि भारत के ऊंचे प्रबंधकीय पदो पर इतनी कम महिलाए इसकी मुख्य वजह यह है कि देश में महिलायें इतनी शिक्षित नहीं है, कि उन्हें इतने ऊंचे पदो पर बिठाया जा सके।

कामकाजी महिलाओं की संख्या के लिहाज से चीन के बाद भारत का दुनिया में दूसरा स्थान है। एक अनुमान के मुताबिक इस समय देश में महिलाओं के पास अधिकार है, जिनमें से अधिकांश महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित है। हालांकि इनमें से ज्यादातर रोजगार शारीरिक श्रम तक सीमित है। इन गतिविधियों में मुख्य रुप से खेतों और निर्माण क्षेत्रों मजदूरी तथा घरेलू कार्य शामिल है।

इनमें से ज्यादातर रोजगार से महिला सशक्तिकरण या उनके दशा को बेहतर बनाने में कोई मदद नहीं मिली इससे उनके उत्पीड़न को भी बढ़ावा मिला। कामकाजी महिलाओं को बाहर का काम करने के साथ ही घर के काम भी पूर्व की भांति करने पड़ रहे है। अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने के बावजूद कठिन परिश्रम से कमाई गई राशि को अपनी मर्जी के मुताबिक खर्च करने का आज भी अधिकारी महिलाओं को नहीं है। उस धन पर भी अभिभावकों का ही अधिकार नियंत्रण होता है।

अमर्थ सेन ने अपने शोध पत्र एक्शपेशन ऑफ एटाइटिलमेंटस में लिखा है कि यदि अधिकारों का विस्तार कर दिया जाए तो विकास अपने आप हो जाएगा। भारतीय महिलाओं को भी आज अधिकार दिए जाने की जरुरत है। महिला रोजगार की प्रकृति व विशेषता – वे रोजगार कौन से हैं, जिनमें महिलाएं जुड़ी हुई है ? ग्रामीण महिलाओं के लिए वेतन रहित कामगार/ सहायिकाएं सबसे बड़ा समूह (41 प्रतिशत) और उसके बाद आकस्मिक कामगार (31 प्रतिशत) कृषि व बुनकर संबंधी कार्य संकट में है और पुरुष धनार्जन हेतु महिलाओं को छोड़कर गांव से बाहर जा रहे है और उन महिलाओं को स्व–नियोजित या अपने लिए काम करने वाली के रुप में दर्ज किया जाता है। समय के साथ आकस्मिक कामगारों में लगभग (4 प्रतिशत) की कमी आई है। नियमित कामगारों के क्षेत्र में बढ़ोतरी होने के बावजूद वे अनुपात में काफी कम (6 प्रतिशत) है।

शहरी कामगार महिलाओं के संबंध में समग्र तौर पर स्थिति सुधरती दिखाई दे रही है क्योंकि 20 वर्षो के दौरान नियमित कामगारों की संख्या में 10 % प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि महिलाओं की कार्य भागीदारी दर 2011–12 में शहरी क्षेत्रों में काफी कम मात्रा 15% है। इससे स्पष्ट है कि जिस तरह से नियमित कार्य को परिभाषित किया जाता है वह समग्र स्थिति (ट्रेड) के प्रतिकूल जाता है। यह न्यूनतम वेतन व संतोष जनक कार्य स्थितियों

* शोद्यार्थी (अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

के साथ औपचारिक, विनियमित कार्य नहीं है। यह कार्य का बदतर रुप हो सकता है किन्तु निर्धारित कार्यकाल में निरंतर रोजगार प्रदान करता है। इसमें संविदा रोजगार के विभिन्न प्रकारों के अलावा सवेतन घरेलू कार्य और अन्य सेवा क्षेत्र के कार्य मसलन शॉप सहायक, स्वागती आदि शामिल है। इसलिए नियमित कामकारों के बड़े हिस्से को भी उभरते असंगठित हिस्से के रुप में देखा जाना चाहिए। यह किस प्रकार का कार्य है? एक ओर महिलाएं संभवत: परिवार के अन्य सदस्यों से स्वतंत्र होकर आय प्राप्त कर रही हैं। जिसका उपयोग वे अपनी मर्जी से अधिकतर नियमित उपभोग के खर्चो के लिए कर सकती है।

महिलाओं के लिए शासकीय सेवाओं में आरक्षक – उद्देश्य–महिलाओं को प्रोत्साहन और समाज की मुख्य धारा में शामिल करना।

योजना का स्वरुप और कार्य क्षेत्र – 1 नवम्बर 1956 से लागू इस आरक्षक प्रावधान के अनुसार अब शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए 33 % स्थान आरक्षित किए गए है। सेवाओं में नियुक्ति के लिए महिलाओं को उच्चतम आयु सीमा में 10 वर्षो का छूट रहेगी। इस छूट के फलस्वरुप अब 43 वर्ष तक की उम्र की महिलाएं शासकीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए पात्र होगी। आरक्षित वर्ग महिलाओं के लिए उच्चतम आयु सीमा 48 वर्ष तक रहेगी। महिलाओं को यह आरक्षण सभी श्रेणी के पदों में भर्ती पर मिलेगा। महिलाओं को दिया गया यह आरक्षण सभी सरकारी दफ्तरों, स्थानीय संस्थओं, पंचायतों, विकास प्राधिकरणों, विश्व विद्यालयों, निगमों, कंपनियों और सहकारी समितियों की सेवाओं में भी लागू होगा। आरक्षक व्यवस्था कार्यभारित और आकस्मिकता से वेतन वाले पदो पर भी लागू होगी।

पात्र हितग्राही – सभी वर्गो की शिक्षित बेरोजगार, नौकरी की इच्छुक महिलाएं।

हितग्राही चयन प्रकिया – नौकरियों के लिए विज्ञापित पदों में दी जाने वाली शर्तो के अनुरुप संबंधित शासकीय विभाग और अन्य नियोजकों द्वारा।

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना – मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल 2012 से शुरु हो रहे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपघटक के रुप में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजन्य का कार्यान्वयन भी शुरु होगा कृषि क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति में बदलाव और सुधार के मकसद से उनके सशक्तिकरण के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह परियोजना मण्डला, बालाघाट, डिंडोरी, झाबुआ, बड़मानी, टीकमगढ़, छतरपुर, सीहोर, धार, सागर, बैतूल, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, देवास, और उमरिया सहित 16 जिलों में क्रियान्वित की जाएगी। इस परियोजना में स्व सहायता समूहो के जरिये करीब 60 हजार महिला किसान लाभान्वित हो सकेगी।

जाबालि योजना – मध्य प्रदेश में बेड़िया, बॉछड़ा और सॉसी जाति की महिलाओं व बच्चों के उत्थान के लिए क्रियान्वित की जा रही है, जाबालि योजना में विदिशा जिले को भी शामिल किया गया है। अभी यह योजना 6 जिलों रायसेन, राजगढ़, सागर, मुरैना, उज्जैन और छतरपुर में संचालित की जा रही थी। जाबालि योजना से एन.जी.ओ. द्वारा स्वैच्छिक संस्थानो के माध्यम से बेड़िया–बॉछड़ा और सॉसी जाति के बच्चों के लिए 13 आश्रम शालाएं संचालित की जा रही है।

तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण योजना – यह योजना मध्य प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ 5 जून 2006 से प्रारंभ की है। इन्टरनेशनल फण्ड फॉर एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के सहयोग से लागू की जाने वाली 161.59 करोड़ रुपये की आठ वर्षो की इस परियोजना द्वारा छ: जिलों के 2400 गांवो में 12000 महिला स्व सहायता समूहों का सदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस योजना में 1.80 लाख महिलाएं लाभान्वित होगी। यह परियोजना प्रदेश के बालाघाट, डिंडोरी, मण्डला, पन्ना, छतरपुर, और टीकमगढ़ में चालू है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं का स्व सहायता समूह तैयार कर महिलाओं की माइक्रोफाइनेसिंग सेवाओं तक पहुँच बढ़ाया है तथा बेहतर जीविका उपार्जन के अवसर उपलब्ध कराया है। यह योजना मध्य प्रदेश महिला बाल विकास के अंतर्गत महिला वित एवं विकास निगम द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।

महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई कार्यक्रम – महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं का निदान कर उन्हें शीघ्र न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता मे 'महिला एवं बाल सुरक्षा ईकाई' का गठन किया गया है। यह इकाई महिला एवं बच्चों में उनके विधिक अधिकारों कर्तव्यो के संबंध में उन्हें जागरुक कर उनकी समस्याओं का निदान करती है।

उज्जवला योजना – व्यावसायिक यौन शोषण की शिकार महिलाओं के उद्धार, पुनर्वास, तथा उन्हे फिर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु 4 दिसम्बर 2007 से उज्जवला योजना का शुभारम्भ केन्द्र सरकार द्वारा किया गया है। इस योजना में व्यावसायिक यौन शोषण रोकथाम पीड़ित के लिए आवास एवं चिकित्सा (पुनर्वास) समाज की मुख्यधारा में लाया तथा स्वदेश भेजना।

मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना – मध्य प्रदेश सरकार ने 24 सितम्बर 2012 को मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना को मंजूरी प्रदान की।

पात्रता – इस योजना के तहत पेंशन की पात्रता उन अभिभावकों को होगी जिनकी सिर्फ पुत्रियॉ हैं और वे आयकर दाता नहीं है।

योजना लाभ – योजना के मुताबिक पुत्रियों के माता–पिता दोनों में से किसी की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो ऐसे अभिभावकों को रुपये 500/– प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी। यह पेंशन वृद्धावस्था पेंशन के अतिरिक्त होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सामान्य अध्ययन – मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल।
2. योजना – 648, सूचना भवन, सीजीओ परिसर लोधी रोड नई दिल्ली 110003
3. महावीर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स 237 विश्वकर्मा नगर इन्दौर 2431251

****

सर्वहारा वर्ग का विकास – शिक्षा द्वारा जनचेतना से संभव

डॉ. वसुधा अग्रवाल *

प्रस्तावना – अत्यंत प्राचीनकाल से ही हिन्दू समाज विभिन्न जातियों का समाज रहा है। जाति व्यवस्था में समाज को स्पष्ट रूप से चार भागों में बांटा है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र (दलित)। कार्य के अनुसार वर्ण व्यवस्था में लोगों को कई छोटे – छोटे वर्गों में बाँट दिया। यहाँ समाज दो भागों में विभाजित कर दिया गया। एक उच्च वर्ग और दूसरा सर्वहारा वर्ग। उच्च वर्ग ने शुरू से ही समाज के एक बड़े वर्ग को हाशिए पर रखा है। उच्च वर्ग ने समाज के सर्वहारा वर्ग को जीवन जीने के लिए सीमित अधिकार दिए। जीवन जीने की कसौटी बहुत गढ़कर और छांटकर एक वर्ग विशेष के लिए रखी गई।

प्राचीन भारत में वंचन अप्राप्य था। समाज में व्यक्ति को अपने वर्ग के अनुसार शिक्षा दी जाती थी। जैसे ब्राह्मणों को धर्म – कर्म की शिक्षा, क्षत्रियों को विद्या तथा राजनीति, वैश्यों को वाणिज्य एवं कृषि विज्ञान की तथा शूद्रों को विविध साधारण कलाओं और हस्तकार्य की शिक्षा दी जाती थी। समाज में कर्म के आधार पर वर्ण व्यवस्था थी। इस प्रकार किसी भी रूप में किसी भी जाति का शोषण या पिछड़ापन तथा वर्ण व्यवस्था के कारण किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं मिलता है। **रामायण** काल में महर्षि वाल्मिकी जो मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के पुत्रों लव एवं कुश के गुरू एवं संरक्षक थे सर्वहारा वर्ग से ही संबंधित थे। इसी समय शबरी जो जाति से भीलनी थी, अपने भक्ति कर्म के कारण ऋषि समाज में प्रिय थी। **महाभारत** काल में दासी पुत्र विदुर, महर्षि वेदव्यास जो मल्लाह कन्या सत्यवती के पुत्र थे और महाभारत महाकाव्य के रचियता माने जाते हैं, अपने समय के सर्वाधिक प्रतिष्ठित ऋषियों में थे। मल्लाह कन्या सत्यवती का हस्तिनापुर नरेश शान्तनु से विवाह होना भी उस समय के कर्म प्रधान वर्ण व्यवस्था एवं स्वस्थ शिक्षा व्यवस्था की ओर इंगित करते हैं। इस प्रकार प्राचीनकाल में शिक्षा व्यवस्था भेदभाव रहित एवं वर्ण आधारित थी।

बौद्धकाल में महात्मा बुद्ध ने बौद्ध धर्म में चारों वर्णों को स्थान दिया। इस काल (ईसा पूर्व 582) में धार्मिक, व्यवहारिक, दार्शनिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान प्रदान किया जाता था। इस काल में आकर निम्नवर्ग को स्वतंत्रता तथा अधिकार मिला। यह वर्ग बौद्ध विहारों तथा मठों में जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकते थे। **मुस्लिम काल** में धार्मिक कट्टरता के कारण हिन्दू और बौद्ध शिक्षा केन्द्रों को समाप्त कर दिया गया। इस काल में मदरसों और मकतबों का निर्माण मुस्लिम शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु किया गया जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और धर्म के बालक विद्यार्जन कर सकते थे। इस काल में हिन्दुओं की शिक्षा की उपेक्षा की गयी। परंतु मुगलकाल में दलित वर्ग की शिक्षा में उतार का काल था। मुगलकाल में शिक्षा का आधार धार्मिक था तथा इस युग में शिक्षा की सुविधाऐं बहुत कम थीं। परिणामस्वरूप शिक्षा पर बहुत कम ध्यान दिया गया।

15वीं – 16वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के फलस्वरूप अस्पृश्य जातियों में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक चेतना का संचार हुआ। कबीर, रैदास, नानक आदि संतों ने अपने विचारों द्वारा निम्न वर्गीय समाज को जागृत किया। इन सबने पुरजोर जातिवाद का विरोध किया। संपूर्ण भक्ति आंदोलन, जनसाधारण के आंदोलन के रूप में उभरकर सामने आया। जिसने जातिवाद, अंधविश्वास, अस्पृश्यता, रूढ़िवादिता, धार्मिक आडंबरों की आलोचना की।

कम्पनी शासनकाल में भारतीय शिक्षा में 'निस्पंदन सिद्धांत इनके संचालकों की देन थी जो कि दलित वर्गों की शिक्षा पर अधिक व्यय करने के पक्ष में नहीं थे। सिर्फ उच्च वर्ग को ही शिक्षित करना चाहते थे। लार्ड मैकाले ने विवरण पत्र (1835) में निस्पंदन सिद्धांत का समर्थन किया। इसके अतिरिक्त उस समय भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल ऑकलैंड ने 24 नवम्बर 1839 में इसे स्वीकार किया।

स्वामी दयानंद ने अछूतोद्धार कार्यक्रम चलाए एवं स्वामी विवेकानंद तथा दूसरे महापुरूषों ने समाज सुधार के कार्यक्रम किए। गोपाल कृष्ण गोखले ने 1905 में 'सर्वेन्ट ऑफ इण्डिया' नामक संस्था स्थापित की इस संस्था के माध्यम से स्त्री शिक्षा, पिछड़ी जातियों की शिक्षा, औद्योगिक शिक्षा एवं शास्त्रीय शिक्षा के विकास के लिए विशेष कार्य किए। अस्पृश्यता आंदोलन द्वारा पिछड़ी जातियों में नव चेतना आई, नव जागरण हुआ, स्त्री और अछूतों के लिए शिक्षा का मार्ग खुला।

सन् 1921 के बाद का समय राष्ट्रीय आंदोलनों का समय था। इस अवधि में सरकार तथा राष्ट्रीय नेता राष्ट्रीय आंदोलनों में व्यस्त हो गये। परिणामस्वरूप दलित वर्ग की शिक्षा की ओर न तो सरकार का ध्यान गया और नहीं राष्ट्रीय नेता ध्यान दे पाए। सन् 1937 में जब प्रांतों में स्वशासन की स्थापना हुई तब सर्वहारा वर्ग के उद्धार के प्रयास किए गए। **ब्रिटिश भारत** में अनेक सामाजिक सुधारकों में राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, मदनमोहन मालवीय, ज्योतिबा फुले, पेरियार स्वामी, नारायण स्वामी, महात्मा गांधी ने सामाजिक चेतना का संचार कर दलितों को शिक्षित करने हेतु विशेष प्रयास किए।

स्वतंत्रता के पश्चात् भारत सरकार ने योजनाबद्ध आर्थिक विकास की प्रक्रिया पर अधिक बल दिया गया। चूंकि मानव विकास शिक्षा के बिना असंभव है। निश्चित रूप से उपरोक्त सुधारों के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षा गारंटी योजना, प्रौढ़ शिक्षा एवं महिला शिक्षा पर भी बल दिया गया। आर्थिक एवं सामाजिक विकास के रास्ते शिक्षा से ही खुलते हैं। डॉ. अंबेडकर ने कहा भी है कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य है, उन्हें

* विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

ऊँचे स्तर की शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करना चाहिए क्योंकि ज्ञान ही शक्ति है। सभी वर्गों के लिए किसी प्रकार के भेदभाव के बिना समाज में समता और न्याय की स्थापना करना असंभव है। अत: सर्वहारा वर्ग के लोगों को शेष समाज के बराबर लाने के लिए भारतीय संविधान की धारा 341 तथा 342 के प्रावधानों के अंतर्गत विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं।

स्वतंत्रता के पश्चात् (1948-49) नवम्बर 1948 में **राधाकृष्णन आयोग** का गठन देश में विश्वविद्यालय शिक्षा के संबंध में रिपोर्ट देने हेतु किया गया था। स्वतंत्र भारत में विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में इस आयोग की रिपोर्ट का अत्यंत महत्व है। इसी आधार पर 1953 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन किया गया।

कोठारी शिक्षा आयोग - (1964-66) जुलाई 1964 में डॉ. डी. एस. कोठारी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय आयोग का गठन शिक्षा के सभी पक्षों तथा चरणों के विषय में साधारण सिद्धांत, नीतियों तथा राष्ट्रीय नमूनों की रूपरेखा तैयार कर उनसे सरकार को अवगत कराना था। आयोग ने वर्तमान शिक्षा नीति की कठोरता की आलोचना की तथा शिक्षा नीति को इस प्रकार लचीला बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जो बदलती परिस्थितियों के अनुकूल हो। आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की गई। जिसमें प्राथमिक शिक्षा, जिसमें 14 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा पर बल दिया गया।

संविधान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य निम्न वर्गों के शैक्षिक तथा आर्थिक हितों को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कमियों को शिक्षा से दूर करने के लिए सुरक्षा और संरक्षण की व्यवस्था की गयी।

निम्नवर्ग की शैक्षणिक हितों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति के लिये राज्यकोष के अनुदान में वृद्धि की जाए, शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियाँ, छात्रावास, बुकबैंक, मध्यान्ह भोजन, शिक्षा ऋण बैंकों के माध्यम, आरक्षण, विशेष नि:शुल्क कोचिंग, उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए अंकों में छूट आदि सभी योजनाओं में करोड़ों रूपये का प्रावधान किया।

निम्नवर्ग के आर्थिक और जीवन स्तर में वृद्धि के लिए भी आरक्षण व्यवस्था, सरकारी नौकरियों में आरक्षण, शीघ्र प्रमोशन, कल्याणकारी सुविधा चिकित्सा, यात्रा, शिक्षा भत्ता देना, छात्रवृत्तियाँ, संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को रोजगारपरक तथा व्यवसायोन्मुखी बनाना, आवासीय विद्यालयों की स्थापना करना प्रमुख शैक्षिक विकास के उपाय के रूप में अपनाए गए हैं।

निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि किसी भी वर्ग की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति में सुधार लाना आवश्यक है सर्वहारा वर्ग के मसीहा कहे जाने वाले डॉ. अंबेडकर जी ने स्वंय शिक्षा के संदर्भ में कहा है कि - 'शिक्षा सिंह के दूध की भांति है, यदि पाओगे तो दहाड़ना आ जाएगा।'

सर्वप्रथम निम्न कमजोर वर्ग स्वंय अपनी अस्मिता को पहचानने का प्रयास करे इसके लिए आवश्यक है शिक्षा। मानव जीवन के विकास की जड़ शिक्षा ही है। शिक्षा में आरक्षण की बात बार - बार उठाई जाती है, किन्तु मेरी दृष्टि में आरक्षण शिक्षा रूपी सुविधा पाने का 'झरोखा' साबित हो सकता है, आत्मविकास रूपी 'दरवाजा' कदापि नहीं। इसलिए इस वर्ग को स्वंय शिक्षा प्राप्ति के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। साथ ही शासन उन्हें आरक्षण के बजाय अन्य मूलभूत सुविधाऐं मुहैया कराए। जिससे सर्वहारा वर्ग अपने बल बूते पर अपनी प्रतिभा के द्वारा आत्मसम्मान की रक्षा करते हुए विकासोन्मुख हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत का संविधान - जय नारायण पाण्डेय पृष्ठ क्रमांक 280
2. आर्थिक समीक्षा - 2003 - 2004
3. सामाजिक न्याय एवं दलित संघर्ष - डॉ. बी.आर. अंबेडकर पृष्ठ 75
4. भारतीय दलितों की समस्याऐं एवं समाधान - सिंह आ.जी. पृष्ठ 14- 16
5. आरक्षण - भ्रांतियाँ, अपेक्षाऐं एवं उपलब्धियाँ - गुप्ता रामप्रताप - अप्रैल 2004
6. शिक्षा का समाजशास्त्र - एम. एम. लवानिया पृष्ठ - 49,50

****

Minorities Women's Political Participation In Indian Democracy Problems And Suggestions

Dr. Abha Saini *

Introduction - Famous Political Thinker Maxi said in the Book *Modern Democracies*," Democracy is a search for a way of life in which the Voluntary free intelligence and activity of man can be harmonized and coordinated with the least possible coercion and it is the belief that such a way of life is the best way for all mankind, the way most in keeping with the nature of men and the nature of the universe." Maxi statement suits Indian parliament democracy Because In India every person has freedom and equality to choose one's choice of government .Political awareness in Indians shows real democracy .majority and Minority both are participated in political activities. Women, half population of India also represent the picture of Indian democracy. Women empowerment especially their Economic upliftment and their role in the positive social change is directly proportional to the participation of its members in the polity .The recent trends about political participation in the country reflects the poor status of Indian women. In these participation minorities women's role is only countable.

The objective of the present paper is to discuss their role and problems. It analysis the various dimensions of minorities women' political participation and recognition of their political condition.

Minorities Women's Political Participation- Minority religious communitiesinindiawhichinclude Muslims, Sikhs, Christians, Buddhists, Zoroastrians (Parsis) and Jains notified as minority communities as notified by GOI in Gazette [1]under Section 2 (c) of the National Commission for Minorities Act, 1992. though the majority of the people living in this land are Hindus [82.41%], people belonging to other religious communities such as Muslims [11.67%], Christians [2.32%], Sikhs [2%], Buddhists [0.77%], Jains [0.41%] and oth-ers rO.43%] are also living along with the Hindus by enjoying on par similar rights and opportuni-ties. India is the largest democratic country in the world .Effective Political participation is a pre-requisite for strengthening the institutional structure of democracy. Women play a vital role in decision making and political process. As for as in concern of minorities, women's role in political participation is negligible. Participation in the political process represents the turnout of women voters and number of women candidates in each election and their participation in the decision making process.

Problems and challenges - Women face the existence of disparity and disadvantage in their political participation. The causes and barriers that limit women's political participation are their social and physical images. In India, the role women play in society and the images we have of them have developed not simply from the exigencies of Biology and social situations but are rather deeply rooted in myths and legends and the religion of the culture. Her position and status in society, her nature has been issues of debates and discussion informed by religion, tradition and culture, feminism and any times down right ignorance and bigotry.

To understand the status of women in the society an examination of their political status is necessary. Through the political status is interlinked with the socio-economic status, it has the capacity to influence the transformation of the socio-economic system. It has now been accepted that women's right to vote and to occupy political position is fundamental to women's status. Its effect on women is that political awareness has increased not only Hindu women but also minorities' women. The obligation of the State to ensure and facilitate the participation of women in politics and the initiatives taken by the State in terms of legislative actions, policies and programs and their effectiveness evolve strategies to enhance the involvement of women especially minorities' women in all activities of the political processes.

In spite of the provisions of the constitutional equality, religious minorities in India, often experience some problems among which the need for security and protection is very often felt by the minorities. Especially in times of communal violence, caste conflicts, observance of festivals and religious functions on a mass scale, minority groups often seek police protection. Government in power also finds it difficult to provide such a protection to all the members of the minorities. It is highly expensive also. State governments which fail to provide such protection are always criticized. Though the Constitu-tion provides for equality and equal opportunities to all its citizens including the religious minori-ties, the biggest minority community, that is, Muslims in particular, have not availed themselves of these facilities. There is a feeling among them that they are neglected.

*H.O.D. & Associate Professor (Political Science) J.K.P.P.G. College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA

However, such a feeling does not seem to exist among the other religious minority communities such as the Christians, Sikhs, Jains and Buddhists, for they seem to be economically and educationally better than the majority community. The women of these minority communities also face the same problem but they participate in election voting with majority. Although Rajia Sultana, Bhekaji Kama,Annie Besant to Nazma Heptulla and Smriti Irani can see minorities' women 's role in decision making politics yet they are only countable. Now minorities' women is struggling hard to better her lot against the heavy odds set to strangulate her life, suffocate her living, stifle her strength strain her work and scandalize her name in political field.

Conclusion and suggestions - Theoretically in India minorities' women enjoys political life but there is tremendous difference between the ideal, the aspirations, reality and the practice.

Education,Politicalawakening,economic independence and quotas for them are clearly the most efficient tools for improving minorities' women's representation in politics whether it is in participation or decision making process. Besides this media should play a productive role in enhancing women's participation.

References :-

1. Bano Afsar, "Indian Women", Kilaso Books, New Delhi, 2003.
2. Dr. Rath, Sharda, Dr. Rath Navaneeta, "Women in India (A Search for Identity)", Anmol Publications Pvt. Ltd., New Delhi.
3. Dr. Krishanamurty GVG, Ahuja M.L., "General elections in India Electral Politics, Electoral Reforms and Political Parties", Icon Publications Pvt. Ltd., New Delhi, 2005.
4. Kumar Ashok, "Indian Women Towards 21st Century", Criterion Publication, New Delhi.
5. Mehta Arti, "Progressive Women and Political identity", Kanishka Publishers and Distributors, New Delhi, 2004.
6. Pujari, Prem Lata & Mumari Vijay Kaushik Vol. I,II & III, "Women Power in India" Kanishka Publishers Distributors.
7. R Indira & Deepak Kumar Behera, "Gender and Society in India" Volume one theme papers and urban studies, Manak Publications Pvt. Ltd., 1999.
8. Vidya K.C., "Political Empowerment of women at the Grassroots", Kanishka Publishers & Distributors, New Delhi, 1997.

****

दलितों के राजनीतिक विकास में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की भूमिका

डॉ. आनंद कुमार भारतीय *

शोध सारांश – भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के प्रसिद्ध विधिवेत्ता, चिंतक और संघर्षशील योद्धा थे। उनमें अपार नेतृत्व शक्ति थी। वे प्रखर बुद्धि के धनी थे। उनमें करूणा का भी भाव था। वह भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे। इन सभी क्षेत्रों की प्रगति के साथ सामाजिक, धार्मिक पृष्ठभूमि से आच्छादित यह एक जटिल समस्या है, जो समाज के लिए अभिशाप निरूपित है। वह है, वर्ण और जाति से उत्पन्न अस्पृश्यता और समाज के विघटन की समस्या जिसे साम्प्रदायिकता का नाम दिया जाता है। उन्होंने दलितों की दयनीय स्थिति में सुधार शिक्षा, संस्कृति, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक विकास से संभव है। पूर्व की समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संविधान में ऐसे उनके हित की बात कही। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन ने अम्बेडकर की सक्रिय भूमिका कांग्रेस से कुछ अलग थी। उनके जीवन में दलितों को लेकर जो टीस थी, वह उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले अग्रणी नेताओं को सोचने से कुछ अलग करती थी। अम्बेडकर परमदेशभक्त और राष्ट्रीय एकता के समर्थक थे।

शब्द कुंजी – अछूतोद्धार।

प्रस्तावना – भारतीय लोकतंत्र को गतिमान हुए 58 वर्ष हो चुके हैं और स्वाधीनता का फल चखे 69 वर्ष। मतदाता लोकतंत्र का स्थापित प्रतिमान बन चुका है। इस अवधि में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्र का आधारभूत मन्तव्य गरीबी दूर करना प्रत्येक चुनाव के लिए रीढ़ की हड्डी की भांति रहा है। इनमें आर्थिक क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, बांध स्टील प्लांट की प्रगति के साथ कृषि, व्यापार और उद्योग क्षेत्र में भी आशातीत प्रगति हुई है। टेक्नोलॉजी, इंटरनेट, हवाई सेवाओं में गुणातीत सफलता और एटम शक्ति के परीक्षण इसके जीते जागते उदाहरण है।

इन सभी क्षेत्रों की प्रगति के साथ एक सामाजिक, धार्मिक पृष्ठभूमि से आच्छादित एक जटिल समस्या है, जो समाज के लिए अभिशाप निरूपित है। वह है, वर्ण और जाति से उत्पन्न अस्पृश्यता और समाज के विघटन की समस्या जिसे साम्प्रदायिकता का नाम दिया जाता है। हिन्दू धर्म में इसे कोई समस्या के रूप में नहीं देखा गया है। वर्ण धर्म के नाम पर इसे धर्म का आवश्यक अंग मानकर सतत चलती रहने वाली जीवंत प्रक्रिया है। इससे निश्चय ही हिन्दू समाज में सदैव ऊँचे और नीचे के भाव वाली असमानता जीवंत बनी रही।

इन अवधारणाओं का अंत राजनीतिक अधिकार और संरक्षण के बिना असंभव रहा। इस क्षेत्र में अभूतपूर्व जागृति पैदा करके उनमें स्वाभिमान जगाने का जो कार्य डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा किया वैसा अन्यत्र था ही नहीं। हिन्दू समाज में व्याप्त असमानता, सामाजिक भेदभाव एवं अस्पृष्यता का मूलोच्छेद भारतीय संविधान के माध्यम से विधिवत संभव हुआ। परिणामत: अनुसूचित जातियों ने इन कुरीतियों से स्वाभिमान के साथ लड़ना सीख लिया है, वे सत्याग्रह का अर्थ जान सके हैं और श्रेष्ठतम स्थान राष्ट्रपति के पद को सुशोभितकर सके हैं। इन्हीं के फलस्वरूप डॉ. अम्बेडकर के लिए आदर और सम्मान सूचक संबोधन **बाबा साहेब, दलितों के मसीहा** और बौद्ध धर्म में **बोधिसत्व** से जाने गए हैं।[1]

डॉ. अंबेडकर ने दलितों की सोई हुई चेतना को जगाया। उनमें एक नई चेतना का संचार किया। उन्होंने बताया कि अपने पुर्खों के पापों का फल भोगने का रूढिवादी विचार निकाल दे। उन्हें अपनी बेड़ियां इसी जन्म में तोड़ फेंकने का आव्हान किया जो उनका जन्मसिद्ध अधिकार है।

डॉ. अम्बेडकर एक नाम नहीं है, वरन् एक प्रतीक है। अम्बेडकर एक सामाजिक क्रांति के प्रतीक है। यथा स्थिति के विरूद्ध सामाजिक क्रांति को और अम्बेडकर की स्मृति को सम्मान देने का केवल एक ही तरीका है वह यह कि ऐसा वातावरण पैदा किया जाए कि शिक्षित लोग अम्बेडकर के अनुसूचित जाति मुक्ति का जो मिशन प्रारंभ किया था उसके लिए समर्पित हो जाए मैं सरकारी कर्मचारियों से आंदोलन में भाग लेने के लिए नहीं कहता। मैं आपसे केवल यह अपेक्षा करता हूँ कि आप अपना कर्त्तव्य करते समय नियमानुसार दलित लोगों को न्याय प्रदान करें तथा निर्भीक होकर लोगों को बताए कि आप अमुक अनुसूचित जाति के सदस्य है।[2]

उनके जीवन का ध्येय अछूतोद्धार था और जुलाई 1924 को **बहिष्कृत हितकारिणी सभा** की स्थापना कर अछूतोद्धार आंदोलन को प्रारंभ किया। जिसका दलितों में शिक्षा का प्रचार–प्रसार इनके बीच वाचनालय, समाज केन्द्र, विद्या केन्द्र स्थापित करना, आर्थिक स्थिति सुधारने, औद्योगिक, कृषि विद्यालय स्थापित करना, उनकी कठिनाईयों को दूर करने का प्रतिनिधित्व करना है।[3]

उन्होंने गोलमेज सम्मेलन, लंदन में अछूतों के प्रतिनिधि के रूप में 1930,1931 व 1932 में भाग लेकर पूना समझौते को कार्यरूप दिया। संवैधानिक सुधार और दलित सुरक्षोपायों के प्रति वे जीवंत सजग रहे। इन प्रावधानों को परिष्कृत रूप में भारतीय संविधान में ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में संयोजित करने में सफल हुए।

डॉ. अम्बेडकर ने हिन्दू धर्म में व्याप्त सामाजिक असमानताओं को मिटाने के लिए अहिंसात्मक आंदोलनों का नेतृत्व प्रदान किया जिनमें महाड़

* अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोक नगर (म.प्र.) भारत

आंदोलन, नासिक के कालाराम मंदिर में प्रवेश, महार वतन का विरोध आदि को उल्लेखित किया गया है।

अम्बेडकर का अछूतोद्धार संबंधी कार्यक्रम सामाजिक एकता के सिद्धांत पर आधारित था। वे समझते थे कि दलित तथा अछूत वर्ग संवैधानिक तथा राजनीतिक अधिकारों के माध्यम से ही अपनी स्थिति सुधार सकते है। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि राष्ट्रीय जीवन में समानता में अपनी क्षमताओं को खो चुका है, इन अधिकारों के समुचित प्रयोग का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।[4]

अम्बेडकर ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ ही शिक्षा के स्वरूप के विषय में विचारों का उल्लेख किया है। वहीं समाज जाग्रत है, जिसके विचार हर क्षेत्र में अद्यतन है। पराधीन भारत के लिए संसार की बदलती परिस्थितियों से अवगत होने के लिए न तो संस्कृत, न उर्दू-फारसी और न पाली सहायक हो सकती थी। अत: अंग्रेजों के अधीन क्षेत्र में अंग्रेजी के सिवाय अन्य मार्ग उपलब्ध ही न था। संसार के जागृत देशों के साहित्य का अवगहन इसी के माध्यम से संभव था। फ्रांस, रूस आदि की राज्य क्रांति, सामंती युग के विद्रोह का इतिहास, वाल्टेयर, रूसों, दिदरो के विचारों के साथ ही औद्योगिक क्रांति वैज्ञानिक नई खोजों के सूत्र अंग्रेजी भाषा से ज्ञात हो सकते थे। भारत के अंध-युग में लुप्त भारतीय संस्कृति के ग्रंथों को अनेक भारतीयों ने विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त करते समय पढ़ा। वहां का समाज वर्ण और जाति से पीढ़ित नहीं होने से सभी को स्वतंत्र वातावरण में समानता के स्तर पर शिक्षा प्राप्त करने का लाभ संभव हो सका था। इस प्रकार के वातावरण से अम्बेडकर अत्यंत प्रभावित हुए और इसका समर्थन उनके द्धारा किया गया है।[5]

दलितों को संवैधानिक संरक्षण के प्रावधानों का भी उल्लेख किया गया है। उनके सुधारवादी प्रयास, हिन्दू कोडबिल के विषय पर भी प्रकाश डाला गया है। भारतीय संविधान में राजनीतिक आरक्षण का औचित्य भी उनकी दृष्टि में इसीलिए था कि - केवल प्रस्ताव पास कर देने से करोड़ों अछूतों की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उन्नति नहीं हो सकती। कागजी घोड़ो ने कभी घुड़दौड़ में भाग नहीं लिया है। अछूतों की उन्नति तभी हो सकती है, जब उन्हें सरकारी नौकरियों, विधान सभाओं और लोक सभाओं में आबादी के अनुपात से सुरक्षित सीटें मिलें।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के प्रसिद्ध विधिवेत्ता, चिंतक और संघर्षशील योद्धा थे। उनमें अपार नेतृत्व शक्ति थी। वे भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे। भारत रत्न डॉ. भीमराव जी अम्बेडकर दलितों के मसीहा थे। उन्होंने समाज में दलितों के अलावा अल्पसंख्यक वर्ग के हितों के लिए भी नए संविधान में अधिकारों की मांग की जिसमें उन्हें समान मूल अधिकार, भेदभाव पूर्ण व्यवहार के विरूद्ध संरक्षण, सरकारी नौकरियों में स्थान सुरक्षित, विधान सभाओं में स्थान सुरक्षित, अल्पसंख्यकों की उन्नति के लिए अलग से एक विभाग की स्थापना, सामाजिक बहिष्कार करने वालों को कड़े दण्ड की व्यवस्था और शोषण की समाप्ति।

उन्होंने दलितों की दयनीय स्थिति में सुधार शिक्षा, संस्कृति, आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक विकास से संभव है। पूर्व की समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संविधान में ऐसे उनके हित की बात कही। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन ने अम्बेडकर की सक्रिय भूमिका कांग्रेस से कुछ अलग थी। उनके जीवन में दलितों को लेकर जो टीस थी। वह उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले अगणी नेताओं को सोचने से कुछ अलग करती थी। अम्बेडकर परमदेशभक्त और राष्ट्रीय एकता के समर्थक थे। 1947 में उन्होंने देशी रियासतों को भारतीय संघ में सम्मिलित होने का परामर्श दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मूर्ति, एस.एस.; सामाजिक दर्शन, कल्चरल, पब्लिशर्स अमीनाबाद, लखनऊ।
2. दिनकर, डी.सी.; डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति ग्रंथ, बोधिसत्व प्रकाशन क्षितवापुर पजावा, लखनऊ 1994
3. शास्त्री, शंकरानंद; पूना पैक्ट बनाम गांधीजी, बहुजन कल्याण प्रकाशन, सआदतगंज, लखनऊ-3
4. दिनकर, डी.सी.; डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति ग्रंथ, शिक्षा और विवाह खण्ड-दो, बोधिसत्व प्रकाशन क्षितवापुर पजावा, लखनऊ 1994
5. शर्मा, डॉ. गोविंद प्रसाद; भारतीय राजनीतिक चिंतन, मध्यप्रदेश हिंदी प्रकाशन अकादमी भोपाल।

****

नये संदर्भ में भारत-आसियान संबंध

डॉ. संजय कुमार यादव *

प्रस्तावना – भारत आसियान संबंध की वास्तविक शुरूआत 1992 में आसियान द्वारा भारत को क्षेत्रक वार्ता भागीदार का दर्जा प्रदान किए जाने से हुआ। क्षेत्रक वार्ता भागीदार का अर्थ है, भारत को कुछ समिति क्षेत्र में सहयोग का अवसर दिया गया। उस समय यह सहयोग सांस्कृतिक, पर्यटक जैसे क्षेत्रों तक सीमित था। 1994 में इसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी को भी जोड़ दिया गया। 1996 में आसियान द्वारा भारत को पूर्ण वार्ता भागीदार का दर्जा प्रदान करने के सहयोग के बहुआयामी तथा व्यापक मार्ग खुल गए। वर्ष 2002 में कम्बोडिया के नामपेन्ह में आसियान-भारत सम्मेलन हुआ, जिसके बाद आसियान-भारत संबंध में एक नई उच्चता की ओर बढ़े। तब से आसियान-भारत शिखर वार्ता वार्षिक आधार पर आयोजित होने लगी। ये सभी प्रगति लगभग एक दशक में हुई, जिसके द्वारा आसियान और भारत के बीच सहयोग और साझेदारी का महत्व स्पष्ट हो सका। इन शिखर सम्मेलनों में 20 दिसम्बर, 2012 को नई दिल्ली में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को यादगार कहा जा सकता क्योंकि एक तो इस वर्ष आसियान और भारत के मध्य संबंध का 20 वाँ वर्ष था, शिखर सम्मेलनों का 10 वॉ तथा इसमें आसियान और भारत के मध्य सामरिक भागीदारी हेतु भी सहमति बनी। 12 नवम्बर, 2014 को ने.पी.ताव, म्यांमार में आयोजित किए गए 12वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और आसियान नेताओं ने भारत-आसियान रणनीतिक भागीदारी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।[1] उन्होंने आसियान को भारत की पूरब के कार्यनीति का मुख्य बिन्दु बना दिया है और सभी क्षेत्रों में संबंधों में को सुदृढ़ करने का आह्वाना किया और आसियान-भारत कनेक्टिविटी परियोजनाओं के तीव्र कार्यान्वयन और परियोजना वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष सुविधा स्थापित करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने 13 नवम्बर, 2014 को नेई पेई टा में 9वें पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया और अन्य विश्व नेताओं के साथ महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।[2]

राजनीतिक और सुरक्षात्मक सहयोग – भारत को आसियान का वार्ता भागीदार बनने से लेकर सहयोग अब कार्यात्मक सहयोग के दायरे को पार कर राजनीतिक और सुरक्षात्मक आयाम को भी आच्छादित कर चुका है। भारत, आसियान भारत वार्ता संबंधों के अन्तर्गत आसियान के साथ परामर्शी बैठकों की एक पूरी श्रृंखला में भाग ले चुका है, जिसमें मंत्रिस्तरीय बैठकें, वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकें और विशेषज्ञों के स्तर की बैठकें शामिल हैं। वार्ताओं के साथ ही साथ आसियान द्वारा प्रारंभ किए गए सहयोगात्मक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत क्षेत्रीय संवाद और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) डाक मंत्रीस्तरीय सम्मेलन (PMC) , पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) मेकांग-गंगा सहयोग तथा बिम्सटेक (BIMSTEC) में भी भागीदारी किया।

आर्थिक सहयोग व मुक्त व्यापार समझौता – आसियान और भारत के मध्य व्यापार और निवेश प्रवाह आसियान के अन्य वार्ता भागीदारों की तुलना में अपेक्षाकृत कम रहा है। 1993-2003 के दौरान आसियान-भारत द्विपक्षीय वार्षिक व्यापार में 11.2% वार्षिक दर से ही वृद्धि हुई। इस अवधि में यह वर्ष 1993 के 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से वर्ष 2003 में 12.0 बिलियन अमेरिक डॉलर तक ही पहुँचा। भारत एवं आसियान के बीच द्वीपक्षीय व्यापार अब 80 अरब डॉलर का है जिसके वर्ष 2015 के अंत तक 100 अरब डॉलर तथा वर्ष 2022 उसे दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया। विगत आठ वर्षो में भारत में आसियान निवेश 27.9 अरब डॉलर का है जबकि आसियान क्षेत्र में भारतीय निवेश 32.4 अरब डॉलर का है।[3]

आसियान और भारत दोनों ने आर्थिक क्षमता की पहचान कर व्यापार की इस प्रवृत्ति को देखते हुए व्यापार तथा निवेश को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रशस्त करने के लिए एक आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना हेतु समझौते पर बातचीत करने के लिए सहमत हुए। 2003 में द्वितीय आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के समय ही दोनों पक्षों ने व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (Comprehensive Economic Cooperation Agreement - CECA) पर हस्ताक्षर किया था, जिसने मुक्त व्यापार की दिशा में ठोस आधार प्रदान किया। मुक्त व्यापार क्षेत्र में वस्तुओं, सेवाओं और निवेश सभी को शामिल किया गया है। छ: वर्षो के वार्ता के पश्चात ट्रेड इन गुड्स (Trade in Goods - TIG) समझौते पर अगस्त 2009 को बैंकाक में हस्ताक्षर किया गया। आसियान-भारत के मध्य इस समझौते पर हस्ताक्षर ने दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार बाजार के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त किया।[4] इसके अंतर्गत 1.8 बिलियन जनसंख्या है, जिसका कुल समेकित सकल घेरेलू उत्पाद 2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। मुक्त व्यापार समझौते में दो गतिशील क्षेत्रों के बीच कुल 90 प्रतिशत कारोबारी उत्पादों पर टैरिफ में छूट प्रदान किया जाएगा। इसे छूट में 2016 तक लगभग 4000 वस्तुएं समेकित हो जाएंगी। आसियान-भारत व्यापार समझौता 1 जनवरी 2016 से लागू हो चुका है। दोनों पक्षों द्वारा निजी क्षेत्रों में भी सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आसियान-भारत बिजनेस काउन्सिल को भी पुन: सक्रिय किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पहला आसियान-इंडिया बिजनेस फेयर एण्ड कल्कलेव (AIBFC) 2-6 मार्च, 2011 को नई दिल्ली में आयोजित हुआ था।

आसियान और भारत के बीच उड्डयन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने हेतु

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

आसियान और भारत के उड्डयन मंत्रियों के बीच नवम्बर 2008 को मनीला में 14 वें शिखर सम्मेलन में एक उड्डयन सहयोग फ्रेमवर्क को स्वीकार किया गया। परिवहन से संबंधित विविध क्षेत्रों, जैसे – भूमि परिवहन, समुद्री परिवहन, सीमा प्रबंधन, सीमा शुल्क, आव्रजन, रसद और सुरक्षा इत्यादि में सार्वजनिक निजी भागीदार (पी.पी.पी.) के आधार पर सहयोग बढ़ाने के लिए आसियान–भारत दिल्ली सम्मेलन (2012) में एक फ्रेमवर्क को प्रस्तुत किया था। इस प्रस्तावित परियोजना में एक बड़ी उपलब्धि भारत – म्यांमार – थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना है। वर्तमान में इस परियोजना में लाओस और कंबोडिया को भी शामिल कर लिया गया है।[5] भारत ने यह परियोजना पूर्वोत्तर क्षेत्र को राजमार्ग प्रणाली के साथ आसियान राजमार्ग नेटवर्क से जोड़ने हेतु बनाया है। भारत–आसियान देशों से संपर्क बढ़ाने एवं आपसी सहयोग हेतु दो नीतियों (**पूर्व की ओर देखो नीति, एक्ट ईस्ट पॉलिसी**) की शुरूआत की है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत–आसियान संबंधों को विश्लेषित करती है।

पूर्व की ओर देखो नीति – पूर्व की ओर देखो नीति भारत द्वारा द.पू. एशिया के देशों के साथ बडे पैमाने पर आर्थिक और सामरिक संबंधों को विस्तार देने, भारत को एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित करने और इस इलाके में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के उद्देश्यों से बनाई गई नीति है। वर्ष 1991 में नरसिंह राव सरकार द्वारा शुरू की गयी। इस नीति के साथ ही भारत के विदेश नीति के परिप्रेक्ष्यों में एक नई दिशा और नए अवसरों के रूप में देखा गया और वाजपेयी सरकार तथा मनमोहन सरकार ने भी इसे अपने कार्यकाल में लागू किया।[6]

विभाजन के फलस्वरूप भौगोलिक एकाकीपन ओर दशकों तक आर्थिक ह्रास से ग्रस्त इस क्षेत्र को इस नीति में बहुत सारी संभावनाएं दिखीं। समृद्ध और संपन्न दक्षिण–पूर्वी अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ने कि संभावनाओं को देखते हुए क्षेत्र को अनायास ही अपने एकाकीपन के बंधन से मुक्ति पाने ओर प्रगति कि और बढ़ने की उम्मीदें हिलोरे लेने लगी। 1992 में शुरू हुए पूर्व की ओर देखो नीति की कभी औपचारिक व्याख्या नहीं की गयी। मिजोरम से आने वाले एक पूर्व भारतीय राजनयिक और इस नीति को आकार देने वालों में से एक पुरोधा इस नीति का परिचय कराते हुए कहते है, यह नीति दक्षिण–पूर्वी और उत्तर–पूर्वी एशियाई क्षेत्रों के गतिशील और उदीयमान अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ भारत के आर्थिक संबंधों को और व्यापकता एवं गहराई प्रदान करने और अन्य प्रकार के सहयोग कि सतत प्रक्रिया है।

वस्तुत: यह नीति शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरे नए वैश्विक और क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्यों, शक्ति संतुलन और भारत की नई आर्थिक नीतियों के साथ विदेश नीति के समन्वय की अवधारणा का परिणाम है जिसके मूल रूपरेखाकर के रूप में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह जी को देखा जाता है। यह इन क्षेत्रों के साथ नए रिश्ते बनाने की शुरूआत नहीं थी बल्कि प्राचीन काल के, किन्तु एक दीर्घावधि से अपेक्षित रिश्तों को पुनर्जीवित करने की कोशिश थी।

एक्ट ईस्ट पॉलिसी – दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ भारत पूर्व की ओर देखो नीति से एक्ट ईस्ट की ओर संक्रमण कर गया है। भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ सक्रिय नीति अपनाने पर बल दिया और इसे 'एक्ट ईस्ट' नाम दिया। जीवंत एशिया के दोनों विकास धुरियों के बीच सभी क्षेत्रों में संलग्नता को नये स्तर तक ले जाना है। मोदी सरकार के डेढ़ वर्षो में ही द्विपक्षीय यात्राओं की निरंतरता से यह नीति जमीन पर भी उतरती दिखायी दी। अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि पूर्व की ओर देखो अब पर्याप्त नहीं है, एक्ट ईस्ट की जरूरत है।[7]

भारत की एक्ट ईस्ट नीति तथा जापान व आस्ट्रेलिया के साथ निकटता वस्तुत: दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने का प्रयास है। ऐसा अमेरिकी थिंक टैंक मानते हैं। चूंकि चीन क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करने वाले देश चीन की बढ़ती उपस्थिति को रोकने के लिए भारत, जापान एवं आस्ट्रेलिया की ओर उन्मुख हो रहे है।

भारत की एक्ट ईस्ट नीति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा आधारिक संरचना संपर्क का अभाव है। हालांकि दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व वाणिज्यिक संबंध है परंतु आधारित संरचना संपर्क का नहीं होना प्रमुख बाधा है। इस दिशा में कई प्रयास किए जा रहे है। भारत–म्यांमार–थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना पर काम चल रहा है, जो मणिपुर के मोरेह से म्यांमार के मांडले होते हुए थाईलैंड के माए सोत तक जाएगी। इसी प्रकार कालादान परियोजना के द्वारा मिजोरम के लॉवंगतलाई को म्यांमार के सिटवे बंदरगाह को जोडा जाएगा। इसके अलावा म्यांमार से संपर्क बढाने के लिए रिह–तिदिम व रिह फलाम सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है।[8] बांग्लादेश–चीन–भारत–म्यांमार आर्थिक गलियारा इन चारों देशों को जोडेगी। दक्षिण एशिया एवं दक्षिण पूर्व एशिया के बीच कोई रेल संपर्क नहीं है। एक बार इन क्षेत्रों के बीच सड़क संपर्क स्थापित हो जाता है, तो ट्रास एशियन रेलवे दिल्ली–हनोई के बीच रेल संपर्क बहाल कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. India's Foregin Policy – V.P.Dutt
2. टाईम्स ऑफ इण्डिया – नवम्बर 2014
3. वार्षिक रिपोर्ट – 2014–15 भारत सरकार, विदेश मंत्रालय ।
4. Bankok Ghosna prta- Aug. 2009
5. Indian Foreign Policies – B.R.Nanda
6. Indian Foreign Policies – Puspesh Panth
7. Jan-stta – Oct. 2014
8. Dainik Jagran – Dec. 2014

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. I, Issue XVIII

लालबत्ती के प्रयोग पर रोक – लोकतंत्र, समानता एवं संविधान के अनुरूप

विनोद कुमार साहू*

शोध सारांश – स्वतंत्रता के पश्चात् भारत 26 जनवरी 1950 को लोकतांत्रिक राज्य बना। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे नये संविधान की प्रमुख विशेषता रही है कि विशेषाधिकारों को समाप्त कर देश के समस्त नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समानता का अधिकार प्रदान करना है, किन्तु स्वातंत्रोत्तर भारत में शैन: शैन: जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का लालबत्ती गाड़ियों के प्रयोग के द्वारा विशेषाधिकार का प्रयोग करने वाले समूह या वर्ग का जन्म हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप देश में नागरिक साधारण और विशेष में बंट गए। 01 मई 2017 भारतीय लोकतंत्र का ऐतिहासिक दिन है, जब मोदी सरकार ने विशिष्टता के प्रतीक लालबत्ती के प्रयोग पर रोक लगा दी है। अब संविधान प्रदत्त समानता को सिद्धांत एवं व्यवहार रूप से सभी नागरिक महसूस कर रहे है।

प्रस्तावना – 01 मई 2017 से मोदी सरकार द्वारा अप्रैल में केबिनेट में लिए गए निर्णय के अनुरूप वी.वी.आई.पी. संस्कृति को पोषित करने वाले और विशिष्ट दिखने के प्रतीक गाड़ियों मे लालबत्ती के प्रयोग पर पूरे देश में रोक लगा दी। वाहन एक्ट के नियम 108 (1),(2) और तीन के तहत् केन्द्र एवं राज्य सरकारों के वी. आई. पी. को लालबत्ती लगाने का हक मिला हुआ है, किन्तु अब इन नियमों में आवश्यक संशोधन कर देशभर में लालबत्ती के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी लगाई गई है। इसके तहत् अब संवैधानिक पदों– राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, न्यायाधीशों केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंत्रियों, निगम मंडलों, आयोग के अध्यक्षों, सहित केन्द्र राज्य सरकार के अधिकारियों के वाहनों से लालबत्ती हटा लिए गए है।

स्वतंत्रता के पश्चात् संविधान द्वारा भारत एक प्रजातंत्रात्मक राज्य बना तथा संविधान द्वारा देश के सभी नागरिकों को समान मानते हुए प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं राज्य नीति के निदेशक तत्वों में समानता की विस्तृत व्याख्या की गई है। संविधान द्वारा देश के सभी नागरिक समान है, किन्तु खास या विशिष्ट बनने या दिखने की चाहत सत्ता में बैठे लोगों की देन है, जो स्वतंत्रता के बाद से लेकर अब तक इन वर्गो द्वारा इसे पोषित किया जाता रहा है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें नागरिकों को आम और खास में फर्क न करते हुए सभी को समान अधिकार सुविधाएं या अवसर मुहैया कराने पर बल देता है। किन्तु देश की स्वतंत्रता के इतने वर्षो के पश्चात समानता, सिद्धांत और व्यवहार में अलग–अलग परिलक्षित होता रहा है।

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में शासक और प्रशासक वर्ग जनता के सेवक या लोकसेवक कहलाते है। वर्तमान में राज्य पुलिस राज्य न होकर लोक कल्याणकारी राज्य कहलाते है। प्रारंभिक काल में राज्य के द्वारा केवल वे ही कार्य किए जाते थे, जिनका करना राज्य के अस्तित्व के लिए नितान्त आवश्यक होता था, किन्तु वर्तमान समय में राज्य के कार्य नागरिकों को वे सभी सुविधाएं और अवस्थाएं प्रदान करना है, जिनके द्वारा उनकी भलाई और उन्नति हो सके। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। पूर्व में प्रचलित शासन प्रणाली जैसे राजतंत्र, एकतंत्र से अलग इस शासन प्रणाली में ये वर्ग जनता के प्रति पूर्ण रूप से उत्तरदायी होते है। इनके द्वारा नीति का निर्माण और उसका क्रियान्वन के केन्द्र बिन्दु जनता होती है। किन्तु यह एक दुर्भाग्यजनक स्थिति है कि समानता के सिद्धांत पर कार्य करने वाले एवं जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए इस शासन प्रणाली में भी सत्ता के पहुंच एवं भागीदारी निभाने वाले लोगों ने श्रेष्ठवर्ग या अभिजन या विशिष्ट वर्ग उत्पन्न कर लिए है, जिसके परिणाम स्वरूप देश की जनता आम और खास में बंट गई। लालबत्ती इसी मानसिकता का देन है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार हर एक भारतीय एक वी. आई. पी. है और लालबत्ती की संस्कृति काफी पहले खत्म हो जानी चाहिए। खुशी है कि आज एक ठोस शुरूवात हुई है। उन्होंने वी. आई. पी. के स्थान पर ई. पी. आई. अर्थात् एवरी पर्सन इज इम्पार्टेंट का नारा देकर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. वी.आर. अम्बेडकर के प्रत्येक व्यक्ति की प्रत्येक क्षेत्र में समानता, राष्ट्रपिता महात्मागांधी एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सर्वोदय के विचार एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मवाद को साकार करने की दिशा में यह एक ठोस, प्रशंसनीय एवं सकारात्मक प्रयास है।

लालबत्ती के प्रयोग पर रोक की आवष्यकता क्यों –

1. वी.आई.पी. संस्कृति समानता के वृहद सिद्धांत के विरूद्ध है।
2. इससे देश की प्रत्येक नागरिक की गरिमा एवं प्रतिष्ठा की प्राप्ति संभव हो सकेगा।
3. वी.आई.पी. संस्कृति से नागरिक अधिकारों का हनन होता है, तथा भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।
4. देश के प्रत्येक नागरिक का लोकतंत्र और कानून के शासन पर विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।
5. यह एक प्रगतिशील और परिपक्व लोकतंत्र का परिचायक है।

विश्व के विभिन्न देशों में वी.आई.पी.

देश	वी. आई. पी. की संख्या
अमेरिका	252
आस्ट्रेलिया	205

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, धरमजयगढ़, जिला – रायगढ़ (छ.ग.) भारत

ब्रिटेन	84
फ्रांस	109
जापान	125
चीन	435
रूस	312
जर्मनी	142
भारत	5 लाख 79 हजार 92

निष्कर्ष – विशिष्टता का प्रतीक लालबत्ती के इस्तेमाल पर पाबंदी प्रगतिशील एवं परिपक्व लोकतंत्र का सकारात्मक कदम है। सभी क्षेत्रों में बदलाव के प्रतीक बनी मोदी सरकार ने संविधान के प्रावधान के अनुरूप इस महत्वपूर्ण निर्णय के द्वारा देश के सभी नागरिकों को समान और बराबरी का संदेश दिए है। लोकतंत्र में विशिष्ट वर्ग नहीं बल्कि सभी व्यक्ति विशिष्ट एवं खास है और प्रत्येक व्यक्ति का मूल्य और महत्व समान है। यह निर्णय नि:संदेह मोदी सरकार के 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर आधारित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार सन् 2022 में हम भारतवासी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण कर हीरक जयंती मनायेंगे। अत: प्रत्येक भारतीय संकल्प ले कि वे अपने–अपने तरीके से देश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगे। देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें 125 करोड़ भारतवासियों का योगदान अह्म है।

अत: विश्व का विकसित, सिरमौर और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में सभी भारतीय विशिष्ट और खास है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कश्यप, सुभाष – हमारा संविधान, भारत का संविधान और संवैधानिक विधि।
2. सलिल, अनिल कुमार – भारत का संविधान प्रभात पेपर बैक्स प्रकाशक, नई दिल्ली 2010
3 फड़िया बी.एल. एवं – भारतीय शासन एवं राजनीति साहित्य भवन प्रकाशन, आगरा जैन पुखराज।
4. पुरोहित बी.आर. – राजनीति शास्त्र के मूल सिद्धांत उदयपुर राजस्थान
5. संधु, ज्ञान सिंह – हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय।
6. समाचार पत्र –
   - दैनिक भास्कर।
   - हरिभूमि।
   - नई दुनिया।
   - नवभारत।
   - पत्रिका।

****

भारत-जापान संबंध

डॉ. संजय कुमार यादव *

प्रस्तावना – भारत व जापान एशिया के दो सबसे पुराने लोकतंत्र है तथा दोनों देशों के लोगो के बीच प्राचीन समय से ही सांस्कृतिक संपर्क एवं सद्भाव बरकरार रहे है। आपस में जुड़ते वैश्विक हितों, महत्वपूर्ण नौ वहन अंतर-संपर्क और बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों ने भी इन दोनों देशों को एक दूसरे के करीब ला दिया है, दोनों देश शांति एवं स्थिरता, कानून (अंतर्राष्ट्रीय) और खुली वैश्विक व्यापार व्यवस्था के प्रति कटिबद्ध है।

भारत व जापान के मध्य संबंधो का इतिहास काफी पुराना है इन दोनों के बीच यह रिश्ता 6 वीं शताब्दी ईसा पूर्व में तब से हुआ जब बौद्ध धर्म जापान आया रास बिहारी बोस ने 1924 'भारत स्वतंत्रता लीग' तथा 1926 में -सर्व एशिया लीग' की जापान में स्थापना की। सुभाषचन्द्र बोस ने भी सिंगापुर मे आजाद हिंद फोज (IMA) की स्थापना जापान सरकार के सहयोग से की। परन्तु इन घनिष्ठ ऐतिहासिक संबंधो के बावजूद भी भारत-जापान के संबंध उतने मित्रतापूर्ण नहीं रहे बल्कि दोनों देशों के संबंधों में निरंतर उतार चढ़ाव देखने को मिला।[1]

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत ने 28 अप्रैल 1952 को जापान के साथ राजनैतिक संबंध स्थापित किए। तब नेहरू ने टोक्यो चिड़ियाघर को उपहार में दो हाथी भी दिए थे। जिन्हें जापानी आदर के साथ याद करते है। अतीत कि इस मजबूत नींव पर दोनों देश मिलकर आधुनिक विश्व में अपनी जगह बनाना चाहते है। भारत - जापान के संबंध हाल के वर्षो में काफी मजबूत हुए है। जापान के सम्राट एवं सम्राज्ञी ने 50 वर्षो के पश्चात भारत मे नवंबर 2013 में ऐतिहासिक यात्रा की जो भारत व जापान के बीच होते प्रगाढ़ संबंध का द्योतक है। भारत और जापान के रिश्तों को बेहतर बनाना नरेन्द्र मोदी की एक ईस्ट नीति का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य एशिया प्रशांत के देशों के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत करना है। इसलिए आबे और मोदी को दिलचस्पी पारस्परिक व्यापार को बढ़ाने की है जो 2014 में 15 अरब डॉलर थी।[2] जापान के निर्यात में भारत का हिस्सा सिर्फ 1.2 प्रतिशत है जबकि चीन को जापान का 18.3 प्रतिशत निर्यात होता है। जापान ने आने वाले पांच सालों में भारत में करीब 35 अरब डॉलर निवेश करने का फैलला लिया है। दोनों देशों रिश्तों की गहराई इसलिए जरूरी है कि अनुमानों के अनुसार, आगामी कुछ वर्षो में ही भारत, चीन की जनसंख्या को पार कर देगा किंतु भारत, तकनीक और बुनियादी सुविधाओं में चीन मे एक दशक से भी ज्यादा पीछे है। जापान की तकनीक और भारत की जनसंख्या मिलकर चीन की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के विरूद्ध एक शक्तिशाली युति बनाते है। दोनों का निकट आना एशिया ही नहीं विश्व में कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है, वहीं दूसरी आरे विकास की राह में ये दोनों देश एक-दूसरे के पूरक साबित होंगे।

- दक्षिण चीन सागर की प्राकृतिक संपदा के दोहन में, भारत और जापान दोनों की रूचित है और साथ ही समुद्र से होकर जाने वाले जलमार्ग और वायुमार्ग पर उन्हें चीन की प्रभुसत्ता स्वीकार नहीं, किंतु चीन द्वारा उस क्षेत्र पर अपना अधिकार घोषित करने के प्रयास दोनों देशों को रास नहीं आ रहे। अभी तक भारत, चीन के विरूद्ध किसी भी तरह के व्यत्वयों से बचता रहा है किंतु उसने जापान के साथ संयुक्त बयान में किसी का नाम न लेते हुए नसीहत दे दी कि राष्ट्रों को अंतर्राष्ट्रीय जल और वायु मार्गों पर किसी भी तरह के एकतरफा कार्यवाही से बचना चाहिए। नाम न होते हुए भी इशारा सीधे-सीधे चीन की ओर था।
- इस तरह भारत और जापान की तेजी से निकट लाने में चीन का भी महत्वपूर्ण योगदान है। भारत और जापान दोनों ही चीन की विस्तारवादी महत्वकांक्षाओं को भलीभांति समझते हैं और इसलिए दोनों के पास साथ आकर इस ड्रेगन को रोकने के साझा प्रयास करने के अतिरिक्त कोई अन्य उपाय भी नहीं।

वर्ष 2007 भारत व जापान के बीच होते प्रगाढ़ संबंध का द्योतक है। वर्ष 2007 को भारत-जापान मित्रतावर्ष मनाया गया। तथा जुलाई 2010 से भारत-जापान के बीच 22 वार्ता का आयोजन हुआ तथा प्रधानमंत्री शिंजो अबे ने जनवरी 2014 में भारत की यात्रा की तथा मोदी ने वार्षिक शिखर बैठक हेतु 30 अगस्त से 3 सितम्बर 2014 तक जापान की सरकारी यात्रा की तथा अभी हाल में शिजो अबे तीन दिवसीय भारत यात्रा पर 11 दिसंबर 2015 को नई दिल्ली पहुंचे जहां जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अबे को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।[3] दिनांक 12-दिसम्बर 15 को अबे मोदी के साथ वाराणासी गए और गंगा आरती में भाग लिया। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए तथा साझा विजन डाक्यूमेंट 2025 जारी किया गया। जो निम्न है —

- भारत व जापान ने बुलेट ट्रेन, रक्षा एवं नाभिकीय ऊर्जा समेत कई समझौते किए। इनमे बहुप्रतीक्षित मुम्बई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन समझौता शामिल है, भारत की इस पहली हाई स्पीड ट्रेन परियोजना को शुरू करने के लिए जापान 12 अरब डालर (लगभग 80 हजार करोड़ रूपये) का 1 प्रतिशत की दर से आसान कर्ज देगा जो 50 वर्ष के लिए है। नागरिक सहयोग हेतु नाभिकीय ऊर्जा के क्षेत्र का समझौता इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कहा जा सकता है, इस समझौते से भारत के लिए जापान की नाभिकीय प्रौद्योगिकी व नाभिकीय रिएक्टरों के भारत के लिए निर्यात का मार्ग प्रशस्त हो गया है, इस ऐतिहासिक समझौते के लिए जापान ने एक महत्वपूर्ण परम्परा को तोड़ा है, परमाणु युद्ध से प्रभावित जापान का रूख नाभिकीय सहयोग के मामले में बहुत कड़ा रहा है तथा नाभिकीय अप्रसार सन्धि पर हस्ताक्षर न करने वाले किसी भी देश के साथ नाभिकीय सहयोग समझौता उसने अभी

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

तक नहीं किया था 1998 में जब भारत ने पहला परमाणु परीक्षण किया था, तब उस पर प्रतिबन्ध लगाने वाला पहला देश जापान ही था, भारत के एनपीटी पर हस्ताक्षर न करने के बाजवूद उसके साथ परमाणु सहयोग समझौता सम्पन्न करना भारत–जापान सम्बन्धों की सुदृढ़ता तथा परमाणु ऊर्जा मामले में भारत की विश्वसनीयता का परिचायक है वैसे भारत इससे पूर्व अमेरिका, रूस, द. कोरिया, मंगोलिया, फ्रांस, नामीबिया, कनाडा, अर्जेन्टीना, कजाखिस्तान व आस्ट्रेलिया के साथ परमाणु सहयोग समझौता सम्पन्न कर चुका है तथा अब जापान के साथ ऐसा समझौता होने से जापान की कम्पनियाँ भी भारत में नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकेंगी तथा नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी भारत अब जापान से भी ले सकेगा।

- दोनों ने सुरक्षा परिषद में सुधार तथा अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मसलों पर लम्बी चर्चा की। मोदी ने कहा भारत के आर्थिक सपनों को साकार करने में जापान से बढ़कर कोई मित्र नहीं हो सकता है। अबे को व्यक्तिगत मित्र तथा भारत–जापान साझेदारी का विराट विजेता बताते हुए कहा कि विश्वसनीय सुरक्षा के लिए विख्यात शिकन्सेन (बुल्ट ट्रेन) के माध्यम से मुंबई–अहमदाबाद के बीच हाई–स्पीड ट्रेन का समझौता ऐतिहासिक है। इस मार्ग पर वर्ष 2018 में काम शुरू होने की संभावना है तथा 2023 तक रेल सेवा शुरू किया जाना प्रस्तावित है।[4]
- दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में दो समझौते हुए एक रक्षा उपस्करो एवं प्रौद्योगिकी के हस्तान्तरण का है दूसरा वर्गीकृत सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में है।
- नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर सहमति का स्वागत करते हुए तकनीकी ब्यौरों का अध्ययन करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।
- मोदी ने घोषण की हमारे विशेष रिश्तों को देखते हुए भारत व जापान 1 मार्च 2016 से जापानी नागरिकों को वीजा आन अराइवल की सुविधा देगा।
- समझौते के तहत पहली बार भारत, जापान को देश में बनी मारूति सुजुकी की कारे निर्यात करेगा। मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत यह कदम उठाया जा रहा हैं
- जापान ने लगभग 83 हजार करोड़ रूपये का मेक इन इंडिया कोष स्थापित किया है, इसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। जापान की इस पेशकस के बदले भारत ने जापान को इण्डिस्ट्रयल टाउनशिप में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष पैकेज डिजाइन करने का वादा किया है।[5]
- जापान ने एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग संगठन (ऐपेक) में भारत की सदस्यता के लिए अपना समर्थन दिया है। जापान ने कहा कि उसने भारत को चार निर्यात नियंत्रण संगठनों, न्यूक्लियर स्पलायर्स ग्रुप (एनएसजी) वासेनार, एमटीसीआर में भारत को सदस्यता का वचन दिया है।
- **साझा विजन डॉक्यूमेंट – 2025**

1. दक्षिणी चीन सागर में शांति एवं स्थिरता के लिए साझा प्रयास।
2. भारत के बुनियादी विकास के लिए जापान सवा 3 तीन अरब का स्पेशल फण्ड बनाएगा। जापान स्पेशल फण्ड से उत्तरी–पूर्वी राज्यों का विकास होगा।
3. भारत–अमेरिका के मालाबार नेवी सैन्य अभ्यास में जापान भी नियमित भागीदार बनेगा।
4. दोनों देशो की तीनों सेनाओं के बीच भी आपसी सहयोग का संकल्प।
5. भारत जापान पूर्व एशिया शिखर बैठक में समुद्री सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेगा।[6]

आर्थिक सम्बन्ध :–

- वर्ष 2013–14 में द्विपक्षीय व्यापार 18.43 अरब डालर था।
- भारत जापान करेंसी स्वेपिंग (In-JA currency swap agreement) ने आर्थिक सहयोग हेतु 15 अरब डालर का मुद्रा संबंधी एक समझौता किया है, इसके जारिए दोनों देश अपनी–अपनी मुद्रा की यू.एस.ए डालर में परस्पर अदला–बदली कर सकेंगे। जिससे विदेशी विनियम का इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।
- दिल्ली–मुम्बई औद्योगिक गलियारा (DMIC) यह 90 अरब डालर की वृहत आधारिक संरचना परियोजना है, जो जापान के सहयोग से पूरी होगी। दोनों देशों ने दिसम्बर 2006 में हस्ताक्षर किए थे। यह गुजरात, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित 6 राज्यों में सात नये शहर बसाए जाएंगे। कुल लम्बाई 1483 किमी. है। इसमें केन्द्र की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तथा 51 प्रतिशत जापान की है।[7]
- 2 2 वार्ता 6 जुलाई 2010 को दिल्ली में संपन्न हुई। जापान ऐसी वार्ता अपने पारस्परिक गठबंधन देशों यथा – यू.एस.ए व आस्ट्रेलिया से करता रहा है। भारत के साथ ऐसी वार्ता से यह लगता है कि दोनों के बीच संबंध नई दिशा की और बढ़ रहे है।

उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि दोनों देशों के मध्य संबंधो का यह दायरा तेजी से विस्तृत हो रहा है गत 2015 का वर्ष इस दृष्टिकोण से महत्वूर्ण है कि दिसम्बर 2015 में शिजो अबे का भारत दौरा भारत जापान संबंधो को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर और आगे ले जाने में सहायक है। जापान की भारत से बढ़ रही निकरटता के मूल में तीन कारण महत्वपूर्ण है। 1. आर्थिक कारण 2. दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना। तीसरा भारत का पिछले दशक में संयुक्त राष्ट्र एनएसजी तथा सीटीबीटी पर हस्ताक्षर न करने के बावजूद परमाणु अप्रसार में शानदार रिकॉर्ड बनाए रखने की वजह से यू.एस.ए सहित फ्रांस, बिट्रेन तथा रूस जैसे देशों के साथ परमाणु समझौता करना। इसके परिणामस्वरूप जापान ने भी अब भारत के साथ असैन्य परमाणु सहयोग समझौता करने की उत्सुकता प्रदर्शित की है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. India's Foregin Policy – V.P. Dutt
2. India Japan Relations – Arpita Mathur
3. Changing Dynamics of India – Japan Relation- Shamshad Ahmad Khan, 2017
4. इण्डियन एक्सप्रेस – सितम्बर 2014
5. टाईम्स ऑफ इण्डिया – सितम्बर 2014
6. भारत जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदार के लिए टोक्यो घोषणा पत्र – सितम्बर 2014
7. जनसत्ता – अक्टूबर 2016

****

बौद्ध युगीन भारत के प्रमुख नगर

डॉ. शुक्ला ओझा *

प्रस्तावना – यद्यपि भारत एक कृषि प्रधान देश होने के कारण ग्राम प्रधान देश रहा है तथापि प्राचीनकाल में ही अनेक नगरों का विकास इस युग की विकास गाथा को प्रस्तुत करता है। वैदिक सभ्यता से पूर्व सिन्धु घाटी सभ्यता नगरीय सभ्यता थी। जिसमें मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा के रूप में दो बड़े नगरों का अस्तित्व प्रकाश में आया था। किन्तु वैदिक युग में ग्रामीण व्यवस्था प्रभावी रही किन्तु व्यापार एवं राजनीति के त्वरित विकास ने नगरों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। बौद्ध युग आते एक तो भारत में अनेक नगर स्थापित हो गए थे। जिनके उल्लेख बौद्ध ग्रंथों एवं जैन साहित्य में उपलब्ध है। ये नगर राजनीतिक सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास एवं व्यापारिक उन्नति के प्रतीक थे। बौद्ध साहित्य के अनुशीलन से अनेक नगरों का परिचय मिलता है। बौद्ध युग में व्यापारिक प्रगति ने समाज में वरिष्ठ वर्ग का महत्व बढ़ा दिया था। जो मुख्यत: इन नगरों से सम्बद्ध था। इस प्रकार नगरों के विकास ने राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक सभी पक्षों को प्रभावित किया था।

बौद्ध युगीन नगरों में नगर निर्माण कला व भवन निर्माण कला किस प्रकार की थी। इसकी व्यापक व्याख्या बौद्ध साहित्य में नहीं मिलती है। तथापि इनमें उपलब्ध कुछ उल्लेखों एवं संकेतों के आधार पर यह ज्ञात होता है कि इस समय नगर दुर्ग रूप में बनाए जाते थे। जिसके चारों ओर प्राकार अथवा परकोटा होता था। दुर्ग में राजमहल, राजकीय इमारतें , बाजार तथा रिहायशी मकान इत्यादि बनाए जाते थे। दुर्ग के बाहर उपनगरों में नागरिक जन के आवास होते थे। पत्थर, ईंट और लकड़ी तीनों से निर्मित मकान होते थे। वियपिटक में मकानों की दीवारों पर प्लास्टर करने वाले मसाले का भी उल्लेख मिलता है। जातक कथाओं में सात मंजिले भवनों अथवा राजयूमक प्रासाद का भी उल्लेख मिलना इस युग की भवन एवं नगर निर्माण कला की उन्नति का परिचायक है। गन्दे जल की निकासी की व्यवस्था का उल्लेख भी इन ग्रंथों में मिलता है। बौद्ध युग में स्नान शालाओं का बड़ा महत्व था, इससे संबंधित अनेक वर्णन प्राप्त होते हैं। ये विवरण स्पष्ट करते हैं कि बौद्ध युग नगरीय सभ्यता के विकास का युग था। इनके विकास में गणतंत्रों की भी विशिष्ट भूमिका रही थी। जो राजवंश के स्थान पर स्थापित हुए थे। इस काल का इतिहास बौद्ध काल के नाम से प्रसिद्ध है। इसकी विशेषता एवं पुलिस प्रबन्ध नगरों के विकास में सहायक बना। इस युग के प्रमुख नगर इस प्रकार थे।

1. **अयोध्या –** यह कौशल देश में सरयू नदी के तट पर स्थित था। रामायण काल में कौशल राज्य की राजधानी होने के कारण इसका बहुत अधिक महत्व था। किन्तु बौद्ध युग में कौशल राज्य की राजधानी श्रावस्ती बन जाने के कारण इसका प्रभाव क्षीण हो गया था। इस अयोध्या नगर के अतिरिक्त दो अन्य अयोध्या नगरियों का उल्लेख भी बौद्ध साहित्य में मिलता है जिनमें से एक गंगा तट पर तथा दूसरी पश्चिमी भारत में अवस्थित थी।

2. **चम्पा –** चम्पा नदी के तट पर स्थित यह नगर अंग राज्य की राजधानी था। अंग राज्य बिहार के उत्तर पूर्वी भाग में अवस्थित था। चम्पा आधुनिक भागलपुर के 24 मील पूर्व में स्थापित था। बाद में अंग राज्य के मगध राज्य में समाहित हो जाने के कारण चम्पा के प्रभाव में कमी आयी थी। अंग साम्राज्य का सर्वप्रथम उल्लेख अथर्ववेद में मिलता है। ऐतरेय ब्राह्मण, रामायण, महाभारत, पुराणों में भी इसकी चर्चा की गयी है। गौतम बुद्ध की मृत्यु के समय चम्पा भारत के प्रमुख 6 नगरों में से एक था। चम्पा नगर अपने धन वैभव के साथ- साथ व्यापार वाणिज्य के लिए भी प्रसिद्ध था। यहाँ के व्यापारियों ने दक्षिण पूर्वीय एशिया में चम्पा के नाम से बस्तियों की भी स्थापना की थी। वर्तमान समय में यह नष्ट हो चुका है, इसके भग्नावशेषों पर कुछ ऐसे ग्राम स्थापित हैं जो चम्पा का स्मरण दिलाते हैं।

3. **वाराणसी या बनारस –** काशी राज्य की राजधानी वाराणसी वरूण एवं असी नदी के तट पर बसर हुआ था। यह ज्ञान, शिल्प, व्यापार एवं समृद्धि के लिए प्रसिद्ध था। जैन तीर्थकर पार्श्वनाथ के पिता यहाँ के शासक रह चुके थे। बौद्ध ग्रंथों में प्राप्त विवरण के अनुसार इस नगर का विस्तार 85 वर्गमील तक था। वाराणसी बौद्ध युग का प्रसिद्ध नगर था।

4. **राजगृह –** मगध राज्य की प्रारंभिक राजधानी बनने का गौरव राजगृह को प्राप्त हुआ, जो पहाड़ियों पर बसा हुआ था। यह नगर अपने वैभव के लिए प्रसिद्ध था। जैसे-जैसे मगध साम्राज्य शक्तिशाली बनता गया वैसे-वैसे राजगृह का भी महत्व बढ़ता गया। शिशुनाग वंश के शासनकाल में इसके स्थान पर पाटलिपुत्र को मगध की राजधानी बना देने से इसका महत्व कम होने लगा था। यह लगभग तीन मील की परिधि में फैला हुआ था। राजगृह के प्राचीन दुर्ग के भग्नावशेष आज भी उपलब्ध है।

5. **सांकल या शाकल –** यह मद्रदेश की राजधानी था। महाभारत का एक प्रमुख चरित्र माद्री यही की रहने वाली थी। आधुनिक स्यालकोट ही शाकल के नाम से बौद्ध युग में प्रसिद्ध था। आगे चलकर शुंगकाल में तिब्बती इतिहासकार तारानाथ ने शाकल से ही पुष्यमित्र शुंग द्वारा बौद्ध श्रमणों का दमन करने की घोषणा करने का आरोप लगाया था। उत्तर-पश्चिमी भारत का यह प्रमुख नगर था तथा व्यावसायिक एवं राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र था।

6. **मथुरा –** प्राचीन भारत के सोलह महाजनपदों में से एक प्रमुख राज्य शूरसेन की राजधानी मथुरा थी, जो चौड़े राजमार्गो द्वारा विविध नगरों से जुड़ा हुआ था। ब्रजमण्डल का यह प्रमुख केन्द्र था जो यमुना के तट पर बसा हुआ था। इसका उल्लेख जातक कथाओं में भी मिलता है। यह मत्स्य राज्य के दक्षिण में स्थित था।

7. **रोरूक या रोरण –** भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर स्थापित यह नगर

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

सौवीर राज्य की राजधानी था। बौद्ध युग में यह भारत का प्रमुख बन्दरगाह था। भारत के समस्त व्यापारिक केन्द्रों से व्यापारिक काफिले यहाँ माल लेकर आते थे, जिसे यहाँ से विदेशों को भेजा जाता था।

8. श्रावस्ती – आधुनिक अवध क्षेत्र में बौद्ध युग में कौशल राज्य स्थापित था। उत्तरी कौशल राज्य की राजधानी श्रावस्ती थी, जिसके खण्डहर आजकल भी गौण्डा जिले के सहेट-मट्टेर गाँव में पाए जाते हैं। यह अत्यंत समृद्ध एवं उन्नत नगर था।

9. कौशाम्बी – चेदि राज्य के पूर्व में यमुना के तट पर वत्स का राज्य था। प्रारंभ में हस्तिनापुर इसकी राजधानी थी किन्तु इस नगर के बाढ़ में बह जाने के कारण निचक्षु ने कौशाम्बी को वत्स राज्य की राजधानी बनाया गया। यह वर्तमान इलाहबाद क्षेत्र के निकट स्थित था तथा बनारस से लगभग 230 मील दूरी पर था। यह क्षेत्र सूती वस्त्र के लिये बहुत प्रसिद्ध था।

10. साकेत – यह कौशल राज्य में स्थित था तथा कुछ समय के लिए उसकी राजधानी भी बना था। बौद्ध सुत्तों में इसे भारत के सबसे बड़े नगरों में से एक माना जाता था। यह श्रावस्ती से लगभग 45 मील दूरी पर स्थित था। इसकी पहचान वर्तमान उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले में सई नदी के तट पर स्थित सुजान कोट के रूप में अनेक विद्धानों ने की है।

11. वैशाली – यह लिच्छिवी गणराज्य की राजधानी थी, जो आधुनिक मुज्जफपुर जिले के बसाड़ नामक स्थान पर स्थित थी। ये सार्वजनिक भवनों, विशाल राजप्रासादों, विहारों, चैत्यों आदि के लिये प्रसिद्ध थी। यहाँ के निवासी महावीर स्वामी और महात्मा बुद्ध दोनों के सम्पर्क में होने के कारण इनकी उन्नति में सहायता मिली।

12. अन्य प्रमुख नगर – बौद्ध युग में अनेक नगर व्यापारिक गतिविधियों के केन्द्र होने के कारण विख्यात थे, तो कुछ अन्य नगर राज्यों की राजधानी होने का गौरव रखते थे। काम्पिल्य पांचाल्य राज्य की राजधानी होने के कारण राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र थी। इसी प्रकार मिथिला विदेह राज्य की राजधानी थी। बौद्ध साहित्य में इसका उल्लेख मिलता है तथा इसके पचास मील क्षेत्र में विस्तार बताया गया है। उज्जयिनी तथा महिष्मति अवन्ति राज्य की राजधानी के रूप में विख्यात थी। वैशाली भी इस युग का प्रमुख नगर था जो प्रसिद्ध वज्जि संघ की राजधानी भी था। पाटलिपुत्र की स्थापना शिशुनाग वंश के समय हुयी थी जो कालान्तर में मगध राज्य की राजधानी एवं व्यापारिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र बना। इन प्रसिद्ध नगरों के अतिरिक्त बौद्ध ग्रंथों में अन्य नगरों के भी नाम मिले हैं यथा- उक्कट्ठ, अट्टक, अस्सपुर, कीटगिरि, इल्लिद्धवंश, यरूकुच्छ, सुप्पारक इत्यादि।

13. जैन साहित्य में वर्णित नगर – जैन धर्म भी बौद्ध धर्म का समकालीन रहा है। यही कारण है कि जैन साहित्य भी अनेक नगरों के विवरणों से परिपूर्ण है तथा यहाँ की नगरीय संस्कृति के उद्घाटित करने में उपयोगी सिद्ध होते हैं। प्रसिद्ध जैन ग्रंथ उदवासगदसाओ में अनेक नगरों के नाम उल्लिखित है यथा वनिअग्राम, चम्पा, वाराणसी, पोलसपुर, राजगिह, सेतथ्य, काम्पिल्लपुर, सावट्ठी, वैशाली, मिथिला, अलवी, कौशाम्बी, उज्जयिनी, तक्षशिला, सगुल, संसुमार, कपिलवस्तु, साकेत, इन्द्रप्रस्थ, उक्कट्ठ, पाटलिपुत्र, कुशीनारा इत्यादि।

14. बन्दरगाह की भूमिका में नगर – बौद्ध युग व्यापार वाणिज्य के विकास का स्वर्णिम युग था। इस समय आध्यात्मिक क्षेत्र में जितने परिवर्तन दिखाई देते है। उससे भी अधिक तेजी से विकास एवं बदलाव आर्थिक क्षेत्र में भी नजर आते हैं। इस युग में आन्तरिक एवं बाह्य दोनों ही व्यापार में अभूतपूर्व उन्नति हुई। यही कारण है कि अनेक नगर बन्दरगााह के रूप में प्रसिद्धि अर्जित करते हैं। ये बन्दरगााह रूपी नगर समुद्रतट पर ही नहीं वरन नदियों वाले क्षेत्रों में भी स्थापित थे। यथा चम्पा एवं बनारस बौद्ध युग के प्रसिद्ध बन्दरगाह थे जहां से जहाज पहले नदी में तथा फिर समुद्र में जाते थे। कुमार महाजनक ने सुवर्ण भूमि के लिए चलते हुए चम्पा से प्रस्थान किया था। इसी प्रकार सीलानिसंस जातक में समुद्र में एक जहाज के टूट जाने पर जलमार्ग द्वारा उसके यात्रियों के बनारस पहुंचने का उल्लेख है। गंगा की नगरी बनारस का बंदरगाह के रूप में आर्थिक जगत में महती योगदान रहा था। किन्तु सूदूरवर्ती देशों में जाने के लिए नदी तटवर्ती नगरों के स्थान पर समुद्रतटवर्ती नगरों का प्रयोग बन्दरगाह के रूप में किया जाता था। लोसक जातक में समुद्र तट पर स्थित बन्दरगाह गंभीरपत्तन का व्यापक उल्लेख मिलता है। जिसमें यहां से जहाजों के चलने और वहां से समुद्रों में प्रवेश का वर्णन महत्वपूर्ण है। सुसोन्दि जातक में भरूकच्छ बन्दरगाह का उल्लेख किया गया है, जहां से बड़ी संख्या में जहाज द्वारा व्यापारिक गतिविधियों के संचालन की जानकारी मिलती है। इसी प्रकार सप्पारक जातक में भी भरूकच्छ पत्तन का उल्लेख समुद्रतट पर विद्यमान बडे ब़न्दरगाह के रूप में किया गया है। अन्य बौद्ध ग्रंथों से ताम्रलिप्ति, सुप्पारक, रोरूक, कावेरपत्तन इत्यादि नगरों की बंदरगाह के रूप में व्यापक जानकारी उपलब्ध है।

पेरिप्लस के वर्णनानुसार दक्षिणापथ के पश्चिमी तट पर सबसे महत्वपूर्ण बन्दरगाह भृगकुच्छ ही था। इसके थोड़ा दक्षिण की ओर शूर्पारक और सिंध के मुहाने पर बारबेरिकम भी इस काल का प्रसिद्ध बन्दरगाह था। दीर्घनिकाय तथा जातकों में वर्णित रोरूक का बन्दरगाह कच्छ की खाड़ी के तट पर स्थित था। इसी प्रकार बौद्ध ग्रंथ मिलिन्दपन्हों के अनुसार यहां से भारतीय जहाज मलयप्रायद्धीप, चीन, गुजरात, कढियावाड़, सिकन्दरिया, कोरोमण्डल तट, पूर्वी द्धीप समूह इत्यादि प्रदेशों को जाते थे तथा उनके स्वामी बहुत धनी हो गए थे। बन्दरगाह के रूप में ये नगर आर्थिक समृद्धि, कला एवं संस्कृति के प्रमुख केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बना रहे थे। बौद्ध साहित्य से बन्दरगाह के रूप में अपनी पहचान बना रहे थे। बौद्ध साहित्य से बन्दरगाह के रूप में इन नगरों की भूमिका स्पष्ट हो जाती है।

इनके अतिरिक्त भी अन्य नगर उस युग में थे, जिनका उल्लेख इन जैन अथवा बौद्ध ग्रंथों में नहीं आ सका है क्योंकि ये ग्रंथ धार्मिक परिप्रेक्ष्य में रचे गए हैं। इनमें प्रसंगवश अनेक नगरों के नामों का उल्लेख किया गया है। इन नगरों के उत्थान ने जैन व बौद्ध संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। आर्थिक उन्नति एवं समृद्धि की झलक दिखायी तथा राजकीय वैभव का चित्र प्रस्तुत किया जो तत्कालीन इतिहास को प्रस्तुत करने में अत्यंत उपयोगी है। मौर्य युग के पूर्व के निर्माण कार्य समय के प्रवाह के साथ नष्ट हो जाने के कारण इन नगरों के भवनों के भग्नावशेष तो आज उपलब्ध नहीं है किन्तु साहित्य में इनका वर्णन इनकी महत्ता को स्पष्ट करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रोज, डेविड्स - बुद्धिस्ट इण्डिया।
2. जैन ग्रंथ - उदवासगदसाओ।
3. लॉ, बी.सी. - दि एज ऑफ इम्पीरियल यूनिटी।
4. स्मिथ, व्ही.ए. - दि ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इण्डिया।
5. त्रिपाठी, आर.एस. - हिस्ट्री ऑफ एनशिएन्ट इन्डिया।
6. अल्तेकर, ए.एस. - स्टेट एण्ड गवनमेन्ट इन एनशिएन्ट इण्डिया।
7. रॉयस, डेविड्स - बुद्धिस्ट इण्डिया।
8. बौद्ध ग्रंथ - विनय पिटक एवं जातक कथाऐं।

****

तात्या टोपे की निमाड़ यात्रा

डॉ. प्रवीण मालवीया *

प्रस्तावना – बड़वानी जिले के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास अधूरा ही रहेगा यदि 1857 ई. के विद्रोह के साहसी नेता तात्या टोपे की निमाड़ में स्वतंत्रता संग्राम सम्बन्धी गतिविधियों व घटनाओं का उल्लेख इस ऐतिहासिक दस्तावेज में न किया जाए। जब स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला से सम्पूर्ण उत्तर भारत लाल हो चुका था, यह ज्वाला दक्षिण भारत में नहीं दिखाई दे रही थी।'19 जून 1858 में जब ग्वालियर के किले पर अंग्रेजों का अधिकार हो गया और दूसरे दिन रानी लक्ष्मी बाई वीरगति को प्राप्त हो गई, तो तात्या टोपे सहित अन्य नेता बच निकलने में सफल हो गए।'[1]

ग्वालियर की पराजय से कहीं ब्रिटिश विरोधी क्रांति का सूर्य अस्त न हो जाए, अत: तात्या टोपे ने सुदूर दक्षिण में स्वतंत्रता संघर्ष की ज्वाला को प्रज्ज्वलित करने के लिए दक्षिण की ओर पलायन किया।

अक्टूबर 1858 में दक्षिण पहुँचने के प्रयास में तात्या टोपे ने नर्मदा पार की थी। सतपुड़ा पर्वत श्रेणियाँ पार करने के बाद अगले माह वह ताप्ती घाटी के रास्ते ही पूर्वी निमाड़ में प्रविष्ट हुआ। खण्डवा पहुँचकर उसने सभी दिशाओं में अपना मार्ग अवरूद्ध पाया। खानदेश की ओर बढ़ने में ह्यूरोज उसका मार्ग रोके खड़ा था तथा जर्नल राबर्ट्स के कारण वह गुजरात की ओर नहीं बढ़ सकता था बरार की ओर से भी ब्रिटिश सेना उसका पीछा करने के लिए बढ़ती आ रही थी।

'तात्या टोपे ने असीरगढ़ पर आक्रमण किया परन्तु जब उसने देखा कि असीरगढ़ की रक्षा की व्यवस्था काफी सुदृढ़ है तो वह अपने साथियों सहित खण्डवा लौट आया। उसने खण्डवा सिविल डिस्पेंसरी व यात्री बंगले में आग लगाकर उन्हें नष्ट कर दिया। तात्या टोपे ने खण्डवा से खरगोन के कमाविसदार को पत्र लिखकर अपनी सेना के लिए आवश्यक रसद व सुविधाएँ उपलब्ध कराने को कहा तथा पत्र द्वारा यह भी उल्लेख किया की उनका उद्देश्य गांव या शहर के लोगो को परेशान करना कदापि नही है।'[2]

तात्या टोपे ने खरगोन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में उत्साह का संचार किया तथा अंग्रेजों के प्रतिनिधियों को पकड़कर सजाऐं देने की कोशिश की।

तात्या टोपे की विद्रोही फौज ने लेफ्टिनेंट कर्नल दिलशेर खाँ को गिरफ्तार कर लिया। बागियों ने स्पष्टीकरण मांगा कि क्रांतिकारियों को सरकारी फौज ने क्यों मारा है? तात्या टोपे ने स्वयं दो बार पूछा कि विद्रोहियों को सजाएँ दिए जाने के क्या कारण है, वह भी जानना चाहते थे कि नाना जगताप व अन्य लोगों को फांसी पर क्यों टांगा गया। तात्या टोपे ने दिलशेर खान को फांसी पर लटकाने का निर्णय किया किन्तु उसके मित्रों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए उसे जीवनदान दे दिया तथा सहमत हो जाने पर अच्छे पद का प्रस्ताव भी किया।

निमाड़ में तात्या टोपे की गतिविधियों के दो प्रत्यक्षदर्शी रहे जिनमें एक बख्शी खुमानसिंह और दुसरे कर्नल दिलशेर खान है। इन दोनों ने अपनी एक रिपोर्ट 6 जनवरी, 1859 को होल्कर सरकार को प्रस्तुत की थी। बख्शी खुमानसिंह व दिलशेर खान ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि 'तात्या टोपे का दल खरगोन से जुलवानिया होते हुए गुरूवार को 25 नवंबर को राजपुर पहुँचा। रास्ते में उन्होंने टेलिग्राम के तारों को काट दिया। केप्टन हुचिनसन लिखता है कि विद्रोही 25 नवंबर को राजपुर के महत्वपूर्ण केन्द्र पर पहुँचे और उन्होंने राजपूर के थानेदार देवीसिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसी बीच खाज्या नायक अपने 400 अनुयायियों के साथ तात्या टोपे के दल से जा मिला भीमा नायक व मालसिंह भी इनमें शामिल थे। यहाँ से चलकर यह दल तात्या टोपे के नेतृत्व में 25 नवंबर की शाम बड़वानी जा पहुँचा। इन क्रांतिकारियों के पहुँचने का समाचार पाकर बड़वानी का राजा पर्वतीय क्षेत्र में भाग गया। बाद में बड़वानी नरेश ने स्वयं तात्या टोपे के दल के विषय में लिखा है कि 25 नवंबर की शाम 500-600 विद्रोहियों का एक समूह आया और उसने राजा को कैद कर लिया। राजा को विद्रोहियों के शिविर में लाया गया जहाँ उसे मध्य रात्रि तक रखा गया। राजा से उन्होंने पर्वतीय क्षेत्र में जाने वाले रास्तों व नर्मदा के घाटों के विषय में पूछा।'[3]

राजा ने उन्हें बताया कि पर्वतों में कोई रास्ता नहीं और पिछले तीन महिनों में किसी ने नर्मदा नदी को पैदल पार नहीं किया है। इस पर मध्य रात्रि में राजा को मुक्त कर दिया गया। राजा अपने महल लौट आया और उसने ब्रिटिश शिविर तक यह समाचार पहुँचाने का प्रयास किया किन्तु उस समय गाँव का कोई भी व्यक्ति जाने के लिए तैयार न था किसी तरह राजा ने 2 भृत्यों के साथ कागज पत्र भेजे, किन्तु विद्रोहियों ने उन्हें पकड़ लिया। अगले दिन क्रोधित विद्रोहियों ने बड़वानी नगर को ध्वस्त करने की योजना बनाई किन्तु इसी बीच उन्हें यह समाचार मिला कि ब्रिटिश फौज उनके विरूद्ध राजपुर से कूच कर गई है। उन्होंने बड़वानी से अपना शिविर उठा लिया और भीलखेड़ा के पास से नदी पार की नर्मदा नदी के दूसरे किनारे पर स्थित चिखल्दा ग्राम में पहले से ही सैनिक दस्ते उपस्थित थे। इन्होंने क्रांतिकारियों पर आक्रमण कर दिया। इस अप्रत्याशित आक्रमण में 9-10 क्रांतिकारी मारे गए। अपने साथियों की मौत से क्रांतिकारी उग्र हो उठे और उन्होंने चिखल्दा ग्राम को ध्वस्त कर दिया तथा यहीं अपना शिविर भी स्थापित किया।

इधर कैप्टन इलबर्ट तात्या टोपे का पीछा करते हुए अपनी सैन्य टुकड़ी लेकर भीलखेड़ा तक आ पहुँचा लेकिन क्रांतिकारियों के भय से वह नर्मदा पार करके चिखल्दा तक आने का साहस नहीं जुटा पाया। भोपावर के सवारों (जो पहले बड़वानी थाने की ड्यूटी पर थे।) ने क्रांतिकारियों का मार्गदर्शन

* पीएच.डी.(इतिहास) शासकीय शहीद भीमानायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

किया। जब क्रांतिकारियों ने चिखल्दा से अपना शिविर उठाकर कुक्षी की ओर रवाना किया तो कैप्टन इलबर्ट ने नर्मदा पार की। तात्या टोपे का दल कुक्षी होते हुए अलीराजपुर रवाना हो गया।

कहा जाता है कि बड़वानी छोड़ते समय तात्या टोपे ने भीमा नायक से नर्मदा पार करवाने का आग्रह किया था।

'नदी पार करने से पूर्व भीमा ने तात्या और उसके सैनिकों के लिए 7 नावों की व्यवस्था की। तात्या ने जाने से पहले अपनी तलवार भीमा को भेंट की। उसने भीमा को दी गई तलवार की धार पर अंगुठा रखा और तब लहुलुहान अंगुठे से भीमा को रक्त का तिलक करते हुए कहा कि 'यदि में अपनी मातृभूमि पर मनचाहा करने में सफल हुआ तो तुम्हारे इस उपकार का बदला अवश्य चुकाऊँगा'। इस छोटी सी घटना से भीमा बहुत अधिक द्रवित हुआ।इसके बाद से तो भीमा अंग्रेजों से मुकाबला करने के लिए और भी दृढ़ प्रतिज्ञ हुआ। राष्ट्रीयता के भाव से केवल भीमा ही नहीं प्रभावित हुआ, अपितु छोड़ने आए भीमा के साथी भी उस घुमक्कड़ राष्ट्रभक्त के प्रति श्रृद्धा से नम हो उठे।'[4]

बड़वानी सहित पूरे निमाड़ में प्रस्फुटित एंव पल्लवित क्रांति पर तात्या टोपे का अत्यधिक गहरा प्रभाव पड़ा। निमाड़ के क्रांतिकारियों को कुछ समय के लिए तात्या टोपे के रूप में क्रांति के एक सुयोग्य नेता और पथ-प्रदर्शक की प्राप्ति हुई। तात्या टोपे के नेतृत्व में क्रांतिकारियों में जोश और उत्साह का संचार हुआ।

'तात्या टोपे निमाड़ के क्रांतिकारियों के लिए संजीवनी बना। इस क्षेत्र के जो क्रांतिकारी हतोत्साहित हो रहे थे, तात्या की मात्र उपस्थिति से पुन: संगठित हो उठे। तात्या की मौजूदगी से क्रांतिकारियों में नव-जीवन का संचार हुआ।'[5]

इस प्रकार बड़वानी जिला क्षेत्र में तात्या टोपे के नेतृत्व में क्रांतिकारियों की गतिविधियाँ संचालित होती रहीं। उन्होंने बड़वानी सहित सम्पूर्ण निमाड़ को स्वाधीनता के लिए आंदोलित किया। फलत: उनके अल्प प्रवास के बाद भी क्रांति की चिंगारी इस क्षेत्र में लंबे समय तक जलती रही।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तात्या टोपे की गिरफ्तारी, लेख रामकृष्ण नायक, म.प्र. संदेश 10-25 अक्टूबर 1881, पृष्ठ क्र.11
2. निमाड़ का योद्ध भीमा नायक, डॉ. शिवनारायण यादव, पृष्ठ क्र.11
3. 1857 स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय बलिदान डॉ. शिवनारायण यादव, स्वराज संस्थान संचालनालय, भोपाल पृष्ठ 228
4. जनयोद्धा भीमा नायक, डॉ. एम.एल. वर्मा 'निकुंज', स्वराज संस्थान संचालनालय, भोपाल, संस्करण-2009, पृष्ठ-49
5. निमाड़ में प्रथम स्वाधीनता संग्राम, शोध ग्रंथ, प्रो. महेश लाल गर्ग, पृष्ठ 177

****

वैदिक साहित्य में गणपति

डॉ. मनीषा पाण्डेय *

प्रस्तावना – प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य में यदि गणेश जी के स्वरूप का विश्लेषण किया जाए तो वेद, उपनिवद, वेदाल, महाकाव्य ग्रन्थ आते है। जिनमें गणेश का स्वरूप का विवरण प्राप्त होता है।

श्री गणेश जो वैदिक देवता है। परन्तु वेदों में इनका नाम गणपति न होकर बृहस्पति है। शतपत ब्राम्हण के भाष्यकार हरिदास स्वामी के गुरू स्कन्द स्वामी अपने ऋग्वेद भाष्य में लिखते है।

विध्नेश विधि मार्तण्ड चन्द्रेन्दोन्पेन्द्र वन्दित:।
नमों गणपते तुम्यं ब्रहम्णां ब्रहम्णस्पते।।

आचार्य बल्देव उपाध्याय ने भी अपनी पुस्तक 'धर्म और दर्शन' में लिखा है कि 'गणपति को बृहस्पति होने में तनिक भी संदेह नही है। गोवर्धन पीठार्धाश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी' निरंजन देव तीर्थ ने भी गणपति की वैदिकता को प्रस्तुत करते हुये लिखा है कि, ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि के गणानांत्वा गणपति हवामहे' इत्यादि मंत्रों में गणपति का सुस्पष्ट उल्लेख है। वेदी में गणपति का ही नाम बृहस्पति है। इससे स्पष्ट हैं कि वैदिक देवता ब्रह्मस्पति ही विध्नेश गणपति है। लौकिक साहित्य में गणेश के दो मुख्य गुण वर्णित है। एक विद्या, बुद्धि एवं धन का प्रदाता और दुसरा विघ्नहरण तथा दुष्टों का दमन। गण शब्द समूह का वाचक होता है। समूहों का पालन करने वाले को गणपति कहते है।

ज्योतिष शास्त्र अनुसार गण तीन होते है। देवगण, मनुष्यगणा:, राक्षसगण तीनों का स्वामी होने के कारण वह गणपति है। गणपति के ऐसे स्वरूपों का वर्णन हम ऋग्वेद एवं यजुर्वेद के सूक्तों में पति है। दृष्टव है।

ऋग्वेद – ऋग्वेद के एक मंत्र में यह स्पष्ट हो जाता है कि गणपति की उत्पत्ति प्रथम हुई है।

गणानां त्वा गणपति:ँहवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपतिँहवामहे निर्धानां त्वा निधिपतिँहवामहे वसोममआहम्जानि गर्मधमा त्वम् जासि गर्मधम्।।

बृहस्पति अथवा संसार के स्वामि बृहस्पति , परमव्योमरूप, महाशक्ति के महान तेज से सर्वप्रथम उत्पन्न होकर सात छन्द रूप वाले और सात किरणों अथवा सात वर्ण वर्ग वाले गणपति विविध रूप धारण करके नांद के द्वारा अन्धकार अथवा अज्ञान को दूर करते है।

गणेश को एकदन्त कहा जाता है, ऋग्वेद के एक मंत्र में यह स्पष्ट है।

ऋग्वेद में उल्लेख है कि गणेश और सरस्वती की एक साथ वन्दना की जाती है।

वेद में गणपति और इन्द्र की एकता के भी वचन मिलते है।

ऋग्वेद में एक मंत्र में गणपति को महाहस्ती शब्द से विभुषित किया गया हैं। जो गणपति हाथी के आकार के मुख की सुचना देता हैं।

यजुर्वेद – में गणपति के मुख को हाथी के आकार का बताया गया है।

यजुर्वेद में प्रात: काल अन्य देवताओं के समान गणपति स्मरण शुभ कारक माना गया है, जिसे हमारा सम्पूर्ण दिन निविर्ध्न व्यतीत हो।

प्रभु के अनन्त गुण और अनन्त नाम है। इन नामों से प्रभु के गुणों का बोध होता है। अग्नि, गति, ज्ञान, प्रकाश आदि द्योतक है। इन्द्र ऐश्वर्य का मित्र स्नेह तथा मृत्यु से त्राण का वरूण सर्वश्रेष्ठता, पाप निर्वकारता तथा वरणीयता का अश्विन, सर्वव्यापकता का भंग, भजनी यतासेवनीयता का पूंषा, पोषण का,बृहस्पति ज्ञान दान सोम शान्ति एवं आर्जव का रूद्र रोगी के द्रावयिता का अर्थ देता है।

शुक्ल यजुर्वेद – संहिता में भी वाचस्पति और ब्रह्मस्पति संबंधी अनेक कण्डिकाएं मिलती हैं। तीनों की एकता भाष्यकारों ने प्रतिवादित की है। बृहस्पति या बृहस्पति समस्त देवों में श्रेष्ठ उनके पुरोहित अर्थात अग्रगण्य है।

अर्थववेद – में एक स्थान पर जात वेदस बृहस्पति से प्रार्थना की गयी है कि बच्चे के दो दांत जो माता–पिता को व्याध्र के समान मारने के लिए उद्यत हैं, आप उन्हें कल्याण कारक बना दे।

गणेश जी ज्ञान के निधान है, कवि है, कवियों में भी सर्वश्रेष्ठ कवि व विप्र है, व्यापक ज्ञान रखते है। कवि किसी एक विषय में कान्तिदर्शी हो सकता है, पर गणेश का ज्ञान विषय तक सीमित नही हैं, व्यापक हैं, विविध क्षेत्रों का ज्ञान है। इसलिए वेद भगवान ने 'विप्रथम कवि' नाम कहा है। भगवान गणपति सत्व, रज, तम इन तीनों गुणों के ईश ही प्रणव स्वरूप 'ऊँ' है। प्रणव स्वरूप में 'ऊँ' में गणपति की मूर्ति सदा प्रतिष्ठित रहती है। इसी विषय में वेद के विद्धान आचार्य मुंशीराम शर्मा अपनी पुस्तक चतुर्वेद मीमांशा में लिखते है। आकाश शंकर है, उसकी शक्ति ध्वनि उमा है। दोनों से सर्वप्रथम जो अक्षर रूपी पुत्र पैदा हुआ वह 'ऊँ' है। यही गणेश है। अत: गणेश 'ऊँ' है। अर्थववेद के राजाओं को प्रजापालन के प्रति उपदेश में बृहस्पति गणपति की आयु प्रदाता के रूप में स्तुति की गयी है।

सामवेद – (सामविद्यान ब्राह्ण) गणपति देव की गायत्री मे उनके हस्तिशुण्ड और दन्त का ध्यान करना होता है। वेद विश्व का आदि वाडमय है, समस्त मंगलों के परम् विधान श्री गणपति ब्रह्मस्पति के रूप में सर्वज्ञान निधि है। और विध्न विनायक है। ये आद्य पुज्य है।

उपनिषद – उपनिषद में गणपति की स्तुति करते कहा गया है, कि गणपति गण समूह के नाम सुरेन्द्र है। व क्रान्त दर्शियों में प्रधान है, अतिशय मेघावी हैं, वे उमा महेश्वर के ज्येष्ठ पुत्र तेजस्वी एक और अद्धितीय केतु है।

तुम्ही साक्षात प्रत्यक्ष तत्व हो। तुम्ही एक मात्र हर्ता हो तुम्ही धर्ता हो और तुम्ही एक मात्र हर्ता हो। तुम भूमि, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश रूप हो। यश, वंशयन्ती, मध्यमा और नैरवारी वाणी के यह चार विभाग तुम ही हो।

* अतिथि विद्वान (इतिहास) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला–उमरिया (म.प्र.) भारत

तीनों गणों से परे हो।

वेदाल – शिक्षा, कल्प, निरूक्त, छन्द, ज्योतिष और व्याकरण ये छ: वेदाल है। ये वेदों के साथ अलाली भाव से सम्बद्ध है। वेदाल में परांगत हुए बिना श्रुति के गृढ़ रहस्य और प्रकृत अर्थ को हृदयंगम करना संभवन नही।

महाभारत में गणपति – महाकाव्य महाभारत में गणपति आशुलिपिक के रूप में दिखाई पड़ते है, वे विश्व के सर्वप्रथम तथा सर्व श्रेष्ठ आशुलिपिक है। जिनकी कृपा से महाभारत, जैसा पावन ग्रन्थ जगत को प्राप्त हो सका।

निष्कर्ष – इस प्रकार गणपति के हस्तिमुख एवं एक दन्त होने का उल्लेख वेदों में हमें प्राप्त होता है, दुष्टों का दमन के संबंध में तथा विद्या एवं बुद्धि को प्राप्त करने के लिये बृहस्पति से प्रार्थना अधिक रूप में दिखाई पड़ती है, जो कि वैदिक वाड्मय में गणपति के स्वरूप को प्रदर्शित करती है। उपर्युक्त वैदिक प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होता है, कि गणेश जी वैदिक देवता है। सभी नाम गणेश जी के स्वरूप और महत्व को व्यक्त करते है एवं भक्तों के लिए शुभ और लाभप्रद है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऋग्वेद – 1/4/3/
2. शुक्ल यजुर्वेद 16/65
3. यजुर्वेद 3/30
4. अथर्ववेद /6/140/1/
5. समवेद 2/56
6. वेणीराम शर्मा 330

****

न्यायिक एवं कार्यकारिणी सेवाओं का पृथक्करण (ब्रिटिश कालीन न्याय व्यवस्था के सन्दर्भ में)

डॉ. पदमा सक्सेना *

प्रस्तावना – सन् 1757 के प्लासी युद्ध और सन् 1765 के बक्सर युद्ध ने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना कर दी थी। इन युद्धों के दूरगामी महत्व को स्वीकार करते हुए यह अनुभव किया जाने लगा कि ईस्ट इण्डिया कंपनी ने जो प्रदेश जीते हैं, उन पर ब्रिटिश प्रभुसत्ता स्थापित होगी। लार्ड क्लाइव द्वारा स्थापित द्वैध शासन व्यवस्था ने न्यायिक और कार्य कारिणी क्षेत्र में अनेक समस्याऐं पैदा कर दी थीं।

सन् 1772 में वारेन हेस्टिंग्ज के भारत आगमन के समय बंगाल की न्याय व्यवस्था अत्यंत अस्त व्यस्त थी। जमींदार ही न्यायधीश थे। दीवानी और फौजदारी मुकद्दमों का निर्णय वही किया करते थे। न्याय व्यवस्था धन पर आश्रित हो गई थी। न्यायधीश न तो ईमानदार थे और न ही उनके कार्यक्षेत्र का विभाजन हुआ था। इसी अव्यवस्था को दूर करने के उद्देश्य से वारेन हेस्टिंग्ज ने न्यायिक व्यवस्था में परिवर्तन किए। इस दिशा में कदम उठाते हुए उसने तीन महत्वपूर्ण कार्य किए –

1. दीवानी न्याय प्रशासन।
2. फौजदारी न्याय प्रशासन।
3. कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना।

प्रत्येक जिले में एक दीवानी और फौजदारी अदालत स्थापित की गई। दीवानी अदालतों के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत धन, कर्ज, सूद, विवाह से संबंधित मामले रखे गए। कलेक्टर को मुख्य न्यायाधीश बनाया गया, जो कि रू. 500/– तक के मुकद्दमों का निर्णय कर सकता था।

फौजदारी अदालतों के अधिकार क्षेत्र में डकैती, चोरी, मारपीट, हत्या आदि संबंधित मामले रखे गए। इस अदालत में कलेक्टर को यह निरीक्षण करना पड़ता था कि साक्षी की गवाही ठीक से ली गई है, या नहीं। मृत्यु दण्ड देने की स्थिति में सदर निजामत अदालत से आदेश लेना अनिवार्य था। सदर दीवानी और सदर निजामत अदालत के कार्य का निरीक्षण सर्वोच्च परिषद का प्रधान व सदस्य करते थे। हेस्टिंग्ज ने कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय के साथ सदर दीवानी व सदर फौजदारी अदालतें भी स्थापित की जिन पर कंपनी का पूर्ण नियंत्रण था।

इस प्रकार कंपनी ने न्याय के क्षेत्र में सर्वोच्चता तो स्थापित कर ली थी। लेकिन इसमें अभी भी काफी कमियाँ थी।

1. जिले के कलैक्टर न्याय देने व दण्ड निर्धारित करने का कार्य तो करते ही थे, साथ ही उनके पास भूमि कर विभाग भी था।
2. अगर कलेक्टर स्वयं अपराध करता है, तो उसके अपराध का निर्णय कौन करेगा?
3. न्यायाधीश स्वयं अपने अपराध का निर्णय करता तो जनता का उस निर्णय पर विश्वास असंभव होता।

यही कारण था कि लार्ड कार्नवालिस ने भारत आगमन के पश्चात् कार्नवालिस संहित लागू करके कलेक्टर को केवल भूमि कर संबंधी अधिकार दिए और उसकी न्यायिक और फौजदारी शक्तियाँ छीन ली। यहीं से न्यायपालिका और कार्यकारिणी को एक दूसरे से पृथक करने की व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1793 में कार्नवालिस संहिता लागू करते हुए राजस्व एवं न्यायिक शक्तियों का पृथक्करण कर दिया गया।

1. न्यायालयों में कार्य करने के लिए जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। इन्हीं को फौजदारी व पुलिस के कार्य भी दिए गए।
2. दीवानी अदालतों को समस्त दीवानी मामलों की सुनवाई का अधिकार प्रदान कर दिया गया। मुंसिफ की अदालत में रू. 500/– तक के मामले, रजिस्ट्रार की अदालत में रू. 200/– तक के मामले सुने जाते थे।
3. इन दोनों की अपीलें जिला अदालतों में होती थी।
4. जिला न्यायालय से ऊपर चार प्रांतीय न्यायालय थे, जो कि क्रमश: कलकत्ता, मुर्शिदाबाद, ढाका व पटना में स्थापित किए गए थे।

कार्नवालिस संहिता की सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इसने सरकारी अधिकारियों को भी अपने सरकारी कार्य के लिए इन्हीं न्यायालयों के सम्मुख उत्तरदायी बना दिया। जिलों में रहने वाले यूरोपियन लोग भी इन्हीं अदालतों के अधीन कर दिए गए।

5. मृत्यु दण्ड की पुष्टि सदर निजामत अदालत से आवश्यक थी।
6. क्षमा दान करने का अधिकार केवल गवर्नर जनरल को था।

इस प्रकार लार्ड कार्नवालिस ने प्रथम बार देश में लिखित कानूनों तथा नियमों पर आधारित शासन पद्धति की आधर शिला रखी। बिना किसी भेदभाव के सभी पर समान रूप से लागू होने वाली दीवानी विधि संहिता की स्थापना एक ऐसी क्रांतिकारी घटनाथी जिसने लोगों के व्यक्तिगत और सामाजिक आचार–विचार को गंभीर रूप से प्रभावित किया। संहिता में शक्ति वितरण, शक्ति पृथक्करण और नागरिक स्वतंत्रता का पूर्ण ध्यान रखा गया। पश्चिम के आधार पर भारत में न्यायालयों की स्थापना कर निष्पक्षता को आधार बनाया गया। राजस्व व न्याय व्यवस्था को अलग–अलग हाथों में देकर कानून की सर्वोच्चता स्थापित की गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विपिन चंद्र – आधुनिक भारत।
2. रार्बट्स पी.ई. – ब्रिटिश कालीन भारत का इतिहास।
3. शर्मा श्रीराम – भारत का संवैधानिक इतिहास।
4. Sarkar & Datta – An Advanced History of India.
5. Tarachand – History of Freedom Movement Vol. III
6. Loyal Alfred – Warran Hasting.
7. Dr. Ishwari Prasad – Modern Indian History.

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उत्कृष्ट महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र) भारत

Women And Law

Dr. Jyoti Saxena*

Introduction - In recent decades scholars have taken note of the problems of women and studies. The change in the status of women in Indian society we observe a dichotomy of views among the scholars one group of scholars refer to the legal rights enjoyed by women in marriage inheritance and participation in public offices whereas the other group of scholars refer to the prevalent inequality and discrimination suffered by women due to social attitudes of men and the existing customs and traditions.

In men and women relationship the position of dominance is characterized by the society accorded position to men and women in Indian society since early times women as a category have been dominated by men folk and their status have been low in the society.

Status of Women

1. Status of women in ancient India
2. Status of women in Smriti period.
3. Status of women in Budhist period.
4. Status of women in Medieval period
5. Status of women in the British period.
6. Status of women in the post independence period.
7. Status of rights of women.
8. Rise in the status of Hindu women, consequences of women education.

1. Women in Ancient India - We observe two conflicting views regarding the status of women in ancient India. According to one view the women enjoyed equality with men whereas the other view refers to that the women were subjected to all kinds of disabilities atrocities and disrespect. Both the views derive their strength from the religious scriptures which they quote for instance to support their points.

2. Status of women in Smriti period - Manu says that women must always be honored and respected by the fathers, brothers, husbands and brother in law who desire their own welfare.

3. Status of women in Buddhist period - Buddhism emerged as a reaction of Hinduism in the light of above mentioned disabilities during the period of Brahmans and Puranas during Buddhist period the status of women empowered a little there were no radical changes.

4. Women in the Medieval period - First time in the 8th century Muslims invaded India when Sankaracharya lived. The leadership of Sankaracharya Hindu society was trying to counter the expending Buddhism by reemphasizing the supremecy of the Vedas which had given the status of equality to women.

5. Status of women in the British period - The British rule continued in India in the 18th – 19th and the first of the 20th century. The British rule brought about changes in the economic and the social structures of Indian society.

6. Status of women in the post independence period- The legal status of women in India upto 1940s had been due to illiteracy, poverty, dependence religious prohibitions, caste restrictions lack of female leadership and callous attitudes of males.

7. Rights of women - The constitution of India provides the following rights to women at par with men -

i. Right to equality
ii. Right to freedom
iii. Right against exploitation
iv. Right to freedom of religion
v. Right to property
vi. Cultural and educational rights
vii. Right to constitutional remedies.
viii. Rise in the status of Hindu women –

1. Education - In 1857 when Khursheed ji a parsi gentlemen sought the permission of the syndicate of Bombay university for her daughter to appear in matriculation examination. The syndicate categorically refused.

2. Movements of social reform - Many movements of social reform in contemporary India did a magnificent work in raising the status of women in society. By the efforts of Raja Ram Mohan Roy Pandita, Ramabia, Mrs. Rana dey much was done in the direction of restriction of child marriages permission of widow remarriage and elimination of the customs of Devadasi and Sati.

3. Political awakening - In 1930 Indian women participated in the non-cooperation moment launched by Mahatma Gandhi in 1932 they were given right to vote in provincial and central election.

4. Social legislations - After India become independent several social legislatures were enacted to improve the condition of Indian women.

Problem of Women in Employment -

Meaning - From the beginning of human society women have been confined to a certain type of work in the primitive stage of civilization men fought and hunted and women

*Assistant Professor (Sociology) Career College of Law, Bhopal (M.P.) INDIA

performed less dangerous occupations. The basic division gave a new orientation to human society towards the division of labour between men and women become more or less fixed. Thus, "the employment of women in countries. Of industrial capitalism has thus been a development arising neither from society's requirement of women nor from women's inherent need for work but in the main from the desire of entrepreneurs to utilize cheap labour for profit making purposes." In the beginning of the 19th century outside work was considered derogatory for women but now as a result of economic pressure this except is gradually diminishing. "According to Dr. Dass" Independent living away from the native place often saves them from the tyranny of social custom which closely regulates every step of their life what is more important is that industrial centers offer larger social contact more new ideas and greater educational facilitation which are themselves a great stimulus the growth their individually. 814

Problem arising out of women's employment -11 There are certain problems which arise as a result of women's employment. In the study of laws and women's work. The I.L.O. observes. "The employment of women has certain special which can be considered as part these are the consequences in the field of labour of the physical differentiation between men and women."

1. "Women is generally less resistant to physical strain so that when she engages in manual work she is exposed to special danger which not only threat herself but also further generations."
2. Moreover the social position of women is very different from that of other workers. By custom and tradition she is responsible for the management of home.

Consequences of Women's Employment -

1. **Loss of health:** The first consequences of this is that the working women could invariably by over worked and would ruin her health if certain measure of social protection were not taken.
2. **Loss of collective interest:** In the second place her attention is some extent distracted from the coactive interest of the workers and in particular she shrinks from the extra effort involved in taking active part in the trade union movement.
3. **Loss of occupation value:** In addition "The fact of the women's time being divided between her occupational work and her numerous domestic takes after makes her economic activity unsuitable and reduces her occupational value."

Employment Situation: In spite of the above problems the volume of employment of women in industrial establishments in considerable. They are mostly employed in agriculture. Plantations, mines, social services small scale industries and factory industries. The highest aggregate of women wards is employed in plantation the legislative measures undertaken by the government imposed certain restrictions on the employment of women workers the provisions regarding maternity benefits, crèches, equal pay for equal work are some of the factors which contribute towards the fall of the employment of women workers. But in further the number of women workers is bound to increase according to V.V. Giri.

The future holds immense possibilities for the employment of women and they are not sufficiently employed. It is because we care yet to achieve the full employment level in case of men and not because any prejudice existing against their employment. In the new economy they shall not be more "marginal warders but equal partners along with me"

Chief Sectors of Employment - The chief sectors in which women workers are employed are agriculture. Plantations mines factory industries social services and white collar jobs.

Agriculture - According to the labour investigation committee the number of women workers in agriculture was 12 million in 1956-57 according to the census (1971) the total number of women warders in agriculture was 1,57,49,299 they are engaged in light work such as weeping sow ping, sowing, transplantation and threshing.

Plantations - The highest aggregate of workers is employed in plantations in 1960 women workers constituted 47.6% of the total labour force in plantations. In 1971 women workers constituted 43.0 percent.

Women Welfare - Legislative measures in order to protect the women works from exploitation, the government have undertaken various legislative measures with regard to conditions, hours of work, leave and wages.

The India Factories Act 1948 provides that in every factory where is more than fifty workers are employed there should be provided crèches for the use of children of women workers. According to the Act, no women workers shall be permitted to work in any industry during 7 p.m. and 6 a.m.

Conclusion - Along with other benefits women workers are entitled to maternity benefits such prevision lave been made under various central and state Acts. The maternity benefit from her employer at the rate of the average daily wages. Similar provisions have been made in the mines Act of 1952 the act provides that no women shall be employed in any part of a mine which is below ground besides every women employed in a mine above ground shall be allowed on intrude of not less than eleven hours between the termination of employment on any day and the commencement of the next period of employment further the act prohibits employment of women the hours of 10 p.m. and 5 p.m.

References :-

1. Sociology, U.S. Singh, Allahabad Law Agency.
2. Women & Law, Sociology for law student, Prof. T.K. Oommen, Dr. C.N. Venu Gopal, Eastern Book Company, Lukhnow.
3. An Introduction to Sociology, Pre Law Student, Mavendu Kumar Thakur, Central Law Publications, 107, Dharbanga Castle, Allahabad.

****

The Development Of Indian Society

Dr. Jyoti Saxena*

Introduction - Unity And Diversity -

1. A handful of factors have been instrumental in the diversity of India: language, religion, regionalism and parochialism, caste system, and the elites.
2. Twenty-three languages are spoken by 97 per cent of the total population. Seventy-five per cent speak Aryan language; 20 per cent, Dravidian; 1.38 per cent, Austric; and 0.85 per cent, Sino-Tibetan. All these languages have plateau; Sino-Tibetan, in the foothills of the Himalayas : Austric, in the north-east parts of Bengal, Bihar and the islands of Bengal; and the Aryan, in the Hindi belt.

Except the Sino-Tibetan and the Austric, the other two groups have much in common, as the basic sensibilities in all the language are derived from Sanskrit writings. Apart from this, the preponderance of Hindu religion and a common cultural pattern as laid down by various Dharmashastras, has given a common identity to most of the people of India. Even a link language of some sort has been in existence : Sanskrit in ancient times, Persian, Hindustani and Urdu in medieval times, and English in modern times.

This diversity of language need not lead o the breakup of Indian Society because of number of reasons :

(a) The sensibility that is expressed in each of the regional languages, except Urdu, is to a great extent the same because regional languages got enriched after the Sanskrit works were translated.
(b) Today's themes and forms of literature are almost the same all over India as the society is passing through a mighty change of transition form a traditional to a modern one.
(c) Even the value system that is being upheld in the regional literatures of today are similar because they reflect the modern values and ideas that the society is a gradually tending to accept : individualism, equality, social justice and so on.

3. Apart from Hindu religion, the other religions of importance are Islam, Christianity, Jainism, Zoroastrianism and Buddhism. Since Hinduism has neither a central scripture nor a church to enforce its doctrine, the so-called Hindu religious practices are oceanic permitting every kind of belief, including gods of one's own choice, and innumerable rituals and ceremonies. The inherent catholicity of Hindu religion has enabled all the other religions to live in peace. Apart from this, a great number of unifying factors like interaction amongst languages, cultural patterns, administrative system, and from modern times onwards, education system, legal system and the objective of the mainstream of today's life in India, have been helpful in holding the society together. No doubt, the country was partitioned on the basis of religion and communal disturbances to break out occasionally, but the underlying unity of the country is far more solid than religious differences.

Again, what is known as Hinduism is a non-descript affair since there is on universally accepted godhead, no single scripture, and no single authority to enforce the discipline of a doctrine. Such being the nature of Hinduism, Hindu society is endowed with the quality of agreeing to disagree. For number of centuries we never heard about religious antagonisms leading to violence and bloodshed. The communal tensions accompanied by mob violence came into existence only in the 20th century particularly because of the 'divide and rule' policy pursued by the leaders of British and the emergence of communal organizations often motivated by some vested interests exploited the sentiments of their respective communities professing to safeguard them.

Despite these unpleasant interludes at the grassroot level there is much give and take amongst the various religions of India. The concept of a scepticism and renunciation in Hinduism is to a great extent influenced by the Jain theology and ethics. Respect for elders was the direct contribution of Buddhism to Hinduism since there is no one Hindu scripture which clearly enjoins this precept. In the Ramayana, Lakshmana shows the respect and devotion that a younger brother has to show for the elder. But we must remember that the Ramauana in all probability came after Buddhism. It is intriguing to note that Rama refers to the Buddha as a thief.

At the level of saints, religious distinctions have on place. Both Hindus and Muslims venerate Siddhi Saibaba

*Asst. Professor (Sociology) Career College of Law, Bhopal (M.P.) INDIA

as well as a number of Pirs in northern India. Earlier, Sikhism derived its inspiration from both Vedanta and the Sufi saints. Kabir and Eknath advocated Hindu-Muslim unity. In recent times, Gandhiji equally venerated the scriptures of all religions.

Such being the ethos of Indian civilization, there has been a good deal of interaction between Hindu and Islamic cultures. The composite matrix of India is reflected in the Kabirbani, the Taj Mahal, the Rag Darbari and the Kangra miniatures. Similarity between Qawali at Durgah and Sankirtan of the Vishnavas. The Kashmiri Muslim and the Kashmiri Hindu have more in common than a Muslim and a Hindu in Malabar. The Krishna Parijata entertainment of the south is performed by Muslim performers. Dummy horse performances are common in Kutch as well as in Tamil Nadu.

Variety is galore in India. The folk ethos is also rooted in diverse ecologies that religious ideas and values, in spite of an underlying unity, exhibit specific forms. The worship of the Mother Goddess, as for example, is in the form of Kamakhya Devi in Assam, Durga in Bengal, and Vaishno Devi at the foothills in the North-West. And every village has its own Mai, a version of the Mother Goddess.

At the popular level, each region has its own folk music and dances, but the binding factor for all of them is the spring season or the harvesting season. Most of the rural songs relate to the rhythm of the seasons, as for example, Sawani in Bhojpur and Holi of Braj. Many musical instruments are common: Dhol, Madal, Mridanga, Sahsari, Shahnai. In the sphere of classical dances also the basic principles governing them are derived from one book, that is, Bharata's Natyashastra.

4. Regarding regionalism and parochialism, we need not read much meaning into it because regional and parochial movements are often engineered by the frustrated politicians and vested interests making capital out of some genuine, and at times fabricated, grievances of the people. We can take the example of opposition to Hindi. Although the loudest noise is heard from Tamil Nadu, college boys and girls are familiar with the Hindustani film songs. In the same manner, the current agitation of Assam had been sparked off just on the eve of elections although the grievance was an old one. Assam was truncated from time to time (separation of Nagaland, Arunachal Pradesh and Meghalaya) and all the time the influx of refugees from Bangladesh continued unabated. The latter development was winked at by the Congress Party since they could always get block votes of the refugees with the promise of being granted citizenship in India. Now the Janata leaders want to see that the Congress (I) can no longer depend on the block votes of the refugees who have settled down in Assam.

Conclusion - The diversity of India is the caste system. It is sub-system in the called Jathi that makes Indian society appear to be thousands of societies. In spite of this appearance, in every village there is a large degree of interdependence and villages entities. This jathi spirit existed even in urban areas although one might not openly profess it. The Jathi and the caste system appear very prominently in the political field, more so from 1977 onwards. Since the stratification of society has been blessed by the political system, social tensions are on the increase just as the one between the forward castes and the backward castes, Harijans versus the caste Hindus, and the tribals versus the plains people. The whole thing makes Indian society look like a smashed mirror.

The last factor contributing to the diversity of India is the difference between the elites and the common people. Almost all the elites of India whether political, professional, intellectual, or economic are to some extent westernized and they know the English language. The material living as well as the value system cherished by these people is at variance with that of the common people. More than that from the mid 19th century onwards these people have gradually gained ascendancy, while the traditional elite consisting of landed magnates and the Sanskrit intellectuals have gradually lost ground.

At the moment the modern elites along with the sprinkling of the vanishing elites of traditional India are playing the dominant role. In this process the elites take for granted that the ordinary people are a mass of dumb driven cattle and they can be easily hoodwinked. Since this approach is basically faulty, the various measures that are initiated for the betterment of the country are not a complete success. Thinking that they know better than what the masses do, they unwittingly have neglected the economic development of rural India. Carried the shoe-making industry were made to suffer the most. Synthetic rubber Bata chappals are sold everywhere hitting the cobblers. Since handlooms are more expensive than mill-made cloth, the weaving industry of India is in shambles, with the concomitant evil, unemployment.

References :-

1. Principles of Sociology by Dr. B.R. Singh, Central Law Agency.
2. Social Studies by Principal Shyam Datt, M.A. Publised by Surandra Kumar, M.A. Madhya Pradesh Pustak Prakashan, Bhopal.
3. Law and Society in Modern India, K.D. Gour, Prof & head Department of Law, Former Chairman post graduate council, Utkal University, Bhubaneswar, Deep & Deep Publications, D-1/24 Rajouri Garden, New Delhi- 110027.

****

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों के व्यवसाय एवं निर्माण कार्य होने की जानकारी

रामावतार साकेत *

प्रस्तावना – शोधार्थी द्धारा शोध हेतु प्रस्तुत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों के ''व्यवसाय एवं अध्ययन क्षेत्र में निर्माण कार्य होने की जानकारी'' सतना जिला का चयन किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम 2005 से लागू की गई है''। इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रावधान किया गया है, कि इस कार्यक्रम के द्धारा ग्रामीण निर्धन खेतिहर-मजदूर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे वे रोजगार का सृजन कर सुदृढ़ हो सकें।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम का विषय बनाकर शोध हेतु चयन किया गया है कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण खेतिहर-मजदूर परिवार से जानकारी प्राप्त होगी की वे लोग इस योजना में कितना रोजगार पाए हैं एवं जिले में खेतिहर मजदूर कितने हैं तथा योजना के तहत जिले में कितने निर्माण कार्य हुए हैं तथा वे सामाजिक, आर्थिक स्थिति में प्रभावमय हुए एवं हो रहे हैं। वे इस योजना का प्रभाव इन ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूर परिवार के लोग में वास्तविक रूप से कितना प्रभावमय एवं विकास की ओर अग्रसर हुए हैं।

नरेगा योजना का मुख्य उद्देश्य है, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराकर प्रत्येक कुशल-अर्द्धकुशल, वयस्क ग्रामीण खेतिहर-मजदूर हितग्राहियों के प्रत्येक परिवारों को वर्ष भर में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध हो। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी, सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के निर्माण को गति भी मिलेगी। साथ ही कृषि के लिए बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने एवं ग्रामीण खेतिहर-मजदूरों की सामाजिक, आर्थिक विकास में सफल सहायक सिद्ध होगी।[1]

नरेगा योजना से ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों की दशा को सुधारने के लिए योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक व्यवस्था सशक्त, गतिशील एवं सुधारात्मक सिद्ध हो सके। योजना से विशेषकर ग्रामीण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति खेतिहर-मजदूर हितग्राही परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने का वैधानिक अधिकार प्रदान करना है। बाकी इस अधिनियम के अलावा अन्य अधिनियम एवं कानून जनता के द्धारा ही जनता के लिए जनता का ही कानून है।[2]

इस योजना के तहत जल संरक्षण, सूखाग्रस्त क्षेत्रों का उद्धार, वानिकी, वृक्षारोपण, भूमि विकास, बाढ़ नियंत्रण, सरंक्षण, कुआँ, नाली निर्माण, तालाब निर्माण, एवं सड़क निर्माण इत्यादि कार्यक्रम अपनाएँ गए हैं।

नरेगा योजना में प्रत्येक राज्य सरकार को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि प्रत्येक राज्य सरकार अपने-अपने स्तर पर इस राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम को तैयार करे ताकि प्रत्येक ग्रामीण खेतिहर-मजदूर परिवार को वर्ष में कम-से-कम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध हो सके।

योजना में ग्रामीण क्षेत्र के वयस्क एवं कुशल-अकुशल, और अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग शारीरिक श्रम करने को तैयार होंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में अधिनियम की अनुसूची-1, अनुसूची-2 का उल्लेख होना अनिवार्य है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को 2005 में लागू होने के पश्चात् इसका शुभारम्भ देश के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2 फरवरी, 2006 को देश के आन्ध्रप्रदेश राज्य के अनंतपुर जिले से किया था। जो वर्ष 2007-.08 में 130 जिलों में शुरू हुई इस प्रकार से 2007-08 में भारत के 330 जिलों में इस नरेगा योजना की शुरूआत हुई। 1 अप्रैल 2008 में नरेगा योजना अधिनियम को 34 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों सहित सभी 614 जिलों और 6096 विकासखण्डों और 2.65 लाख ग्राम पंचायतों में विस्तारिकृत की जा चुकी है।[3]

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत शुभारम्भ के समय दी जाने वाली मजदूरी की दर प्रत्येक राज्य में अलग-अलग दर रही है, जैसे :- महाराष्ट्र में 47 से 72 रूपये, उत्तरप्रदेश में 58 से 100 रूपये, बिहार में 68 से 77 रूपये, कर्नाटक में 62 से 74 रूपये, पश्चिम बंगाल में 64 से 70 रूपये, नागालैण्ड में 66 से 100 रूपये एवं यहीं मध्यप्रदेश में 58 से 68 रूपये, रही है। जो वर्तमान वर्ष 2014-15 में योजना के तहत मजदूरी दर में वृद्धि होकर 151 रूपये हो चुकी है।[4]

नरेगा अधिनियम मध्यप्रदेश के **सतना** जिला सहित, 18 जिलों यथा :- झाबुआ, मण्डला, उमरिया, षहडोल, बड़वानी, शिवपुरी, छतरपुर, सीधी, बालाघाट, टीकमगढ़, खरगोन, बैतूल, खण्डवा, श्योपुर, धार, सिवनी, सतना एवं डिण्डोरी आदि जिलों में 2 फरवरी 2006 से लागू हो गई थी। इसके बाद वर्ष 2007-08 में नरेगा योजना को मध्यप्रदेश के 13 जिलों में जैसे :- अनूपपुर, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, हरदा, देवास, कटनी, पन्ना, दमोह, रीवा, राजगढ़, दतिया, अशोक नगर एवं गुना आदि जिलों में लागू की गई। 1 अप्रैल 2008, से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश सहित देश के बचे हुए, उन जिलों को छोड़कर जहाँ पर 100 प्रतिशत बाहरी जनसंख्या है लागू कर दी गई है।[5]

शोध समस्या का चयन – भारत गाँवों का एवं कृषि प्रधान देश है, यहाँ की 72 प्रतिशत जनसंख्या अभी भी गाँवों में निवासरत है। ग्राामीण क्षेत्रों का जीवन-यापन कृषि पर निर्भर होकर अपना भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खासकर अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग खेती पर ही निर्भर रहते हैं। इनका पिछड़ापन आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर आज भी है। शोध अध्ययन से इनके पिछड़ापन के प्रभाव एवं अध्ययन क्षेत्र में हुए निर्माण कार्य के बारे में पता एवं जानकारी मिल सकेगी। इनके पिछड़ेपन में कमी

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

करना आवश्यक है, एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बिना राष्ट्र का विकास होना सम्भव नहीं है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध पत्र हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अध्ययन के साथ **सतना** जिला में ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों की सामाजिक एवं व्यवसाय की पृष्ठ भूमि का अध्ययन, नरेगा योजना के तहत खेतिहर मजदूरों के व्यवसाय करने का अध्ययन, नरेगा योजना के क्रियान्वयन से निर्माण कार्य होने का अध्ययन और कार्यक्रम में मजदूरों का योजना में रोजगार के सृजन में योगदान का अध्ययन, नरेगा योजना के तहत उक्त जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्य का अध्ययन करना है कि इस योजना से उक्त जिला में उक्त योजना सम्बन्धी कितना प्रभाव हुआ है, आदि तथ्य शोध अध्ययन के उद्देश्य हैं।

शोध विधि :

शोध का अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत शोध पत्र हेतु शोधार्थी का अध्ययन क्षेत्र **सतना** जिला मध्यप्रदेश रहा है, जो शोध का अध्ययन क्षेत्र चयन किया है। क्योंकि शोधार्थी अध्ययन क्षेत्र में बोली-भाषा, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पहलुओं से अवगत है। इसलिए उक्त जिला का शोधार्थी ने शोध का अध्ययन क्षेत्र चुना है।

शोध अध्ययन का समग्र – अध्ययन क्षेत्र के समस्त ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूर हितग्राही निवास करने वाले एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जॉब कार्ड धारी हितग्राही परिवार शोध अध्ययन का समग्र की इकाई रहे हैं।

शोध की इकाई – अध्ययन क्षेत्र के एकल जॉब कार्ड धारी ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूर परिवार समग्र की इकाई रहे हैं।

निदर्शन विधि :

द्वितीयक स्त्रोत – शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र हेतु जो द्वितीयक स्त्रोत का सहारा लिया गया है। जो जिला **सतना** में योजना के तहत किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाने तथा उनके स्वामित्व की भूमि की तस्वीर सवांरने राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2014 में लागू की गई अभिनव योजना मेरा-खेत, एवं मेरी-माटी से नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड धारी किसानों को उक्त योजना के तहत लाभ मिलने से जिले में कृषि विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

सतना जिला में एक लाख 61 हजार से अधिक परिवारों को नरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त हुआ है। इन परिवारों को मजदूरी के रूप में 72 करोड़ 66 लाख रूपये का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार जिले में जॉब कार्ड धारी परिवारों द्वारा 93 लाख मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है। जिला सतना में शोधार्थी के अध्ययन क्षेत्र मझगवाँ विकासखण्ड में ग्रामीण अनुसूचित जाति परिवारों की संख्या 9337, अनुसूचित जनजाति परिवारों की संख्या 9032, एवं अन्य परिवारों की संख्या 31862, तथा अध्ययन क्षेत्र में कुछ जॉब कार्ड धारी परिवारों की संख्या 50231 हैं।

जिला **सतना** में नरेगा योजना के तहत योजना के अन्तर्गत खेतों में कृषि योग्य भूमि पर भूमि समतलीकरण तथा भूमि सुधार, मेढ़ बंधान, कुआँ निर्माण, फार्म पौण्ड, बलराम तालाब, नाला बंधान निर्माण, लघु स्टाप डैम, नर्सरी, कृषि उद्यानिकी एवं कृषि वानिकी के काम लिए गए हैं।

इसी प्रकार गैर कृषि योग्य भूमि पर नाडेप निर्माण, बायोगैस वर्मी कम्पोस्ट, गाय-भैस, सुअर, मुर्गी, बकरी पालन, के शेड स्वंय सहायता समूह द्वारा बायो खाद्य निर्माण की गतिविधि ली जा रही है।

योजना के तहत नरेगा में षामिल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य गरीबी रेखा वाले परिवार के मुखिया, महिला वाले परिवार, विकलांग मुखिया परिवार, भूमि सुधार के लाभार्थी, इन्दिरा आवास के लाभार्थी, वन अधिकारों के हक प्रमाण पत्र धारक लघु एवं सीमान्त कृषक अपने स्वामित्व की भूमि एवं निवास की भूमि में कार्य करा सकेंगे। लाभार्थी के परिवार का जॉब कार्ड होना अनिवार्य होगा तथा लाभार्थी को अपने खेत खलिहान की भूमि से परियोजना पर स्वयं काम भी कराना होगा। मेरा-खेत, मेरी-माटी के कार्य सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट में शामिल होंगे।

नरेगा योजना के तहत **सतना** जिला में ग्रामीण अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों की व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी प्रत्येक तहसीलवार अगली पंक्ति में सारणी द्वारा प्रस्तुत है।

सारणी क्रमांक-1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम का शुभारम्भ 2 फरवरी 2006 को देश के 200 जिलों में हुई। वित्त वर्ष 2007-08 में इसे 130 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित किया गया। शेष बचे हुए जिलों में 1 अप्रैल 2008 में लागू कर दिया गया। इस प्रकार से वर्ष 2008 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम (नरेगा) के अन्तर्गत पूरा भारत देश शामिल हो गया है। केवल उन जिलों को छोड़कर जहाँ पर सौ प्रतिशत शहरी जनसंख्या है। प्रस्तुत शोध पत्र के लिए नरेगा योजना के तहत **सतना** जिला का चयन किया गया, नरेगा योजना के प्रथम चरण मे **सतना** जिला को भी सम्मलित किया गया था। वर्ष 2007-08 से लेकर वर्ष 2014-15 तक योजना द्वारा जिला सतना में ग्रामीण विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

सतना जिला में नरेगा योजना के तहत वर्ष 2007-08 से 2014-15 तक ग्रामीण विकास के लिए कार्य स्वीकृति, कार्य पूर्ण एवं कार्य प्रगति पर हैं उसकी जानकारी अगले पृष्ठ में सारणी द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

सारणी क्रमांक - 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक - 2 से स्पष्ट होता है कि **सतना** जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम **(नरेगा)** के माध्यम से विगत वर्षों में हजारों की संख्या में कार्य किए गए हैं। जिसमें निरन्तर प्रतिवर्ष वृद्धि होती गई।

निष्कर्ष – शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र हेतु निष्कर्षत: कहा जाता है कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम **(नरेगा)** द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति खेतिहर-मजदूरों के बेरोजगारी में कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्र में नरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य होकर विकास में वृद्धि हुई है। क्योंकि शोधार्थी द्वारा शोध हेतु अध्ययन क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त करने से स्पष्ट होता है, कि इस योजना के पूर्व ग्रामीण खेतिहर-मजदूर परिवार के लोगों में बेरोजगारी की भरमार रही है। नरेगा योजना के तहत रोजगार में वृद्धि हुई है। जिससे कुशल-अर्द्धकुशल मजदूर रोजगार के सृजन में योगदान दिया है। उक्त मजदूरों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। गाँवों में आवागमन के अभाव में कमी आई है। बेरोजगारी, शिक्षा, आर्थिक, गरीबी तथा सामाजिक स्थिति की दयनीयता शीघ्र मिटना संभव नहीं है, क्योंकि इस योजना को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिससे पंचायत सचिवों/सरपंचों की नैतिकता पर कायम होता है। उनकी यह आर्थिक, समाजिक एवं शिक्षा, की कमजोरी पूर्व की है तथा जनसंख्या में वृद्धि होने के कारण शीघ्र विकास संभव नहीं है। नरेगा योजना से आज वर्तमान समय में ग्रामीण खेतिहर-मजदूरों में धार्मिक, शिक्षा, राजनीतिक, आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकी, यांत्रिक, सामाजिक

एवं आर्थिक इत्यादि क्षेत्रों में बदलाव एवं प्रभाव आया है।

सुझाव – शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र हेतु उपर्युक्त आधारित विषय सम्बन्धी प्रस्तावित एवं उद्देश्यों सम्बन्धी द्वितीयक सामग्री का सहारा लेकर प्रस्तुतीकरण किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि योजना के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की कमी को दूर करना होगा। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए निर्माण कार्य कराना होगा। साथ ही क्रियान्वयन में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार के सृजन में योगदान के लिए अभाव होने पर उनके रूचि मुताबिक रोजगार उपलब्ध करना होगा एवं पूर्ण दिवसों का रोजगार मुहैया कराना होगा। योजना के क्रियान्यवन में कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए पीने का पानी, ठहरने/सुस्ताने का छाँह, छोटे बच्चों के रख-रखाव एवं उनके देख-रेख, रहने-खेलने के लिए एवं छोटी-मोटी बीमारी के लिए चिकित्सा आदि सुविधाएँ कार्यस्थल पर उपलब्ध कराने के लिए अग्रसर रहना होगा। नरेगा योजना के तहत समय से मजदूरी भुगतान कराना होगा। समय पर मजदूरी भुगतान न होने पर मुआवजा देना तथा समय पर श्रमिकों को रोजगार न मिलने पर बेरोजगार भत्ता दिया जाना होगा। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में समिति का भी गठन कर 2 महिला सदस्य सम्मिलित करना होगा। योजना के क्रियान्यवन से ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्य कराना होगा। सही समय पर निगरानी करनी होगी तभी ग्रामीण खेतिहर-मजदूरों को पूर्ण दिवसों का रोजगार उपलब्ध होगा और उनकी सामाजिक, आर्थिक, कमजोरी में कमी आएगी, और योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्य सर्वश्रेष्ठ होंगे। तभी अन्य योजना बनाने में सरकार को मदद मिल सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल, वर्ष 2005, पृष्ठ-1,-2,-3,-4 एवं 5,।
2. सेतिया, सुभाष, और प्रो. **जैन अलका,** एवं डॉ. अर्चना शर्मा, **''ग्रामीण विकास का आधार रोजगार''** कुरूक्षेत्र हिन्दी मासिक पत्रिका, संपादक : ललिता खुराना, प्रकाशक : ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली-110011, फरवरी 2013, पृष्ठ-9,-10,।
3. कुमारी सबिता, **''विकास कार्यक्रमों से गाँवों में आ रही खुशहाली''** कुरूक्षेत्र, हिन्दी मासिक पत्रिका, संपादक : ललिता खुराना, प्रकाशक : ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली-110011, अक्टूबर 2013, पृष्ठ-24,।
4. रोजगार और निर्माण **'मनरेगा की मजदूरी बढ़ी''** संपादक : कमल किशोर तिवारी, मुद्रक : गजराज भण्डारी, प्रकाषक : सुरेश तिवारी, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011, 18-03-2013 से 24-03-2013, पृष्ठ-1,।
5. पाण्डेय कुमार आनन्द एवं श्रीमती अर्चना पाण्डेय, **''मध्यप्रदेश में क्रियान्वित महत्वपूर्ण योजनाएँ''** प्रकाषक : मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ, अकादमी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बानगंगा भोपाल मध्यप्रदेश-462003, वर्ष 2014, पृष्ठ-448,।

सारणी क्रमांक -1 : सतना जिला के ग्रामीण खेतिहर-मजदूरों के व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी की स्थिति

जिला/तहसील/विकासखण्ड	कृषक		खेतिहर मजदूर		अन्य पारिवारिक उद्योग	
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला
जिला सतना	**264035**	**37990**	**121797**	**74508**	**18024**	**12537**
तहसील रघुराजनगर	17256	3639	15604	8216	5405	3215
तहसील मझगवाँ	139592	2665	7170	2840	561	196
तहसील रामपुर बाघेलान	11006	2952	9886	6098	709	339
तहसील नागौद	18435	3520	16257	8647	1793	1472
तहसील उचेहरा	13303	3822	13045	7731	2622	2573
तहसील अमरपाटन	14504	5875	16887	11636	1613	1215
तहसील रामनगर	8783	2580	9666	9655	1105	654
तहसील मैहर	19722	6535	15833	10215	2522	1898
तहसील बिरसिंहपुर	10687	1898	7545	3806	1025	586
तहसील कोटर	10747	4504	7904	5664	669	389

सारणी क्रमांक - 2 : सतना जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत किए गए कार्यों की जानकारी

क्रं.	प्रत्येक वर्ष	स्वीकृति किए गए कार्य	कुल पूर्ण किए गए कार्य	प्रगति पर कार्य
1.	2007-08	1562839	473072	1089767
2.	2008-09	2609137	943917	166522
3.	2009-10	2389646	785065	1604581
4.	2010-11	738108	119101	619007
5.	2011-12	573276	50387	522889
6.	2012-13	13318862	1562677	118732
7.	2013-14	4785582	4338666	446933
8.	2014-15	279706	143951	135848
कुल	**2007-08 से 2014-15 तक**	**26217156**	**20207534**	**4704279**

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. I, Issue XVIII

शासकीय योजनाओं का अनुसूचित जाति, जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान

डॉ. निधि माहेश्वरी *

प्रस्तावना – भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के रूप में पुरूषों के समान ही महिलाओं को भी सभी अधिकार प्राप्त है। जाति, धर्म, लिंग भेद तथा प्रादेशिकता से परे संविधान द्वारा स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार सभी को प्रदान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग विषेषत: महिलाएँ शोषण का शिकार हो रहे है। अत: उन्हें संविधान द्वारा खास सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। स्वाधीनता के पश्चात् हमारे समाज में महिलाओं के समर्थन में बनाए गए कानूनों, महिलाओं में शिक्षा के फैलाव और महिलाओं की धीरे–धीरे बढ़ती हुई आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद असंख्य महिलाएँ आज भी हिंसा का शिकार हो रही है। शासकीय योजनाओं की प्रभावशीलता को जानने के साथ ही निम्न शब्दों को परिभाषित करना आवष्यक है –

अनुसूचित जाति – संविधान की धारा 341 के अधीन कुछेक पिछडें वर्गो। समुदायों जो अस्पृष्यता एवं सामाजिक अयोग्यताओं के शिकार थे, को अनुसूचित घोषित किया गया।[1]

अनुसूचित जनजाति – संविधान के अनुच्छेद 342 खण्ड 1 में बताया गया है कि राष्ट्रपति सार्वजनिक सूचना द्वारा जनजातियों, जनजातिय समुदायों तथा जनजातिय समुदाय के भीतरी समूहों की घोषणा करेंगे। इस सूचना में जिन जनजातिय समुदायों तथा जनजातियों के भीतरी समूहों को सम्मिलित किया जाएगा, वे सभी अनुसूचित जनजाति कहलाएगे। इस प्रकार प्रशासनिक दृष्टि से जिन जनजातियों के नामों का उल्लेख है, वे अनुसूचित जनजाति कहलाती है।[2]

जनजाति – डॉ. मजूमदार लिखते है एक जनजाति परिवारों या परिवारों के समूहों का संकलन होता है, जिसका एक सामान्य नाम होता है, जिसके सदस्य एक निश्चित भू–भाग में रहते है, सामान्य भाषा बोलते है और विवाह, व्यवसाय या उद्योग के विषय में निश्चित निषेधात्मक नियमों का पालन करते है और पारम्परिक कर्त्तव्यों की एक सुविकसित व्यवस्था को मानते है।[3]

सशक्तिकरण – मानचन्द खण्डेला के शब्दों में – 'सशक्तिकरण का अर्थ है, महिलाएँ निर्णय ले, उसे अमल में लाए और सामाजिक स्वीकृति दिलाए। समाज के विभिन्न वर्गों तक निर्णय को पहुँचाए, संगठन को तैयार करें, जो इन विचारों, मूल्यों को लोगों तक पहुँचाएं। स्त्री के लिए यह भी जरूरी है कि जीवन पर आपका नियंत्रण हो वह पिता, पति या बेटे के नियंत्रण में नहीं है, यह भाव होना चाहिए। किसी भी काम में उसकी भागीदारी बराबर की हो। कोई घर, परिवार जिन चीजों से बनता है, जिन विचारों पर खड़ा होता है, उस पर आपका नियंत्रण होना चाहिए। यही नियंत्रण परिवेश और समुदाय पर भी लागू होना चाहिए।'[4]

अनुसूचित जाति, जनजातीय कल्याण हेतु संवैधानिक व्यवस्थाएँ एवं योजनाएँ – अनुच्छेद – 19, 46, 164, 244, 215, 330, 332, 334, 338, 342, 349 तथा संविधान की पांचवी एवं छठवी अनुसूचियाँ इस विषय पर प्रासंगिक है (संक्षिप्त विवरण)

1. बीस सूत्री कार्यक्रम।
2. जनजातीय विकास एवं कल्याण रणनीति।
3. जनजातीय विकास कार्यक्रमों की निधि व्यवस्था।
4. आठवां वित्त आयोग अवार्ड।
5. अनुसूचित जनजातीय हेतु केन्द्रीय आयोजित स्कीम।
6. छात्रावास।
7. विशेष शिक्षा एवं संवर्धण परियोजना।
8. राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्तियाँ।
9. वर्ष 1993 में भारतीय संविधान में जो 73 वां एवं 74 वां संवैधानिक संशोधन किया गया, उसके माध्यम से महिलाओं को त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण किया गया है, प्रमुख रूप से है।

आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना वर्ष 2002–03 इसमें अनुसूचित जनजाति की अत्यंत गरीब महिलाओं को कोई व्यवस्था प्रारंभ करने के लिए 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 50 हजार रूपये तक का ऋण दिया जाता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से सरकार द्वारा इनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार करने और उन्हें विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक कार्यों का संचालन किया गया है, परंतु वास्तविकता में इन अधिनियमों की प्रभावशीलता की जानकारी एवं उपभोग की स्थिति, धर्म, जाति एवं शैक्षणिक स्थिति इत्यादि के आधार पर जानकारियों को एकत्रित कर तालिकाओं के माध्यम से प्रस्तुत शोध पत्र में दर्शाया गया है।

शोध विधि – शासकीय योजनाओं व नीतियों की प्रभावशीलता का अध्ययन करने हेतु बुरहानपुर जिले के महिला परामर्श केन्द्र में घरेलू हिंसा से पीडित दर्ज केसों में से 300 महिला इकाइयों का चयन कर संबंधित तथ्यों को एकत्रित कर सांख्यिकीय विवेचना कर निष्कर्ष प्राप्त किए गए है।

धर्म एवं जाति–

तालिका क्रमांक 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

इस प्रकार हिन्दू धर्म से सर्वाधिक 58.30 प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जनजाति से है व सबसे कम सामान्य जाति से है। मुस्लिम धर्म से सर्वाधिक उत्तरदाता 66.70 अन्य पिछड़ा वर्ग से है।

* विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर (म.प्र.) भारत

धर्म के आधार पर जातीय स्थिति का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि उत्तरदाताओं के साथ हुए हिंसात्मक व्यवहार पर धार्मिक स्थिति का प्रभाव तो नहीं पड़ा है, लेकिन उनकी जातीय स्थिति का प्रभाव पड़ा है। हिन्दू धर्म की सर्वाधिक उत्तरदाता अनुसूचित जनजाति से व मुस्लिम धर्म की अन्य पिछड़ा वर्ग से पाई गई एवं उनका शिक्षा का स्तर भी बहुत कम पाया गया। उनकी आर्थिक स्थिति भी इतनी अच्छी नहीं पायी गयी साथ ही दुर्व्यसन का उपयोग भी इन वर्गों के सदस्यों द्वारा अधिक पाया गया। जबकि सैद्धांतिक रूप से आदिवासी महिलाओं की स्थिति सामान्य वर्ग की तुलना में अच्छी मानी जाती है, लेकिन व्यवहारिक रूप से भिन्न परिणाम प्राप्त हुए हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति की महिलायें घर-परिवार में ही हिंसात्मक व्यवहार की शिकार हो रही है। लेकिन संचार साधनों के प्रयोग के कारण अशिक्षित होने पर भी अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाएअब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही है।

तालिका क्रमांक 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

इस प्रकार प्राप्त तथ्यों से ज्ञात होता है कि अनुसूचित जनजाति में शिक्षा का स्तर कम पाया गया एवं उनके साथ हुए हिंसात्मक व्यवहार पर शिक्षा का प्रभाव पड़ा है। यह भी निष्कर्ष प्राप्त होता है कि हिंसात्मक व्यवहार होने वाली उत्तरदाताओं में सभी धर्म एवं जाति की उत्तरदाता सम्मिलित है, लेकिन सामान्य जाति से उत्तरदाताओं का प्रतिशत कम है, इससे स्पष्ट होता है कि सामान्य जाति के लोग आज भी परम्पराओं के अनुसार जीवनयापन कर रहे हैं एवं घर-परिवार की बात को बाहर प्रदर्शित करना उचित नहीं मानते, वहीं निम्न जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग की उत्तरदाता संचार साधनों के प्रयोग व शासकीय नीतियों के क्रियान्वयन की प्रभावशीलता के कारण अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही है।

तालिका क्रमांक 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 76.30 प्रतिशत उत्तरदाताओं को न्यायिक सुविधाओं की जानकारी नहीं है, जिन उत्तरदाताओं को जानकारी है। उनसे अनौपचारिक रूप से यह जानने का भी प्रयास किया कि इन सुविधाओं की जानकारी होने के बाद भी क्या आपने इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया है? कुल 71 उत्तरदाताओं को न्यायिक सुविधाओं की जानकारी है, जिनमें 28.16 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भविष्य में अपने अधिकारों के लिए लड़ने के बारे में विचार किया है। प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि उत्तरदाताओं के शिक्षित होने के साथ ही न्यायिक सुविधाओं की जानकारी होने पर भी वे उनका लाभ नहीं लेती है, क्योंकि वे अपने परिवार को तोड़ना नहीं चाहती है।

तालिका क्रमांक 4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

इस प्रकार तालिका क्रमांक 5 में प्राप्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि शिक्षित उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक उत्तरदाता परिवार में महिलाओं के विरूद्ध होने वाली हिंसा को रोकने में सामाजिक मान्यताओं एवं परम्पराओं को मुख्य मानती है। उनके अनुसार सामाजिक मान्यताएँ एवं परम्पराओं में परिवर्तन आवश्यक है। समाज में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि महिलाओं को महिला न समझकर मानव समझा जाए।

निष्कर्ष एवं सुझाव – महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में सशक्त करने के लिए कई शासकीय नीतियों को क्रियान्वयन किया गया है, लेकिन कुल 300 उत्तरदाताओं में से केवल 23.70 प्रतिशत लाभ नहीं लेना चाहती है। उत्तरदाताओं के अनुसार नीतियों के अधिक प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि इन अधिनियम व नीतियों के अंतर्गत अपराधी के लिए कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। 58.00 प्रतिशत उत्तरदाता रीति-रिवाज, परम्पराओं में परिवर्तन आवश्यक मानती है।

सवर्ग महिलाओं एवं अनुसूचित जाति, जनजाति की महिलाओं की स्थिति का यदि आकलन किया जाए तो उच्च एवं मध्यम जातियों की तुलना में उनका स्तर काफी अच्छा है। वे स्वयं मजदूरी, खेतों में काम करके या अन्य किसी कार्य को करके आत्मनिर्भर रहती है चाहे उन्हें वेतन कम मिलता हो पर अपनी रोजी-रोटी के लिए वे किसी पर निर्भर नहीं रहती है और उनमें आत्मसम्मान रहता है। जबकि उच्च व मध्यम जाति की महिलाओं का घर से बाहर निकलकर कार्य करना उचित नही समझा जाता। किन्तु वर्तमान समय में सभी वर्ग एवं जाति की कुछ महिलाएँ आर्थिक रूप से सभी आत्मनिर्भर हुई है साथ ही घर से बाहर कार्य करने में पारिवारिक उत्तरदायित्वों को निभाने या सामंजस्य बैठाने में थोडी मुश्किलों का सामना भी करना पडता है और यह सत्य भी है कि सभी वर्गो में शोषण महिलाओं का ही होता है।

सुझाव – यद्यपि शासकीय योजनाओं में अनुसूचित जाति,जनजाति महिलाओं के लिए विशेष सुविधा एवं आरक्षण सुरक्षित किये गये है परंतु अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा की कमी, अधिकारों सम्बन्धी जानकारी का अभाव तथा राजनीतिक सूझबूझ की कमी आदि कारणो से महिलाएँ अपनी भूमिकाओं का निर्वहन संतोषजनक ढंग से नहीं कर पाती।

- स्त्री स्वयं कोशिश करें।
- योजनाओं का सही क्रियान्वयन।
- समन्व्यात्मक सोच।
- सामाजिक मूल्यों का बदलना।
- महिला आयोग को गॉव तक पहुँचाना।

महिलाओं के लिए कई सरकारी/गैर सरकारी प्रयास किए गए है, कई संवैधानिक प्रयास किए गए है, इन सबके बावजूद उनकी समाज में स्थिति दोयम दर्जे की है। जब तक नारी और वह भी दलित नारी अपनी अस्मित गौरव और सम्मान की रक्षा की खातिर पुलिस, सरकार व कानून के भरोसे में न रहकर अपने हाथों में हथियार नहीं उठाएंगी, आतताइयों, शोषणों, उत्पीडकों और बलात्कारियों को मुँहतोड जवाब नही देगी, उन्हें पौरूषहीन बताने का साहस नहीं दिखाएंगी, बल्कि ऐसे मानवरूपी गिद्धों को पौरूषहीन करने का उदाहरण प्रस्तुत नही करेंगी, तब तक वह इनके अत्याचार, शोषण और बलात्कारों की न थमने वाली हैवानियत भरी कोशिशों की शिकार होती रहेगी। इसमें दो राय नही है।[5] ज्ञानेन्द्र रावत जी को इस बात से में भी सहमत हूँ।

सन् 2011 में 24.206 मामले बलात्कार के, 35,365 मामले अपहरण के, 8,618 हत्याएँ दहेज के लिए, 6,619 दहेज संबंधि अपराध और 99,135 मामले पति और परिजनों द्वारा क्रूरता के, 51,503 मामले छेडछाड, यौन उत्पीडन और स्त्री की अस्मिता पर आक्रमण के।[6]

18 शोध संगठनों द्वारा देश के 29 राज्यों से जुटाए गए आँकडे न केवल दु:खी करते है, बल्कि संकेत करते है कि देश में महिलाओं के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. डी.आर., सचदेव (2007) : भारत में समाज कल्याण प्रशासन, किताब महल पृ.क्र. 363
2. पूर्वोक्त।
3. D.N. Majumdar, Roces and Cultures of India, page no. 93

4. मानचन्द खण्डेला (2008) – महिला सशक्तिकरण सिद्धांत एवं व्यवहार, अविश्कार पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स पृ.क्र. 19
5. ज्ञानेन्द्र रावत (2003) – मनु, भारतीय समाज की नियत, नारी और दलित नारी की नियति।
6. दैनिक भास्कर, 2 जनवरी 2013, मधुरिया, पृ.क्र. 8 ।

तालिका क्रमांक 1

उत्तरदाताओं के धर्म एवं जाति के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	धर्म	जाति				योग
		सामान्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	
1	हिन्दू	15(10.80)	11(7.90)	81(58.30)	32(23.00)	139(100)
2	मुस्लिम	47(33.30)	—	—	94(66.70)	141(100)
3	सिक्ख	2(100)	—	—	—	2(100)
4	ईसाई	3(100)	—	—	—	3(100)
5	अन्य	8(53.30)	—	—	7(46.70)	15(100)
	योग	**75(25.00)**	**11(3.70)**	**81(27.00)**	**133(44.30)**	**300(100)**

तालिका क्रमांक 2

उत्तरदाताओं का जाति एवं शैक्षणिक स्तर के आधार पर वर्गीकरण

क्र.	शैक्षणिक स्तर	जाति				योग
		सामान्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	
1	अशिक्षित	5(8.50)	7(11.90)	28(47.40)	19(32.20)	**59(100)**
2	प्राथमिक	4(4.30)	3(3.30)	53(57.60)	32(34.80)	**92(100)**
3	हाई स्कूल	22(66.70)	1(3.0)	—	10(30.30)	**33(100)**
4	हायर सेकेण्ड्री	24(37.50)	—	—	40(62.50)	**64(100)**
5	स्नातक/ स्नातकोत्तर	20(38.50)	—	—	32(61.50)	**52(100)**
	योग	**75(25.00)**	**11(3.70)**	**81(27.00)**	**133(44.30)**	**300(100)**

तालिका क्रमांक 3

उत्तरदाता महिला को न्यायिक सुविधाओं की जानकारी

क्र.	शिक्षा	प्रतिक्रिया		योग
		हाँ	नहीं	
1	अशिक्षित	—	59(100)	**59(100)**
2	प्राथमिक	—	92(100)	**92(100)**
3	हाई स्कूल	1(3.00)	32(97.00)	**33(100)**
4	हायर सेकण्ड्री	32(50.00)	32(50.00)	**64(100)**
5	स्नातक/ स्नातकोत्तर	38(73.10)	14(26.90)	**52(100)**
	योग	**71(23.70)**	**229(76.30)**	**300(100)**

तालिका क्रमांक 4

उत्तरदाता महिला के अनुसार समाज या कानून के प्रबलता की स्थिति

क्र.	शिक्षा	प्रतिक्रिया		योग
		समाज	कानून	
1	अशिक्षित	17(28.80)	42(71.20)	**59(100)**
2	प्राथमिक	50(54.30)	42(45.70)	**92(100)**
3	हाई स्कूल	22(66.70)	11(33.30)	**33(100)**
4	हायर सेकेण्ड्री	45(70.30)	19(29.70)	**64(100)**
5	स्नातक/ स्नातकोत्तर	40(76.90)	12(23.10)	**52(100)**
	योग	**174(58.00)**	**126(42.00)**	**300(100)**

****

जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के विकास में सहकारी आंदोलन की भूमिका

डॉ. सुरेखा तेलकर *

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश में जनजातियों का बाहुल्य हैं। जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का भारत में प्रथम स्थान हैं। इन जनजातियों का कोई लिखित इतिहास नहीं है, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में रहने एवं परिवहन की सीमित सुविधाओं के कारण जनजातियों का संपर्क देश के अन्य भागों से नहीं रहा। वे अपने वातावरण में ही आत्मनिर्भर होती रहीं है इनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं रहा। केवल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को परम्परागत ज्ञान दिया जाता है। 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366 (25) के अनुसार जनजाति से तात्पर्य उन जनजातीय समुदाय अथवा जनजातीय समुदायों के अंशों या समूहों से हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजातियों के रूप में माने गए है। मध्यप्रदेश की प्रमुख निवासरत जनजातीय बहुल क्षेत्र एवं उपजनजातियाँ निम्न है।' **(तालिका देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

जनजातीय की अवधारणा – भारत में अनेक जनजातियाँ निवास करती हैं। भारतीय समाज एवं संस्कृति के निर्माण में जनजातियों का महत्वपूर्ण योगदान है, जबकि जनजातीय समूह हमारे राष्ट्र के सबसे पिछड़े हुए वर्ग में रखे जाते हैं। विश्व में जनजातियों के भौगोलिक एवं जनसंख्यात्मक वितरण की दृष्टि से भी भारत में जनजातीय समाजों की जनसंख्या अधिक है। जनजातियों को भारतीय समाज में विभिन्न नामों से पुकारा जाता है। अनेक मानवशास्त्री इन्हें 'वन्य जातियाँ' या 'वनवासी' अथवा 'आदिवासी' के नाम से पुकाराते हैं।

जनजाति का अर्थ – 'जनजाति' अंग्रेजी के 'TRIBE' शब्द का हिन्दी पर्याय है, जो भारतीय संविधान के आने के बाद विशेष रूप से प्रचलित हो चुका हैं। जनजाति ऐसे लोगों का समूह है, जो किसी निश्चित भू-भाग पर निवास करते है, जिनकी संस्कृति एक होती है तथा जो आज भी आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़े हुए हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 खण्ड 1 में घोषित किया गया है कि- 'राष्ट्रपति सार्वजनिक सूचना द्वारा, जनजातियों, जनजाति समुदायों या जनजाति समुदाय के भीतरी समूहों की घोषणा करेंगे। इस सूचना में जो जनजातियाँ, जनजाति समुदाय या जनजातियों के भीतरी समूह परिगणित किये जायेंगे, वे सब अनुसूचित जनजाति (शेड्यूल्ड ट्राइब्स) कहलाएगे।'

शोध प्रविधि – प्राथमिक एवं द्वितियक संमको का उपयोग करके निष्कर्ष तक पहुंचाया गया ।

सहकारिता आंदोलन – आज से हजारों साल पहले भी मानव इस तथ्य को समझता था कि मानव की प्रवृत्ति शुरू से ही एक दूसरे के साथ रहकर कार्य करने की रही है। यही कारण है कि सहकारिता में 'एक सबके लिये और सब एक के लिए' की भावना निहित हैं। सहकारी आंदोलन जन आंदोलन है। सहकारिता ही एक ऐसा सर्वोत्तम माध्यम है, जिसके अंतर्गत पूँजीवाद एवं समाजवाद के दोषों को कोई स्थान प्राप्त नहीं है। सहकारिता के द्वारा ही देश की उन्नति एवं सर्वांगीण विकास हो सकता है। स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी जी के इस कथन से स्पष्ट है 'मैं अन्य कोई साधन नहीं जानती हूँ, जो कि इतना शक्तिशाली और सामाजिक लक्ष्य से इतना पूर्ण हो, जितना कि सहकारिता आंदोलन है।' इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि आर्थिक विकास की कुंजी सहकारिता में ही निहित है।

सहकारिता का अर्थ – 'सहकारिता' शब्द 'सह + कार' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'सह' का आशय मिलकर तथा 'कार' का आशय कार्य से है। इस प्रकार सहकारिता का अर्थ साथ मिलकर कार्य करने से है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, वह एक दूसरे से सहयोग किए बिना एक भी अपना कार्य व्यवस्थित रूप से नहीं चला सकता। परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करने की इसी पद्धति को सहकारिता के नाम से जाना जाता है। जिस प्रकार हमारे शरीर के विभिन्न अंग अपनी कार्यशक्ति के अनुसार सामंजस्य की भावना से अपना-अपना कार्य करते हैं। ठीक उसी प्रकार आम आदमी सुखमय सामाजिक जीवन जीने के लिए सहकारी व्यवस्था के अंतर्गत अपने कार्यों का संचालन करता है। सहकारिता में एक सबसे लिए और सब एक के लिए होते है। इस तरह आज मानव जीवन का मूल मंत्र सहकारिता है।

मध्यप्रदेश में सहकारिता कार्यक्रम – मध्यप्रदेश में सहकारिता कार्यक्रम निम्नलिखित समितियों के माध्यम से क्रियान्वित किए जा रहे है।

- मत्स्योद्योग सहकारी समितियाँ
- लघु वनोपज सहकारी संघ
- सहकारी आवास संघ
- सहकारी उपभोक्ता संघ
- दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियाँ

मत्स्योंद्योग सहकारी समितियाँ – मत्स्योद्योग सहकारी समितियाँ एक महत्वपूर्ण ग्रामीण स्वरोजगार के रूप में, प्रदेश में लोकप्रिय है। मत्स्य पालन अब परम्परागत तरीके के अलावा अर्धगहन एवं गहन तकनीकों से किया जाने लगा है। देश की बढ़ती आबादी, बेरोजगारी तथा पौष्टिक आहार की कमी को देखते हुए, मत्स्य पालन व्यवसाय से, जहाँ एक ओर रोजगार मिलता है वही दूसरी ओर कम श्रम तथा कम लागत से भरपूर प्रोटीनयुक्त भोज्य पदार्थ मिलता है। साथ ही मछुओं को सामाजिक एवं आर्थिक स्तर के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त करता है।

उद्देश्य –

1. उन्नत तकनीकी से समस्त ग्रामीण एवं सिंचाई जलाषयों के जलक्षेत्रों में मत्स्यपालन।

* शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला - छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

2. प्रसार एवं ग्रामीण हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराना।
3. निजी क्षेत्र में मत्स्यबीज उत्पादन को प्रोत्साहन।
4. मत्स्यबीज उत्पादन बढ़ाने हेतु अधोसंरचना का विकास।
5. समस्त मछुआ हितग्राहियों के हित संरक्षण हेतु निशुल्क दुर्घटना बीमा।

लघु वनोपज सहकारी संघ – मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ प्रदेश में लघु वनोपजों का संरक्षण, संवर्धन एवं उनकी संवहनीयता सुनिष्चित कर संग्रहण का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से कराकर जनजातीय एवं ग्रामीणों को उनका उचित पारिश्रामिक दिलाती है। 'संविधान के 73 वें संशोधन के फलस्वरूप लघु वनोपजों का स्वामित्व ग्रामसभाओं का सौंपा गया था। प्रदेश स्तर पर लघु वनोपज संघ, जिला स्तर पर इसकी 61 यूनियन, एवं प्राथमिक स्तर पर कुल 1066 सहकारी समितियाँ बनी हुई हैं।'

संघ की मुख्य गतिविधियाँ –

- तेंदूपत्ता, सालबीज एवं गोंद का व्यापार एवं विपणन।
- कच्चे माल का उत्पादन एवं औषधियों का परीक्षण।
- वनोपजों के लिए गोदाम की व्यवस्था करना।
- आदिवासियों के लिए कल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित करना।
- आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना।

मध्प्रदेश में सहकारी आवास गृह योजना – गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं की मध्यप्रदेश की आवास समस्या के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राथमिक संस्थाओं के अलावा प्रदेश स्तर पर म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित गठित है, जो गृह निर्माण हेतु ऋण की व्यवस्था करता है। गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं का पंजीयन मध्यप्रदेश सहकारी संस्था अधिनियम के अंतर्गत जिला कार्यालय में किया जाता है।

आवास संघ की कार्य पद्धति –

- आवास संघ अपनी सदस्य प्राथमिक गृह निर्माण सहकारी समितियों के माध्यम से सदस्यों को 2 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।
- सदस्यों को सीधे ऋण अधिकतम रूपए 5 लाख सीमा तक उपलब्ध कराया जाता है।
- गृह निर्माण सहकारी संस्थाओं को उनकी भूमि के विकासीकरण हेतु ऋण उपलबध कराया जाता है।
- आवास संघ द्वारा प्रदेश की आवास समस्या से सहकारिता के माध्यम से सुलझाने हेतु 26000 हितग्राहियों को भवन निर्माण हेतु ऋण उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान स्थिति में संघ के शेष ऋणी हितग्राहियों की संख्या लगभग 4000 हैं।

सहकारी उपभोक्ता संघ – मध्यप्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ प्रदेश के विभिन्न जिलों में गठित प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डारों तथा थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डारों का शीर्ष स्तरीय सहकारी संघ है। वर्ष 1964 में अपने गठन के उपरान्त प्रारंभ में उपभोक्ता संघ के द्वारा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सदस्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित व अनियंत्रित उपभोक्ता सामग्री वस्तुएँ प्रदाय की जाती थी, किन्तु कालान्तर में इन सदस्य सहकारी संस्थाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से संस्थाओं के माध्यम से व्यवसाय में धीरे-धीरे कमी आ रही है।

उपभोक्ता संघ द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों के उद्देश्यों के अनुरूप प्रारंभ से ही अपनी शाखाओं के माध्यम से उपभोक्ता सामग्रियों का प्रदाय अपने परम्परागत व्यवसाय के अंतर्गत किया जा रहा है।

'उपभोक्ता संघ के लाभ-हानि की स्थिति वर्ष 2008-09 से 2015-16 तक नीचे तालिका में दिखाया गया है।'

संघ के लाभ-हानि की स्थिति वर्ष 2008-09 से 2015-16

वर्ष	सकल लाभ	संचित हानि	शुद्ध लाभ/हानि (राशि रूपयों लाखों में)
2008-09	123.18	1688.48	(-) 108.15
2009-10	159.22	1775.85	(-) 87.34
2010-11	160.42	1849.68	(-) 73.89
2011-12	212.77	1927.22	(-) 77.54
2012-13	301.34	1923.37	(+) 3.85
2013-14	434.61	1871.86	(+) 51.51
2014-15	615.34	1704.42	(+) 167.44
2015-16	525.48	1533.04	(+) 171.38

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि उपभोक्ता संघ को वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक हानि का सामना करना पड़ा, किन्तु 2012-13 से उपभोक्ता संघ की स्थिति में सुधार होने लगा और 2015-16 तक उपभोक्ता संघ को 171.38 लाख रूपए का लाभ हुआ और उपभोक्ता संघ की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होने लगी।

दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियाँ – देश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय का महत्व अधिक है। भारत में अन्य देशों की तुलना में दूध का उत्पादन बहुत कम रहा है। प्रतिव्यक्ति दूध की उपभोग की मात्रा भी हमारे देश में कम रही हैं। दूध के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ाने तथा अपेक्षाकृत साधनहीनों को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से दुग्ध उद्योग के विकास की नीति शासन द्वारा सहकारिता के आधार पर अपनाई गई है। मध्यप्रदेश में अमूल दुग्ध योजना के आधार पर दुग्ध संघ वर्ष 1975 में गठित किया गया। सन् 1945 में गुजरात राज्य के खेड़ा जिले में ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध व्यवसाय से जुडे बिचौलियों तथा मध्यस्थों के शोषण से मुक्त कराने हेतु लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने सहकारिता के आधार पर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जो आज विश्व भर में अमूल डेयरी उद्योग के नाम से विख्यात है।

समस्याएँ –

- जनजाति समाज में अभी भी जागरूकता एवं शिक्षा का अभाव है।
- जनजाति समाज जनजाति जीवन को शोषण व प्रताड़ना से मुक्त करवाना।
- जनजाति किसानों को अपना अनाज व वनोपजों को बेचने में कठिनाई होती है क्योंकि इसका फायदा साहूकारों व व्यापारी उठातें है।
- जनजाति समाज शासकीय योजनाओं कि कमी के कारण असंतुष्ट है।
- गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले आधे व्यक्तियों को सहकारी समिति का लाभ नहीं मिलता है।

सुझाव –

- सहकारिता आंदोलन के संबंध में निम्न सुझावों में ध्यान देना आवश्यक है।
- किसी भी योजना/आंदोलन को जब जनजाति समाज के संदर्भ में देखा जाए तो जनजाति समाज में अभी भी जागरूकता एवं शिक्षा का अभाव बना है। अत: सहकारिता आंदोलन की सफलता के लिए आवश्यक है कि जनजाति समाज को अधिक से अधिक शिक्षित व जागरूक बनाने हेतु विशेष प्रचार-प्रसार व प्रशिक्षण आयोजित किए जाने चाहिए। जिससे उनके विकास के लिए बनने वाली योजनाओं का

लाभ उन्हें मिल सके।

- सहकारी शिक्षा को प्रभावी व सफल बनाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाने चाहिए। जिससे ग्रामीणजन सहकारिता के व्यापक स्वरूप और महत्त्वपूर्ण भूमिका को समझें और अपनी आर्थिक गतिविधि से सम्बन्धित सहकारी समिति के सक्रिय सदस्य बनकर उससे अपना आर्थिक विकास करें। जब ग्राम्य अर्थव्यवस्था पूर्णत: सहकारिता पर आधारित हो जाएगी तो ग्रामीणजन न केवल शोषण से छुटकारा पा सकेंगे बल्कि गाँवों में व्याप्त बेरोजगारी एवं आर्थिक पिछड़ेपन से मुक्त हो सकेंगे।
- वर्तमान परिदृश्य में सहकारिता को नए क्षेत्रों में प्रवेश कराना होगा, विशेषकर कृषि उत्पाद, सहकारिता से सिंचाई, जल संग्रहण तथा वितरण, ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण, नई क्रांति लाने की तकनीकी सूचना प्रौद्योगिकी एवं कुटीर उद्योग इत्यादि।

निष्कर्ष –

- भारत में जनजाति समाज अतीत काल से अमानवीय शोषण का शिकार हो रही हैं। वे अनेकानेक आर्थिक अभावों से ग्रस्त थी, विविध धार्मिक निषेधों का शिकार थी, राजनैतिक अधिकारों से पूर्णत: वंचित थी तथा सामाजिक दृष्टि से दास के रूप में अमानवीय जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य थी।
- देश के स्वतन्त्रोपरान्त से लेकर अब तक जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं राजनैतिक स्थिति में सुधार तथा उनके उन्नयन हेतु अनेकानेक शासकीय एवं अशासकीय प्रयास किए गए हैं, जिसमें सहकारिता आंदोलन का महत्वपूर्ण स्थान रहा। जिसके फलस्वरूप जनजातियों के जीवन स्तर, सामाजिक स्थिति, आर्थिक स्थिति एवं उनका सांस्कृतिक जीवन प्रभावित हुआ है। जनजातियों के जीवन प्रतिमान में सहकारिता आंदोलन का विकास एवं संभावनाएँ ही प्रस्तुत शोध का उद्देश्य रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वर्मा, रूपचंद– ***'भारतीय जनजातियाँ,*** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 2003
2. वर्मा, डॉ.सवलिया बिहारी–***ग्रामीण अर्थशास्त्र एवं सहकारिता,*** विश्वभारती पब्लिकेशन, नई दिल्ली 2009

मार्गदर्शिका –

1. सहकारिता के 100 वर्ष 'मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल' ।
2. स्वर्णिम सहकारिता 'मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल' ।

जनजातीय बहुल क्षेत्र एवं उपजनजातियाँ

जनजाति	उप–जनजाति	निवास क्षेत्र
गोंड	परधान, अगरिया, ओझा, नगारची सोल–हास,कमार म.प्र. में कुल जनजाति जनसंख्या का 35 प्रतिशत है।	प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यतया नर्मदा के दोनों किनारों पर विन्ध्य और सतपुड़ा अंचल में।
भील	बरेला, भिलाला, पटलिया (37.7 प्रतिशत)	धार, झाबुआ, पूर्वी निमाड़, अलराजपुरा
बैगा	बिझवार, नरोतिया, भरोतिया, नाहर, रेभैना, काढ़, मैना	मण्डला, बालाघाट, डिण्डोरी
कोरकू	मोवासीकमा, ववारी, बोडोया, नाहर नहाला	पूर्वी निमाड़, होषंगाबाद, बैतूल, छिन्दवाड़ा ।
भारिया	भूमिया, भूईहार, पंडो	छिन्दवाड़ा, जबलपुर।
कोल	रोहिया, रौठेल	रीवा,सतना, शहडोल व सीधी।
सहरिया	स्वयं को खुटिया पटेल कहते हैं।	गुना, शिवपुरी राजगढ, मुरैना, ग्वालियर, विदिशा, रायसेन, अशोकनगर

****

ग्राम सभा सशक्तिकरण के लिए अध्ययन – छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में

वीरेन्द्र सिंह ठाकुर *

शोध सारांश – 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के तहत ग्राम सभा को संवैधानिक मन्यता प्रदान की गई है। अनुच्छेद 243(अ) में ग्राम सभा को शक्तियॉ प्रदान करने का दायित्व राज्य सरकारों को सौंपा गया तथा संविधान की 11वीं अनुसूची में शामिल 29 विषयों के संबंध में योजना बनाने, क्रियान्वित करने तथा उनके मूल्यांकन का दायित्व तथा शक्तियां ग्राम सभाओं को सौंपा गया है। ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णय 'ग्रामीण स्वशासन का प्रतिबिम्ब है' इस तथ्य को स्वीकारा गया है।

राज्यपाल किसी गॉव या गॉवों के समूह को ग्राम के रूप में घोषित करता है। घोषणा पश्चात् प्रत्येक ग्राम के लिए एक मतदाता सूची तैयार की जाती है। इस सूची में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति जीवन भर ग्राम सभा का सदस्य होता है, इस प्रकार ग्राम सभा गॉव के वयस्क लोगों की सभा है जो कभी भी भंग नहीं होती है। ग्राम सभा के जरिए महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, कमजोर तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्राप्त होता है। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीण प्रशासन में प्रत्यक्ष भागीदारी मिलने से जहॉ एक ओर ग्रामीणों का आत्मविश्वास बढ़ा है, विकास के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित हुई है तथा सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना सुदृढ़ होती है। वहीं दूसरी ओर ग्राम सभा सदस्यों को जानकारी का अभाव होने कारण उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नियमित अंतरालों में ग्राम सभा आयोजन करने का उत्तरदायित्व सरपंच का है। सरपंच द्वारा ऐसा नहीं कर पाने पर वह इस पद के लिए अयोग्य हो जाता है। इस नियम के होते हुए भी शासन द्वारा निर्धारित छ: अनिवार्य ग्राम सभाओं का आयोजन पंचायतों द्वारा नहीं किया जा रहा है। शासन, कलेक्टर, जिला एवं जनपद पंचायत से पत्र प्राप्त होने पर ही किया जा रहा है या पंचायतों द्वारा ग्राम सभा का आयोजन कर भी लिया जाता है तो ग्राम सभाओं में गणपूर्ति का अभाव सदैव बना रहता है तथा स्थगित ग्राम सभाओं में वार्षिक कार्ययोजना, हितग्राहियों का चयन, वार्षिक बजट, लेखा संपरिक्षा प्रतिवेदन, वार्षिक लेखा तथा प्रशासन की रिपोर्ट एवं पंचायत द्वारा नियुक्ति तथा उन्हे पद से पृथक करने जैसे विषयों पर गणपूर्ति न होने के बावजूद संकल्प पारित कर लिया जा रहा है। जबकि ग्राम सभा बैठक में गणपूर्ति कराने का उत्तरदायित्व उनके निर्वाचन क्षेत्र के अनुसार सरपंच और पंच का होता है। इस बात के होते हुए भी कि ' ग्राम सभा की लगातार तीन बैठक में गणपूर्ति नहीं होने पर संबंधित पंच एवं सरपंच को नोटिस देकर दो और ग्राम सभाओं में गणपूर्ति कराने का अवसर दिया जाता है, फिर भी गणपूर्ति न होने की स्थिति में संबंधित पदधारी को पद से पृथक करने का प्रावधान पंचायत राज अधिनियम में किया गया है।'

लोकतंत्र एक जीवन दर्शन है। राजनीति में इसके प्रयोग की अवधारणा में विकेन्द्रीकरण का विचार भी अन्तर्निहित है। राजनीति में लोकतंत्र के प्रयोग का तात्पर्य केवल राज्यसत्ता में लोगों की भागीदारी का प्रयास नहीं है, अपितु सरकार के दैनिक कामकाज में लोगों को सहभागी बनाना है। लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण लोगों को सहभागिता प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है, इसका उद्देश्य शासन के कामकाज में लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित कर पंचायती राज संस्थाओं को स्व–शासन की प्रथम इकाई के रूप सशक्त बनाना है।

प्रस्तावना – ग्राम सभा ग्रामीण जनों को रंग, धर्म, जाति, संप्रदाय आदि भेदभाव जैसे कुरीतियों को समाप्त करके एक मंच प्रदान करती है। जिसके माध्यम से ग्रामीण जन अपनी बात प्रस्तुत कर सकते हैं, अपनी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं चिंताओं का निराकरण कर सकते है। विकास की प्रक्रिया में ग्राम सभा सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सत्ता विकेन्द्रीकरण के दृष्टिकोंण से ग्राम सभा एक महत्वपूर्ण आयाम है एवं ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पंचायती राज व्यवस्था में सुधार हेतु गठित समिति एवं संविधान संशोधन–

- बलवंत राय मेहता समिति – वर्ष 1957
- अशोक मेहता समिति – वर्ष 1977
- जी.वी.के. राव समिति – वर्ष 1985
- लक्ष्मीमल सिंघवी समिति – वर्ष 1986
- पी.के.थुंगन समिति – वर्ष 1988
- वी.एन.गॉडगिल समिति – वर्ष 1989
- 64 वॉ संविधान संशोधन – वर्ष 1989
- 73 वॉ संविधान संशोधन – वर्ष 1993

ग्राम सभा की भूमिका –

- सामुदायिक एकता व कार्यो में पारदर्शिता लाना।
- लोगों की शासन में सहभागिता को बढ़ाना।
- जन केन्द्रित वितरण प्रणाली को स्थापित करना।
- आम जनता की इच्छाओं को व्यक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना।
- सामाजिक रूप से वंचितों को निर्णयन में सहभागी बनाना।

ग्राम सभा के कार्य –

* वार्डन सह संपदा अधिकारी, क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र कुरूद, जिला–धमतरी (छ.ग.)भारत

- गॉव के आर्थिक विकास की योजनाओं और कार्यक्रमों को तय करना।
- ग्राम पंचायत की ऑडिट रिर्पोट देखना और उस पर विचार करना।
- गरीबी उन्मूलन की योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का चयन करना।
- आर्थिक लाभ की योजनाओं पर नियंत्रण रखना।
- सरकारी कर्मचारियों के कार्य पर निगरानी रखना।
- आम जनता में जागरूकता लाना।
- अपने क्षेत्र के जल,जंगल व जमीन का समुचित व्यवस्था तथा देखभाल करना।
- गॉव के विकास कार्यो की देखरेख करना तथा खर्च पर निगरानी रखना।
- ग्राम पंचायत के कार्यो में पारदर्शिता लाना।
- ग्रामीण समाज में सौहार्द्र एवं एकता बनाना।
- सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों में सहयोग देना।
- आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट पर विचार विमर्श करना।
- अधिसूचित (आदिवासी) क्षेत्र में बाजार तथा मेलों का ग्राम पंचायत के माध्यम से व्यवस्था करना।

शोध पत्र का उद्देश्य –

1. ग्राम सभा के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं के उद्देश्यों की पूर्ति करना।
2. ग्राम सभा के माध्यम से समाज के पिछड़े, कमजोर, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ग्रामीणों के हितों की रक्षा करना।
3. ग्राम पंचायत का ग्राम सभा के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करना।
4. ग्राम सभा के सभी चर्चाओं एवं फैसलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना।
5. ग्राम सभा में सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करना।
6. अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामीणों के रीति-रिवाज/सामाजिक दस्तुरों को बनाये रखना तथा पंचायती राज संस्थाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना।

प्रदत्तों का संकलन – प्राथमिक प्रदत्तों का संकलन क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र में त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न प्रशिक्षण अवधि के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों से साक्षात्कार विधी/चर्चा द्वारा एकत्रित किया गया है।

द्वितीयक प्रदत्तों का संकलन प्रशासनिक प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य स्त्रोतों से एकत्रित किया गया है।

तालिका- 1 व ग्राफ (देखे आगे पृष्ठ पर)

ग्राम सभा सशक्तिकरण के लिए विभिन्न माध्यम –

प्रशिक्षण के माध्यम से – ग्राम पंचायत निर्वाचन के तुरंत पश्चात् पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत राज अधिनियम एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रशिक्षण देना एवं पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम सभा के महत्व, कार्य एवं दायित्व के संबंध में ग्राम सभा सदस्यों को जानकारी देना।

महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से – महिला स्व-सहायता समूह के महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों की ग्राम सभा में प्रस्तुतीकरण कराकर तथा अन्य स्व रोजगारोन्मुखी गतिविधियों की जानकारी देकर ग्रामीणों/महिलाओं में शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने प्रोत्साहित कर ग्राम सभा के प्रति रूचि जागृत करना।

समन्वय के माध्यम से – समाज के पिछड़े,कमजोर,महिला तथा अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के सदस्यों को ग्राम सभा में अपनी बात रखने का अवसर देना तथा उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना।

सदस्यों के सहभागिता से – ग्राम सभा बैठक में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं के सहभागिता से विभिन्न विषयों में चर्चा कराकर संकल्प पारित करना।

पारदर्शिता के माध्यम से – पंचायत में चल रही समस्त गतिविधियों, जनहित कार्यों, निर्माण कार्यों एवं व्यय का व्यौरा से संबंधित जानकारी ग्राम सभा सदस्यों को देना।

जागरूकता के माध्यम से – पंचायत राज अधिनियम एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर ग्राम सभा सदस्यों में जागरूकता लाना तथा रूचि जागृत करना।

करारोपण के माध्यम से – पंचायत क्षेत्र में अनिवार्य रूप से करारोपण करने से ग्रामीण जनों में पंचायत के कार्यो के प्रति जुड़ाव की भावना जागृत होगी तथा कर के रूप में पंचायत को अदा की गयी राशि के बदले मिलने वाली सुविधाओं एवं उक्त राशि से पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यो के प्रति जनमानस में कार्यो की गुणवत्ता, जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता के संबंध में जानकारी लेने के लिए ग्राम सभा में रूचि बनी रहेगी।

परामर्श के माध्यम से – पंचायतों के माध्यम से संचालित शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों के चयन से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी ग्राम सभा बैठक शुरू होने के एक घण्टा पूर्व विषय विशेषज्ञों/पंचायत के माध्यम से परामर्श देकर सदस्यों में ग्राम सभा के प्रति रूचि जागृत करना।

पंचायत राज दिवस के माध्यम से – 24 अप्रैल सन् 1993 को राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ ही पंचायत राज अधिनियम सम्पूर्ण भारतवर्ष में लागू हुआ। वर्तमान में 24 अप्रैल को सम्पूर्ण भारतवर्ष में पंचायत राज दिवस के रूप मनाया जाने लगा है। पंचायतों में सभी वर्ग के ग्राम वासियों के साथ पंचायत राज दिवस को ग्रामीण त्यौहार के रूप में मनाने से ग्रामीण जनों में ग्राम सभा के प्रति लगाव की भावना जागृत होगी।

महिलाओं के माध्यम से – छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम में संशोधन कर वर्ष 2010 से त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक कदम आगे बढा कर छत्तीसगढ़ के महिलाओं को घर के मुखिया का दर्जा प्रदान करने हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन कार्ड में मुखिया के रूप में महिलाओं का नाम दर्ज कर विश्व पटल में छत्तीसगढ़ की महिलाओं को एक पहचान दिलाने का सराहनीय कार्य छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया डॉ.रमन सिंह ने किया है। सरकार की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं को अनिवार्य रूप से ग्राम सभा में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करना।

ग्राम सभा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अन्य सुझाव –

- ग्राम सभा बैठक की सूचना निर्धारित समय में ग्रामीण जनों को सुगमता पूर्वक अनिवार्य रूप से देना।
- ग्राम सभा के माध्यम से समाज के पिछड़े, कमजोर, महिला, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को शासन के योजनाओं का लाभ प्राथमिकता क्रम में दिलाना।
- ग्रामसभा में ग्रामीण जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने 'जन जागरण'/हस्ताक्षर अभियान चलाना।
- ग्राम सभा की बैठक में ज्यादातर भाग लेने वाले ग्राम सभा सदस्यों

को हितग्राही मूलक कार्यो/योजनाओं में प्राथमिकता देना।

- ग्राम पंचायत से अधिक सशक्त ग्राम सभा है, इस विषय में सदस्यों को अपने कर्तव्य एवं शक्तियों की जानकारी देकर जवाबदेही सुनिश्चित करना।
- ग्राम सभा सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत को दिए गए आवेदन का निराकरण समय-सीमा में न करने पर सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के अनुरूप शास्ति के रूप में धनराशि आवेदक को देने का प्रावधान किया जावे।
- ग्राम सभा बैठक में गणपूर्ति न होने पर बैठक स्थगित कर आगामी बैठक की सूचना एक विहित रीति में देने का प्रावधान है। किन्तु स्थगित बैठक उसी दिन एक घण्टे पश्चात् या अगले दिन रख लिया जाता है जिसको की सूचना प्रसारण की तिथि से 7 दिन पश्चात् या विशेष परिस्थितियों में 3 दिन की सूचना पर ग्राम सभा आयोजित करने का प्रावधान को कड़ाई से पालन कराने का प्रावधान किया जावे।

निष्कर्ष – सही मायने में ग्राम सभा में बैठा व्यक्ति जब अपने एवं उनके विकास की बात को सर्व सम्मति से लागू करता है, तभी लोकतंत्र की अवधारणा सुनिश्चित होती है। नि:संदेह ग्राम सभा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा ग्राम सभा सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करके देश की वास्तविक तस्वीर बदली जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नारूला, आर.के., छत्तीसगढ़ राज अधिनियम 1993, इलाहाबाद लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद, 2016
2. मिश्र, एच.के., छत्तीसगढ पंचायत राज अनिधियम, इंडिया पब्लिकेशन, कम्पनी रायपुर, 2016
3. द्विवेदी, राधेश्याम, छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, सुविधा लॉ हाउस, भोपाल, 2014
4. बंधोपाध्याय,डी., मुखर्जी, अभिताभ, गवई,मिताली सेन, पंचायतों का सशक्तिकरण प्रधान प्रशिक्षकों के लिए पुस्तिका, राजीव गांधी फाउण्डेशन, नई दिल्ली, 2003
5. वर्मा, अंजली, भारत में पंचायती राज, ओमेगा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2009
6. नारूला, बी.सी., पंचायती राज व्यवस्था, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, 2011
7. सिंह, विजय करण, पंचायती राज व्यवस्था, आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स, जयपुर, 2005
8. देवपुरा, प्रतापमल, पंचायती राज के नये आयाम, अंकुर प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012

तालिका- 1

ग्राम सभा संम्मिलन प्रक्रिया, कार्य एवं दायित्व प्रश्नोत्तरी की जानकारी

क्र.	विवरण	जानकारी है।	जानकारी नहीं है।	कुछ कुछ जानकारीहै।	कुल उत्तरदाताओं की संख्या
1	पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों से ग्राम सभा संम्मिलन प्रक्रिया पर 35 प्रश्नों के प्राप्त उत्तरों का आंकड़ा।	164	208	28	400
2	प्राप्त आंकड़ो का प्रतिशत	41	52	7	100



****

नवाजतन योजना एवं सामाजिक चेतना से कुपोषण मुक्ति का एक अध्ययन

सुशील कुमार पाठक *

शोध सारांश – छत्तीसगढ़ राज्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बच्चों के कुपोषण को कम करने के लिए नवाजतन योजना सामाजिक चेतना से कुपोषण मुक्ति का एक अभियान है। जिसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन किया जाता है। राज्य में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या गंभीर समस्या दिखाई देती है और इन्हीं बातों को ध्यान देते हुए नवाजतन योजना गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। वर्ष 2011 से अब तक कुल पांच चरणों में कार्य संचालित हुआ है। जिसमें पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मुख्यमंत्री सुपोषण दूत, सुपोषण मित्र, सामुदायिक कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायतों, स्व. सहायता समूहों आदि को सम्मिलित किया गया है।

विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि राज्य में बच्चों में विभिन्न कारणों से होने वाली मृत्यु में लगभग 55 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से पीड़ित होते हैं। नवाजतन योजना में प्रथम चरण से लेकर अब तक पॉच चरणों में कार्य किया जा चुका है, जिसमें प्रत्येक चरण में सुधार होता गया है एवं सभी जिला कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ सर्वेक्षण II (1998) के अनुसार राज्य में 61 प्रतिशत बच्चे कुपोषित थे। कुपोषण का सबसे बड़ा बचाव जागरुकता अभियान है। हम सब जानतें हैं कि बच्चे देश के भविष्य हैं। साथ ही हमारे परिवार का भविष्य भी बच्चों के उपर निर्भर है, ऐसे में बच्चों को कुपोषण मुक्त करना बेहद जरुरी है। कुपोषण के कारण बच्चे कमजोर होते हैं एवं उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इस स्थिति में बच्चों में कोई भी बीमारी होती है, तो वह बढ़कर जानलेवा हो जाता है। यदि बच्चों को मृत्यु से बचाना है, तो कुपोषण के स्तर को कम करना जरुरी है साथ ही यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि गंभीर कुपोषित बच्चों में यह स्थिति अत्यंत जटिल होती है एवं अधिकांश मामलों में इसे रोक पाना संभव नहीं होता और यह जानलेवा हो जाता है। इस स्थिति से बचने के लिए लोगों में कुपोषण के प्रति जागरुकता लाना ही एक मात्र ऐसा माध्यम है। जिससे बच्चों के मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है।

प्रस्तावना – कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन के साथ नवाजतन का सामाजिक चेतना से कुपोषण मुक्ति अभियान के साथ कुपोषित बच्चों का परिवार एवं समुदाय स्तर पर पोषण प्रबंधन किया जाता है। नवाजतन कार्यक्रम का यह प्रयास है कि समाज के लोग जागरुक बने, कुपोषण को समझें एवं इस गंभीर समस्या से निजात पाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

शोध पत्र का उद्देश्य –

1. ग्रामीण जनों में कुपोषण के प्रति जागरुकता लाना।
2. ग्रामीण कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने में समाज की भूमिका सुनिश्चित करना।
3. शासन द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण से संबंधित योजनाओं में ग्रामीण जनों की सहभागिता सुनिश्चित करना।
4. बच्चों के मृत्यु दर में कमी लाने के लिए किए जा रहे कार्यों को बढ़ावा देना।
5. पंचायतों को सुपोषित पंचायत बनाने की दिशा प्रोत्साहित करना।

ऑकड़ों का संकलन – प्राथमिक ऑकड़ों का संकलन जशपुर जिला के दुलदुला विकास खण्ड में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं /सहायिकाओं से साक्षात्कार विधी/चर्चा द्वारा एकत्रित किया गया है।

द्वितीयक ऑकड़ों का संकलन प्रशासनिक प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य स्त्रोतों से एकत्रित किया गया है।

तालिका–1 व ग्राफ (देखे आगे पृष्ठ पर)

सुपोषण की दिशा में नवाजतन की भूमिका – नवाजतन योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न चयनित जिलों में सघन सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न ग्राम पांचायतों के कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें स्वस्थ बनाने का लक्ष्य है। बच्चों के अभिभावकों व परिवारों से सत्त संपर्क कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, सुपोषण दूत, सुपोषण मित्र, सामुदायिक कार्यकर्ता, ग्राम पंचायतें, स्व. सहायता समूहों, स्वेछिक संस्थाओं एवं अन्य लोगों को सशक्त कर उनसे सहयोग लेते हुए समन्वय स्थापित करना एवं कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर होते हुए सुपोषित करना।

नवाजतन के कार्य –

- कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन करना।
- सामाजिक चेतना से कुपोषण मुक्ति लाना।
- सुपोषित ग्राम पंचायत/जिला/राज्य बनाना।
- महिला एवं बाल विकास की गतिविधियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को चिन्हांकित करते हुए निराकरण करना।

ऑकड़ों का विश्लेषण – शोध कार्य के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों ही प्रकार के ऑकड़ों का उपयोग किया गया है। प्राप्त ऑकड़ों का विश्लेषण किया गया है तथा प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर सुझाव दिया गया है।

सुपोषण के लिए विभिन्न सुझाव –

- समाज में सुपोषण के प्रति जागरुकता लाना।

* फेसीलिटेटर एवं प्रशिक्षक, बाजार डांड, जशपुर नगर, जिला-जशपुर (छ.ग.) भारत

- विवाह के लिए निर्धारित उम्र में ही लड़के लड़कियों का विवाह कराना।
- स्वच्छता एवं जागरुकता अपनाना।
- गर्भवती महिलाओं के संतुलित आहार एवं स्वास्थ का नियमित रुप से ध्यान रखना।
- गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव कराना।
- शीघ्र एवं सत्त स्तनपान को ही अपनाना। (छः माह तक पूर्ण रुप से स्तनपान एवं उसके पश्चात् ऊपरी खान पान (संतुलित आहार)।
- बच्चों का स्वास्थ एवं पोषण(संतुलित आहार) संबंधी देख रेख करना एवं अपेक्षित सुविधा उपलब्ध कराना।
- दो बच्चों के जन्म में अन्तर रखना।
- गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराना।
- पंचायतों के माध्यम से सुपोषण के लिए संचालित शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना ।

निष्कर्ष – छत्तीसगढ़ में सामान्य जिलों की अपेक्षा आदिवासी जिलों में कुपोषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है। जिसमें विशेष रुप से जशपुर जिला प्रभावित है। जिला को कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने में नवाजतन योजना निश्चित ही आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दास, सुजाता के., कुपोषण एक ज्वलंत समस्या, 2016
2. मिश्र, चिन्मय, कुपोषण–कुछ बुनियादी बातें, 2012
3. शर्मा, तिलकराज, कुपोषण और स्वास्थ, 2015
4. शिवकी., महिलाओं में गलत खान पान और कुपोषण, 2016
5. नवाजतन योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन का पठन साहित्य।
6. नवाजतन योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन का विभिन्न पत्र पत्रिकाये एवं सर्कुलर।
7. कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जशपुर को प्रेषित वि.ख.ढुलढुला का प्रगति प्रतिवेदन।

तालिका–1

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से समूह बनाकर लिए गए प्रस्तुतिकरण की जानकारी

क्र.	विवरण	कुल समूहों की संख्या	कुल प्राप्त सुझावों की संख्या	उपयोगी सुझावों की संख्या	कुल उत्तरदाताओं की संख्या
1	आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समूह में विभाजन कर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने प्रस्तुतिकरण के माध्यम सुझाव प्राप्त किया गया।	10	186	10	102



****

पारिवारिक विघटन बाल विकास में बाधक - एक सामाजिक विश्लेषण

डॉ. उमा लवानिया *

प्रस्तावना - परिवार मानव समाज की पूर्णत: मौलिक एवं सार्वभौमिक इकाई है। यह एक प्राथमिक एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई है। परिवार, व्यक्ति और समाज के संबंधों के जोड़ने वाली एक मजबूत कड़ी हैं। स्वस्थ समाज से ही सुदृढ राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। इस तरह एक आदर्श राष्ट्र को बनाने में भी परिवार की विशेष भूमिका है। जिन परिवारों के सदस्यों में आत्मीयता, पारस्परिक विश्वास, स्नेहभाव होता है, साथ ही अपने उत्तरदायित्व को निभाने की क्षमता होती है, उन परिवारों में सदा सुख-शांति बनी रहती है। ऐसे परिवारों में सभी समस्याओं का समाधान सहज रूप से हो जाता है। समाज के अस्तित्व व निरन्तरता के लिए आवश्यक है कि नए सदस्य आएँ तथा वे सामाजिक गुणों से पूर्ण हो समाजिक गुणों के अभाव में व्यक्ति का व्यक्तित्व प्रभावहीन हो जाएगा, जो स्वयं के लिए और समाज के लिए घातक है क्योंकि निर्बल व्यक्ति न स्वयं कुछ करने में समर्थ रहता है और न ही समाज में कुछ करने की सामर्थ रखता है।

समाजिक व्यवस्था के अंतर्गत पुनरोत्पादन की क्रिया बंद हो जाए, यदि बच्चों का पालन-पोषण न हो और वे अपने विचारों से आने वाली पीढ़ी को संचारित करना तथा परस्पर सहयोग करना न सीखे तो समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। मानव समाज में परिवार की केन्द्रीय स्थिति होती है क्योंकि यह मनुष्य की जैबिक मनोवैज्ञानिक, सामाजिक तथा अन्य आवष्यकताओं की पूर्ति पूरे उत्तरदायित्व तथा कर्त्तव्य निष्ठा से करता है। पर आज परिवार विघटन की कगार पर खडे हैं। नव-दम्पत्तियों में स्वच्छन्द जीवन जीने की भावना बढ़ती जा रही है। दुष्परिणामों की परवाह किए बिना वे घर की चौखट लॉधकर अपनी अलग दुनिया बसाना चाहते हैं। परन्तु जब उनका परिवार बढ़ता है, बच्चों का जन्म होता है, तब उनके पालन-पोषण व व्यक्तित्व के विकास में अनेक समस्याएँ सामने खड़ी नजर आती हैं। और इन समस्याओं के समाधान के स्थान पर पति-पत्नि आपस में झगड़े, कलह करने लगते हैं तथा पारिवारिक विघटन की स्थिति को उत्पन्न कर देते हैं। जिसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालकों पर पड़ता है।

परिवार से ही बालकों की शिक्षा का शुभांरभ होता है, तीन-चार वर्ष की आयु में जब बच्चा शिक्षा आरंभ करता है, तो उसमें निजी समझ का अभाव रहता है। इसी कारण वह स्वयं प्रेरित होकर शिक्षा नहीं लेता है। यदि जबरन पढ़ने हेतु उसे बिठाया भी गया तो वह उसमें रूचि नहीं लेता है। बल्कि वह इसके स्थान पर अपने सहज स्वभाववश खेल खेलना पसंद करता है क्योंकि पढ़ाई उसके लिए सर्वथा नई बात है। लेकिन धीरे-धीरे माता-पिता के परिश्रम से बच्चा पढ़ाई की ओर आकर्षित होने लगता है और यह भी तब संभव है जब परिवार सुव्यवस्थित एवं विघरित न हो।

बच्चे की पढ़ाई और अन्य क्रिया-कलाप के बीच संतुलन बनाकर रखना भी उनके भविष्य के लिए बहुत जरूरी है, जिस तरह से एक सीढ़ी से दूसरी सीढ़ी पर चढा जाता है, उसी तरह बच्चों को उत्साह दिलाते हुए उनका धैर्य और साहस बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना स्वयं परिवार का कर्तव्य है। अपने बच्चों को, उनकी प्रकृति को, उनकी क्षमता को, उनकी रूचि को समझे उनके प्रति सजग रहते हुए अपनी भूमिका निभाएँ।

पारिवारिक विघटन वैवाहिक जीवन, पुरानी तथा नई पीढ़ी में संघर्ष तथा सदस्यों में मतैक्य व पारस्परिक लगाव के भाव की समस्या है। अत: हमें इन मान्यताओं को पुन: सुदृढ़ करना होगा। नई पीढ़ी को यह बताना होगा कि विवाह केवल भावना व उद्धेग का ही परिणाम नहीं है अपितु यह स्थायी पारिवारिक जीवन का प्रमुख आधारशिला है। तलाक, विवाह न करना, बडे-बुजुर्गो से अलग रहना, पारिवारिक दायित्वों से बचना तथा परिवार के प्रति उदासीन होने से कुछ हल नहीं निकलेगा। यह तो यथार्थता से भागने वाली बात है।

नवीन पीढ़ी को विवाह की आवश्यकता और परिवार के स्थायित्व के महत्व को समझना होगा। पति-पत्नि को एक दूसरे को समझने का प्रयास करना चाहिए तथा जरा-जरा सी बात को बढ़ाने की अपेक्षा उत्पन्न हुए तनाव को कम करना चाहिए। विभिन्न परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए तनाव को कम करना चाहिए क्योंकि इन तनावों से परिवार निर्धारित होते हैं और निर्धारित परिवार का सबसे ज्यादा प्रभाव बालकों के विकास पर पड़ता है पर यदि बालकों के विकास के लिए संयुक्त परिवार को महत्व दिया जाये तो संयुक्त परिवार में बच्चे को दादा-दादी, चाच-ताऊ आदि अनेक परिजनों का स्नेह मिलता है। प्रेम व आत्मीयता भरा यह वातावरण बालक के व्यक्तित्व का समुचित विकास करने में सहायक होता है। जबकि विघटित परिवार में माता-पिता ही होते हैं, परिवार के अन्य सदस्यों के स्नेह व प्रेम से बालक वंचित हो जाता है, परिणाम स्वयं उसका विकास अवरूद्ध होकर वह कुंठा का शिकार हो जाता है।

बाह्य जगत में बहुत सी चीजों को जानने की बच्चों के मन में जिज्ञासा रहती है, ऐसी स्थिति में संयुक्त परिवार बच्चे की जिज्ञासा को शांत करने में सहायक होता है क्योंकि बाल मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि यदि बच्चों की जिज्ञासा का उचित हल मिल जाता है, तो उनके मन में और नई-नई चीजों के प्रति आकर्षण बढ़ता है। नई-नई जानकारियां प्राप्त करने की लालसा उत्पन्न होती है। इस प्रकार अधिक ज्ञान प्राप्त करने के क्षेत्र में आगे बढ़ता चला जाता है। प्रखर प्रतिभाओं का उदय इसी प्रकार होता है। जितने भी अविष्कार हुए हैं या सिद्धांत बने हैं इन जिज्ञासाओं की ही देन हैं।

बच्चों को आचार-व्यवहार की शिक्षा विधटित परिवार देने में असमर्थ हैं बच्चों का विकास परिवार में जितनी सरलता से होता है विघटित परिवार में

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

नहीं हो पाता है। इसके लिए संयुक्त परिवार प्रणाली उपयोगी है क्योंकि संयुक्त परिवार में सभी बड़े लोगों के रहने से आदर और शिक्षाचार की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होती है। बच्चे देखकर सीखते हैं जैसा वे अपने बड़ों को करते देखते हैं, वैसा ही सीखते हैं। उनमें अनुकरण की प्रवृत्ति बहुत तीव्र होती है। अधिकतर दंपत्ति जिनमें संकीर्णता की भावना रहती है एवं मैं कीं भावना का महत्व होता है ऐसे विचार परिवार में दरार डाल देते हैं। ऐसी स्वार्थपरता के कारण जो परिवार विघटित होते हैं– उनका भी असर बच्चों पर पड़ता है। वे भी धीरे – धीरे स्वार्थ और संकीर्ण बनने लगते है एवं उनका विकास अवरूद्ध हो जाता है। उनमें अपने–तेरे की भावना उत्पन्न होने लगती है। वे एक–दूसरे की मदद करने से भी बचते हैं। उनमें ईर्ष्या–भाव उत्पन्न होने लगता है, यहां तक कि आपस में भाई–बहनों में भी प्यार का अभाव हो जाता है। परिवार की लड़कियों पर इस व्यवहार का गलत प्रभाव पड़ता है तथा उनका व्यक्तित्व का विकास गलत रास्ते पर होने लगता है वे अपने परिवार के प्रति वृद्धों के प्रति एवं अन्य सदस्यों के प्रति जिम्मेदारी का अनुभव नहीं करती है, उनमें 'मैं और मेरा पति' का भाव ही जन्म लेता है। जबकि एक सुव्यवस्थित परिवार के निर्माण में लड़कियों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है लेकिन जब लड़कियों में असहयोग की भावना घर कर जाती है तो परिवार विखरने–टूटने की कगार पर आ जाता है और यह क्रम परिवारों को विघटित करने की दिशा में एक घातक और विस्फोटक स्थिति का निर्माण करता है।

बालकों के विकास के लिए संयुक्त परिवारों का गठन और संचालन, सहकारिता के आधार पर ही होता है। मिल–जुलकर काम करने और परस्पर काम बॉटने से समय व श्रम की बचत होती है। एक चूल्हा होने से धन की ही बचत नहीं होती वरन् बच्चों की देखभाल भी ठीक से हो जाती है, जो कि बालकों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है। ज्ञानार्जन आचार, व्यवहार, शिक्षा तथा बालकों का समुचित विकास जितनी अच्छी तरह से संयुक्त परिवार में हो सकता है, उतना विधटित परिवार में नहीं। अत: समाज व राष्ट्र को सुगठित व सुदृढ़ बनाने के लिए परिवारों का विघटन रोकना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारतीय समाज मुद्दे एवं समस्याऍ – डॉ. धर्मवीर महाजन, डॉ. कमलेश महाजन।
2. भारतीय समाज संस्थाएं और संस्कृति – रामनार्थ शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा।
3. भारतीय समाज – डॉ. अशोक डी पाटिल, एसॅ. एस.एस. भदौरिया।
4. भारतीय समाज – एम.एल. गुप्ता, डॉ. डी.डी. शर्मा।
5. युग निर्माण योजना – मई 2014
6. युग निर्माण योजना – दिसम्बर 2015
7. युग निर्माण योजना – जुलाई 2016

****

Spatial Pattern Of Irrigation In Bilaspur District

Dr. Kajal Moitra* **Chayan Kr. Mandal**** **Sanjit Kisku*****

Abstract - Irrigation is the method in which a controlled amount of water is supplied to plant at regular intervals for agriculture. It is used to assist in the growing of agricultural crops, maintenance of landscapes and vegetation of distributed soils in dry areas and during periods of inadequate Rainfall"

Additionally, irrigation also has a few other uses in Crop Production, which induce Protecting plants against frost. Suppressing need growth in gain fields and preventing soil consolidation. In contrast, agriculture that relics only on direct rainfall is referred to as rain-fed or dry land farming.

Key Words - Irrigation, Preventing Soil Consolidation, Rain Fall.

Introduction - Chhattisgarh has limited irrigation system, with dams and canals on some rivers. Average rainfall in the state is around 1400 mm and the entire state falls under the rice agro-climatic zone. Large variation in the rainfall directly affects the production of rice. Irrigation is the prime need of the state for its overall development and therefore the state Government has given top priority to development of irrigation.

Object of the Study -

1. Analyzed the Spatial Pattern of Irrigation in Study Area
2. Analyzed th important of irrigation in agricultural development in study area.

Methodology - The Analytical method have been use in study. The secondary data have been used in this study , which have been taken from various publish and unpublished sources.

Analysis - Cropping intensities in the state are low, since agriculture continues to be largely dependent on the monsoon and most cultivators still practice single-crop agriculture. In the irrigation sector, utilization of irrigation potential is significantly lower than the national figure.

Table - Potential and Utilization Pattern in Chhattisgarh an India (See in the last page)

Currently there are 3 major, 26 medium and 2892 minor irrigation projects in the state that are managed by the water Resources Department, Besides these, there are a number of tanks, pound, etc that are managed by the panchayats. Chhattisgarh is served by four river basins- Ganga, Mahanadi, Godawari and Narmada. The areas served by each of these is shown in the given table.

Table - Spread of River Basins in Chhattisgarh (See in the last page)

The spread of irrigation potential created in Various districts is not uniform vis-à-vis the cultivable land available in the district. Dhamtari district is way ahead of others, with potential facility (131.27 percent) far exceeding the cultivable area. On the other extreme are Dentewada, Korba and Jashpur districts, where the Potential facility created is just above 6 per cent of the cultivable land available.

Irrigation by canal is prominent is the district, 86.33% of the total irrigated land is covered by the canal system 5.85% by tube well, 3.28% by well, 2-52% by ponds/ tanks and rest 1.49 % of irrigated land is covered by other means of irrigation. The district have sufficient underground table but it is not being utilized in full potential.

Out of 453562 hectares cultivable land, 80136 hectare land is still not being used for agriculture, which is 17% of total cultivable area. Insufficient irrigation facilities, district has 373426 hectares agricultural land, out of which only 137756 hectares (36.8%) are being irrigated from all resources.

Several integrated Projects have been taken in the study area to bring more amount of land under the irrigation facility. Construction of new well also improves the scenario little bit extra.

Table - District- wise Spread of Irrigation Facilities (See in the last page)

Table - Bilaspur District : Source Wise Irrigation Area 2015-16 (See in the last page)

Bilaspur District - Source Wise Irrigation Area 2015-16 (Diagram see in the last page)

Table 1 - District Bilaspur - Irrigated Land

S.No.	Tehsils	In%
01	Bilha	51.42

*Associate Professor (Geography) Dr. C. V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA
**M. Phil (Geography) Dr. C. V. Raman University, Kota, Bilaspur(C.G.) INDIA
***Research Scholar (Geography) Dr. C.V.Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA

02	Kota	17.39
03	Masturi	71.95
04	Takhatpur	27.91
05	Gourela	4.88
06	Pendra	4.97
07	Marwahi	4.12
08	Bilaspur	30.25

Source - Agricultural Department Bilaspur

District Bilaspur - Irrigated Land (Diagram see in the last page)

References :-

1. Husain Majid (2010) : "Agricultural Geography." Rawat Publication. PP-188-190
2. Santra,S.C. (2001) : "Environmental Science" New central Book agency (P)Ltd., Calcultta, P.P. 944-955
3. Sharma, D.D.& Ram N. (2009) : "Environmental implication of landuse/landcover changes in solan district, Himanchal Pradesh, Geograpical Review of India, vol. 71,,no.-3 PP 287-296
4. Das. P. (1985) : "Agricultural science" Oriental book Company Pvt.Ltd. Kolkatta.
5. Gole,U. (1980) : "Agricultural Intensity and "Agricultural Efficiency, a Geographical analysis in Raipur Disttrict" Vol. 2006, P1, 9-16
6. Mandal R.b. (1985) : "Land utilization: Thesis and Practical concept publishing company, preface, Delhi.
7. Mohammad N (1992) : 'Socio-economic Dimensions of Agriculture," Concept Publishing Company, New Delhi, Vol- 3
8. Mohammad N (1992) : "Land use and Agricultural planning, concept Publishing Company, New Delhi, Vol-4
9. Mukharjee S.N. (1967) : "Agricultural land use Planning in Howrah" Geographical review of India,Vol-xxxix P.P.1
10. Usendi, N & Singh : "Chhattisgarh" Arihant publications Sweta (2009) : (India) Limited PP-140

Table 2 - Potential and Utilization Pattern in Chhattisgarh an India

	Potential		Utilization in %	
Types of irrigation	Potential Created Potential Utilized		Chhattisgarh	India
	(Lakh ha.)	(Lakh ha.)		
MajorMediumMinor	5.94 2.68 4.97	4.53 2.44 2.35	76 91 47	91 87 89
Total	13.59	9.32	89	89

Table 3 - Spread of River Basins in Chhattisgarh

Basin	Area Served (sq km)	Area s Percentage of TotalGeographical Area of Chhattisgarh
Ganga	18600	14
Mahanadi	74997	56
Godavari	39553	29
Narmada	1950	1
Total	135100	100

Table 4 - Bilaspur District - Source Wise Irrigation Area 2015-16

S.No.	Source of Irrigation	Irrigated area(ha)	Percent
1.	Canals	105824.00	55%
2	Ponds	9412.00	5%
3	Tube-Wells	73840.00	39%
4	Wells	1828.00	1%
5	Irrigated area from other source	820.00	5%
	Total	191724.00	100%

Source – Department of Agriculture, Bilaspur 2015—16

Table - District - wise Spread of Irrigation Facilities

District	Cultivable Land (Lakh he.)	Potential Created (Lakh he.)	Potential Crested as percentage of Cultivable Land
Raipur	7.06	1.43	20.25
Mahasamund	2.87	0.61	21.25
Dhamtari	2.11	2.77	131.27
Durg	7.94	1.88	23.68
Rajanandgaon	4.69	0.83	17.70
Kabirdham	2.28	0.33	14.47
Bastar	0.36	0.22	61.11
Kanker	2.33	0.35	15.02
Dantewada	3.05	0.19	6.23
Bilaspur	5.05	1.18	23.37
Janjgir-	3.05	2.22	72.79
Champa	1.46	0.10	6.85
Korba	5.58	0.52	9.32
Surguja	1.25	0.19	15.21
Korea	2.84	0.37	3.03
Raigarh	2.88	0.18	6.25
Jahspur			
	54.8	13.37	24.29

Source : Water Resource Department C.G.

Bilaspur District - Source Wise Irrigation Area 2015-16



Source – Department of Agriculture, Bilaspur 2015—16

Bilaspur District - Irrigated Land



Source – Agricultural Department Bilaspur

मानव पोषण स्तर समस्या एवं समाधान: ग्राम-पिपरिया जिला-जबलपुर का कालिक अध्ययन

डॉ. अजय तिवारी *

प्रस्तावना – मानव की तीन मूलभूत आवश्यकताएँ है, रोटी, कपड़ा और मकान प्रस्तुत शोध पत्र मानव की प्रथम आवश्यकता रोटी (भोजन) पर आधारित है। अध्ययन क्षेत्र में मानव को पर्याप्त भोज्य पदार्थ नहीं प्राप्त हो रहा है और जो भोजन प्राप्त हो रहा है, वह पोषक तत्वों की दृष्टि से बहुत कम है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध आलेख का मुख्य उद्देश्य ग्राम पिपरिया, जिला-जबलपुर, म.प्र. में प्रति व्यक्ति प्रति दिन भोज्य पदार्थो एवं पोषक तत्वों को ज्ञात करना तथा अल्पता के कारणों का पता लगाकर सुझाव देना है।

अध्ययन क्षेत्र – जबलपुर मध्य प्रदेश के हृदय स्थल पर स्थिति एक कृषि प्रधान खनिज सम्पदा एवं वनाच्छादित भू-भाग है, जबलपुर जिला 22.49' से 24.8' उत्तरी अक्षांश तथा 78.21 से 80.58' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। समुद्र तल से इसकी ऊँचाई 394 मीटर है। इसका कुल क्षेत्रफल 5011 वर्ग किलो मीटर है। जिले की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 193. कि.मी. तथा पश्चिम से पूर्व चौड़ाई 115.81 कि.मी. है। यह जिला उत्तार में पन्ना कटनी जिले से, उत्तर-पूर्व में सतना जिले से पूर्व में उमरिया, डिण्डौरी जिले से, दक्षिण में मण्डला, सिवनी जिले से, दक्षिण पश्चिम में नरसिंहपुर जिले से तथा पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में दमोह जिले की सीमाओं को स्पर्श करता है। अध्ययन क्षेत्र जबलपुर से 20 कि.मी. दूर बरेला के समीप पिपरिया कला ग्राम पंचायत है, जो नर्मदा नदी के बरगी बाध रोड पर स्थित है। यह ग्राम 1,50,000 मापनी पर चिन्हित क्षेत्र है। ग्राम का आवासीय क्षेत्रफल 1295 वर्ग कि.मी. है, इस गांव में कुल 121 परिवार 728 (2016) जनसंख्या है, तथा जनसंख्या का घनत्व 562 प्रति वर्ग किमी है, यहां एक दिन में 466 कि. ग्राम खाद्य पदार्थो का उपयोग किया जाता है।**(ग्राफ देखे आगे पृष्ठ पर)**

विधि तंत्र – प्रस्तुत शोध मूलत: प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है, और प्राथमिक आंकड़ों का संकलन क्षेत्रीय सर्वेक्षण से संकलित किए गए है। द्वितीय समंकों का उपयोग अध्ययन के परिणामों को स्पष्ट करने के लिए किया गया है। प्राप्त आकड़ों का सारणीयन और विश्लेषण कर भोज्य पदार्थो की उपलब्धता ज्ञात किया गया है।

शोध संकल्पना – शोध पत्र में शोध संकल्पना की रचना निम्न प्रकार से की गयी है।

1. कृषि उत्पादन से भोज्य पदार्थो का घनिष्ट संबंध है।
2. भोज्य पदार्थो का पोषक तत्वों का घनिष्ट संबंध है।

प्रस्तुत शोध आलेख में यह ज्ञात किया गया है, कि क्या अध्ययन-क्षेत्र में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन भोज्य पदार्थो का उपयोग भारत की अनुशंसित मानक मात्रा से कम हो रहा है, अथवा अधिक। आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि अध्ययन क्षेत्र में प्रति व्यक्ति प्रति दिन खाद्य पदार्थो का उपयोग कम मात्रा में किया जा रहा है, जिसके कारण रतौंधी, स्कर्वी, ऐनीमिया, मंदबुद्धि, सूखा रोग वजन की कमी आदि पोषणीय रोगों की अधिकता पायी जाती है।

सारणी क्रमांक-01 व ग्राफ (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 01 से स्पष्ट है कि ग्राम पिपरिया-जबलपुर में प्रति दिन 446 कि.ग्राम भोज्य पदार्थो का उपयोग किया जाता है। अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या 728 है। अर्थात-पी/पी-1 यहां पी का अर्थ कुल भोज्य पदार्थ तथा पी-1 का अर्थ अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या है, इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र में खाद्य पदार्थो का औसत उपयोग 302.19 ग्राम दालों का, 24.42 ग्राम पत्ती वाली सब्जी का, 37.08 ग्राम आलू एवं जड़ों वाली सब्जियों का, 35.71 ग्राम तेल एवं वसा का, 20.60 ग्राम शक्कर/गुड़ का 27.47 ग्राम फलों का, 2.60 ग्राम मांस, मछली 1.37 ग्राम दूध एवं दूध से बने पदार्थो का, 142.85 ग्राम प्रति दिन प्रति व्यक्ति उपयोग किया जा रहा है। इस उपयोग की तुलना डाइट एटलस आफ भारत हैदराबाद द्वारा प्रकाशित भारत में उपयोग की अनुशंसित मानक मात्रा से की गयी तो अध्ययन क्षेत्र में यह अल्पता 67.81 ग्राम खाद्य पदार्थ की, 45.58 ग्राम दालों की, 72.92 ग्राम पत्ती वाली सब्जी की, 89.29 ग्राम आलू एवं जड़ों वाली सब्जियों की, 17.40 ग्राम तेल एवं वसा की 12.53 ग्राम शक्कर/गुड़ की फलों की 33.63 ग्राम, मांस मछली, अण्डों की 37.15 ग्राम दूध एवं दूध से बने पदार्थो की प्रति व्यक्ति प्रति दिन पायी जा रही है। कुल भोज्य पदार्थो का औसत उपयोग 612.29 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन किया जा रहा हैं जो भारत की अनुशंसित मानक मात्रा 1005 से 392.71 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन कम है। सारणी क्रमांक 01 के भोज्य पदार्थो के डाइट एटलास आफ भारत हैदराबाद की सहायता से पोषण तत्वों में परिवर्तित किया गया तो निम्न परिणाम प्राप्त हुए (सारणी क्रमांक 02)

सारणी क्रमांक-02 व ग्राफ (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 2 से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में पोषक तत्वों का उपभोग कार्बोहाइड्रेट 222.22 ग्राम, प्रोटीन 23.51 ग्राम, वसा 25.42 ग्राम, कैल्शियम 618.02 मि.ग्राम, फासफोरस 67.70 मि.ग्राम, लोहा 11.73 मि.ग्राम, विटामिन ए 192.80 आई.यू., विटामिन बी थ्यामिन 0.34 मि.ग्राम, विटामिन बी 2 समिश्रण राइबोफेल्विन 0.38 मि.ग्राम, विटामिन बी-2 समिश्रण नाइसिड 7.82 मि.ग्राम, विटामिन सी एसकोर्विक ऐसिड 36.02 मि.ग्राम, विटामिन डी 430.62 आई.यू. कैलोरी 189.37

* (भूगोल विभाग) शा.एम.के.बी. कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर एवं
शोधार्थी डी.लिट. विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रति व्यक्ति प्रति दिन रहा।

इन पोषक तत्वों की तुलना जब भारत में पोषक तत्वों की उपभोग की मानक मात्रा से की गयी तो 217.78 ग्राम कार्बोहाइड्रेट की, 56.49 ग्राम प्रोटीन, 49.58 ग्राम वसा, 781.98 मि.ग्राम कैल्शियम, 802.30 मि.ग्राम विटामिन बी–2 समिश्रण राइवोफ्लेविन, 23.18 मि.ग्राम विटामिन बी–2 का समिश्रण वाइसिड, 12.92 मि.ग्राम विटामिन सी एस्कोर्विक एसिड, 569.38 आई.यू. अल्पता पायी जाती है। जिसका कारण अध्ययन क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर उत्पादन की कमी, आधुनिक तकनीक का अभाव, हरित क्रांति, सफेद क्रांति एवं नीली क्रांति का अभाव है। फलत: अध्ययन क्षेत्र में पोषणल्पीय रोगों की अधिकता पाई जा रही है।

सारणी क्रमांक 03 व ग्राफ (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी क्रमांक 3 से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में पोषणाल्पता रोगों में तीव्रगामी परिवर्तन हो रहे है। यहाँ कुल पुरूष पोषणाल्पीय रोगों में 19.66 प्रतिशत सूखा रोग के रोगी तथा सबसे कम एनीमिया रोग के 5.35 प्रतिशत पीड़ित है। जबकि कुल स्त्रियों के पोषणाल्पी रोगों के सर्वाधिक 20 प्रतिशत रतौंधी रोग से तथा सबसे कम 5 प्रतिशत एनीमिया रोग की पायी जाती है। क्षेत्र की सम्पूर्ण रोग प्राप्ति जनसंख्या के सर्वाधिक पोषणाल्पी रोग 16.47 प्रतिशत सूखे रोग के तथा सबसे कम 5.12 प्रतिशत एनीमिया रोग के पाये गए है। यहां सबसे अधिक मार्त्यतता 11.81 प्रति हजार डायबिटीज रोग से तथा सबसे कम मार्त्यतता 58.81 प्रति हजार वजन से कम रोगी की पायी जा रही है। यहां मार्त्यतता में विविधता तथा अल्पता का कारण भोजन में पोषण तत्वों की अल्पता है। यहां मार्त्यतता का अन्य कारण सामाजिक स्थिति, पारिवारिक पर्यावरण के प्रदूषण आदि है।

पोषण की समस्या – खाद्य पदार्थ मानव पोषण के मुख्य आधार है, खाद्य पदार्थ के रूप में ही मानव पोषक तत्व ग्रहण करता है। पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग मानव पोषण के लिए आवश्यक होता है किंतु अध्ययन क्षेत्र में कुछ सीमित खाद्य पदार्थ का उपभोग किया जा रहा है। जिससे यहां पोषणाल्पयी रोगों की अल्पता पायी जा रही है। जिसके मुख्य कारण निम्नलिखित है –

1. यहां की 75 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है। किन्तु कृषि में सिंचाई के साधनों, उन्नत बीज, खाद तथा तकनीक आदि का अभाव है, जो यहां के पोषण को प्रभावित कर रही है।
2. यहां हरित क्रान्ति, स्वेत क्रान्ति आदि का अभाव है।
3. कृषि के गुणात्मक पहलू पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।
4. खाद्य पदार्थों का उत्पादन प्रति हेक्टेयर कम हो रहा है, जिससे भोज्य पदार्थों का उपभोग प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कम पाया जा रहा है। फलत: पोषक तत्व भी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कम मिलता है।
5. यहां के भोज्य पदार्थों में दालों, सब्जियों, फलों आदि का कम उपयोग किया जा रहा है।
6. यहां दूध देने वाली गाय और भैसों का अभाव है, अत: स्पष्ट है कि भौगोलिक कारण प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मानव पोषण को प्रभावित कर रहे है।

समाधान के उपाय – पोषण की समस्या के प्रमुख उपाय निम्नलिखित है।

1. सिंचाई के साधनों में वृद्धि।
2. दालों, सब्जियों फलों का प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाया जाए।
3. दूध देने वाले पशुओं की संख्या में वृद्धि की जाये तथा देशी पशुओं की नस्लों में सुधार किया जाए।
4. कृषि, पशुपालन एवं मजदूरी आय के प्रमुख साधन है। इनकी वृद्धि की जाए।
5. कृषि में निम्नलिखित सुधार किए जाए।

क. उच्च उत्पादन बीज, तकनीक का प्रयोग किया जाए।
ख. दो फसलीय एवं सिंचित क्षेत्र में वृद्धि की जाए।
ग. कम समय में पकने वाली एवं अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को बोया जाए।
घ. अधिक पोषण वाली फलसें जैसे–दालें, चना, सोयाबीन, पत्ती वाली सब्जियों आदि के उत्पादन पर अधिक बल दिया जाए।
ड. कृषि पर आधारित लघु उद्योगों का विस्तार किया जाए, एवं हरित क्रांति, स्वेत क्रांति तथा ग्रीन कान्ति को लागू किया जाए।

6. चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए।
7. खाद्य पदार्थ के उपयोग एवं आदत में सुधार किया जाए।

निष्कर्ष – उपरोक्त सुझावों को विकसित कर अध्ययन क्षेत्र में फैली हुई पोषण की समस्या को कम किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. खान जेड. अली, 1969, न्यूट्रीशन डिफीसेसी डिजीज एवं एन्वायरमेन्ट फैक्टर इन दि गंगा युमना दो आव एन आर्टीकल एफीयर्ड ज्योग्राफर 1969, अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी, अलीगढ़, पृष्ठ–70
2. सिलाधिया राजाराम, 1992, ग्वालियर संभाग में मानव पोषण के परिवर्तित प्रतिरूप एक चिकित्सा भौगोलिक अध्ययन अप्रकाशित पी.एच–डी. थीसिस जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर, 1992, पृष्ठ–167
3. सिंह अमर, 1984, इकोलोजी पेचिस अलसर डिजिज इन मुरैना प्लैन इण्डिया एस्टूडी इन मेडीकल ज्योग्राफी इन आर्टीकल एप्पीअर्ड ज्योग्राफी डी ला साढ़े माउन्ट, पेलियर फ्रम, 1984 पेजन–452
4. तिवारी डी.पी., 1987–88, मध्यप्रदेश में कृषि विश्लेषणात्मक उपागम उत्तर भारत भूगोल, पत्रिका अंक 23 दिसम्बर 1987 एवं जून 1988, पृष्ठ–06



सारणी क्रमांक–01

ग्राम– पिपरिया, जिला जबलपुर में भोज्य पदार्थों का औसत उपयोग प्रति व्यक्ति प्रति दिन (दिसम्बर 2016)

भोज्य पदार्थ	**प्रतिदिन लगने वाला खाद्य पदार्थ कि. ग्राम**	**खाद्यान्न उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति दिन कि.ग्राम**	**भारत में उपयोग की सामान्य मानक मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन ग्राम**	**अल्पता**
खाद्य पदार्थ	22	302.19	370	67.81
दाले	18	24.42	70	45.58
पत्ती वाली सब्जी	27	27.08	110	72.92
आलू/जड़ों वाली सब्जियां	26	35.71	125	89.29
तेल व वसा	15	20.60	38	17.40
शक्कर/गुड़	20	27.47	40	12.53
फल	15	20.60	37	16.40
मांस, मछली, अंडे	10	1.37	35	33.63
दूध एवं दूध से बने पदार्थ	104	142.85	180	37.15
कुल योग	**446**	**613.29**	**1008**	**392.71**

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण।

ग्राम- पिपरिया, जिला जबलपुर में भोज्य पदार्थों का औसत उपयोग प्रति व्यक्ति प्रति दिन (दिसम्बर 2016)



सारणी क्रमांक-02

ग्राम-पिपरिया, जिला-जबलपुर में पोषक तत्वों का औसत उपभोग प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (दिसम्बर 2016)

पोषक तत्व	प्रतिव्यक्ति प्रति दिन औसत उपभोग	भारत में उपभोग की मानक मात्रा	पोषणात्यता
कार्बोहाइड्रेट (ग्रा.)	222.22	440	217.78
प्रोटीन (ग्रा.)	23.51	80	56.49
वसा (ग्रा.)	25.42	75	49.58
कैल्शियम (कि. ग्रा.)	618.021	400	781.98
फासफोरस (मि. ग्रा.)	67.70	1500	802.30
लोहा (मि.ग्रा.)	11.73	22.50	10.77
विटामिन ए (आई.यू.)	192.80	3500	117.20
विटामिन बी-1 थ्यामिन	0.34	1.12	00.78
विटामिन बी-2 समिश्रण राइबोफेल्विन (मि.ग्रा.)	0.38	1.46	1.08
विटामिन बी-समिश्रण (वाइसिड मि.ग्रा.)	7.82	19	23.18
विटामिन-सी (एस्कोर्विक एसिड)	36.02	50	13.92
विटामिन-डी (आई.यू.)	430.62	1000	569.38

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण।

ग्राम–पिपरिया, जिला–जबलपुर में पोषक तत्वों का औसत उपभोग प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (दिसम्बर 2016)



सारणी क्रमांक 03 – पोषणाल्पीय रोग (दिसम्बर 2016)

रोग का नाम	कुल रोग से प्रभावित पुरूष	प्रभावित पुरूषो का प्रतिशत	कुल रोग से प्रभावित	प्रभावित स्त्रियों का प्रतिशत स्त्रियां	कुल रोग से प्रभावित संख्या	कुल रोगों का प्रतिशत	कुल मार्त्यतता	कुल मार्त्यतता का प्रतिशत	मार्त्यतता दर प्रति हजार
रतौंधी	06	10.71	12	20.00	18	15.51	02	15.38	111.11
स्कर्वी	04	7.14	5	8.33	09	7.75	01	7.69	111.11
ऐनीमिया	03	5.35	3	5.00	06	6.17	01	7.69	166.66
बेरी–बेरी	05	8.92	4	5.66	09	7.76	01	7.69	111.11
क्वासिर कोर (मरामस)	08	14.29	5	8.33	13	11.20	01	7.69	76.92
घेघा मंदबुद्धि	06	10.72	8	13.34	14	12.02	01	7.69	71.42
सूखा रोग	11	19.65	8	13.34	19	26.47	03	23.09	157.89
डायबिटीज	05	8.93	6	10.00	11	9.48	02	15.39	181.81
वजन की कमी	08	14.29	9	15.00	17	14.65	01	7.69	58.82
कुल योग	**56**	**100.00**	**60**	**100.00**	**116**	**100.00**	**13**	**100.00**	**112.06**

स्त्रोत: व्यक्तिगत सर्वेक्षण

पोषणाल्पीय रोग (दिसम्बर 2016)



****

रायगढ़ जिले में स्त्री-पुरूष साक्षरता का स्थानिक प्रतिरूप

डॉ. काजल मोइत्रा * रिमता पण्डा **

शोध सारांश – रायगढ़ जिला छ.ग. का पूर्वी जिला है जिसकी सीमाएं पूर्व में उड़ीसा प्रान्त से, उत्तर पूर्व में झारखंड राज्य के गुमला जिले से लगी हुई है। जिले का कुल क्षेत्रफल 683635 वर्ग कि.मी. है। जलवायु की दृष्टि से रायगढ़ जिले को दो भागों में बांटा गया है, जिले का अक्षांशीय विस्तार 21^0 24' से 22^0 50' उत्तर तथा देशांतरीय विस्तार 82^0 26' से 83^0 46' पूर्व की ओर स्थित है। जिले की समुद्र तल से ऊंचाई 267मीटर है। रायगढ़ जिले का स्वतंत्र रूप से गठन 1 जनवरी 1948 को हुआ है, रायगढ़ जिले के उत्तर में जशपुर जिला, दक्षिण में महासमुंद जिला तथा उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पूर्व तक उड़ीसा राज्य 657744 वर्ग कि.मी. के दायरे में फैला हुआ है। रायगढ़ जिले का उत्तरी क्षेत्र बिहड़ जंगल पहाड़ियों से आच्छादित है। वर्तमान में जिले में कुल 9 विकास खण्ड है जिसमें 4 सामाजिक विकास खण्ड -रायगढ़, बरमकेला, पुसौर, एवं सारंगढ़ तथा 5 आदिवासी विकास खण्ड धरमजयगढ़, तमनार, खरसिया एवं घरघोड़ा शामिल है। जिले की कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1493984 है, जिसमें पुरूष जनसंख्या 750278 तथा स्त्री जनसंख्या 743706 है, साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार 73.70 प्रतिशत है, जिसमें पुरूष साक्षरता 84.17 प्रतिशत तथा स्त्री साक्षरता 63.25 प्रतिशत है।

प्रस्तावना – साक्षरता जनसंख्या का एक ऐसा सामाजिक पक्ष है, जिसके आधार पर सामाजिक विकास का मापदण्ड निश्चित किया जाता है। जनसंख्या भूगोल विदों के लिए साक्षरता जनसंख्या का एक सामाजिक पक्ष होते हुए भी ऐसा गुणात्मक तथ्य है। जिसका क्षेत्रिय आधार परिवर्तनषील, सामाजिक, आर्थिक प्रवृत्तियों की ओर अप्रत्यक्ष रूप से संकेत करता है। वस्तुतः साक्षरता के विकास से मनुष्य सीमित परिवेश से बाहर निकल कर अपने क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रवृत्तियों से अन्योन्याश्रित संबंध स्थापित कर लेता है, जिसके एक तिहाई के रूप में मानव ही नहीं बल्कि संम्पूर्ण समाज विकास क्रम में आगे आ जाता है। आधुनिक युग में साक्षरता जो मानव विशेष का एक विशिष्ट गुण होता है निर्विवाद रूप से व्यक्ति, समाज, क्षेत्र एवं राष्ट्र सभी स्तरों पर सामाजिक एवं आर्थिक विकास का मूल आधार बन जाता है। साक्षरता समाज के विकास में सहायक ही नहीं बल्कि संम्पूर्ण का सर्वांगीण विकास होता है। साक्षरता से लोगों में प्राचीन रूढ़िगत परम्पराओं की बुराईयों को दूर करने की क्षमता तथा आधुनिक जीवन पद्धति को अपनाने में जागरूकता पैदा करती है। साक्षरता से किसी भी समाज का विकास संभव है। साक्षरता को अलग-अलग क्षेत्रों में अलग अलग प्रकार से परिभाषित किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य – शोध हेतु प्रस्तुत शीर्षक 'रायगढ़ जिले में स्त्री-पुरूष साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूपय' के जशक्षा निम्नलिखित हैं –

1. रायगढ़ जिले में स्त्री साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप को प्रदर्शित करना।
2. रायगढ़ जिले में पुरूष साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप को प्रदर्शित करना।
3. रायगढ़ जिले में स्त्री-पुरूष साक्षरता के तुलनात्मक अध्ययन को प्रदर्शित करना।
4. साक्षरता दर को बढ़ाने का शासकीय प्रयास व सुधारों का विश्लेषण करना।

अध्ययन क्षेत्र

रायगढ़ जिले में स्त्री साक्षरता का स्थानिक प्रतिरूप – स्त्री साक्षरता को शिक्षा से अनिवार्य रूप से जोड़ने की अवधारणा है। इसका मुख्य शिक्षा में स्त्रियों को पुरूषों की तरह ही शामिल करना है। दूसरे रूप में यह स्त्रियों के लिए बनाई गई विशेष शिक्षा पद्धति को प्रदर्शित करती है। भारत में मध्य और पुनर्जागरण काल में स्त्री को पुरूष से अलग तरह की शिक्षा दी जाती थी। वर्तमान समय में यह मान्य है कि स्त्री को भी उतना ही शिक्षित होना चाहिए जितना पुरूष को। यह सिद्ध सत्य है कि यदि माता शिक्षित न हो तो देश की संतानों का कदापि कल्याण नहीं हो सकता। स्त्री परिवार की

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) डॉ. सी.वी. रमन् विश्वविद्यालय, कारगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम. फिल.(भूगोल) डॉ. सी.वी. रमन् विश्वविद्यालय, कारगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

धूरी होती है, स्त्री शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। स्त्री साक्षरता की स्थिति आज भी पुरूषों की तुलना में कम है। साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप से तात्पर्य किसी स्थान विशेष की साक्षरता से है। विभिन्न प्रकार की दशाऐं साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप को निर्धारित करते हैं रायगढ़ जिले में कुल स्त्री साक्षरता 63.25 प्रतिशत है।

स्त्री साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप को तीन भागों में बांटा गया है –

1. उच्च साक्षरता का क्षेत्र (70 प्रतिशत से अधिक)
2. मध्यम साक्षरता का क्षेत्र (60–70 प्रतिशत)
3. निम्न साक्षरता का क्षेत्र (60 प्रतिशत से कम)

रायगढ़ जिला – स्त्री साक्षरता 2011

क्र.	साक्षरता प्रतिशत में	तहसीलों की संख्या	तहसीलों के नाम
1	70 प्रतिशत से अधिक	02	रायगढ़, पुसौर
2	60–70 प्रतिशत	03	खरसिया, तमनार, बरमकेला
3	60 प्रतिशत से कम	04	सारंगढ़, घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़

स्त्रोत– जनगणना 2011

क्र.	तहसील	कुल जनसंख्या	कुल स्त्री जनसंख्या	कुल स्त्री साक्षर (प्रतिशत में)
1	धरमजयगढ़	207030	103720	51.19
2	लैलूंगा	130613	65578	53.63
3	तमनार	97975	48633	63.80
4	घरघोड़ा	79425	40095	55.64
5	खरसिया	150627	75433	66.22
6	रायगढ़	307513	149953	74.29
7	पुसौर	139799	69538	70.37
8	सारंगढ़	229603	115439	59.50
9	बरमकेला	151399	75317	65.51
	जिला	1493984	743706	63.25

स्त्रोत– जनगणना 2011/आंगनबाड़ी केन्द्र/महिला एवं बाल विकास कार्यालय रायगढ़।

रायगढ़ जिले में पुरूष साक्षरता का स्थानिक प्रतिरूप – साक्षरता किसी भी क्षेत्र के सामाजिक विकास का सूचक होता है और शिक्षा विकास की एक अनिवार्य शर्त होती है। शिक्षा के माध्यम से आधुनिकीकरण तथा विकास के वांछित परिवर्तन हुई है।

दसकीय वृद्धि दर में देखा जाए तो आज की शिक्षा और कल की शिक्षा दसकीय अंतर पाया जाता है। परंतु आज भी जिले में स्त्री साक्षरता की अपेक्षा पुरूष साक्षरता अधिक है। वर्तमान समय में शिक्षा के विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, शिक्षा के विकास के साथ–साथ सामाजिक, आर्थिक विकास भी हो रही है।

जिले में पुरूष साक्षरता के स्थानिक प्रतिरूप को 3 भागों में बांटा गया है –

1. उच्च साक्षरता का क्षेत्र (85 प्रतिशत से अधिक)
2. मध्यम साक्षरता का क्षेत्र (75–85 प्रतिशत)
3. निम्न साक्षरता का क्षेत्र (75 प्रतिशत से कम)

रायगढ़ जिला – पुरूष साक्षरता 2011

क्र.	साक्षरता प्रतिशत में	तहसीलों की संख्या	तहसीलों के नाम
1	85 प्रतिशत से अधिक	05	रायगढ़, तमनार, पुसौर, खरसिया, बरमकेला
2	75–85 प्रतिशत	02	सारंगढ़, घरघोड़ा,
3	75 प्रतिशत से कम	02	लैलूंगा, धरमजयगढ़

स्त्रोत– जनगणना 2011

क्र.	तहसील	कुल जनसंख्या	कुल पुरूष जनसंख्या	कुल पुरूष साक्षर (प्रतिशत में)
1	धरमजयगढ़	207030	103310	74.68
2	लैलूंगा	130613	65035	74.11
3	तमनार	97975	49342	85.42
4	घरघोड़ा	79425	39330	79.00
5	खरसिया	150627	75194	88.87
6	रायगढ़	307513	157560	90.56
7	पुसौर	139799	70261	89.16
8	सारंगढ़	229603	114164	82.97
9	बरमकेला	151399	76082	86.26
	जिला	1493984	750278	84.17

स्त्रोत– जनगणना 2011/आंगनबाड़ी केन्द्र/महिला एवं बाल विकास कार्यालय रायगढ़।

स्त्री–पुरूष साक्षरता का तुलनात्मक अध्ययन–मानवीय विकास की प्रक्रिया में शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति बाह्य तत्वों से हो जाती है लेकिन मनुष्य एक सामाजिक प्राणी होने के नाते संस्कृति एवं सामाजिकता के विकास हेतु शिक्षा प्राप्त करना उसकी आधारभूत आवश्यकता होनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में जहां एक ओर मानवीय सभ्यता की सामाजिक विरासत को एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी में ले जाने की व्यवस्था होती है। वहीं दूसरी ओर आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं के अनुसार नावाचारी विचारों को सम्मिलित कर मानव के समग्र विकास की दिशा भी सुनिश्चित करना सम्मिलित होता है। शिक्षा इन दो कार्यों के मध्य समुचित संतुलन बनाने का कार्य करती है। जनगणना 2011 के अनुसार रायगढ़ जिले की कुल साक्षरता दर 73.70 प्रतिशत है जिसमें स्त्री साक्षरता 63.25 प्रतिशत तथा पुरूष साक्षरता 84.17 प्रतिशत है। जिले में अभी भी स्त्री–पुरूष साक्षरता दर में अंतर पाया जाता है।

रायगढ़ जिला – तहसीलवार स्त्री–पुरूष साक्षरता वृद्धि में अंतर 2011

क्र.	तहसील	पुरूष साक्षरता (प्रतिशत में)	स्त्री साक्षरता (प्रतिशत में)	वृद्धि में अंतर
1	धरमजयगढ़	74.68	51.19	23.49
2	लैलूंगा	74.11	53.63	20.48
3	घरघोड़ा	79.00	55.64	23.36
4	तमनार	85.42	63.80	21.62
5	रायगढ़	90.56	74.29	16.27
6	पुसौर	89.16	70.37	18.79
7	खरसिया	88.87	66.22	22.65
8	सारंगढ़	82.97	59.50	23.47
9	ब्रमकेला	86.26	65.51	20.75
	जिला	**84.17**	**63.25**	**20.92**

स्त्रोत- जनगणना 2011

संभावना एवं सुझाव – भारतीय समाज में स्त्रियों के समर्थन में बनाएं गऐं कानूनों, स्त्री शिक्षा का फैलाव या प्रचार-प्रसार तथा स्त्री शिक्षा के प्रति जागरूकता और महिलाओं को धीरे-धीरे बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात् भी स्त्री-पुरूष साक्षरता में भिन्नता दिखाई देता है। आज भी पुरूषों की अपेक्षा स्त्री साक्षरता दर में कमी पाई जाती है। देश की वर्तमान शिक्षा पद्धति किसी भी तरह देश की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकती है। इस शिक्षा द्वारा जो भी लाभ होता है उससे देश का प्रमुख वर्ग वंचित रह जाता है। इसको कम करने के लिए बालक व बालिका शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना आवश्यक है। राष्ट्र को उन्नत और सफल बनाने के लिए स्त्रियों पर उतना ही दायित्व है जितना पुरूष पर। राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं का ज्ञान भी शिक्षा के द्वारा ही संभव हो पाता है। आज शिक्षा मानवीय जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह सामाजिक हो, आर्थिक हो, राजनीतिक हो, या सांस्कृतिक हो, स्त्री और पुरूष समान रूप से सक्रिय होते हैं साथ ही साथ शिक्षा, परिवार और देश के आर्थिक स्थिति को सुधारने में भी सहायक होते हैं।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि रायगढ़ जिले में स्त्री साक्षरता का स्थानिक प्रतिरूप पुरूष साक्षरता से कम है। वर्तमान समय में व्यक्ति का साक्षर होना अति आवश्यक है। समाज के सभी पक्षों में तालमेल बैठाने के लिए व अपने स्वयं के उत्तरदायित्वों को ठीक तरह से निभाने के लिए शिक्षा आवश्यक होता है, जिसमें स्त्री-पुरूष दोनों प्रमुख होते हैं। जो आज है, वो कल के हमारे भविष्य कहे जाते हैं। साक्षरता से ही सामाजिक विकास का मापदण्ड निश्चित किया जाता है। साक्षरता के विकास से ही मनुष्य अपनी सीमित परिवेश से बाहर निकल कर अपना एवं अपने समाज को विकास की ओर ले जाने में सक्षम होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. एस. डी. मौर्य (2014) जनसंख्या भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. हुसैन एम.आई. (2012) जनसंख्या भूगोल, कल्याणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. अल्का सक्सेना(2002) 'महिला शिक्षा का सामाजीकरण' रजत पब्लिकेशन नई दिल्ली।
4. डॉ. एस. सिसोदिया (2012) जिला दर्शन एवं सामान्य ज्ञान, उपकार प्रकाशन आगरा।
5. कार्यालय – महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ छत्तीसगढ़।
6. कार्यालय – जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. I, Issue XVIII

A Comparative Study Of Adjustment Among Early And Later Adolescents (Male And Female)

Dr. A. R. Lohia* Jyotsana Meghwal**

Abstract - Adolescence period is the stage in which various biological, psychosocial, emotional changes occur. Adjustment is major psychological process of balancing the conflicting needs. In this stage there is a problem of self-identity, peer group, self- acceptance, societal acceptance, their roles and responsibilities. So all they need is adjustment. For this in the present research paper efforts were made to find out the comparison between adjustment in early and later adolescents and also in male and female. Sample used was 60 from early adolescent and 60 from later adolescent (30 males and 30 females) from each group. Total of 120 samples are used.Sample age ranging is of 10- 19 years early adolescents from 10 to 14 years and later adolescents from 15 to 19 years. Test administered was Adjustment Inventory of school students by A.K.P.Sinha and R.P.Singh. The results indicated that early adolescents were found to be more adjusted as compared to later adolescents.
Key words - Adolescence, Adjustment, Early and Later Adolescents.

Introduction - Human Beings change over the course of life. Changes can be like physical development, cognitive development, social and emotional development. In this whole development process adolescent is major phase and stage of human being. Adolescent is the stage in which a child is preceding to the adulthood. It is a transitional stage of physical and psychological development that occurs during puberty and goes on till legal adulthood.

Early Adolescence - It is the age which is considered in between 10 to 14 years. In this various physical changes appear or we can say a growth spurt is there in which sex organs and secondary sexual characteristics are there. There are various external and internal changes in the individual. Recent neuro-scientific researches indicated that in this stage brain undergoes a burst of electrical and physiological development. The no, of brain cells can almost double in the course of year, with a consequent impact on emotional, physical and mental ability.

Later Adolescence - It is the stage which encompasses the latter part of the teenage years which is between the ages of 15 years and 19 years. In this the physical and psychological development is still going on. In this peer group opinions matters a most. Now there is confusion between self-identity and societal identity. Risk Taking behavior is very common in this age. For example smoking and doing experiments with drugs and alcohols.

Adjustment - Adjustment refers to the behavioral process of balancing conflicting needs, or needs against obstacles in the environment. Humans and animals regularly do this, for example, when they are stimulated by their physiological state to seek food, they eat (if possible) to reduce their hunger and thus adjust to the hunger stimulus. Adolescent had to go through a period of adjustment, or changing one's behavior to reach harmony with the environment. They deal with the hormonal changes, mainly with sexual and reproductive changes. They go through emotional changes, including feeling more emotional than usual. They try doing their best to deal with everything, but sometimes it's very difficult. When adolescents do not adjust well, it can't lead to depression, anxiety and other emotional problems, so it's very important that they continue to adjust.

Review Of Literature -

Makwana & Kaji (2014) conducted a study on Adjustment of Secondary School Students in Relation to their Gender. The result shows that there is no significant difference in Home, School and Emotional adjustment of boys and girls secondary school student. But there is significant difference in Social adjustment of boys & girls secondary school students at 0.05 level. It means boys are Social adjustment better than girls.

Louis, Preeti; Emerson, Arnold (2012) identified adjustment difficulties of high school students within a city. Ten schools, comprising of children from urban, rural, coeducational and convent schools were chosen and a student database comprising of 500 adolescent children was prepared. From this source list, 101 boys and 103 girls within age groups 14-18 years were chosen randomly. Students with behavioral problems, poor academic performances and health issues were excluded to ensure homogeneity. After obtaining informed consent, a self-report inventory -The Adjustment Inventory for School Students (AISS) was administered to small student groups over a

*Associate Professor (Psychology) Govt. Meera Girls College, Udaipur (Raj.) INDIA
**Research Scholar, UCSSH, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA

period of 1 month to understand perceived adjustment. Scoring was done manually and descriptive statistics, Pearson correlations and the independent sample's "t" test, were used to analyze data. Findings revealed that there were problems noted across emotional, social and educational domains in both boys and girls. However, there were no significant gender differences.

Sindhu, I. S. (2005) studied various objectives like to study male and female teachers' motivation to work; to study and compare school adjustment of boys and girls; to study and compare male and female students' liking towards their teachers; to compare the achievement of boys and girls; and to examine the extent of interrelationship between the above mentioned variables. A normative testing survey method and cross-sectional approach was used to collect the data. 32 teachers and 680 Standard X students were selected from the KendriyaVidyalayas of five zones of district Saharanpur through stratified random sampling technique. The tools used were: Teachers' Motivation to Work- the Test and Scale by B. Singh; Students' Liking Scale by S.P. Malhotra and B.K. Passi and School Adjustment Inventory by N.M. Bhagia. Findings were that male and female teachers were found to possess average or above average level of motivation to work. Most students displayed average and above average adjustment with school environment. The girls displayed superior adjustment as compared to the boys. The girls were found to have more liking for their teachers than the boys. No significant difference was found in the achievement of boys and girls. Low positive correlations were found between students' liking for their teachers and school adjustment.

Objective-

- To study the effect of adolescence (early and later) on adjustment.
- To study the effect of gender (male and female) on adjustment.

Hypothesis-

- There is no effect of stages of adolescents (early and later) on adjustment.
- There is no effect of gender (male and female) on adjustment.

Methodology-

Sample - The sample consisted of total 120 adolescent students (including both males and females) in the age range of 10 to 19 years (Early Adolescents- 10-14 years, Later Adolescents- 15-19 years.

Variables-

Independent variables -

Stages of adolescents - 1) Early Adolescents
2) Later Adolescents

Gender - 1) Male
2) Female

Dependent Variables- Adjustment

Tools - Adjustment inventory of school students - A.K.P. Sinha & R. P. Singh

Research Design - 2X2 Factorial Design

	Gender		
Stages of Adolescence	Male	Female	Total
Early	30	30	60
Later	30	30	60
Total	60	60	120

Procedure - The test was administered individually upon the male and female adolescents of each group. Brief instructions were given to them.

The scores obtained were analyzed statistically. Mean, S.D. and t value were calculated to see the effect of independent variables on dependent variables.

Result And Discussion -

Table1- **(See in the next page)**

Table 2- **(See in the next page)**

The table no. 1 shows that female adolescents reported good adjustment as compared to male adolescents. Significant relationship was found between male and female category. As in our Indian culture perspective there is always a male dominancy in families and society and therefore females are always told to adjust in all the matters either it is emotional or social. Chauhan (2013) conducted a study on study on adjustment of higher secondary school students of durg district. The t-test results indicate that there is significant difference in adjustment of higher secondary school's students and female students have good adjustment level when compared to the male students.

प्रस्तावना – गोस्वामी तुलसीदास हिन्दी साहित्य जगत के मूर्धन्य कवि हैं। उनकी गौरवशाली काव्य परम्परा आज भी राष्ट्रीय उत्थान के लिए प्रासंगिक हैं। कोई भी साहित्य अपने युग की आधारशिला पर ही प्रतिष्ठित होता है। सामान्य साहित्य उस युग की समस्याओं को अभिव्यक्त कर आप्तकाम हो जाता है, जबकि विशिष्ट साहित्य अनागत के लिए भी दिव्य संकेत दे जाता है। गोस्वामी तुलसीदास के कालजयी साहित्य में इतने सबल संकेत हैं कि वर्तमान संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता सिद्ध है। तुलसीदास भारत वर्ष के अमर कवि ही नहीं, मध्यकालीन भारत के प्रतिनिधि कवि हैं और हम आज भी उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। महान साहित्य अपने युग के लिए ही सार्थक नहीं वरन् भविष्य के लिए भी सार्थक होता है। रामकथा के माध्यम से जिस सामाजिक और नैतिक आदर्श की स्थापना तुलसी ने की है, वह अतुलनीय है। श्रद्धा और विश्वास की गहराई के कारण ही उनका काव्य इतना स्थायी महत्व प्राप्त कर सका है। 'तुलसी की काव्य प्रतिभा बहुमुखी थी और उत्कृष्ट भी। किसी भी कवि ने कदाचित जीवन को इतने व्यापक दृष्टिकोण से नहीं देखा। आकाश की भाँति सबको व्याप्त करने की क्षमता उन्हीं में दिखाई पड़ती है। तभी तो उनका काव्य धार्मिक काव्य होते हुए भी हिन्दी भाषा भाषियों का शताब्दियों तक जीवन साथी बना रहा। उनका काव्य जीवन की प्रत्येक स्थिति, और किसी भी मनोवृत्ति में शक्ति, सांत्वना या आनंद प्रदान करता रहा । तुलसी उसी काव्य को श्रेष्ठ समझते थे, जो गंगा की भाँति सबको हितकारी हो। उनका काव्य सार्वजनीनता, स्थायित्व, रसात्मकता और भावमग्नता लिए हुए है।'[1] तुलसीदास जी ने श्री राम का चरित्र चुना। जो मर्यादा पुरूषोत्तम हैं और हर तरह से आदर्श के प्रतिरूप हैं। आदर्श पुत्र, आदर्श शिष्य, आदर्श पति, आदर्श भ्राता, आदर्श मित्र एवं आदर्श शासक आदि।'

वर्तमान संदर्भ में आधुनिक परिवेश में क्रांति और विघटन की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। धार्मिक, सामाजिक, नैतिक, सभी मूल्यों में आज उथल-पुथल मची हुई है। व्यक्ति अपना कर्त्तव्य तो करते नहीं हैं और दूसरों के अधिकारों पर हावी होना चाहते हैं। क्षुद्र लौकिक स्वार्थ पूर्ति ही उनके लिए सब कुछ है। चारित्रिक पतन ही आज की सबसे विषम समस्या है। यह चारित्रिक पतन व्यक्ति, परिवार एवं शासन सभी में दिखाई दे रहा है। आज व्यक्ति बिगड़ रहा है, परिवार विघटित हो रहें हैं और शासन सँभाले नहीं सँभल रहा है। इन सबका कारण चारित्रिक पतन है। तुलसीदास जी ने चार सौ वर्ष पहले इस वर्तमान युग का कोना-कोना झाँक लिया था। उन्होंने न केवल इसका वर्णन ही किया अपितु इसका उचित उपचार भी अपने, ग्रंथों में बता दिया है। समसामयिक परिवेश में 'रामचरित मानस' में व्यक्त विचारों के श्रवण एवं मनन की अपरिहार्यता भी बढ़ गई है। तुलसी ने भटकती पीढ़ी को दिशाबोध किया है। समसामयिक परिस्थिति का वर्णन मानस में दृष्टव्य है –

मारग सोइ जा कहँ जो भावा, पंडित सोइ जो गाल बजावा ।।
मिथ्यारंभ दंभरत जोई, तो कहुँ सन्त कहहिं सब कोई ।।
सोइ सयान जो पर-धन-हारी, जो कर दंभ सो बड़ आचारी ।
जो कह झूठ मसखरी जाना, कलियुग सोइ गुनवन्त बखाना ।।
जे अपकारी चार, तिन्ह कर गौरव मान्य तेइ ।।
मन-क्रम-वचन लवार, तेइ वक्ता कलिकाल महँ ।।

पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण पर भारत में भी आज पारिवारिक विघटन, अलगाव भाव दिखाई दे रहा है। आज की परिस्थिति में यदि रामचरित मानस के राम मंत्र के मर्म से अवगत हो जाएँ तो समग्र सृष्टि का कायाकल्प हो जाए। ईर्ष्या-विद्वेष से मूर्च्छित परिवारों में रामप्रेम- अमृत से नवजीवन प्राप्त हो सकता है, इसमें संदेह नहीं है। 'सियाराम मय सब जग जानी' तुलसी के इस राम परिवार में मानव समाज ही नहीं वरन् समग्र सृष्टि समाहित हो जाती है।

यद्यपि यह सत्य है कि तुलसीदास जी के काव्य में नारी संबंधी कटु उक्तियाँ अवश्य मिलती हैं, परन्तु तुलसी की दृष्टि में नारी सदाचार से ही परिवार का कल्याण, समाज का संवर्धन एवं राष्ट्र उत्थान संभव है। उन्होंने मर्यादाविहीन शूर्पणखा सदृश नारियों को ही भर्त्सना की है। चाहे वन प्रदेश की भीलनी शबरी हो, या राजधराने की मंदोदरी हो, ये सभी नारियाँ तुलसी की दृष्टि में पूज्या हैं। आज पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से भारतीय नारी कभी एक पुरूष को छोड़कर दूसरे की ओर और कभी तीसरे की ओर अपनी कामतृप्ति के लिए दौंड़ रही है तो समाज में हर मिनिट पर तलाक का ही घिनौना नाटक होता रहेगा। इस संबंध में तुलसी का मत है कि आज भी पुरूषों का जीवन तब तक सुखमय नहीं हो सकता जब तक समाज में सीता के समान नारियों का आचरण नहीं होगा। वे मंदोदरी, कैकेयी आदि के रूप में नारी के उस रूप को भी प्रस्तुत करते हैं जो समान स्तर पर पुरूष के साथ अपने अस्तित्व को व्यक्त करती है। वह पति के बाहरी कार्यकलापों में खुले आम हिस्सा लेती है, हस्तक्षेप करती है, उन्हें सलाह देती है, और आवश्यकता पड़ने पर विरोध भी करती है। इस तरह उन्होंने कई प्रसंगों में नारी के समान अधिकार की प्रस्तुति भी की है। कवि के शब्दों में –

सुनहु नाथ सीता बिनु दीन्हें । हित तुम्हार संभु अज कीन्हें ।
राम चरित मानस 5/36/10
राम विरोध कंत परिहरहू । जानि मनुज जनि हठ मन धरहू । 6/14/8
कंत समुझि मन तजहु कमति ही । सोह न समर तुम्हहिं रघुपति ही । 6/36[1]
निकट काल जेहि आवत साँई । तेई भ्रम होइ तुम्हारेहि नाँई । 6/37/8

तुलसीदास मानव जीवन के संस्कारक कवि हैं। उनकी सामाजिक चेतना

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.) भारत

किसी लोकनायक से कम नहीं थी। सांस्कृतिक पुनरूत्थान की चेतना उनके काव्य में अपना चरमोत्कर्ष पा सकी। धर्म, समाज, राज्य व्यवस्था आदि की तात्कालिक विविध समस्याओं को उन्होंने उनके पूरे संदर्भ में पकड़ा और सांस्कृतिक आदर्शों की नैतिक भित्ति पर उनका यथोचित समाधान उपस्थित किया।[2]

तुलसी के काव्यों में आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था संबंधी दृष्टि विद्यमान है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था के जननायक श्री राम आधुनिक प्रजातंत्र में चुने गए जनमान्य नेता है। यद्यपि श्री राम को अपने पिता राजा दशरथ के द्वारा शासन मिला था, किन्तु गंभीरता से देखा जाए तो राजा दशरथ पंचों की राय लेकर ही राम को 'राजा' बनाना चाहते थे।

जो पाँचों मत लागह नीका।
करहु हरषि हिय रामहिं टीका ।।

श्री राम का चरित्र बताता है कि कलह की नींव पर बना शासन दुर्ग कभी चिरस्थायी नहीं हो सकता है। इतना ही नहीं जो व्यक्ति त्यागने की सामर्थ्य रखता हो, जिसे गद्दी के प्रति मोह नहीं हो, वही असली जननायक हो सकता है। वर्तमान प्रजातंत्र में कितना मोह है, कुर्सी बरकरार रखने के लिए क्या-क्या कुकर्म नहीं किए जाते हैं, यह हम सभी जानते हैं, किन्तु श्री राम ने जनता के चाहने पर भी अयोध्या का विशाल राज्य ठुकरा दिया। जब कलह की विष बेल सूख गई, जब कैकेयी- मंथरा का हृदय परिवर्तन हो गया, तब उन्होंने स्वीकार किया। कवि के शब्दों में -

कुटिल रानी पछितानि अघाई।

तुलसीदास के पात्र राजा दशरथ और राम पुरानी शासन व्यवस्था के राजपुरूष भले हों, परन्तु तुलसीदास जी ने उन्हें आधुनिक प्रजातांत्रिक भावनाओं के अनुरूप ही बनाया है। श्री राम लंका से लौटकर अयोध्या के राजसिंहासन पर बैठे अवश्य किन्तु उन्होंने किसी अधिनायक की भाँति शासन में निरंकुशता नहीं की। उन्होंने अपनी प्रजा को इतनी छूट दी कि -

जो अनीति कछु भाखौ भाई। तौ मोहि बरजौ भय बिसराई ।।

यद्यपि राजा दशरथ का स्वभाव राजतंत्र में ढले हुए व्यक्ति का स्वभाव है। उन्हें अपने अधिकार के बल पर अहंकार था, किन्तु राम दशरथ सुत होते हुए भी अपने आचरण में भिन्न थे। वे प्रजातांत्रिक व्यवस्था के जननायक थे। वे मानव मात्र की समानता के पोषक हैं। चाहे भीलनी शबरी हो, वानरवंशी सुग्रीव, अंगद, हनुमान हों या राक्षसवंशी विभीषण हों, सभी के प्रति समभाव था। वे ऐसे शासक थे, जिन्होंने राज्य के लिए समाज की उपेक्षा नहीं की वरन् समाज की इच्छा पर अपने व्यक्तिगत सुखों को तिलांजलि दे सकते थे। तुलसी के राम ने समाज के छोटे से व्यक्ति के कहने पर सीता का परित्याग कर दिया था। तुलसी यहाँ शासक को निरंकुश उत्तराधिकारी नहीं वरन् जनता का प्रतिनिधि रूप में देखते है। दूसरी ओर लगभग समस्त प्रशासकीय-शासकीय कार्य व्यापार (आदर्शीकृत रूप में) प्रजा की सहमति से भी होते दिखाते हैं -

सुनह सकल पुरजन मम बानी।
कहौं न कछु समता उर आनी ।।
नहिं अनीति नहिं कछु प्रभुताई।
सुनह करहु जो तुम्हहिं सुहाई ।।

तुलसी की दृष्टि में भौतिक उपलब्धियों एवं वैज्ञानिक संसाधनों से ही मानव का कल्याण संभव नहीं है। रामचरित मानस की स्वर्णमयी लंका वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रतीक है। यदि वैज्ञानिक उपलब्धियों पर रावण का आधिपत्य हो जाए तो वह सज्जनों का रक्त शोषण करेगा। उस रावण का हृदय संकुचित है, वह मस्तिष्क प्रधान व्यक्ति है तो समाज में अशांति और अव्यवस्था फैलेगी। आज हजारों रावण पैदा हो गए हैं। वर्तमान संदर्भ में आंतकवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार, नरसंहार इसी का प्रतीक हैं। आज तुलसी के विशाल हृदय राम की आवष्यकता है। जो स्वयं संकट सहते हैं। संकट से लोगों को उबारने के लिए कठिन राह पर चल पड़ते है। जो देश की ग्रामीण जनता की सुसुप्त शक्ति को जागृत करते हैं। तुलसीदास जी का संदेश है कि आज आवश्यकता है कि हम अपने में राम की शक्ति का आह्वान करें। जिस तरह तुलसी राम के माध्यम से शासक और शासित के बीच के भेद को राजनैतिक स्तर पर समाप्त करके आंशिक रूप से ही सही परन्तु प्रजातांत्रिक समाज का चित्र खींचने का प्रयास करते हैं। उसी तरह सीता के माध्यम से स्वामी ओर सेवक के बीच के अंतर को सामाजिक स्तर पर समाप्त करके एक समानतावादी समाज की पेशकश भी करते हैं।

'जद्यपि गृह सेवक सेवकिनीं। विपुल सदा सेवा विधि गुनीं।
निज कर गृह परिचरजा करई। रामचन्द्र आयसु अनुसरई ।।'

रामचरित मानस 7/24/5-6

तुलसी की प्रजातांत्रिक समझ का यह भी एक अंग है कि शासक को मुख से (मुख की तरह) निर्देशक के रूप में ही शासक होना चाहिए और हाथ, पैर तथा ऑखों से अर्थात् कर्म से जनता का सेवक होना चाहिए।

'सेवक पद कर नयन से, मुख से (सौं ?) साहिब होई।
तुलसी प्रीति कि रीति सुनि, सुकबि सराहहि सोइ ।।'

दोहावली, 523

तुलसी के रामराज्य की कल्पना तत्कालीन दुर्व्यवस्था के समानांतर सुव्यवस्था की तलाश है। दूसरी ओर वे कठोर दंड और कानून का विधान करते हैं।

भलेहु चलत पथ पोच भय नृप नियोग नयनेम।
सुतिय सुभूपति भूषिअत लौह संवारित हेम ।।

दोहावली, 506

तुलसी के अनुसार ऐसा प्रजातंत्र जिसमें सुख-समृद्धि की कामना है। क्लेश या संताप के लिए स्थान नहीं है और जीवन का प्रत्येक क्षेत्र उन्नत है। व्यक्तियों में आपस में प्रीति है। एक दूसरे को बाधा नहीं पहुँचाते हैं।

खेती बनि विद्या बनिज, सेवा सिलिप सुकाज।
तुलसी सुर तरू सरिस सब सुफल राम के राज ।।

दोहावली, 184

कोपे सोच न पोच कर, करिय निहोरन काज।
तुलसी परिमित , प्रीति की, रीति राम के राज ।।

दोहावली, 186

वे राजा प्रतापभानु के राज्य को श्रेष्ठ बताते हैं, क्योंकि वे बल पाकर भी रावण की तरह अमानवीय कार्यो में प्रवृत्त नहीं होते है। 'सोलहवीं शताब्दी के सामंती परिवेश में तुलसी का प्रजातांत्रिक रूझान उनके मानववाद के क्षितिज को युग से बहुत आगे ले आता है। आदर्श की स्थापना, सुव्यवस्था की चेष्टा, उत्तमता की हिमायत, कर्म की प्रधानता, व्यापक मानवीय धरातल पर समानता का प्रयास, श्रेष्ठ शासन, शासक और उत्तम व्यक्तियों की कल्पना, वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना आदि के कारण मानववाद की व्यापक लोकतात्विक दृष्टि सामाजिक राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में बहुत कुछ साकार हो उठी है। यहाँ तुलसी राम को मात्र मानव हितकारी स्वरूप में ही नहीं अपितु युग की मरणासन्न मानवता के रक्षक के रूप में भी सामने लाते है।'[3] 'तुलसी शासक और शासित के संबंधों में व्यावहारिक रूप देने का

प्रयास करते हैं। तुलसी का यह चिंतन उनकी प्रजातांत्रिक, सह अस्तित्वपरक, समदर्शी दृष्टि का परिचय कराता हुआ और समष्टि में मानववादी चेतना का आभास देता हुआ उन्हें उन सजग रचनाकारों की पंक्ति में ला खडा करता है, जिन्हें हम भविष्य दर्शी रचनाकार के रूप में पहचानते हैं।[4]

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि तुलसीदास जी के साहित्य में आत्मकल्याण और जनकल्याण के प्राय: सभी तत्व प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त हुए है। 'रामचरित मानस' के रूप में उन्होंने पथ भ्रमित समाज को प्रकाश स्तंभ दिया है। तुलसी की अमर वाणी का संबल जीवन पथ के प्रत्येक पथिक को हितकारी है। न केवल भारत अपितु चारित्रिक कुंठाओं से ग्रस्त विश्व को तुलसी साहित्य दिशाबोध देने में समर्थ है। वर्तमान संदर्भ में तुलसीदास का साहित्य गंभीर अध्ययन की अपेक्षा रखता है। विरक्त जीवन में समाज की तुलसी जैसी हित चिंता और बलवती राष्ट्रीयता क्या अनहोनी घटना नहीं समझी जाएगी। यह भारतीय संतों का ही कार्य हो सकता है। जिसका आकलन तुलसी साहित्य में हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. (सं.) प्रो. कांतिकुमार जैन, प्रो. धनंजयवर्मा – भक्तिकालीन काव्य, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, पृ. 34
2. वही पृ. 34
3. अरूणप्रकाश मिश्र, तुलसी का मानववाद, अंकुर प्रकाशन 1/3017, रामनगर, मंडोली रोड, शाहदरा दिल्ली– 110032, पृ. 103
4. वही पृ. 106

सहायक ग्रंथ सूची :–

1. रामविलास शर्मा : भाषा, युगबोध और कविता, वाणी प्रकाशन 61–एफ, कमला नगर, दिल्ली–110007, प्रथम संस्करण– 1981
2. संपादक डॉ0 कृष्णचंद्र वर्मा, डॉ. गंगाप्रसाद बरसैया, डॉ0 गंगानारायण त्रिपाठी, मध्यकालीन काव्य, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रथ अकादमी, भोपाल प्रथम संस्करण 1987
3. डॉ0 शांतिस्वरूप गुप्त – साहित्यिक निबंध, अशोक प्रकाशन,नई सड़क, दिल्ली–6 नवीन संस्करण 1990
4. डॉ0 राजेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी एवं राकेश – हमारे कवि और लेखक, प्रकाश केन्द्र, रेलवे क्रासिंग, सीतापुर रोड, लखनऊ– 226020, 1991
5. डॉ0 गणपतिचन्द्र गुप्त – साहित्यिक निबंध, लोक भारती प्रकाशन, 15–ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–1, आठवां संस्करण– 1984
6. डॉ0 योगेन्द्रप्रतापसिंह – विनय पत्रिका (पाठ समीक्षा तथा विवेचन), लोक भारती प्रकाशन, 15–ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–1, तृतीय संस्करण–2003
7. डॉ0 नगेन्द्र – कालजयी कृतियाँ, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 23, दरियागंज, नयी दिल्ली– 110002, प्रथम संस्करण – 1980
8. डॉ. योगेन्द्रप्रतापसिंह – श्री रामचरित मानस (द्वितीय सोपान, अयोध्याकॉड), लोक भारती प्रकाशन, 15–ए, महात्मा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–1, छठां संस्करण–2005
9. अरूण प्रकाश मिश्र – तुलसी का मानववाद , अंकुर प्रकाशन, 1/3017, रामनगर, मंडोली रोड, शाहदरा, दिल्ली– 110032, प्रथम संस्करण– 1987
10. संपादक मंडल – डॉ0 धीरेन्द्र वर्मा (प्रधान) डॉ0 ब्रजेश्वर शर्मा श्री रामस्वरूप चतुर्वेदी, डॉ0 रघुवंश – हिन्दी साहित्य कोष (भाग– 1, 2), ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी–1, पुनर्मुद्रित– 2006
11. डॉ0 रामप्रसाद मिश्र – हिन्दी साहित्य का वस्तुपरक इतिहास, सत्साहित्य भण्डार, 57–बी, पॉकेट– ए, फेज–2, अशोक बिहार, दिल्ली– 110052, संस्करण– 1998
12. प्रो0 कान्तिकुमार जैन, प्रो0 धनंजय वर्मा, भक्तिकालीन काव्य मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, चतुर्थ आवृत्ति– 1994
13. डॉ0 बल्देव प्रसाद मिश्र, तुलसी की राम–कथा, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल–1
14. कांतिकुमार जैन (प्रोफेसर), चन्द्रभागधर द्विवेदी (प्रोफेसर) , सात कालजयी कवि, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल प्रथम संस्करण– 1983
15. डॉ0 देवीशरण रस्तोगी, मध्यकालीन कवि और उनका काव्य, राजहंस प्रकाशन मंदिर, धर्म आलोक, रामनगर, मेरठ (उ.प्र.) संस्करण 1984
16. रामस्वरूप चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, लोक भारती प्रकाशन,15–ए, महात्मागांधी मार्ग, इलाहाबाद–1, पन्द्रहवां संस्करण– 2001
17. डॉ0 बदरीनारायण श्रोत्रिय, सूर एवं तुलसी का सौंदर्य भावना चन्द्रलोक प्रकाशन, 128/783, वाई ब्लॉक, किदवई नगर, कानपुर– 208011, प्रथम संस्करण– 1991
18. वचनदेव कुमार, तुलसी, विविध संदर्भो में, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली–8, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली, 110002, प्रथम संस्करण– 1977

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. I, Issue XVIII

समकालीन हिंदी कहानी- नारी पात्रों के दोहरे दायित्व का संघर्ष

डॉ. रागनी चौहान *

प्रस्तावना – 'हम भारतीय कई तहों में जीते है। यदि हम मन की सलवटों को समझते है, तो यह जरूर स्वीकारेंगे कि औरत का 'मानवीय रूप का सहोदरा' कही जाने के बावजूद स्वीकृत नहीं है। लोग चाहते हैं कि औरत सारी भूमिकाओं को बिना किसी शिकायत के निभाए। वह पति के ड्राईंग रूम की शोभा भी बने और पलंग की मखमली बिछावन भी। स्पष्टवादिता, स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अपने अधिकार की बात करना मानो उसका गुनाह माना जाता है। आज औरत गाय की तरह घर के दरवाजे पर रंभाती है और बछड़े के बदले घास का पुलता थनों से सजाए कातर होकर दूध देती है। बात चाहे पूरब की हो या पश्चिम की, स्थिति एक सी है। कागज के पन्नों में औरत देवी है, शक्तिरूपा है, लेकिन व्यवहार में औरत की क्या हस्ती है? शरीर के अलावा उसकी और कोई पूजा नहीं।'[1]

'कामकाजी नारी अर्थात् वह नारी जिसे काम करने की तनख्वाह मिलें।'[2] कामकाजी महिला वह है, जो किसी सरकारी, निजी कार्यालय में, खेत-खलिहान में, या किसी ठेके की मजदूर के रूप में काम करने वाली, जिसका उसे पारिश्रामिक मिले। कामकाजी नारी को घर और बाहर दोनों जगह दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है और दोहरे संघर्ष से भी गुजरना पड़ता है। महिलाएँ अपने पारिवारिक या आर्थिक मजबूरी के कारण या अपने पैतृक व्यवसाय को बनाए रखने आदि कारणों से नौकरी या व्यवसाय करती है, लेकिन यह विवश्ता उनके लिए किसी सजा से कम नहीं है। घरेलू और बाहरी कामों में वह पिस जाती है। सुबह जल्दी उठना, घर के सब कामों को निपटाना, रेल-बसों में धक्के खाना, राह चलते मनचले लोगों द्वारा छेड़खानी की शिकार होना, लोगों के अश्लील फिकरे व तानों से मानसिक व शारीरिक घुटन को झेलना उसकी नियति बन गई है।[3]

घरेलू संघर्ष – एक महिला सबसे पहले अपने घर परिवार को प्राथमिकता देती है। यदि वह कामकाजी महिला है, तो वह अपने बाहर के काम के साथ-साथ अपने परिवार का भी ध्यान बखूबी रखती है, परंतु जब यही परिवार उसका किसी भी तरह से ध्यान न रखे, सहयोग न करके, उसकी अवहेलना करें, उसे मानसिक व शारीरिक यातनाएं दे तो वह नारी अत्यंत आहत हो जाती है। कई बार महिलाओं को (निम्न व मध्य वर्ग की) अपने परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मजबूरी में नौकरी करने के लिए घर से बाहर निकलना पड़ता है, और उसकी इस मजबूरी का फायदा बाहर वाले उठाने से नहीं चूकते हैं। मृणाल पांडे की कहानी 'उमेश जी' की नायिका मजबूरी में अपने परिवार के दबाव के कारण नौकरी के लिए जब इंटरव्यू देने जाती है, तब उसका बॉस (उमेश) उसे अपने घर बुलाता है और पूछता है कि वह नौकरी पाने के लिए क्या कर सकती है? लेखिका ने कहानी में संकेतात्मक रूप से बताया कि नायिका को नौकरी अपनी देह का सौदा करके मिली है।[4] मेहरून्निसा परवेज की कहानी 'विद्रोह' की नायिका नीना भी मजबूरीवश नौकरी करती है। उसके पिता सेवानिवृत्त है। परिवार का सारा भार नीना पर है। हर महीने उसे पिता के लिये दवा और माँ तथा छोटे भाई बहनें के लिए कपड़े लेने होते हैं। इन जिम्मेदारियों के चलते उसका विवाह भी नहीं हो पाता है। उसके माँ-बाप बुढ़ापे में भी बच्चे पैदा करते हैं। नीना की बढ़ती उम्र एवं बुढ़ापे में भी माँ-बाप द्वारा बच्चे पैदा करने पर जब बाहर वाले लोग नीना को ताना देते हैं तब वह इन सब बातों से अत्यंत निराश और दुखी होती है। दफ्तर से आने पर माँ का फिर से गर्भवती होने पर उल्टियां करना, बच्चों की लाईन देखकर घर के इस वातावरण से नीना को खीझ होती है। समय पर विवाह न हो पाने के कारण वह अपने कार्यालय के ही एक व्यक्ति (नायडू) के साथ विवाह करने के लिए तैयार हो जाती है। विवाह के लिए वह नौकरी छोड़ने का फैसला लेती है, तब ही उसके पिता नीना के पास आकर कहते हैं कि अगर उनकी आंखों का ऑपरेशन नहीं हुआ तो वह अंधे हो जाएगे। यह बात सुनकर नीना नौकरी छोड़ने का फैसला बदल लेती है। उसके हाथ में रखा त्याग-पत्र टुकड़े-टुकड़े हो जाता है।[5]

कई बार नारी अकेली परिवार की संचालिका होने के कारण विवाह नहीं कर पाती है, तो कई बार उसके परिवार वाले ही उसका विवाह स्वार्थवश नहीं करते कि परिवार का खर्चा कौन चलाएगा। कभी-कभी अधिक उम्र हो जाने के कारण भी नारी स्वयं ही विवाह नहीं करती और कभी हो भी जाए तो कारण यह रहता है कि वह एक नौकरी पेशा है, कमाऊपूत है। चित्रा मुद्गल की कहानी 'लाक्षागृह' की नायिका मुन्नी भी परिवारिक आर्थिक संकट के कारण विवाह देरी से करती है परंतु जिससे वह विवाह करना चाहती है (सिन्हा से) वह केवल उससे इसलिए विवाह करना चाहता हैं क्योंकि वह नौकरी करती है, उसका वेतन अच्छा है, परंतु जब सुन्नी विवाह की खुशी में नौकरी से इस्तीफा देने की बात सिन्हा से करती है तब सिन्हा नाराज हो जाता है और सुन्नी को बुरा-भला कहता है- 'तुम बदशक्ल ही नहीं बे-अक्ल भी हो।' सिन्हा सुन्नी को इस्तीफा वापिस करने को कहता है। सुन्नी समझ जाती है कि उससे विवाह सिर्फ उसके रूपयों के लालच में ही किया जा रहा है। अत: सुन्नी सिन्हा से कहती है कि वह विवाह नहीं करेगी। कामकाजी नारी का वेतन उसके लिए अभिशाप भी बन जाता है। यह इस कहानी से परिलक्षित होता है।[6]

कामकाजी नारी को दोहरी जिंदगी जीनी पड़ती है। इस दोहरे जीवन से उसके हर रूप-पत्नी, बेटी, बहन यहाँ तक की मातृत्व रूप भी प्रभावित हो जाता है। चित्रा मुद्गल की कहानी 'शून्य' और मृदुला गर्ग की कहानी 'चक्कर गिन्नी' में मातृत्व के अलग-अलग रूप देख सकते है। 'शून्य' कहानी की नायिका तलाकशुदा है, वह अपना बेटा अपने पति व सौत के हाथ नहीं देना

* अतिथि विद्वान (हिन्दी) नवीन शासकीय महाविद्यालय, चंदिया, जिला-उमरिया (म.प्र.) भारत

चाहती है। वह कामकाजी है, इसलिए वह इतना हौसला रखती है कि अपने बेटे का पालन-पोषण कर सकती है। वह कानूनी रूप से अपने पुत्र को पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ने के लिए भी तैयार हो जाती है। दूसरी तरफ 'चक्कर गिन्नी' की नायिका विनीता की मां कामकाजी है, हमेशा घर-बाहर के काम में व्यस्त होने के कारण मां विनीता का अच्छे से ध्यान नहीं रख पाती है, उसे कभी वक्त नहीं दे पाती है। आम मांओ की तरह उसे उतना लाड़-प्यार भी नहीं कर पाती, इससे विनीता हमेशा दुखी रहती है और जब उसका विवाह होना होता है, तब वह घरेलू पत्नी बने रहना पसंद करती है, और बनी भी रहती है, परंतु एक दिन विनीता की पुत्री माया उसे कहती है कि- 'आप सारा दिन घर पर ही क्यों बैठे रहती हो, कोई जॉब क्यों नहीं करती।' उसका पति भी उसे काम (जॉब) करने का आग्रह करता है। फिर विनीता अपनी माँ के पास जाकर कहती है कि- 'आप मुझे रिसेप्शनिस्ट रख लीजिए।'[7] कामकाजी महिला के संघर्ष एवं दर्द को तभी समझा जा सकता है कि जब कोई खुद उसकी भूमिका में जीकर देखे।

कामकाजी महिला के प्रति हमेशा यह धारणा रखी जाती है कि वह हमेशा प्रसन्नचित रहे और अपने दुख तकलीफों की शिकन अपने माथे में कभी आने न दें। यशपाल जैन की कहानी 'ब्योमबाला' में नायक को हवाई यात्रा के दौरान दो महिलाएं (दोनों एयरहोस्टेज) मिलती है। पहली महिला के व्यवहार से नायक उस पर क्रोध करता है। जब उसे दूसरी महिला (मर्सी) मिलती है, तब उसे (नायक) को पता चलता है कि या यह एहसास हो जाता है कि हमेशा काम के वक्त सुंदर दिखने वाली नारी खुश नहीं रह सकती है। मर्सी भी मजबूरी में काम करती है। इस कहानी में विमान परिचालिका एयरहोस्टेज की पीड़ा व दर्द को नायिका मर्सी के माध्यम से बताया गया है। एक कामकाजी महिला होने पर भी उसकी अपनी मेहनत की कमाई पर पूर्ण अधिकार नहीं रहता है। घर-परिवार वाले उसे किसी न किसी प्रकार से प्रताड़ित ही करते रहते हैं। यदि महिला अपने परिवार से कुछ मदद मांगे तो कभी पति, कभी सास या घर के अन्य लोग जानबूझ कर उसे नीचा दिखाने के लिए उसकी मदद नहीं करते। कई महिलाएं कामकाजी होने पर भी पति व ससुराल वालों की मार डांट खाती रहती है। वह चाह कर भी अपने ऊपर होने वाले अन्याय के प्रति आवाज नहीं उठा पाती। घर के काम के साथ-साथ उसे बाहर के भी काम करने पड़ते है। यदि वह नौकरी करना छोड़ना भी चाहे तो उसके परिवार वाले उसे नौकरी छोड़ने नहीं देते, कारण उसे पैसा कमाने की सिर्फ मशीन समझा जाता है। ममता कालिया की कहानी 'मनहूसाबी' एवं सूर्यबाला की कहानी 'गैस' में यह त्रासदी आसानी से देखने को मिलती है।[8]

कामकाजी नारी दहेज के लिए किस तरह प्रताड़ित होती है। इसे हम नमिता सिंह की कहानी 'एक बेताल कथा और' में देख सकते है। इस कहानी की नायिका कल्पना पढ़ी लिखी सुंदर है। पढ़ाई छोड़ने के कुछ साल बाद वह अपने अकेलेपन से ऊब कर चित्रकला व नृत्य सिखाने के लिए अपने ही घर में स्कूल खोलती है परंतु जब उसका विवाह हो जाता है, तब उसे अपना स्कूल बंद करना पड़ता है। शादी के समय पिता द्वारा दहेज की पूरी रकम न मिल पाने के कारण कल्पना के ससुराल वाले हर रोज उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं, जब वह अपने मायके जाती है, तब कल्पना अपने पिता से कहती है कि वह उसे 'ससुराल न भेजे' वह मायके में बोझ बनकर नहीं रहेगी। दुबारा कोई नौकरी कर लेगी। पर वह वापिस ससुराल नहीं जाएगी परंतु विवाहित नारी का मायके में रहना समाज की नजर में अच्छा नहीं माना जाता इस कारण कल्पना के माता-पिता उसे वापिस भेज देते हैं। अंत में कल्पना की मृत्यु हो जाती है। उसके ससुराल वाले कहते हैं कि स्टोव के फट जाने से कल्पना की मौत हो गई।

हमारे समाज में न जाने ऐसे ही कितनी कल्पना आज भी स्टोव के फटने से मर जाती है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के बावजूद भी अधिकांश महिलाएं शोषित होती रहती है।

बाहरी संघर्ष – कामकाजी महिलाओं को घरेलू संघर्ष तो सहना पड़ता है परंतु वह बाहरी संघर्ष से भी अछूती नहीं रह पाती है। स्त्रियों की विडम्बना तो देखिए कि घर परिवार का भरपूर साथ व स्नेह मिलता है, तब भी उसे बाहरी संघर्ष से दो-चार होना ही पड़ता है। महिलाए घर से बाहर जब किसी कार्यालय, खेत-खलिहान या कल-कारखानों में काम करने जाती है, तो उसे अनेक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है, यदि कामकाजी नारी सुंदर है तो उसके काम को उसकी संदुरता से आंका जाता है, जब उसकी सुदंरता कम या खत्म होने लगती है। तब उसकी नौकरी भी खत्म हो जाती है। कुसुम अंसल की कहानी 'सन्नाटे की खीझ' की नायिका पूर्वा एक एयर होस्टेस है जो कि स्वतंत्र मिजाज की है, परंतु एक दिन उसकी मौत हो जाती है। पुलिस के अनुसार उसका बलात्कार हुआ था। एयरहोस्टेस की नियुक्ति ही सुदंरता के आधार पर होती है। जब तक सुंदरता है तब तक ही नौकरी रहती है। कहानी कि नायिका की सुंदरता उसकी मौत का कारण बन जाती है।

कई बार कार्यालय में या सहकर्मी के द्वारा नारी बलात्कार का शिकार हो जाती है। दिनेश पालीवाल की कहानी 'पतझड़ के पहले' कहानी में मुन्नी नाम की लड़की अपने कार्यालय में बलात्कार की शिकार हो जाती है। कामकाजी नारी को कभी उसके ही सहकर्मी उसे बदनाम करते हैं। यदि वह काम में अपनी मेहनत से तरक्की पाती है, तो उसे जानबूझकर इतना मानसिक प्रताड़ित किया जाता है कि वह हताश व निराश हो जाती है। कृष्णा अग्निहोत्री की कहानी 'खत जो गुमनाम थे' में देखा जा सकता है कि किस तरह कामकाजी महिलाओं को किस-किस तरह से बदनाम किया जाता है, सहकर्मी के साथ नाम जोड़ा जाता है। यदि वह विद्रोह करती है, तो उन्हें सताया जाता है, मानसिक प्रताड़ित किया जाता है। उनके काम में जानबूझकर गलतियां निकाली जाती है, उनका यदि कोई कार्यालयी काम हुआ तो उसे टाल दिया जाता है। ममता कालिया की कहानी 'जांच अभी जारी है' कि नायिका जब अपने सहकर्मी के चंगुल में नहीं फंसती तब उसके सहकर्मी उसे सबक सिखाने के लिये उस पर गलत आरोप लगाते है। नायिका दिन-ब-दिन मानसिक पीड़ा सहती रहती है, परंतु वह निर्दोष है, इसका वह सबूत नहीं दे पाती। वह बेहद परेशान हो जाती है। एक कामकाजी नारी पुरूषों से अपना शोषण न करवाने के कारण मक्कार और बेईमान इंसान करार दी जाती है।

एक कामकाजी नारी को यातायात के समय कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उसका सफर कितना दुखदायी होता है। रेल-बसों के धक्के खाना, भीड़ में मनचलो के द्वारा फब्तियां को सहन करना आदि। दिनेश पालीवाल की कहानी- 'बोल मेरी मछली' की नायिका रेल्वे स्टशेन पर है, लोकल ट्रेन अचानक रद्द होने के कारण स्टेशन में भीड़ है। इस भीड़ में नायिका अन्य महिलाओं के साथ खुद भी कमर में पल्ला खोंसकर बैग कंधे में फंसा कर जगह पाने की तैयारी में लग जाती है। इस दृश्य से कामकाजी नारी की भागा-दौड़ जीवन शैली का पता चलता है। इसी तरह ही चित्रा मुद्गल की कहानी 'ताशमहल' की नायिका शुभू को भी अपने दफ्तर जाने के लिए रोज-रोज यातायात की जानलेवा यातना से गुजरना पड़ता है। उसकी कभी बस छूट जाने पर उसे रेल से जाना पड़ता है। रेल-बसों में धक्के खाना पड़ता है, जगह पाने के लिए आपाधापी मच जाती है, और कभी जगह मिले भी तो

साथ बैठे या खड़े हुए आस-पास के आदमियों की हरकतें सहन करना मुश्किल होता है।[9]

निष्कर्ष- एक कामकाजी नारी का जीवन हमेशा दोहरे संघर्षों से भरा रहता है,यह सिर्फ भारत देश में ही नहीं विश्व स्तर पर भी महिलाओं की यही स्थिति है। घर-बाहर दोनों दायित्व को पूर्णत: निभाना, यदि कुछ कमी घटी हो जाए तो उसके लिए उसे प्रताड़ित अपमानित भी होना पड़ता है। एक मध्यवर्गीय नारी को हर कदम पर जीवन से समझौता करना पड़ता है। पारिवारिक संबंध उसके लिए चुनौती तक बन जाते हैं परंतु इन दोहरे संघर्षों से गुजरने के बावजूद भी नारी आगे बढ़ रही है। अपने व्यक्तित्व का विकास कर रही है।[10]

उपरोक्त कहानियों के नारी पात्र दोहरे दायित्वों को निर्वाह करते हुए नारी जीवन के वास्तविक संघर्ष को दिखाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लैंगिक हिंसा एवं महिला सशक्तिकरण- रवि प्रकाश यादव, रागिनी दीप, पूजा राय, पृ. सं.-01 अविष्कार पब्लिशर्स (जयपुर-राजस्थान)
2. नवम दशक की कहानी में कामकाजी नारी की भूमिका- डॉ. वेदवती चौधरी उर्फ लाड़ले वी.पी., पृ. सं.-11, अन्नपूर्णा प्रकाशन (कानपुर-उ.प्र.)
3. वही-, पृ. सं. 51
4. चार दिन की जवानी तेरी (कहानी-संग्रह) मृणाल-पाण्डे, पृ. सं. 15 राधा कृष्ण प्रकाशन, प्रा.लि., जगतपुरी दिल्ली
5. मेहरून्निसा परवेज और उनका कहानी संसार- डॉ. जाहिदा जबीन, डॉ. जौहरा, अफ़जल, पृ. सं.-20 राजकमल प्रकाशन दिल्ली
6. नवम दशक की कहानी में कामकाजी नारी की भूमिका- डॉ. वेदवती चौधरी उर्फ लाड़ले वी.पी., पृ.सं.-23
7. वही, पृ.सं. -143
8. वही, पृ.सं. -99
9. वही, पृ.सं. -145
10. साठोत्तर कहानी और परिवर्तित मूल्य- श्रीमती प्रेमसिंह, पृ.सं.-20, मीनू पब्लिकेशन, दिल्ली।

****

गजानन माधव 'मुक्तिबोध' के काव्य में 'फैंटेसी' कलारूप

सोनिया राठी *

शोध सारांश – मुक्तिबोध हिन्दी साहित्य के ऐसे कवि हैं, जिन्होंने छायावाद से काव्य रचनाएं आरम्भ की और प्रगतिवाद, प्रयोगवाद व नई कविता की युगधाराओं से जुड़ते हुए काव्य में ऐसी काव्य भाषा और शिल्प का प्रयोग किया जो आगामी रचनाकारों के लिए बहुत बड़ा प्रेरणा स्त्रोत बनी। आलोचनात्मक संवाद करने वाले मुक्तिबोध हिन्दी–उर्दू के पहले कवि नहीं हैं। निराला, जयशंकर प्रसाद, तुलसीदास ने ऐसा किया है। कबीर, फैज, फिराक, इकबाल, गालिब और मीर ने भी, कुछ अलग तरह से, ऐसा किया है। निराला, प्रसाद और तुलसीदास ने मुक्तिबोध की तरह ही फैंटेसी के जरिए इतिहास से मुठभेड़ करते हैं। ये सभी मुक्तिबोध के पूर्वज कवि हैं। ये तीन कवि इतिहास के साथ संवाद की प्रक्रिया में फैंटेसी का निर्माण करते हैं। ये अलग बात है कि तीनों एक ही तरह से फैंटेसी का निर्माण नहीं करते। मुक्तछन्द की सटीक व कठिन किन्तु सहजग्राह्य भाषा के प्रयोग के लिए उन्हें कबीर तथा निराला परम्परा को अग्रसर करने वाला काव्य प्रेरक माना जाता है। मुक्तिबोध काव्य की भाषा और शिल्प की पहचान उनके अनूठे प्रतीक, बिम्ब, अलंकार, प्रचुर शब्द का विविधतापूर्ण प्रयोग, मुहावरे–लोकोक्तियों के प्रयोग तथा छन्द विधान के सार्थक प्रयोग के साथ फैंटेसी के रूप में हिन्दी साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान अंकित करती है।

प्रस्तावना – गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की रचनाओं के तीन चरण हैं। पहला 1934.35, दूसरा 1953 से 1959 और तीसरा 1959 से 1964। अगर पहले चरण की कविताओं और कहानियों को साथ–साथ देखा जाए और समान प्रश्नों की आवाजाही को रेखांकित किया जाए तो मौटे तौर पर यह प्रतीति होती है कि यथार्थ के प्रेक्षण में बाहरी रूपों का अंकन अपनी बहुलता में आता है। इसके साथ ही यथार्थ के गहरे और विशद अनुभवों के छोर पकड़ते हुए वे आंतरिक अनुभव–संसार के संवेदन–तंत्र के विषम, ऊबड़–खाबड़ मनोजगत में प्रवेश करते हैं। अंदर–बाहर की यह आवाजाही और संक्रमणशीलता उनकी कविता–कहानी को एक नई रचनाशीलता, एक विशिष्ट प्रकार की भावभंगी निर्मित करती है। मुक्तिबोध हिन्दी साहित्य की स्वातंत्र्योत्तर प्रगतिशील काव्यधारा के शीर्ष व्यक्तित्व थे। हिन्दी साहित्य में सर्वाधिक चर्चा के केन्द्र में रहने वाले कहानीकार भी थे और समीक्षक भी। उन्हें प्रगतिशील कविता और नयी कविता के बीच का एक सेतु भी माना जाता है। मुक्तिबोध 'तारसप्तक' के पहले कवि थे। मनुष्य की अस्मिता, आत्मसंघर्ष और प्रखर राजनैतिक चेतना से समृद्ध उनकी कविता पहली बार 'तारसप्तक' के माध्यम से सामने आई, लेकिन उनका कोई स्वतंत्र काव्य–संग्रह उनके जीवनकाल में प्रकाशित नहीं हो पाया। मृत्यु के पहले श्रीकांत वर्मा ने उनकी केवल 'एक साहित्यिक की डायरी' प्रकाशित की थी।

मुक्तिबोध फैंटेसी के शिल्प में वह पूरी तरह से निपुण थे। शायद इसी कारण फैंटेसी का प्रयोग और मुक्तिबोध, दोनों को एक दूसरे का पर्याय मान लिया गया है। उनके फैंटेसी के शिल्प में पूंजीवादी सभ्यता की आलोचना है। उनकी फैंटेसी एक विराट सांस्कृतिक सन्दर्भ है। फैंटेसी अपने मन की इच्छाओं को पूरी करने के लिए कल्पना द्वारा रची गई दुनिया है। मुक्तिबोध की फैंटेसी में तीव्र छटपटाहट दिखाई देती है। इस छटपटाहट का कारण है मानव समाज की विसंगतिया, अवसरवाद, स्वहित, स्वकल्याण। पूंजीवाद इन विसंगतियों के मूल में है। उन्हों ने समाज की विसंगति के इस यथार्थ को गहरे पकड़ा और अपनी कविता में व्यक्त किया लेकिन यह प्रस्तुतिकरण बौद्धिक न होकर भावुकतापूर्ण रहा जिसके कारण वो अपनी रचना में हमेशा बेचैन रहे। उनके मन के असंतोष के कारण उनमें हमेशा एक द्वंद्व चलता रहता था और इस द्वंद्व की मुक्ति की इच्छा ने उनसे फैंटेसी का निर्माण कराया। उनके अन्दर की बेचैनी ही उनकी कविता का बीज और फल दोनों है। जैसे–जैसे वह जटिल यथार्थ में प्रवेश करते जाते हैं वैसे–वैसे उनकी फैंटेसी भी जटिल होती जाती है। कहीं–कहीं उनकी कविता में फैंटेसी का स्पर्श मात्र है, जैसे 'सूरज के वंशधर, 'जिन्दगी का रास्ता', बारह बजे रात' तथा कहीं उनकी कविता फैंटेसी व यथार्थ के मेल से तैयार हुई है 'मेरे सहचर मित्र' ऐसी ही कविता है। कभी–कभी फैंटेसी में रूपक व प्रतीक होते हैं– 'सूखे कठोर नंगे पहाड', 'ओ काव्यात्मन फणिधर', 'दिमागी गुहांधकार का ओरांगउटांग', 'ब्रह्मराछस'। कुछ कविताएं ऐसी भी हैं जो पूरी–पूरी फैंटेसी हैं– 'भविष्यधारा', 'अन्धेरे में', 'चम्बल की घाटी में' ऐसी ही कविताएं हैं। मुक्तिबोध की महत्वपूर्ण कविता है 'चाँद का मुहं टेढ़ा है।' यह सन् 1942 के बाद लिखी गई जिसमें 42 की घटना को फैंटेसी के माध्यम से कवि ने दिखाया है। 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' इस एक पंक्ति में ही उन्होंने जिस फैंटेसी का निर्माण किया है वह अद्भुत है, चाँद क्या है? यह प्रतीक है, पूंजीवादी व्यवस्था का, शोषण तंत्र का जो भारत के सर्वहारा वर्ग के जागने से अपनी वैभवशाली स्थिति में अब नहीं रहा है। उसका सिंहासन डोल रहा है। वह अपनी कविता में फैंटेसी रचकर सरकार व मिल मालिकों की कलई खोलते हैं तथा मजदूरों का समर्थन करते हैं। कविता में आए पेंटर और कारीगर मजदूरों के पक्ष में हैं और हड़ताल से सम्बंधित पोस्टर चिपका रहे हैं। लेकिन पूंजीवादी सभ्यता की खूंखार प्रतीक जंगली बिल्ली जिसके नाखून से हमेशा मजदूरों का खून बहता रहता है

'खून टपकाते हुए नाखून
देखती है माजरा
चिपकाता कौन है
मकानों की पीठ पर
अहातों के भीतर'

'भूल–गलती' मुक्तिबोध की बहुत सारी कविताओं की तरह एक फैंटेसी है। कामायनी के संदर्भ में फैंटेसी पर विचार करते हुए मुक्तिबोध ने दिखाया है कि किसी गहन 'जीवन–समस्या' से प्रेरित 'दीर्घकालीन क्रिया–प्रतिक्रियाओं' से निर्मित जीवन की एक ऐसी पुनर्रचना है, जिसमें 'जीवन–आलोचनात्मक व्याख्यान के सूत्र' समाए होते हैं। 'भूल–गलती' की फैंटेसी में मध्ययुग का वातावरण है। इस कविता में अरबी–फारसी शब्दों का बाहुल्य है, जैसा उनकी किसी कविता में नहीं मिलता।

* शोधार्थी, जैन विश्वविद्यालय, बैंगलोर (कर्नाटक) भारत

औपनिवेशिक आधुनिकता के दमनकारी, तानाशाह, एकांगी, यथार्थवादी, तर्कप्रधान, मशीनी एवं तकनीकी सत्य को चुनौती देने के लिए मुक्तिबोध ने फैंटेसी प्रविधि का प्रयोग किया। लेकिन उत्तर आधुनिकता से उपजी समस्या के दौर में फैंटेसी का महत्त्व और बढ़ गया है। उत्तर आधुनिकता ने यथार्थ को छवियों में बदल दिया है तथा समय को वर्तमान क्षणों में खंडित कर दिया है। उनके द्धारा अर्जित फैंटेसी प्रविधि आज उत्तर आधुनिक वायवीय एवं भ्रममूलक स्वप्न छवियों तथा समय के खंडित क्षणों को साहित्य की दुनिया में चुनौती देने में सर्वाधिक सक्षम कलारूप है। 'अंधेरे में' कविता की समकालीनता इस कसौटी पर और बढ़ गई है। संभवत: फैंटेसी शिल्प के कारण 'अंधेरे में' का काव्य नायक मध्यवर्गीय मिथ्या चेतना से मुक्त होकर वर्ण चेतना से संपन्न होता है। इस कविता के काव्य नायक की सर्वहारा के स्वप्न नायक से एकता का प्रश्न कविता में चेतना और अस्तित्व दोनों स्तरों पर है। इस तरह एक मरते हुए मूल्य का अग्रगामी मूल्य में गुणात्मक रूपांतरण होता है। अंधेरे में की फैंटेसी का अंत व्यक्तित्वांतरित काव्य नायक के इस संकल्प के साथ होता है

'खोजता हूँ पठार...पहाड़...समुन्दर
जहाँ मिल सके मुझे
मेरी वह खोयी हुई
परम अभिव्यक्ति अनिवार
आत्म-सम्भवा।'

'अंधेरे में' फैंटेसी में निर्मित कविता है। स्वाधीनता के छियासठ और भूमंडलीकरण के बाईस वर्षो बाद भारतीय समय, समाज, सत्ता और राष्ट्र का अंधेरा फैंटेसीमय हो गया है। मध्यवर्ग का चरित्र ज्यादा पतित हो गया है। आम जनता से उसका लगभग संबंध विच्छेद हो गया है। सत्ता के साथ वह ज्यादा नाभिनालबद्ध है। बौद्धिक वर्ग पूर्णतरू रक्तपाई वर्ग का क्रीतदास हो गया है। राष्ट्रवाद, वर्गचेतना, सर्वहारा, जनक्रांति आदि शब्द मध्यवर्ग के शब्दकोश से गायब हो गए हैं। मुक्तिबोध हिन्दी साहित्य के ऐसे कवि हैं, जिन्होंने छायावाद से काव्य रचनाएं आरम्भ की और प्रगतिवाद, प्रयोगवाद व नई कविता की युगधाराओं से जुड़ते हुए काव्य में ऐसी काव्य भाषा और शिल्प का प्रयोग किया जो आगामी रचनाकारों के लिए बहुत बड़ा प्रेरणा स्रोत बनी। मुक्तछन्द की सटीक व कठिन किन्तु सहजग्राह्य भाषा के प्रयोग के लिए उन्हें कबीर तथा निराला परम्परा को अग्रसर करने वाला काव्य प्रेरक माना जाता है। मुक्तिबोध काव्य की भाषा और शिल्प की पहचान उनके अनूठे प्रतीक, बिम्ब, अलंकार, प्रचुर शब्द का विविधतापूर्ण प्रयोग, मुहावरे-लोकोक्तियों के प्रयोग तथा छन्द विधान के सार्थक प्रयोग के साथ फैंटेसी के रूप में हिन्दी साहित्य में अपनी विशिष्ट पहचान अंकित करती है। मुक्तिबोध की सृजनात्मकता इस जटिल यथार्थ की विडंबनाओं को अभिव्यक्त करने की दृष्टि से सर्वथा नई कथनभंगी में करवट बदलती है। अब उन्हें श्रमशील जनगण का चेहरा दिखाई देता है-

'धुंधल में खोये इस
रास्ते पर आते-जाते दीखते हैं
लठधारी बूढ़े से पटेल बाबा
ऊँचे से किसानदादा
वे दाढ़ीधारी देहाती मुसलमान चाचा और
बोझा उठाये हुए
मांएं, बहनें, बेटियाँ
सबको ही सलाम करने की इच्छा होती है।'

मुक्तिबोध की यह महत्वपूर्ण विशेषता रही है की उन्होंने ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान को कविता में एक साथ रखने पर बल दिया है, न केवल संवेदना से कुछ हो सकता है और न ही ज्ञान से, दोनों ही जरूरी हैं। एक साहित्यिक की डायरी में वह लिखतें हैं- 'फैंटेसी में संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदना रहती है।' इसी के साथ वे यह भी मानते हैं कि व्यक्तित्वांतरण के लिए चिंतन और कर्म, दोनों आवश्यक हैं। आचार रहित विचार का कोई मतलब नहीं है। अगर सिर्फ चिंतन किया जाए, कर्म नहीं तो स्थिति 'ब्रम्हराक्षस' जैसी होगी-

'बावड़ी में वह स्वयं
पागल वृतिकों में निरंतर कह रहा
वह कोठरी में किस तरह
अपना गणित करता रहा
औ मर गया .....'

काल के तीन आयामों में इतिहास के साथ आलोचनात्मक संवाद करने वाले मुक्तिबोध हिन्दी-उर्दू के पहले कवि नहीं हैं। निराला, जयशंकर प्रसाद, तुलसीदास ने ऐसा किया है। कबीर, फैज, फिराक, इकबाल, गालिब और मीर ने भी, कुछ अलग तरह से, ऐसा किया है। निराला, प्रसाद और तुलसीदास ने मुक्तिबोध की तरह ही फैंटेसी के जरिये इतिहास से मुठभेड़ करते हैं। ये सभी मुक्तिबोध के पूर्वज कवि हैं। कविता का उत्तराधिकार भाषा और शैली तक सीमित नहीं होता। भाषा और शैली की समानताएं प्रभाव दिखाती हैं, उत्तराधिकार नहीं। उत्तराधिकार रचना-प्रक्रिया का मामला है। ये तीन कवि इतिहास के साथ संवाद की प्रक्रिया में फैंटेसी का निर्माण करते हैं। ये अलग बात है कि तीनों एक ही तरह से फैंटेसी का निर्माण नहीं करते।

उपसहांर - मुक्तिबोध हिन्दी साहित्य के ऐसे कवि हैं जिन्होंने छायावाद से काव्य रचनाएं आरम्भ की और प्रगतिवाद, प्रयोगवाद व नई कविता की युगधाराओं से जुड़ते हुए काव्य में ऐसी काव्य भाषा और शिल्प का प्रयोग किया जो आगामी रचनाकारों के लिए बहुत बड़ा प्रेरणा स्रोत बनी। फैंटेसी का सीधा संबंध कल्पना से है , वह हमारी अतृप्त इच्छाओं की तृप्ति का साधन हैं, वह समस्त विधि-विधानों से मुक्त मनुष्य की कल्पना तरंग है, जो देश कालातीत होती है। फैंटेसी का ताना बाना कल्पना बिम्बों में प्रकट होने वाली विविध क्रिया-प्रतिक्रियाओं से बना हुआ होता है। फैंटेसी के शिल्प में मुक्तिबोध पूरी तरह से निपुण थे। शायद इसी कारण फैंटेसी का प्रयोग और मुक्तिबोध, दोनों को एक दूसरे का पर्याय मान लिया गया है। मुक्तिबोध ने समाज की विसंगति के इस यथार्थ को गहरे पकड़ा और अपनी कविता में व्यक्त किया लेकिन यह प्रस्तुतिकरण बौद्धिक न होकर भावुकतापूर्ण रहा जिसके कारण वो अपनी रचना में हमेशा बेचैन रहे।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. नेमिचन्द जैन, मुक्तिबोध रचनावली-4,राजकमल प्रकाशन, 1980
2. रामविलास शर्मा भाषा और समाज राजकमल प्रकाशन, 1968
3. गगां प्रसाद विमल मुक्तिबोध का रचना संसार सुषमा पुस्तकालय, दिल्ली 1986
4. गजानन माधव मुक्तिबोधय नयी कविता का आत्म संघर्ष तथा अन्य निबन्धय राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1971
5. नेमिचन्द जैन, मुक्तिबोध रचनावली भाग-1, राजकमल प्रकाशन, 1980
6. महेश भटनागर मुक्तिबोध का जीवन और काव्य राजेश प्रकाशन, दिल्ली, 1976
7. हजारी प्रसाद द्विवेदी कबीर राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1972
8. गजानन माधव मुक्तिबोध, चांद का मुंह टेढ़ा है, ज्ञानपीठ प्रकाशन,दई दिल्ली, 1981
9. नरेश मिश्रय अलंकार दर्पण निर्मल पबिलकेशन, दिल्ली, 2001

समय और समाज के परिप्रेक्ष्य में साहित्य

डॉ. अमित शुक्ला *

शोध सारांश – समय के साथ समाज में स्थापित मूल्यों में परिवर्तन अत्यावश्यक है। परंतु पुराने के स्थान पर नये स्थापना की प्रक्रिया के बीच एक संक्रमण काल भी आता है, जिसमें पुराने मूल्यों की प्रासांगिकता तो समाप्त हो जाती है, परंतु नए मूल्यों का निर्माण नहीं हो पाता, नि: संदेह आज का दौर कुछ ऐसा ही है। भारतीय, सामाजिक एवं साहित्यिक ढांचे में अत्यधिक परिवर्तन तीव्रगति से हुए हैं, परिवर्तन समय की मांग है। समय के साथ समाज में स्थापित मूल्यों में परिवर्तन अत्यावश्यक है। परंतु पुराने के स्थान पर नये स्थापना की प्रक्रिया के बीच एक संक्रमण काल भी आता है, जिसमें पुराने मूल्यों की प्रासांगिकता तो समाप्त हो जाती है, परंतु नए मूल्यों का निर्माण नहीं हो पाता, नि: संदेह आज का दौर कुछ ऐसा ही है। वैश्वीकरण के आघात से सबसे अधिक आहत भारतीय संस्कृति हुई है। आम आदमी अत्यधिक संकटग्रस्त होता जा रहा है। उसके सामने रोजगार और मूलभूत आवश्यकताओं की समस्या बनी हुई है। षोषण, अत्याचार, घोटाले, हिंसा, और अव्यवस्था की परिस्थितियां सर्वत्र देखी जा सकती हैं। ऐसे समय में साहित्य के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। समाज में साहित्य की भूमिका का विश्लेषण करना आवश्यक **साहित्य** समाज की आन्तरिक दशा का दिव्य दर्पण है, तथा सभ्यता और **संस्कृति** का संरक्षक। किसी भी समाज में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है यह कहा जा सकता है कि समाज की समूची ज्ञान राशि का संचित कोश ही साहित्य है।

शब्द कुंजी – समय ,समाज साहित्य, परिवर्तन, मूल्य, संस्कृति संरक्षक, दायित्व ।

प्रस्तावना – साहित्य मनुष्य में व्यक्तिगत कलागत मूल्यों का विकास करता है एवं मानव मन को बहुत गहराई में जाकर छूता है। साहित्य की ये शक्ति जिस प्रकार पिछली सदियों में थी उसी रूप में आज की सदी में भी बरकरार है। विश्व इतिहास में जब- जब बड़े आन्दोलन क्रांतियां हुईं साहित्य सदैव समाज के हित-साधक के रूप में कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। साहित्य काल और परिस्थिति के अनुसार जब हस्तक्षेप करता है, तब व्यक्ति, समाज और देश में परिवर्तन आता है। **साहित्य** समाज की आन्तरिक दशा का दिव्य दर्पण है, तथा सभ्यता और **संस्कृति** का संरक्षक। किसी भी समाज में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है, यह कहा जा सकता है कि समाज की समूची ज्ञान राशि का संचित कोश ही साहित्य है।[1] साहित्य का सामाजिक सरोकार होने के कारण एक सात्यिकार के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने परिवेश और वातावरण के प्रति जागरूक रहे वह अपने आस-पास की सामाजिक समस्याओं को देखे और उन संवेदनाओं को अपने साहित्य में उतारने का प्रयास करे। **सर्वेश्वर दयाल सक्सेना जी का यह कथन महत्वपूर्ण है** कि यदि तुम्हारे घर के एक कमरे में आग लगी हो तो क्या तुम दूसरे कमरे में सो सकते हो? यदि तुम्हारे घर के एक कमरे में लाश सड़ रही हो तो क्या तुम दूसरे कमरे में प्रार्थना कर सकते हो। यदि हाँ तो कुछ नहीं कहना है। साहित्य भी युग सापेक्ष होता है, युग निरपेक्ष नहीं। साहित्यकार की साहित्यिक प्रतिक्रियाएँ परिवेश और वातावरण जन्य होती हैं। कवि, कहानीकार, उपन्यासकार सभी सामाजिक हैं, और हर युग के साहित्यकार ने विश्व कल्याण के स्पष्ट उद्देश्य को सामने रखकर भले न लिखा हो पर उसके साहित्य में लोक संग्रह स्वयं प्रभूत रहता **है।**[2] **अलेक्जेंडर सोल्जे नित्सिन की यह मान्यता है कि वह** साहित्य जो हमारे समकालीन समाज की धड़कन नहीं है जो समाज की यातना और भय को अभिव्यक्ति नहीं देता जो समय रहते इसे सामाजिक और नैतिक खतरों के प्रति सावधान नहीं करता ऐसा साहित्य, साहित्य कहलाने योग्य नहीं है। वैश्वीकरण के इस दौर में साहित्यकारों का दायित्व और भी बढ़ जाता है। गरीबी, बेरोज़गारी, नौकरशाही, नेतागीरी, अर्थवाद, जातिवाद, प्रांतवाद, भाई-भतीजावाद, भूमंण्डलीकरण, उदारीकरण अश्लीलता, संयुक्त परिवार, विवाह, व्यवस्था आदि से सामाजिक अनुशासन क्षीण हो रहा है। तलाक बढ़ रहे हैं, जनसंख्या वृद्धि अनियंत्रित भीड़ के रूप में परिवर्तित होती जा रही है। आज का मनुष्य संवेदनहीन हो गया है, उसे किसी के दर्द से वास्ता नहीं पर साहित्य इस संवेदनशीलता को जाग्रत करने में और उसके अनुसार समाज और व्यक्ति को सक्रिय बनाने में प्रेरित कर सकता है। यह कहा जा सकता है कि साहित्य समाज के प्रति रचनात्मक सोच और सर्जनात्मक ऊर्जा प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बल्कि वह निभा भी रहा है।[3] देखा जाए तो समाज के संदर्भ में साहित्य की भूमिका हमेशा अमूमन रही है कि यह लोकमानस के स्तर पर परम्पराओं मूल्य मान्यताओं और मान मर्यादाओं की एक निष्पक्ष, संवेदनशील और विवेकयुक्त जाँच करता है और शाश्वत मानवीय मूल्यों और सरोकारों की पैरवी भी। इसी प्रक्रिया में लेखकीय प्रतिभा के अनुरूप अविस्मरणीय चरित्रों का जन्म होता है और उत्कृष्ट साहित्य का भी।[4]

देखा जाए तो साहित्य को जन जीवन, लोक जीवन और समाज से अलग नहीं किया जा सकता किन्तु साहित्य का सम्बन्ध स्पष्ट रूप से भाव और शब्द से है। शब्द का संबंध कर्म से और भाषा का संबंध समाज से है। साहित्य, समाज और मानवीय कर्म की संरचना है। उसमें उसकी अनुभूति की संरचना का प्रयोग होता है। वह समाज के सांस्कृतिक बदलाव का हथियार बन जाता है। यही हथियार लोक जीवन एवं लोक संस्कृति की रक्षा का

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय,रीवा (म.प्र.) भारत

आधार बनता है। लोक चेतना ही वह व्यापक आधार है, जो लोक जीवन को झंकृत करता है और संवेदनशील साहित्यकार को अपने देश की संस्कृति के प्रति आकृष्ट और जागरूक करता है। साहित्य का विस्तार लोक जीवन, लोक साहित्य, लोक चेतना एवं लोक संस्कृति के माध्यम से ही संभव है। अत: लोक चेतना, साहित्य की सर्जनात्मक कल्पना है। ऐसे साहित्य में मनोवैज्ञानिकता एवं मानवीय अनुभूतियॉ परिलक्षित होती है। नगरों, गाँवों, महानगरों में जो सभ्यता पनपी है, वह सतत विकासशील मानवीय चेष्टा की परिणति है और यही चेष्टा संस्कृति एवं लोक संस्कृति को अपने में समाविष्ट रखती है। लोक जीवन की कोख से उत्पन्न साहित्य, केवल लोक साहित्य ही नहीं है, शिष्ट साहित्य भी है। राहुल सांकृत्यायन का कहना सही है कि –लोक जीवन से उत्पन्न लोक साहित्य एवं शिष्ट साहित्य सभी देशों और प्रदेशों में अपना अद्‌भुत सौन्दर्य और माधुर्य रखता है। इसके पीछे लम्बी और अविच्छिन्न परम्परा है। दीर्घजीवी साहित्य के सृजन के लिए हमें लोक जीवन तथा लोक सांस्कृति की विरासत को महत्त्व देना होगा। जो लोग लोक जीवन की परम्परा से कटकर प्रतिबद्ध साहित्य का सृजन कर रहे हैं वे न तो अपना, न अपने समाज का और न अपने देश का भला कर रहे हैं। मानवता के लिए अदम्य प्रेम तथा लोक जीवन को समग्र रूप से देखने के कारण ही साहित्य स्थायी या कालजयी बन सकता है। लोक जीवन निरंतरता का नाम है, यही निरंतरता परम्परा बनती है। यह परंपरा सदा जीवन्त और जागृत नहीं रहती। यदि कोई लेखक उसी जागृत क्षण को पकड़कर साहित्य का सृजन करता है तो वही उसके लेखन का सर्वोत्तम समय है।[5]

लोक **जीवन** और लोक **संस्कृति** में सामूहिक सामाजिकता की चेतना काम करती है, जो पारस्परिक सहानुभूति या प्रेम के आधार पर सबको जोड़ती है। किसी भी तरह के भेदभाव से मुक्त होने के कारण उसकी पाचनशक्ति बहुत तेज है। उसमें आर्य, द्रविड़, कोलकिरात, निषाद और अनेक जनजातीय संस्कृतियों के तत्त्वों का संघटन मिलता है। तथ्य तो यह है कि लोक जीवन के लिए जो भी उपयोगी हुआ वह लोक संस्कृति और उसका साहित्य बन गया। सच यह है कि लोक जीवन में व्याप्त लोक संस्कृति, परम्परा और साहित्य ही भारतीय संस्कृति, परम्परा और साहित्य की जड़ में है। उसके रस से भारतीयता का पौधा हरा भरा रहता है। अगर गहराई से सोचें तो यह पाएंगे कि लोक जीवन और लोक संस्कृति ही भारतीयता की रक्षा करते है। समाज बिखरता है, तो लोक संस्कृति के उत्सव उसे एक करते है। देश यदि प्रदेशों, भूगोलों और भाषा में बँटता है, तो लोक जीवन के गीत ही उसे समेटते है। वे जुड़ाव की संजीवनी है। जहाँ कहीं लोक जीवन, परम्परा और साहित्य की बात होती है, आज का व्यक्ति जो भौतिकता की होड़ और जीवन की यांत्रिकता से पूरी तरह घिर गया है, तत्काल संकीर्णता, पक्षधरता और आंचलिकता का आरोप लगा देता है। लोक संस्कृति और साहित्य ही, वह माध्यम है, जो आज भी देश में और साहित्य में मन की उत्फुल्लता, आशा और आस्था के आवेग को बनाए रखता है। परम्परा और लोक जीवन के साहित्य में व्यक्त संस्कार, उत्सव, रीति रिवाज, लोक मूल्य आदि भी व्यक्ति से बाँधते हैं। जब तक लोक जीवन और परम्परा से उपजीव्य बनाकर साहित्य जीवित है तब तक भारतीय जनजीवन, उसकी एकता और उसकी संस्कृति मर नहीं सकती।[6]

निष्कर्ष यह है कि वैश्वीकरण ने भारतीय गौरवशाली संस्कृति के मूलमंत्र सादा जीवन उच्च विचार, सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुम्बक को अत्यधिक प्रभावित किया है। व्यक्तिवादी विचारधारा प्रबल हुई है। पारिवारिक संबधों में बिखराव, भाईचारे का अंत और गलाकाट स्पर्द्धा ने नैतिक मूल्यों में परिवर्तन कर दिया है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि उपभोक्ता संस्कृति को बढ़ावा न दें। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाना आवश्यक है। यह काम साहित्य कर सकता है। क्योंकि उपभोक्ता संस्कृति, शिक्षा, धर्म, मानवीय संबंध सभी को व्यावसायिक बना रही है, इसलिए इसका विवके तथा ज्ञान से कोई संबंध नही रह गया है। सभी का वस्तुकरण हो गया है। मनोरंजन के साधन जो दिखाते हैं, उसके बाद मनुष्य में करूणा, दुख:, संवेदना के स्थान पर सनसनी के भाव उभरते हैं, जिससे धीरे– धीरे मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता, विवेकशीलता और कल्पनाशीलता कम होती जा रही है। साहित्य को संवेदना के उच्च स्तर को जीवंत रखते हुए समकालीन समाज के विभिन्न अन्तर्विरोधों को अपने आप में समेटकर देखना चाहिए एवं साहित्यकार के सत्य और समाज के सत्य को मानवीय संवेदना की गहराई से भी जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। आज ऐसे साहित्यकार की आवश्यकता है जो सभी प्रकार से स्वायत्त हो उनके चिन्तन में प्रखरता, स्वाभिमान, और अस्मिता के तत्व प्रबल रूप से सक्रिय हो जब वे किसी भी प्रकार के दबाव से अपने को मुक्त कर लेने की क्षमता अर्जित कर सके तभी वह समाज को एक अच्छा साहित्य दे सकता है। आज के वर्तमान समय का समाज सांस्कृतिक मानवीय मूल्यों के संकट के दौर से गुजर रहा है। चरित्र समाज से गायब होता जा रहा है। ऐसे में साहित्यकार ही साहित्य के माध्यम से समाज में अपना सार्थक प्रभाव डाल सकता है, पर वर्तमान की अनेक समस्याओं के साथ एक सबसे बड़ी समस्या यह है कि आज का व्यक्ति साहित्य से लगातार दूर होता जा रहा है। पाठकों की संख्या घटती चली जा रही है। वैश्वीकरण के इस दौर में ज्ञान और विवेक के बीच जो खाई बन गई है, उस खाई को भरने का प्रयास किया जाना चाहिए।[7]

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सूर्य प्रसाद दीक्षित, विदेशों में व्याप्त रूमानी हिन्दी, अक्षरा साहित्य की द्विमासकी म0प्र0 राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन भोपाल अंक 105 पृष्ठ 32
2. पांचाल परमान्द हिन्दी के प्रति बढ़ती उदारसीनता अक्षरा साहित्य की द्विमासकी म0प्र0 राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन भोपाल अंक 105 पृष्ठ 29,
3. साहित्य अमृत मासिक पत्रिका आशफ अली रोड नई दिल्ली अक्टूबर 2010 पृष्ठ 25
4. छत्तीसगढ़ विवके, सितम्बर, 2012, भिलाई, पृ. 40,
5. राष्ट्रवाणी, फरवरी, 2012, अंक 5, पुणे, पृ. 27,
6. संवाद और हस्तक्षेप, खंड–09, विजय कुमार देव, आशा शुक्ला
7. स्वयं का सर्वेक्षण व निष्कर्ष।

****

हिन्दी कथा साहित्य में दलित चेतना और प्रेमचन्द की जीवंत दृष्टि

डॉ. छविनम श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – आधुनिक युग में जब स्वतन्त्रता की लड़ाई लड़ी जा रही थी। तभी दलित आंदोलन का भी जोर था। एक ओर जहां महात्मा गांधी जैसे समाज सुधारक देश में संगठन के बल पर संघर्ष करना चाह रहे थे, वहीं दूसरी ओर अम्बेडकर जैसे दलित मुक्ति आंदोलन की विस्फोटक विद्रोही चेतना लेकर भारत के राजनीतिक फलक पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने आ पहुँचे थे। वे केवल भारत की आजादी ही नहीं बल्कि अछूतों की हिन्दू धर्म से मुक्ति भी चाहते थे। अछूतोद्धार की भावना को मन में रखते हुए गांधीजी ने अछूतोद्धार कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिए। जिसका प्रभाव हिन्दी साहित्य के कथाकारों पर भी पड़ा। हिन्दी के प्रारम्भिक युग के कथाकारों में सर्वप्रथम सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और यशपाल की कहानियों में दलितों के प्रति गहन सहानुभूति दिखाई पड़ती है। निराला की दो लंबी कहानियों 'चतुरी चमार' और 'बिल्लेसुरे' बकरिहा को लिया जा सकता है।

हिन्दी साहित्य में मुंशी प्रेमचन्द ने दलितों के शोषण और उसमें उत्पन्न होती दलित चेतना की अभिव्यक्ति अपने कथा–साहित्य में बड़ी कुशलता से की हैं। उन्होंने किसान के रूप में दलितों को व्यक्त किया हैं। कही–कहीं पर इन्होंने इस शोषण से उबरने के सुझाव भी दिए हैं। शताब्दियों से चली आ रहीं दलित शोषण की परम्परा के विरूद्ध विद्रोह की चिंगारी को इन्होंने पुन: सुलगाने का प्रयास किया हैं। मध्य युगीन संतों ने अपने आक्रोश एवं विद्रोह के जो बीज थे, वह काव्य के रूप में सुप्त अवस्थ में थे और आधुनिक युग में कथा साहित्य के रूप प्रस्फुटित हो उठे। इस विस्फोट से सारा दलित समाज जाग उठा। गांधी और अम्बेडकर के विचार को लेकर नये नये साहित्यकार प्रकाश में आए जिन्होंने मार्क्सवादी दृष्टि अपनाते हुए शोषण एवं अत्याचार का विरोध करते हुए अपनी विद्रोहात्मक अभिव्यक्ति दी हैं।

प्रेमचन्द कहानी के क्षेत्र में आदर्शोन्मुख यथार्थवादी परम्परा के प्रतिस्थापक कहे जाते हैं। प्रेमचन्द ने उपन्यास और कहानी विधा को पहली बार जनजीवन से संपृक्त कर मानवतावाद और उपयोगितावाद को दृष्टि में रखते हुए अपने साहित्य का सृजन किया। प्रेमचन्द दलितों के लेखक थे। 'गोदान' कर्मभूमि रंगभूमि, निर्मला आदि उपन्यासो में इन्होंने किसान अथवा शोषित पीड़ित व्यक्ति के शोषण को प्रस्तुत किया है। 'गोदान में प्रेमचन्द ने ग्रामीण जीवन का सर्वतोन्मुखी चित्रण किया है और किसान की विवशता पूर्ण स्थिति दिखाई है, प्रेमचन्द ने भारतीय किसान को उपन्यास का नायक होरी से सारी बाधाओं और संकेतो के रहते हुए आदर्शवादी बताया है।'

प्रेमचन्द के हृदय में भारतीय कृषकों जो दीन हीन है के प्रति गहन संवेदना और सहानुभूति दिखाई देती है। इन्होंने नारी को भी दलित रूप में प्रस्तुत किया है। नारी जीवन और उसकी सामाजिक पराधीनता के फलस्वरूप तथा सामाजिक अन्याय से मुक्ति को प्रमुखता दी है। इन्होंने स्त्री को पुरूष से श्रेष्ठ बताया है उतना जितना प्रकाश अंधकार से।

'गोदान' भारतीय .कृ षक की महागाथा है। इसमें किसान अपनी मेहनत और पसीने कमाई से अमीरों का उदर पोषण करता है। प्रेमचन्द अपने साहित्य के उद्देश्य से व्यक्ति और समाज दोनों को प्रेरणा देना चाहते थे। वे दलितों में चेतना जागृत कर शोषण से बाहर निकालना चाहते थे। प्रेमचन्द ने सामाजिक व दलित चेतना जागृत करने के लिए आर्य समाज के सुधारवाद, गांधी जी का आत्मपड़न और अहिंसावाद, लियोतालस्ताय के आदर्शवाद, मार्क्स के प्रगतिवाद से प्रभावित होकर इन चारों तत्वों के मेल से बहुमुखी भावना का विकास किया। उन्होंने संभावित सामाजिकता को प्रस्तुत किया है। वे किसान के रूप में होरी के शोषण को सारे दलित समुदाय अथवा ग्रामीण समुदाय, के शोषण की बात कहते है, गोदान के अतंर्गत शोषण और पाखंड का व्यापक रूप में चित्रण हुआ है।

प्रेमचन्द ने केवल जीवन दुर्बल पक्षों तक ही अपने आप को सीमित नहीं रखा बल्कि सर्वत्र यथार्थ बुराईयों का चित्रण करके भी भलाई की प्रेरणा दी हैं। इन्होंने समाज की पाखंडता के यथार्थ चित्रण में काई दुराव छिपाव की नीति नहीं अपनाई। जौहरी का प्रसंग, मालती–खन्ना का रोमांस, धर्म का पाखंड अनेक प्रकार का शोषण तथा समाज की सभ विसंगातियों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया अभिव्यक्ति की हैं।

प्रेमचन्द के कथा साहित्य में दलित, शोषित मानव के प्रति मार्क्स प्रभावित यथार्थ दृष्टि मिलती हैं। इनके साहित्य में क्रांति और वर्ग संघर्ष का रूप प्रस्तुत किया गया हैं–

'समाज को बदल डालो' यह भी कि हमें मिल मालिक खन्ना का समाज भी नहीं चाहिए जहाँ मेहता ओर मालती जैसे बुद्धिजीवी असत्य बना देने का बौद्धिक विकास करते है और जहां ओकार जैसे पत्रकार को भ्रष्टाचार का सहारा लेना पड़ता है जहाँ झीगुरी/नोखेराम/पटेश्वरी/साहूकार परंपरागत स्वार्थ शोषण उल्लू सीधा करते हैं। ऐसे समाज को बदलना होगा।

प्रेमचन्द एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जो संत–काव्य–परम्परा में कल्पित किया गया था जहाँ समभाव की दृष्टि हो। मानववादी समाज जिसमें प्रत्येक मनुष्य समान समझा जाए।

हिन्दी कथा साहित्य में प्रेमचन्द का पदार्पणा एवं अभूतपूर्व घटना थी। पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी ने लिखा है कि 'प्रेमचन्द अपने समय के एकमात्र ऐसे साहित्यकार थे, जिनके कारण हिन्दी साहित्य देश की सीमाए लांघकर विदेशों तक जा पहुँचा और सच यह है कि प्रेमचन्द साहित्य का अनुवाद दुनिया की हर भाषा में हो चुका हैं। हिन्दी कथा साहित्य में प्रेमचन्द ही ऐसे कथाकार है जिन्होंने पहली बार भारतीय (हिन्दू) समाज में नरक भोगते दलित को अपनी कहानियों का विषय बनाया, उसकी सम्पूर्ण यातनाओं के

* शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

साथ।'

प्रेमचन्द की यह कहानी हिन्दू समाज दलित जीवन के अन्त: संबधों तथा अंतर्विरोधी को बड़ी सहजता से अभिव्यंजित करती हैं। आज गैर दलित साहित्यकारों के लिए प्रेमचन्द दलित संवेदना के प्रतीक बन गए हैं। प्रेमचन्द के साहित्य में आर्य समाज गांधीवाद और अंतत: मार्क्सवाद का प्रभा दिखाई देता हैं। किन्तु 1930-33 में भारतीय राजनीति एवं समाज पर अंबेडकर का प्रभाव सर्वत्र दृष्टिगोचर होता हैं। प्रेमचन्द की कुछ कहानियों जैसे 'ठाकुर का कुआँ' 'सदगति' और दूध का दाम' जैसी रचनाओं में दलित संवेदना अभिव्यक्त हुई हैं।

इस वक्तव्य में प्रेमचन्द ने दलित हीनता का बोध कराया है उस दौर में जब लोग दलितों का घृणा का पात्र समझते थे और उन पर सवर्ण लगातार अत्याचार कर रहे थे। उन्होंने दलित उत्पीड़न पर कलम चलाकर दलितों के प्रति जो संवेदना और सहानुभूति का उद्गार व्यक्त किया उसका खामियाजा उन्हें 'घृणा का प्रचारक' उपाधि के रूप में भुगताना पड़ा यह बहुत महत्वपूर्ण बात हैं।

प्रेमचन्द ने अछूत भावना की मुख्यत: तीन रूढ़िवादी मान्यताओं के प्रति विद्रोह किया हैं, जिसमें मुख्य है, खाना पान संबंधी नियम शादी का संबंध तथा धार्मिक उत्सव। जिसका प्रमाण 'ठाकुर का कुआँ 'घासवाली' 'सद्गति' दूध का दाम' 'मंदिर', 'मंत्र' तथा 'बाबा का भोग' आदि कहानियां है। इन्होंने हरिजन पात्रों एवं उनकी समस्याओं को समाजिक और आर्थिक स्तर पर प्रस्तुत किया हैं। उन्होंने समाजिक स्तर पर छुआछूत, मंदिर प्रवेश निषेध, वेद पाठ निषेध की समस्याओं को आधार बनाया तथा आर्थिक स्तर पर खेत और मजदूरों किसानों की समस्याओं को उठाया। इन्होंने इन दोनों पहलुओं को उजागर ही नहीं किया बल्कि उस पर शब्द बाणों से तीव्र प्रहार भी किया हैं।

प्रेमचन्द के पश्चात् हिन्दी कथा साहित्य में दलित चेतना की अभिव्यक्ति आठवें दशक में दृष्टिगोचर होती हैं। श्री रमेश कुमार ने अपने एक लेख 'आधुनिक हिन्दी कहानियों में दलित चेतना' में लिखा है कि 'आठवें दशक के समामान्तर आंदोलन के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग की समस्याओं को कहानी का केन्द्र बनाया गया स्वतन्त्रता के पचास वर्ष बाद भी निम्न दलित वर्ग का जीवन बद से बदतर होता चला गया है, ऐसी स्थिति में दलित उन्नायका ने अपनी कहानियों के माध्यम से इस वर्ग के जीवन का यथार्थ निरूपण किया है। इन कहानियों में दलित मानव की वेदना निरन्तर संघर्ष करते रहने की अनिवार्यता सुविधा भोगी लोगों के प्रति उनकी विरोध मुद्रा, प्रतिकूल नारकीय स्थिति में जीने की विवशता और अपने मानवीय अधिकारों के प्राप्ति हेतु आत्मसजगता जागृत हुई हैं।'

इस आत्मसजगता का कारण वस्तुत: सवर्णो का शूद्रो के प्रति उपेक्षापूर्ण व्यवहार हैं। दलित चेतना को जागृत करने में बहुत समय लगा जिसका कारण था शिक्षा और संगठन का अभाव। अम्बेडकर ने दलितों के प्रति आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का भाव जागृत करने के लिए बहुत यातनायें सही तथा संघर्ष करते हुए दलित मुक्ति आंदोलन के रूप में दलित चेतना जागृत की। इन्होंने राजनीतिक शक्ति द्वारा दलितों के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था कर सर्वप्रथम उनके अस्तित्व को स्थायित्व देने के प्रयास किया। जिसका प्रभाव समाज, राजनीति एवं साहित्य पर पड़ा अस्मिता के लिए सबसे सषक्त संघर्ष साहित्यिक स्तर पर हुआ। क्योंकि जिस शूद्र के लिए शिक्षा प्राप्त करने का निषेध था, उसके लिए साहित्य में प्रवेश कठिन था। किन्तु स्वतन्त्रता के बाद पढलिख कर साहित्य में आए दलितों ने भी कलम पकड़ी जिसका प्रारम्भ कविता में हुआ। फिर धीरे धीरे कहानी, आत्मकथा, उपन्यास संस्मण सभी विधाओं पर लेखनी तीव्र गति से चली। गैर दलित लेखकों में दलित चेतना को जागृत करने में सर्वाधिक योगदान 'निराला', प्रेमचन्द, शिपप्रसाद सिंह आदि का था। जिन्होंने कथाओं के रूप में एक पृष्ठभूमि प्रदान की और उस पर जिन दलित कथाकारों ने दलित कथा का सृजन किया उनमें सर्वश्री ओमप्रकाश बाल्मिकि, पुरूषोत्तम सत्यप्रमी, मोहनदास नैमिष्राय, रघुनाथ प्यासा दयानन्द बटोही, शिवचन्द्र, कालीचरण स्नेही, सी एल. नैय्यर आदि उल्लेखनीय हैं। इस सभी कथाकारों ने परम्परा से संघर्ष विद्रोह और उसे नकार का स्वर प्रदान किया।

इसके अलावा आधुनिक हिन्दी साहित्य में गैर दलित साहित्यकारों की एक लंबी श्रृंखला है, जिन्होंने दलितों की पीड़ा दर्द, यातना के संत्रास को संवेदनात्मक धरातल पर अभिव्यक्त किया हैं। अमृतलाल नागर का उपन्यास 'नाच्यों बहुत गोपाल' को भी दलित उपन्यास माना जा रहा हैं। किन्तु आठवें, नवें दशक में हिन्दी के दलित कवियों की एक पूरी पीढ़ी साहित्य सृजन में तत्पर हैं। हिन्दी में दलित कहानियों का विकास साहित्य जगत में समृद्ध कर रहा हैं। उनमें कुछ कहानीकार इस प्रकार है, जिन्होंने दलित चेतना और दलित यातना के चित्र अपनी कहानियों में प्रस्तुत किए। उनमें ओंमप्रकाश बाल्मीकि, पुन्नी सिंह, गोपाल आवटे, रघुनाथ प्यासा, डा, दयानन्द 'बटोही', मोहनदास नैमिषराय, डॉ, पुरूषोत्तम सत्यप्रेमी, डॉ, कालीचरण 'स्नेही' सूरजपाल चौहान, भगीरथ मेघवाल तथा श्रीमति कावेरी के नाम महत्वपूर्ण हैं। आधुनिक युग में दलित साहित्य पहचान के संकट से बाहर निकलकर अपनी सच्चाई के स्थायित्व में काफी सफल हुआ हैं।

मध्ययुगीन निर्गण संत कवियों में जिसमें दलित जातियों की बड़ी संख्या थी, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में समान रूप से उनकी सहभागिता थी। अपनी पहचान उन्होंने स्वयं बनायी थी। उनके पीछे संस्कृति कर्म से जुड़े लोगों की जमात थी। जिसके कारण वे बलौस ढंग से अपनी बातें करते थे। विरूप स्थितियों पर चोट करते थे। स्वतन्त्रता के पश्चात् हिन्दी में दलित साहित्य को एक प्रखर जीवन दृष्टि मिली। बाबा साहब अम्बेडकर ने शिक्षा संगठन और संघर्ष का जो दीप प्रज्ज्वलित किया था, उसने हिन्दी में दलित साहित्य को नयी दिशा दी। हिन्दी में दलित कविता विरोध और नकार की ही कविता नहीं वह मनुष्य की अस्मिता की कविता बनी। दलित साहित्य जीवन की विद्रूपताओं में जूझने का हौसला देता हैं।

हिन्दी साहित्य के दलित अथवा गैर दलित लेखकों जैसे, नागार्जुन, अमृतलाल नागर, शैलेश मटियानी, गोपाल उपाध्याय, जगदीशचन्द्र, मन्नू भण्डारी, गिरिराज किशोर द्वारा लिखित साहित्य भी दलित जाति की पीड़ा को व्यक्त करती हैं। किन्तु दलित साहित्यकारों जैसा आक्रोश या विद्रोह की प्रतिकियात्मक ज्वाला इन गैर दलित लेखकों में नहीं हैं। प्रेमचन्द एक ऐसे लेखक है, जिन पर ज्योतिबाफुले तथा अम्बेडकर के जीवन दर्शन का प्रभाव दृष्टिगोचार होता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधुनिक साहित्य - नंद दुलारे वाजपेयी।
2. मेरा दलित चिंतन - डॉ. एन.सिंह पृष्ठ 78
3. मेरा दलित चिंतन - डॉ. एन.सिंह पृष्ठ 79
4. चिंतन की परम्परा और दलित साहित्य - डॉ. श्यौराज सिंह पृष्ठ 135
5. मेरा दलित चिंतन - डॉ. एन.सिंह पृष्ठ 80

कबीर पर आधारित जीवनीपरक उपन्यास 'लोई का ताना' – एक अनुशीलन

डॉ. माधुरी उपाध्याय *

प्रस्तावना – 'लोई का ताना' जीवनीपरक उपन्यास कबीर के जीवन पर आधारित हैं। रांगेय राघव ने कबीर के जीवन का सम्पूर्ण चित्र 'लोई का ताना' जीवनीपरक उपन्यास में किया हैं। जीवनीपरक उपन्यास में किसी व्यक्ति विशेष का सम्पूर्ण चित्रण किया जाता हैं तथा उन परिस्थितियों का भी चित्रण किया जाता है कि वह कैसे एक सामान्य मनुष्य से महामानव बना।

'लोई का ताना' जीवनीपरक उपन्यास रांगेय राघव द्वारा कबीरदास के जीवन को आधार बनाकर लिखा गया हैं। अनाथ बालक कबीर का पालन–पोषण नि: संतान नीरू और नीमा जुलाहा ने किया। कबीर की पत्नी का नाम लोई व पुत्र का नाम कमाल था।

'लोई का ताना' में उपसंहार से पहले, सूर्यास्त हो गया, पिता का बना, लोई का ताना, मरजीवे को तो देखो शीर्षकों के माध्यम से कथानक के विकास के साथ–साथ, पात्र की स्थिति, घटनाओं के क्रम द्वारा, पाठक को सोचने का आधार मिलता हैं। इस उपन्यास के कथानक को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से सही रूप में विभक्त किया हैं।

राघवजी ने कबीर के व्यक्तित्व के साथ ही उस समय की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक परिस्थितियों का भी चित्रण किया हैं। उस समय समाज विरोधाभास के कारण टूट रहा था। वर्णभेद बहुत ज्यादा व्याप्त था। उच्चवर्ण के लोग निम्नवर्ण के लोगों के साथ पशु के समान व्यवहार करते थे। छूआछूत बहुत ज्यादा व्याप्त था। इन पंक्तियों से यह बात स्पष्ट होती है[1] 'यही कि जिनकी जात नीच है, उनके लिये ये ब्राह्मण और ये मुल्ला, दोनो समान है, वे हिन्दु समाज के जात–पात के भेद को देखकर फूट डालकर अपने फायदे के लिए लोगों को मुसलमान बनाकर उनका इस्तेमाल करते है और इस तरह संस्कृति और धर्म की रक्षा के नाम पर नीचों को ऊपर उठने के अहंकार के नाम पर हिंसा पलती है, घृणा बढ़ती हैं। वह मनुष्य को फिर जातियों में बाँटती है और छुआछूत बढ़ती हैं।'[1]

'लोई का ताना' उपन्यास में दो पात्र है – कबीर और लोई। दोनों एक दूसरे के पूरक है। कबीर निम्नवर्णी जुलाहा जाति का था, जिसमें रह कर बचपन से उच्च वर्ण का तिरस्कार और ताड़ना सही थी। कबीर के विद्रोह को अधिक व्यापक बनाने में लोई का बड़ा हाथ था। सम्पूर्ण उपन्यास में लोई का चरित्र कबीर के व्यक्तित्व को निखारता हैं।

'कबीर जिसने कभी कागद मसि हाथ से नहीं छुआ था जो देखता था, महसूस करता था..... फौरन कह डालता था। उसकी संवेदनशीलता इतनी मर्मस्पर्शी थी कि हर अभिव्यक्ति काव्य बन जाती थी। अपने युग की जनता को आवाज देने वाले कबीर का विद्रोही रूप उसके चरित्र का एक पक्ष था । उसके दूसरे पक्ष की पूरक थी .....लोई ।'[2]

उस समय की स्त्री जैसे लोई, नारी होने के साथ ही अपने कार्य क्षेत्र का दायित्व बाँटकर कहती है। 'तू कमा के गेहूँ, चना, जौ ला। मैं पीस के रोटी करूंगी। तू खा और मुझे खिला। अपना काम तू कर अपना काम मैं करूँगी।'[3] इस प्रकार उस समय स्त्री स्वयं भी और अपने जीवन साथी को भी दायित्व का बोध कराने वाली हैं।

लोई का चरित्र सशक्त रूप में उपन्यास में दिखाई देता हैं। कबीर के व्यक्तित्व को निखारने में लोई का महत्वपूर्ण योगदान हैं। लोई, कबीर की साथी बनकर, व्यक्तिगत हित की जगह व्यापक हित को महत्व देती हैं।

कबीर का मुख्य संदेश प्रेम का हैं। कबीर ने भारत के सांस्कृतिक जन–जागरण की नींव डाली। भाषा में कबीर ने क्रांति की व जनभाषा का प्रयोग रचनाओं में किया। कबीर नि:संदेह तत्कालीन जीवन में क्रांति का बीज था। रांगेय राघव ने इस उपन्यास के माध्यम से तत्कालीन समय की राजनैतिक एवं सामाजिक परिस्थिति का चित्रण किया हैं। उस समय मुगल शासक सिंकदर लोदी का शासन था। वर्ण व्यवस्था के कारण उच्चवर्ण और निम्नवर्ण बँटे हुए थे। प्रचलित जनश्रुतियों के आधार पर रांगेय राघव ने कबीर का जीवन चरित्र लिखा। कबीर ने हिन्दु और मुसलमान दोनों ही सम्प्रदाय के लोगो के अंधविश्वास पर कटाक्ष किया। रांगेय राघव ने कबीरदासजी के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि संसार में गृहस्थ में रहकर भी ईश्वर भक्ति की जा सकती हैं। उन्होंने माँगने वाले साधु–संन्यासियों पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि जब तक जीवित है अपना कर्म करते रहो। कबीर ने तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, कुरीतियों, कुप्रथाओं पर अपने दोहो के द्वारा जोरदार प्रहार किया हैं।

उनकी रचनाओं में हिन्दु, मुसलमान दोनों के ऊपर कटाक्ष किया हैं। कबीर पढ़े–लिखे नहीं थे। वे तो फौरन सुनाने वालो में थे। धर्म के नाम पर हिंसा करने वालो के घोर विरोधी थे।

'लोई का ताना' नाम से ही पता चलता है कि लोई के शाश्वत् प्रेम के ताने बाने ने ही कबीर को कालजयी बना दिया।

'लोई का ताना' की भाषा शैली उस युग के अनुकूल हैं। उपन्यासकार ने उस युग में प्रचलित शब्दों का प्रयोग करके वातावरण का जीवंत चित्रण किया है, उपन्यास में सरल भाषा का प्रयोग है, साथ ही भाषा के द्वारा पात्रों के मनोभावनाओं की अभिव्यक्ति एवं मन की गहराइयों का सूक्ष्म चित्रण है।

'लोई का ताना' उपन्यास में बहुत सारे गीत मिलते हैं। लेकिन गीत ऐसे स्थान पर लिए गए जिसमें कि पात्र की मनोभावनाओं की जानकारी भी मिलती हैं और पाठक को भी उस स्थान पर गीत की आवश्यकता महसूस होती हैं। यह गीत सहज व स्वाभाविक इसलिए भी लगते है कि कबीर ने कागज को स्पर्श भी नहीं किया था। वो फौरन सुनाने वालों में से थे। कबीर

* 4/71, नर्मदा एप्रोच रोड़, मण्डलेश्वर, जिला–खरगोन, (म.प्र.) भारत

की अधिकतर रचनाएँ लोक भाषा में है, इसलिए सीधे पाठकों के हृदय को छूती हैं। कबीर लोगो के कहने पर तथा कभी-कभी परिस्थिति के आधार पर सहज, स्वाभाविक गीत गाने लगते हैं जैसे -

'महाराज। कल तो उसने गजब कर दिया। कुछ सिपाही जुलाहों को मार रहे थे। कुम्हार चाक चला रहा था। कबीर आगे बढ़ आया और ललकारकर बोला-माटी कहै कुम्हार से तू का रूँदे मोहि, इक दिन ऐसा होयगा हौं रोदोंगी तोहि।'[4]

निष्कर्ष - 'लोई का ताना' एक सफल जीवनीपरक उपन्यास हैं। रांगेय राघव ने सबसे पहले कबीर के जीवन को औपन्यासिक रूप में प्रस्तुत किया हैं। यह इस रचना की प्रमुख विशेषता हैं। साथ ही राघवजी का उद्देश्य कबीर को एक महान पुरूष एवं जननायक के रूप में प्रस्तुत करना हैं। साथ ही जीवन संघर्षो के बीच समाज के लिए कबीर ने जो योगदान दिया है, उसका भी, चित्रण किया हैं। 'लोई का ताना' उपन्यास में कबीर की कथा कमाल द्धारा सुनाई जाती हैं। इस प्रकार कथा को उपन्यासकार ने विस्तृत आयाम दे दिया हैं। कबीर के जीवन की विभिन्न घटनाओं का वर्णन उपन्यास में होने से पूरी रोचकता भी बनी रहती हैं। इसमें लेखक ने आधुनिक शिल्प का भी प्रयोग किया हैं।

उपन्यासकार ने 'लोई का ताना उपन्यास में कबीर को लोकनायक के रूप में चित्रित किया हैं। कबीर व लोई दो प्रमुख पात्र उपन्यास में हैं।

उपन्यास में कबीर को साहसी, निर्भीक, अदम्य उत्साह से भरा हुआ तथा मानवतावादी के रूप में प्रस्तुत किया हैं। कबीर ने समस्त जनता को मानवता के कल्याण का रास्ता दिखाया। कबीर जो देखते थे, महसूस करते थे, उसे फौरन कह डालते थे। वे भारतीय संस्कृति के नाम पर भेदभाव वाले ब्राह्मणवाद को नहीं मानते थें।

कबीर ने जीवनभर रूढ़ियों, अंधविश्वासों का विरोध किया। कबीर ने तो भारत के सांस्कृतिक जन-जागरण की नीव डाली थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोई का ताना - रांगेय राघव - पृ.क्र. 12
2. हिन्दी के जीवनीपरक उपन्यास - एक अध्ययन - डॉ संगीता सहजवानी- पृ.क्र.732 - अमन प्रकाशन संस्करण 2009
3. लोई का ताना-रांगेय राघव - पृ.क्र.74
4. लोई का ताना - रांगेय राघव - पृ.क्र. 45 - राजपाल एण्ड सन्स संस्करण 2007

****

वैष्णव पुराणों में नीतिपरक वचन

डॉ. संगीता मेहता * मुकेश बर्मन **

प्रस्तावना – पुराण साहित्य भारतीय सभ्यता और संस्कृति के मूलाधार हैं। पुराणों की संख्या 18 हैं, जिन्हें वर्ण्य–विषय वैशिष्टय के आधार पर वैष्णव पुराण, शैव पुराण और शाक्त पुराण प्रभृति रूप में विभक्त किया हैं। वैष्णव पुराण में भागवत पुराण, विष्णु पुराण, नारद पुराण, और गरूड़ पुराण आते हैं। ये पुराण आधुनिक युग में भारतीय संस्कृति के ज्ञान और कर्म परक नीति युक्त वचनों के स्रोत हैं। नीति युक्त वचनों ने पूर्वकाल से ही समग्र समाज को प्रभावित किया हैं, नीति युक्त वचन का समावेष पुराणों की सार्वजनिक व सार्वकालिक उपयोगिता के द्योतक हैं। नीति युक्त वचन ग्रन्थ के महत्व को स्वंय ही सिद्ध करने में परम सक्षम होते हैं। नीति युक्त वचनों के साथ–साथ पुराणों में इतिहास व भूगोल के प्रमाणिक प्रसंग उपलब्ध हैं। नीति युक्त वचनों में ज्ञान विज्ञान लोकव्यवहार एवं समाज को उन्नत करने वाले भाव निहित हैं। नीति – स्त्री (स.–नी+क्तिन्)(वि. नैतिक) उचित राह पर चलने की क्रिया या भाव। ऐसा भाव आचार या अनुकरणीय व्यवहार जो सबकी दृष्टि में सर्व हितैशी हो **(मानक हिन्दी कोष, पेज नं. 313)**। पुराकाल से ही संस्कृत साहित्य समाज के उन्नयन का कारक रहा हैं। वैष्णव पुराणों में वर्णित नीति निर्देश सिद्धान्तों का प्रतिपादन प्रशंसनीय हैं। सामान्यत: जनप्रवाद हैं कि पुराण साहित्य भक्ति व ईश्वर की उपासना का उत्कृष्ट स्रोत हैं, परंतु यह नीति युक्त वचनों का भी अथाह सागर हैं।

कर्म, शुभाशुभ कर्म फल, आचार,विचार शुद्धी, कर्तव्य–अकर्तव्य बोध, सदाचार सत्संगति, विद्धानों से वार्ता, सभी से मित्रता, लोक व्यवहार आदि विषयों से सम्बद्ध अनेक सूक्तियाँ हैं। इनमें कतिपय सूक्तियाँ उदाहरण स्वरूप यहाँ प्रस्तुत हैं– राजा पृथु भरी सभा में सज्जनों का अभिवादन कर नीति वचन करते हैं–

कर्तु: शास्तुरनुज्ञातुस्तुल्यं यत्प्रेत्य तत्फलम्।।

(भागवत पुराण 4–21–26)

अर्थात् कोई भी कर्म हो मरने के अनन्तर उसके कर्त्ता, उपदेष्टा और समर्थक को उसका समान फल मिलता हैं। शाश्वत सन्देश देने वाली यह सूक्ति समस्त मनुष्य जाति के लिए एक महान सीख हैं, किसी दुष्ट का साथ दे या समर्थन भी करे तो उस कर्म का दुष्परिणाम उसके सहयोगी को आवष्य भोगना पड़ता हैं। द्रोपदी की दुर्दशा की साक्षी पूरी राज्य सभा होती हैं उनमें सभी को समान रूप से दण्ड मिला चाहे वह गुरू द्रोण हो या पितामाह भीष्म। कर्मो का नाश होता हैं या नहीं?

नारद की जिज्ञासा की पूर्ति हेतु सनकजी नीति युक्त वचन कहते हैं–

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ।।

नारद पुराण पूर्वभाग 31–70

अर्थात् किए गए शुभ–अषुभ कर्मो का फल अवश्य ही भोगना पड़ता हैं। सुखद हो या दु:खद हो उसके कर्त्ता को उसके समस्त फल का भोग करना ही पड़ता हैं, यह नष्ट नहीं होता हैं इसका प्रभाव अनेक जन्मों तक विद्यमान रहता हैं।

श्रीकृष्ण भी कर्म फलों के विषय में गरुड़ से कहते हैं –

वाचैव यत्कृतं कृतंचैव तु कायिकम्
मानसं च तथा कर्म कृतं भुङ्क्ते शुभाषुभम्।।

गरुड़ पुराण प्रेतखण्ड 18–03

अर्थात् शुभ हो या अशुभ वाणी, शरीर और मन से जो भी कर्म या चिन्तन किया गया हैं, मनुष्य को उस कर्म का फल भोगना पड़ता हैं। सनक जी मार्कण्डेय मुनि के चरित्र का वर्णन करते हुए नारद को कर्मभ्रष्ट पुरुष के विषय में कहते हैं –

य: स्वाचारपरिभ्रष्ट: सांगवेदन्तगोऽपिवा
स एव पतितो ज्ञेयो यत: कर्मबहिष्कृत:।।

नारद पुराण पूर्वभाग 4–23

जो मनुष्य छहो अंगो सहित वेदों और उपनिषदों का ज्ञाता होकर भी अपने आचार से हीन है उसे पतित ही समझना चाहिए क्योंकि वह कर्मभ्रष्ट हैं। नीति से ही आचार–विचार शुद्ध व परिष्कृत होते हैं। नीति परक वचन मनुष्य को कर्म अकर्म के भेद से अवगत कराते हैं। यह सर्वविदित हैं कि इस संसार में कोई अत्यन्त सुखी हैं तो कोई अत्यन्त दु:खी उसकी इस अवस्था का कारण उसके ही पूर्वकृत् कर्मो का प्रतिफल हैं, क्योंकि

जुगुप्सितं कर्म विगर्हयन्ति।।

भागवत पुराण 1–7–14

नीच कर्म की सभी निन्दा करते हैं। जब तक मनुष्य सामाजिक व्यवस्था के अनुकूल व्यवहार करते हैं, तब तक उनकी मान–प्रतिष्ठा यथावत् बनी रहती हैं। यदि जीव निन्दित कार्यो में प्रवृत्त रहता हैं, तो वह सर्वत्र निन्दा का पात्र बनता हैं, उक्त कथन से यही परिणीत होता हैं, कि निन्दित कार्य सदैव दु:ख को ही प्राप्त करते हैं।

महर्षि और्व नीति उपदेश के अन्तर्गत विद्धान पुरुष के विषय में राजा सगर को कहते

विरोधं नोत्तामैर्गच्छेन्नाधमैश्च सदा बुध:।।

अर्थात् बुद्धिमान् पुरुष उत्तम अथवा अधम व्यक्तियों से विरोध न करें। सामाजिक व्यवस्था को बनाये रखने हेतु सज्जनों को नीति युक्त विचारों का मन्थन करना परम आवष्यक हैं। और्वजी सज्जनों के विषय में कहते हैं –

नारभेत कलिं प्राज्ञष्छुष्कवैरं च वर्जयेत्

* प्रध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (संस्कृत) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

अप्यल्पहानिस्सोढव्या वैरेणार्थागमँ त्यजेत्।।

विष्णु पुराण 3-12-23

प्राज्ञ पुरुष विवादों से दूर रहे और वैर को वर्जित करें, अल्प हानि वहन करके भी वैर से प्राप्त अर्थ का त्याग करें। उक्त व्यवहार मनुष्य को परम शांति व हर्षदायक हैं। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का अंग हैं, अत: उसके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य का समाज पर प्रभाव पड़ता हैं। इसलिए इसके विषय में सूतजी का कथन हैं कि मनुष्य को निम्न कार्यो का सम्पादन करते समय लज्जा नहीं करनी चाहिए-

धनप्रयोगकार्येषु तथा विद्यागमेषु च
आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्ज: सदा भवेत्।।

गरुड़ पुराण 1-110-25

धन प्रयोग के कार्यो में विद्या के आगमन में और भोजन के व्यवहार में मनुष्य को सर्वदा लज्जा त्याग देना चाहिए। यदि इन कार्यो में मनुष्य लज्जावश कृपणता दर्शाता है, तो वह धन का उचित उपयोग नहीं कर पाता और अल्प विद्या से उपहास का पात्र बनता हैं।

मनुष्य जब तक मौन रहता हैं, तब तक उसके गुण-दोष प्रकट नहीं होते परंतु उसके बोलने से उसमें उपस्थित गुण-दोष व स्वभाव स्वंय ही उजागर हो जाते हैं। महर्षि और्व राजा सगर को वाणी की विशेषता के विषय में कहते हैं कि -

सत्यं यत्परदु:खाय तदा मौनपरो भवेत्।।

विष्णु पुराण 3-12-43

अर्थात् यदि सत्य बोलने से दुसरों को दु:ख हो तो तब मौन रहना चाहिए। सत्य किसी की पीड़ा कारण बने तो ऐसे क्षण ज्ञानवान् पुरुष अपने विवेकशीलता का परिचय मौन रहकर दे, यही नीति हैं।

मनुष्य कोप्रत्येक क्षण सदाचार का पालन करना चाहिए। श्री पाराषरजी सद्व्यवहार के विषय में मैत्रेयजी से कहते हैं -

समुल्लङ्ध्यसदाचारंकश्चिन्नप्रोतिशोभनम्।।

विष्णुपुराण 3-17-2

सदाचार का उल्लघंन करके कोई भी शोभा नहीं पाता। सदाचार ही मनुष्य का आत्मीय अंलकरण हैं, जो दिव्य रूप प्रदान करता हैं। सूर्यवंशीय राजा वृक का पुत्र राजा बाहु सहपत्नी वन गमन करते हैं, तब उनकी प्रजा राजा के अपयश के विषय में कहती हैं -

नास्त्यकीर्तिसमो मृत्युर्नास्ति क्रोधसमो रिपु:
नास्ति निन्दासमं पापं नास्ति मोहसमासव:
नास्त्यसूया कीर्तिर्नास्ति कामसमोऽनल:
नास्ति रागसम: पाषो नास्ति संग-समं विषम्।।

नारद पुराण 1-7-41,42

सनक जी भावशुद्धि के विषय में नारद से कहते हैं -

भावशुद्धि विहीनानां समस्तं कर्म निष्फलम्।
तस्माद्रगादिकं सर्वं परित्यज्य सुखी भवेत्।।

नारद पुराण 1-33-102

भावशुद्धि बिना समस्त कर्म निष्फल होते हैं, इसलिए रागादि समस्त विकारों का त्याग कर सुखी होना चाहिए। सर्वविदित हैं कि मनुष्य का जैसा खान-पान और वातावरण होगा, उसका चित्त भी उसके समान संयमी या उद्वेलक होगा। छन्दोग्योपनिषद में भी अन्त:करण शुद्धि के विषय में कहा गया हैं -

आहारशुद्धो सत्त्वशुद्धि: सत्त्वशुद्धौ चित्त शुद्धि:।
ध्रुवा स्मृति: स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्ष:।।

छन्दोग्योपनिषद 7-26-2

अर्थात् आहार शुद्धि होने पर अन्त:करण की शुद्धि होती हैं। अन्त:करण की शुद्धि होने पर निश्चय स्मृति होती हैं। स्मृति लाभ होने पर सम्पूर्ण ग्रन्थियों की निवृत्ति होती हैं।

नीतिपरक वचनों के अन्तर्गत सूतजी कार्यो की सार्थकता के विषय में कहते हैं -

तन्मंगलं यत्र मन: प्रसन्नं तज्जीवनं यन्न परस्य सेवा।
तदर्जितं यत्स्वजनेन भुक्तं तद्गर्जितं यत्समरेरिपूणाम्।।

गरुड़ पुराण 1-115-54

मंगल वही हैं, जिसमें मन प्रसन्न हो जीवन वही हैं, जिससे दुसरों की सेवा हो, अर्जित धन वही जिसका स्वजन उपभोग करे और गर्जना भी वही हैं जो शत्रु को घात करें। इस क्षणभंगुर संसार में मनुष्य सुख की प्राप्ति हेतु अनेक वस्तुओं का संग्रह करता हैं, परंतु सुख तो उसके आचरण पर निर्भर रहता हैं। जीवन में कभी अवसाद न हो इसके विषय में सूतजी का कथन हैं -

उत्तमै: सह साङ्त्यं पण्डितै: सह सत्कथाम्
अलुब्धै: सह मित्रत्वं कुर्वाणो नावसीदति।।

गरुड़ पुराण 1-108-12

उत्तम जनों का संग, विद्धानों से वार्ता और अन्यजनों से मित्रत्व का भाव रखने वाले को अवसाद नहीं होता। अत: मनुष्य को चाहिए कि -

त्यज दुर्जनसंसर्ग भज साधुसमागमम्।।

गरुड़ पुराण 1-108-26

बुद्धिमान गहन विचार करके ही अपने कार्य का शुभारम्भ करे। सूतजी का कथन हैं-

चलेत्येकेन पादेन तिष्ठत्येकेनं बुद्धिमान्
न परीक्ष्य परं स्थानं पूर्वमायतनं त्यजेत्।।

गरुड़ पुराण 1-109-4

श्री भगवान यममार्ग का निरुपण करते हुए गरुड़ से गर्व के विषय में कहते हैं -

को गर्व: क्रिते तार्क्ष्य क्षणविध्वंसिभिर्नरै:।।

गरुड़ पुराण प्रेरक खण्ड 15-25

क्षण भर में विध्वंस को प्राप्त होने वाले मनुष्यों का गर्व करना व्यर्थ हैं। वामन देव अर्थ संग्रह के विषय में राजा बलि से कहते हैं-

वित्तं यावत्प्रयोजनम्।।

भागवत पुराण 8-19-27

बालक ध्रुव को पीड़ा से मुक्त करने हेतु देवी सुनीति सम्पत्ति के विषय में कहती हैं -

सुशीलो भव धर्मात्मा मैत्र: प्राणिहिते रत:
निम्नं यथाव: प्रवणा: पात्रमायान्ति सम्पद:।।

विष्णुपराण 1-11-24

अर्थात् सुशील, धर्मात्मा सब के मित्र और प्राणियों का हित करने में तत्पर बनों क्योंकि नीचि भूमि की ओर ढलकते जल की भाँति सम्पत्ति भी सत्पात्र की ओर आती हैं। अत: नीतियुक्त कार्यो का सम्पादन करने वाला पुरुष ही सत्पात्र हैं, जो समस्त सम्पत्तियों का अधिपति बनता हैं।

नीतियुक्त कथनों से अलंकृत हितोपदेश में नारायण पण्डित ने कहा हैं -

नये च शौर्यं च वसन्ति सम्पद:।।

नारायण पण्डित हितोपदेश 3-116

अर्थात् नीति और पराक्रम में ही सम्पत्तियों का वास होता हैं। धन उतना ही संग्रह करे जितने की अवश्यकता हो। प्रयोजन से अधिक धन का संग्रह मनुष्य में तमोगुण की वृद्धि करता हैं। अर्थ के वृक्ष पर बैठा पुरुष काम व लोभ के फलों का ही आस्वादन करता हैं।

सूतजी कुटिलता के विषय में शौनक से कहते हैं–

स्त्रीणां नैव तु विश्वासं दुष्टानां कारयेद्बुध:
विश्वासे य: स्थितो मूढ: स दु:खै: परिभूयते।।

भागवत पुराण महा. 5–14

बुद्धिमान पुरुष को दुष्टा स्त्रियों पर कभी विश्वास नहीं करना चाहिए, जो मूर्ख इनका विश्वास करता हैं, उसे दु:खी होना पड़ता हैं। बुधजन सर्वदा अपने विवेक से अन्य व्यक्तियों के व्यवहार की परख कर और गहन विचार करके ही विश्वास करते हैं। आत्मदेव व धुन्धली का पुत्र धुन्धुकारी काम व भोग के वशीभूत होकर अत्यन्त क्रूर कर्म करने लगा, जिनके लिए वह धूर्त बनकर भोग की सामग्री एकत्रित कर रहा था उन्हीं कुलटा स्त्रियों ने मिलकर उसका वध कर दिया व लोगों के पुछने पर कह देती थी कि हमारे प्रियतम धन की लालसा में अबकी बार कहीं दूर चले गए। उक्त वृत्तान्त धूर्त और कामी पुरुषों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मनुष्य के उत्तम निवास के विषय में सूतजी कहते हैं–

स बन्धुर्यो हिते युक्त: स पिता यस्तु पोषक:
तन्मित्रं यत्र विश्वास: स देशो यत्र जीव्यते।।

गरुड़ पुराण 1–108–15

वैष्णव पुराणों में अनगिनत नीतिवचन समाहित हैं। जितने भी प्रसंग उपलब्ध होते हैं, उनमें नीति अथवा लोकव्यवहार का उत्कृष्ट वर्णन हैं। इन नीति युक्त प्रसंगों से इनका एक विशेष रूप प्रतिबिम्बित हुआ हैं, जो पाठक को सहज ही प्राप्त होता हैं। इन वचनों का पालन व आत्मसात जीवन को सार्थकता प्रदान कर अवसाद से मुक्त करता हैं।

वर्तमान परिप्रक्ष्य में मनुष्य विलासिता व भव्यता की ओर अधिक आकृष्ट हो रहा हैं। अपने मूल स्वरूप को विस्मृत कर क्षणिक सुखों का अनुयायी बनता चला जा रहा हैं। इस विचारणीय स्थिति से उबरने का सही उपाय स्वाध्याय हैं। भारतवर्ष में जन्म लेना ही सौभाग्य हैं, क्योंकि भारत देश की सभ्यता व संस्कृति का पोषण करने वाली संस्कृत भाषा हैं। जो विश्व बन्धुत्व पोषण की भावना लिए आदिकाल से विद्यमान हैं। अत: शास्त्रों का अध्ययन कर उनके अमृत समान विचारों से विशाद रूपी आवरण से मुक्त हों ऐसी अपेक्षा हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. श्रीमद्भागवत पुराण – सावित्री ठाकुर प्रकाशन, वराणसी।
2. विष्णु पुराण – गीताप्रेस, गोरखपुर।
3. नारद पुराण – हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग।
4. गरुड़ पुराण – नाग प्रकाशन, दिल्ली।
5. भर्तृहरी शतक – न्यू साधना पॉकेट बुक्स, दिल्ली।

****

संगीत की उत्पत्ति - दृष्टिकोण

प्रो. विन्ध्या मरावी *

प्रस्तावना - 'संगीत के ऐतिहासिक दृष्टिकोण को दृष्टिगत करें, तो संगीत की उत्पत्ति के सम्बंध में कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलता, क्योंकि संगीत प्राचीन काल से ही प्रकृति के गोद में पले मानव के प्रयत्नों से ही पनपा है और सदा से ही मनुष्य के हृदय को झंकृत और मन को आनंदित करता आया है।'

संगीत की उत्पत्ति के सम्बंध में अलग-अलग धारणाएँ ग्रंथों में मिलती है, इनमें से कुछ धार्मिक आधार कुछ प्राकृतिक व मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से संगीत की उत्पत्ति मानते हैं। संगीत अनादि है, ऐसा भी कहा गया है कि मनुष्य के साथ-साथ ही संगीत का जन्म पृथ्वी पर हुआ। सत्य यही है कि संगीत सप्त स्वरों से निकली लहरें हैं जो जल की धारा की तरह सदैव प्रवाहित होती रहती है।

संगीत के जन्म सम्बंधी प्राकृतिक दृष्टिकोण - संगीत का उद्‌भव स्थल प्राकृतिक ध्वनियों का अनुकरण है। प्रकृति और संगीत का सीधा सम्बंध जोड़ते हुए अनेक विद्धानों ने संगीत को प्रकृति की आत्मा कहा है। अरब के सुप्रसिद्ध इतिहासकार ओलासीनिज्म ने अपनी पुस्तक 'विश्व का संगीत' में संगीत का जन्म बुलबुल नामक चिड़िया से माना है। उस चिड़िया की ध्वनि से प्रभावित होकर आदिमानव उसकी चहक की नकल करके ही स्वर निकालते व आनंदित होते थे। संगीत के जन्म के सम्बंध में बहुत सी कथाएँ प्रचलित है। हिन्दी साहित्य में भी यह माना गया है कि सातों स्वर विभिन्न पशु-पक्षियों की ध्वनि से प्राप्त हुए हैं। दामोदर पंडित के अनुसार 'संगीत के सात स्वर सात विभिन्न पशु-पक्षियों की ध्वनि की देन है। मोर से षडज, चातक से ऋषभ, बकरा से गंधार, क्रौंच से मध्यम, कोयल से पंचम, मेंढक से धैवत और हाथी से निषाद स्वर की उत्पत्ति मानी गई है।' इस प्रकार अनेक पाश्चत्य एवं भारतीय विद्धानों ने इस विषय में अपने विचारों को प्रकट किया तथा किसी ने बुलबुल को किसी ने अतिषजन को तथा किसी ने जलध्वनि को, किसी ने पशु-पक्षियों को आधार मानकर संगीत की कल्पना की। मनुष्य ने प्रकृति में समाहित ध्वनि को समझा व उसे अपने दिमाग में धारण करके उसी तरह की ध्वनि निकालने का प्रयास किया होगा और इसी ध्वनि व गति ने आगे चलकर संगीत से स्वर व लय का संचार किया।

संगीत की उत्पत्ति का धार्मिक आधार - संगीत के जन्म के सम्बंध में अनेक विद्धानों ने अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विभिन्न विचार व्यक्त किए हैं। संगीत की उत्पत्ति सर्वप्रथम वेदों के निर्माता ब्रह्मा द्धारा हुई। ब्रह्मा ने यह कला शिव को दी। शिव द्धारा सरस्वती को प्राप्त हुई। सरस्वती ने यह कला नारद को प्रदान दी। पं. अहोबल के अनुसार 'ब्रह्मा ने भरत को संगीत की शिक्षा दी तथा पं. दामोदर ने भी संगीत का आरम्भ ब्रह्मा को ही माना है।'

एक ग्रंथकार के अनुसार - 'पार्वती की शयन मुद्रा को देखकर शिव ने अनेक अंग-प्रत्यंगों के आधार पर रूद्रवीणा बनाई और अपने पांच मुखों से पांच रागों की उत्पत्ति की, तत्पश्चात् छठा राग पार्वती के मुख द्धारा उत्पन्न हुआ। शिव के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण और आकाशोन्मुख होने से क्रमश: भैरव, हिंडोल, मेघ, दीपक और श्रीराग प्रकट हुए तथा पार्वती द्धारा कौशिक राग की उत्पत्ति हुई।'

कुछ विद्धान संगीत का उद्‌भव 'ओऽम' शब्द से मानते हैं, यह एकाक्षर ओऽम अपने अंदर तीन शक्तिओं को समाहित किए हुए है, अ उ म। तीनों ही शक्ति का प्रतीक है। अत: ओऽम वेदों का बीज मंत्र है, इसी बीज मंत्र से सृष्टि की उत्पत्ति मानी गई है और इसी से नाद की उत्पत्ति हुई है।

अध्यात्मिक विद्धानों के मत से जिस प्रकार ब्रह्मा जी के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। उसी प्रकार वैज्ञानिकों के मतानुसार नाद के बिना सृष्टि की कल्पना करना असंभव है।

संगीत की उत्पत्ति का मनोवैज्ञानिक आधार - संगीत के जन्म के सम्बंध में मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्धानों में मुख्य रूप से यूरोप के विचारकों के मत अधिक दृष्टिगोचर होते हैं।

जेम्स लॉग के अनुसार 'पहले मनुष्य ने चलना, बोलना आदि क्रियाएँ सीखी तत्पश्चात् उसमें भाव जागृत हुए फिर उन भावों की अभिव्यक्ति के लिए संगीत की उत्पत्ति हुई।'

कुछ विद्धानों ने यह भी माना है कि मनुष्य ने विभिन्न ध्वनियों के माध्यम से अपने भावों को व्यक्त किया होगा तथा समय परिवर्तनानुसार यही संगीत बन गया। संगीत मनुष्य की ध्वनियों को अनुकरण करना ही होता है, जिसके द्धारा भावों का स्वस्थ स्पष्टीकरण होता है। इस विषय में कर्टसच ने भावाभिव्यक्ति की सहायता से संगीत के जन्म को माना है। वस्तुत: संगीत का उद्‌भव मानव जीवन के पृथ्वी पर आगमन के साथ ही हो गया था। परिवर्तन सृष्टि का नियम है और इसी परिवर्तन के साथ-साथ संगीत में भी अनेक परिवर्तन आए।

अत: मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो मनुष्य ने अपने हृदय के उद्धारों को प्रकट करने की आवश्यकता महसूस की होगी और फिर उसने ध्वनि का सहारा लिया होगा और इसी भावाभिव्यक्ति की आवश्यकता ने संगीत के उद्‌भव की प्रथम प्रक्रिया का आरम्भ किया होगा ऐसा माना जा सकता है।

संगीतोपत्ति के मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुप्रसिद्ध विद्धान हललेरिश आइबो ने 'द हिस्ट्री ऑफ म्यूजिक' में व्यक्त करते हुए कि 'सृष्टि के सृजन के साथ पुरूष और नारी मिलन अभिसार पर जो स्वर मुखरित हुए, वही संगीत बन गया। वह स्वर इतने मधुर व आकर्षण पूर्ण थे कि जिसको सुनकर कोई

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय एम.एल.बी. स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

भी प्राणी आत्मविभोर हो सकता था। इन्हीं स्वरों का आगे चलकर संगीत के रूप में विकास हुआ।'

संगीत की उत्पत्ति का वैज्ञानिक आधार – वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संगीत की उत्पत्ति ध्वनि आंदोलनों के परिणाम स्वरूप होती है। दो वस्तुओं की आपसी रगड़ आस–पास की वायु को आंदोलित करती है एवं जल तरंगों की तरह वायु वातावरण में भी तरंगे उत्पन्न होती है और यही कंपन हमारे कर्णेन्द्रिय को स्पंदित करता है। जिससे हमारी चेतना को ध्वनि का अनुभव होता है। संगीत मात्र सामान्य ध्वनि ही नहीं अपितु यह तो सूक्ष्म अंतर्वृत्तियों के उद्घाटन का सबल साधन भी है।

जैसा कि कहा भी जा चुका है कि संगीत का आधार नाद है, जिसे ईश्वर के समान अनंत बनाया गया है। इसे नाद ब्रह्मा भी कहा जाता है।

संगीत की उत्पत्ति का ऐतिहासिक आधार – भारत का प्राचीन इतिहास 3500 ई. पूर्व के लगभग का आरम्भ काल माना जाता है। ऐसा अनुमान है कि इससे पहले भी सभ्यता एवं संस्कृति आवश्यक रही होगी लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं मिलता है, इसी कारण इतिहासकारों ने उसे अंधकार युग कहा है। इस अंधकार युग के जो पाषाण चिन्ह तथा जो मूर्तियाँ मिलती है, उन्हीं के आधार पर अंधकार युग को चार भागों में विभाजित किया गया है –

- पूर्व पाषाणकाल
- ताम्रकाल
- पाषाणकाल
- लौह काल

प्रगैतिहासिक काल में मनुष्य जंगली अवस्था में रहते थे। अत: संगीत कोई विकसित रूप नहीं मिलता, किन्तु ये लोकसंगीत कला से पूर्ण परिचित थे। नृत्य का ज्ञान इस युग के मनुष्यों को नहीं था।

उत्तर पाषाणकाल में संगीत कला कुछ विकसित अवस्था में पहुँची। इस युग में सामूहिक संगीत का जन्म हुआ तथा इस युग में काम करते समय स्त्री, पुरूष दोनों स्वर आलाप द्वारा संगीत का आनंद लेते थे। जिससे उन्हें अपने काम में नवीन चेतना एवं स्फूर्ति मिलती थी। ताम्रयुग का संगीत पूर्व कालों से श्रेष्ठ था। ऐसा माना जाता है कि वर्तमान संगीत की नींव ताम्रयुग के संगीत पर ही रखी गई होगी।

सिन्धु सभ्यता में उपलब्ध संस्कृतियों व मूर्तियों से यह स्पष्ट होता है कि उनमें धर्म साधना, मूर्ति पूजा व वृक्ष जैसे जड़ वस्तुओं की आराधना सम्मिलित थी। लौकिक एवं धार्मिक सभाओं में गीत, वाद्य, नृत्य का पर्याप्त प्रचलन था। संगीत के लिए ढोल व दुन्दुभी जैसे वाद्यों का प्रचार था।

निष्कर्ष – यह कहा जा सकता है कि संगीत के जन्म के सम्बंध में जितने भी अभिमत प्राप्त हुए हैं, वे प्राय: धार्मिक एवं मनोवैज्ञानिक अभिमत से प्राप्त तथ्य हैं, जिसका पूर्ण रूप से प्रभाव उपलब्ध नहीं है। यही सांकेतिक प्रतीकात्मक ध्वनियाँ संगीतिक स्वरों के प्रारंभिक रूप हैं। आदिमानव ने पशु–पक्षियों की बोलियों की नकल, दो वस्तुओं के टकराव से उत्पन्न ध्वनि इत्यादि आवाजों से प्रेरणा प्राप्त कर विभिन्न प्रकार की आवाज निकालने का प्रयास किया होगा और धीरे–धीरे इसी प्रकार के किए गए प्रयत्नों के परिणामों से ही संगीत के प्रारंभिक रूप का विकास हुआ होगा।

पाश्चात्य विद्धान फ्रायड के अनुसार 'संगीत की उत्पत्ति एक शिशु के समान है। जिस प्रकार बालक अपनी सभी क्रियाएँ जैसे – रोना, चिल्लाना आदि अपनी आवश्यकतानुसार सीख लेता है। उसी प्रकार संगीत का प्रादुर्भाव मानव में स्वयं हुआ।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. I, Issue XVIII

The Decorative Patterns in Indian Art and Architecture

Kingshuk Mukherjee* Prof. Himadri Ghosh**

Abstract - Decoration nourishes and energizes us, providing mental and aesthetic stimulation in an impactful manner. Very few countries and civilizations have so consistently celebrated and practiced the decorative arts, and the embellishment and ornamentation of the surface, as India, ranging from Neolithic cave paintings, to the magnificent architectural decorations across almost all parts of the Indian subcontinent, to modern day exuberant designs found across a varied platforms associated with our lifestyles such as on textiles, and as home decorations, just to name a few. The list is, indeed, endless. This study is an attempt to explore the manifestation of the decorative patterns present in Indian art and architecture over ages and to reinforce its impact. It is an exploration to gain further insight into the influence and impact of Indian art and architecture in the Indian lifestyle. It is apparent that history has its impact on today's lifestyle in various forms. But the extent of this impact and influence can be explored to a greater depth.
Key words - Decoration,Decorative Art, Architecture, Patterns, Ornamentation, Paintings.

Introduction - A sophisticated and ornamental Iconography has connected this vast subcontinent and formed a bond between its linguistically and ethnically diverse peoples. Spreading along the trade and pilgrimage routes, it has acted as an essential unifying factor in such a diverse land (Wilson, 2011). Indian decorative art have witnessed a lot transformations across ages. Starting from the early Indus valley Civilizations, then the Epic period, then to the cave paintings of Ajanta, it went through a lot of transformation. It gradually grew into a more detailed and fine-tuned version. Indian decorative art have also witnessed a lot of influences from the various dynasties and change of guards. Each ruler tried to enforce and incorporate his own styles and identity to the Indian art and ornamentation.

With the arrival of the Mughals and their exceptional patronage of the arts, combined with their expansionist policies, there was a further development of the subject matter, taste and style. The elements of nature have played the most essential role to the evolution of this ornamentation (Wilson, 2011).

Moved by the charm of nature around him, man has always expressed his appreciation of it in works of art produced by him (Sivaramamurti, 1970). In the early periods, aspects of nature were associated with the mystical qualities because of their seemingly arbitrary and capricious character. These manifestations were celebrated through pictorial representation, and nowhere has this been more evident than in the decoration of architecture, as artisans created a vast canon of patterns and motifs inspired by nature. Few physical forms exhibit the vital diversity of the inheritance as fully as architecture. There have been abundant examples of reproducing natural motifs in the decoration of the forts and palaces. A focused approach towards the visual exploration of India's decorative artcan be on architecture-forts, palaces, havelis or mansions, tombs, temples and mosques. Most parts of India has exceptionally rich seam of ornamented architecture. We can find ample examples in stone, wood, plaster and glass.

Methodology - The present study is a review a substantial number of secondary data sources available pertaining to the topic. This was validatedand supported byvisit to several architectural monuments.

For this paper, three such places of historical significance have been selected, namely, The tomb of the emperor Akbar at Sikandra, The tomb of Itimad-ud-Daula, Agra, and The Mughal red fort of Agra. The information has been collected through visual analysis of each place.

Decorative Art of India - The decorative art of Indian subcontinent is so rich that it is extremely difficult not to encounter decoration in one form or the other even on a day to day basis. The most easily found decorative art can be found in textiles and other textile based products such as garments and home textile products including curtains, bed sheets, carpets and rugs, just to name a few. **(See in the last page)**

Decorative art is also the most important aspect of items of self-adornment such as precious and semi-precious jewelry as well as other wearable accessories.

***Asst. Professor, Banasthali Institute of Design, Banasthali Vidyapith (Raj.) INDIA**
****Dean, Banasthali Institute of Design, Banasthali Vidyapith (Raj.) INDIA**

Moreover, decorative art is embodied in all forms of decorative as well as utilitarian items such as flower vases, wall hangings, furniture and other furnishings and decorative products used in living spaces. **(See in the last page)**

In the Indian subcontinent, decoration is an integral part of festive celebrations and other forms of celebrations as well. Rangoli is a great example of such decorative art form. Morever, the application of *mehendi* on hands and other body parts is a very vivid representation of decoration at its best. It is an integral component in all sorts of rituals and religious gatherings as well. To summarize, in this art centric Indian subcontinent, it is difficult to find even the small sized commodities such as utensils, pots and vessels without some decorative element in it. **(See in the last page)**

Decorative Art in some form or the other cannot be missed in everyday life even in the remotest corners of villages. Indian subcontinent is celebrated for the vibrant exterior decorations on the means of public transport such as trucks, auto-rickshaws, trains, and even on airplanes. In short, no life is untouched by the celebratory grandeur of decorative art in India.

A snapshot into the origin of decoration as an art form - The instinct of beauty was inborn in humans. The historical perspective of the patterns used in decoration can be attributed to what the man saw around him. They created objects such as pottery and pitchers with images of animal, birds and humans.

Nature served as the only and most comprehensive form of inspiration to the early man. The earliest paintings of the prehistoric age in the caves all over the world give us magnificent examples of the observant eye and the trained hand even in man's savage state. The wall of these cave temples were entirely covered with paintings. This rich legacy of decorative practices was carried forward throughout the ages and carrying along the ever enhanced fullness and diversities.

The decorative practices took a few major leaps along the glorious path in terms of their richness and detailing. One such notable leap was the Historic age of Ajanta cave paintings. On the walls of Ajanta, the heroes and heroines of various Jataka (Buddhist) stories appear. They were so skillfully painted that they seem to be living, breathing and acting. These paintings show remarkable breadth of vision. These painters created figures through imagination (Khandalavala, 1974).

The Indian decorative practices moved in a steady and at times erratic manner, in the times to come. A notable development came along with the arrival of Mughal Rulers in India. These Mughal rulers brought along with them their passion for decorative art practices and also brought many foreign elements to the prevalent art scene. They left behind a series of exuberant architectural structures and many magnificent book portfolios rich with decoration.

Patterns in Decorative Art - A pattern is usually a repeated decorative design. Patterns can be repeated in borders or bands or in the overall space depending on the aesthetic requirements of the design. Border repeat patterns can be easily found across varied forms of art such as in textile materials, paintings, architectural structures, home furnishing materials. **(See in the last page)**

The most obvious things which occupy our minds when we talk about borders is a "saree". Sarees are characterized by exuberant border designs. Another popular product category flanked by borders is "bed spreads". Bed spreads come in a plethora of border design patterns ranging from organic to geometric designs. Indian paintings are renowned for the striking details found in the page borders which flank the paintings.

The practice of Decorative art during the Mughal Dynasty -

The Mughal Dynasty

I. Babur: 1526-1530
II. Humayun: 1530-1539; 1555-1556
III. Akbar: 1556-1605
IV. Jehangir: 1605-1628
V. Shah Jehan: 1628-1658
VI. Aurangzeb: 1658-1707
VII. Bahadur Shah I: 1707-1712
VIII. Muhammad Shah: 1719-48 (Shirodkar, 2010).

Manuscripts - The love of pattern and ornament in India is strongly evident even in major pre-Mughal manuscripts such as the Jain VasantaVilasa scroll and the Iranian Haft Awrang, just to name a few. The adjacent scroll of VasantaVilasa is in a thoroughly Indian style that descends from the great cave paintings made at least 7 centuries earlier at Ajanta and Ellora. **(See in the last page)**

While the horizontal illustrations and the texts are arranged in the vertically oriented scroll format that was popular with Indigenous traditions (Beach, 2012).For centuries, books have been treasured as precious objects worthy of royal admiration. This was especially true in Muslim India, where generations of Mughal emperors-from Babur to Humayun to Akbar, Jehangir and Shah Jehan-commissioned and collected volumes of richly illustrated manuscripts and folios.

They assembled workshops of leading artists and calligraphers to produce the books that filled their extensive libraries. Today, those works remain a vibrant part of India's cultural and artistic history in the 16th and 17th centuries. Emperor Akbar was instrumental in the development of the Mughal style decorative art both in painting and architecture. The desire to confront traditional Islamic attitudes (whether artistic, religious or political) with innovative and challenging concepts from other cultural traditions was the starting point to the development of this delightful decorative art which is cherished today by not just Indian but also foreign art enthusiasts. Akbar was ever intrigued by European prints and paintings, which his artists studied and copied.

The developments in the art scene showed glimpses of western influences with the reign of the Mughal rulers after Akbar. Imported objects from Europe had long been

circulated throughout the Mughal Empire with the ever increasing trade relations between Mughal occupied India and the West (Beach, 2012).

Decorative art always complemented the elaborate Paintings and the Calligraphic panels in form of margins or borders. The marginal designs were often decorative for the illustrations (vegetal or floral and bird motifs) and figurative for calligraphic panels. Copies and adaptations of European prints were abundantly found among the border figures. During the reign of Jahangir, paintings and decorations portrayed the life of extreme opulence. Artists opulently decorated the rooms in which the emperor lived. During the reign of Shah Jahan, decorative styles in manuscripts became more formal in their structure and were technically flawless. All borders are completely different in its approach from the impetuous, spirited borders in Jahangir's albums. They are instead, Jewel like, exquisite, and very formal. As before, there was ever increasing traces of European prints in the border designs in the manuscripts. The abundant floral designs can be attributed to the inspiration of European herbals.

Evoking the idea of paradise as a garden, this became the basis for a comprehensive decorative program that dominated textiles, decorative objects, and architecture as well. A major contribution of these richly illustrated Mughal Manuscripts is the great exhibition of the practice of decorative art in architecture, textiles (on their costumes as well as on carpets and floorings), and other objects of decoration during those periods.This above figure from the late 16th – early 17th century Mughal Manuscript illustratesa scene from Ramayana. In this scene, the elaborately painted pillars of the ceremonial hall are interesting evidence for the contemporary palace decoration-little of which has survived.**(See in the last page)**

Let us take a look at a few notable Mughal Albums that showcase the wonderful art of decoration at their best.

a) Salim Album - The Album borders consist of symmetrically placed cartouches with simple vegetal forms or rosettes.

b) Jahangir Album - Jahangir's refined and eclectic taste is best revealed in the Gulshan Album. Persian paintings and drawings are found alongside European prints. Elaborate borders were made. The calligraphies, often enhanced by floral or bird motifs, were arranged on facial pages and alternated with paired paintings, prints, or drawings.**(See in the last page)**

These above mentioned figures are reveal the magnificently Illustrated and decorated book-covers of the Gulshan Album (Mughal, ca. 1595-1632). This was named "A Royal Hunt". It would be hard to imagine a more elegant enclosure for Jahangir's great album. Highly traditional in format-the immediate precedents being the Safavid Iran-these are the finest lacquer covers known from Mughal India.

A superb but slightly later set of covers, made for a Shahnama dating to 1616 and now in the British library, shows even more decoratively elaborated designs of animals in the landscape, all rendered in gold. There the artist drew from the often-dense gold marginal designs that evolved within the Gulshan Album to create a particularly splendid effect. The term used here for garden is gulshan, which became the name of the album.

These covers introduced a trait that came to be as much a characteristic of Mughal manuscripts as it was of architecture, namely, both were constantly subject to reconfiguration and renovation.

c) Shah Jahan Album - This album cover (Mughal, ca.1650) named as "Shamsa" &"Unwan" respectively, provided a customary and celebratory opening to an album with elaborate illumination surrounding an appropriate central text.The majestic architecture, with its European details, must have been derived from a European engraving. **(See in the last page)**

d) Nasiruddin Shah Album - One group of album folios entered the collection of Nasirunddin Shah, who ruled Iran in the 2nd half of the 19th century. Named for him, the album consists of images and calligraphies placed within the superb floral borders that became standard for the albums assembled during Shah Jahan's reign.

e) Hastings Album - Born in 1732, Warren Hastings joined the British East India Company in 1750. The pictures in the album either are copies or adaptations of early imperial works or are fully in the styles practiced in the eastern territories of Awadh or at Murshidabad in Bengal, areas with which Hastings had long been associated. Several are alternate versions of images found in other albums formed during the late 18th century, the period of painted lacquer covers on this volume. The margins on the pages are decorated with repetitive stenciled animal and floral forms.**(See in the last page)**

प्राचीन काल में शिक्षा व्यवहारिक रूप से व्यक्तिगत थी, किंतु जब से शिक्षा समूहों में दी जाने लगी तब से वैयक्तिक विभिन्नता के कारण प्रत्येक अध्यापक को शिक्षण की मनोवैज्ञानिक पद्धतियों का ज्ञान रखना भी आवश्यक हो गया। शिक्षण को कला एवं विज्ञान मानते हुए यह कथन उद्धृत किया जा सकता है कि 'उत्तम से उत्तम शिक्षा प्रणाली योग्य शिक्षकों के अभाव में व्यर्थ सिद्ध हो जाती है। शिक्षण एक कला के साथ-साथ विज्ञान भी है। इसके अभाव में किसी भी शिक्षक को सफलता मिल ही नहीं सकती।' शिक्षण में वैज्ञानिकता लाने के लिए तथा अच्छा अध्यापन करने के लिए शिक्षाविदों ने शिक्षक-प्रशिक्षण का प्रावधान किया। आज शिक्षक प्रशिक्षण का जो स्वरूप हमारे सामने है, उसके अतीत पर ध्यान देना आवश्यक एवं अध्ययन की दृष्टि से उपयोगी है, भारत में शिक्षक प्रशिक्षण व उसका स्वरूप बहुत पुराना है। यह प्रक्रिया मानीटर प्रणाली से प्रारम्भ होती है। इस प्रणाली में वरिष्ठ छात्र अध्यापन का कार्य करता है किंतु कक्षाध्यापक की इसकी देखरेख करता रहता है। यह स्वरूप बहुत दिनों तक चलता रहा और आज भी प्राय: छोटी कक्षाओं में देखने को मिलता है। यही प्रक्रिया आगे चलकर क्रमश: छात्राध्यापक प्रणाली हो गई और पुन: इसका स्वरूप बदलकर अध्यापक प्रशिक्षण बन गया। वर्तमान समय में हम इसे अध्यापक शिक्षा के नाम से जानने लगे है।

शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम का विद्यालयी स्वरूप 1793 ई0 से प्रारम्भ होता है। शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भिक विद्यालय के अध्यापकों से प्रारम्भ हुआ और यह माध्यमिक विद्यालयों तक पहुँचा अब यह कार्यक्रम महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए भी आवश्यक समझा जाने लगा है।

सन् 1882 में हन्टर आयोग ने शिक्षक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अनेक महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये, जिनके फलस्वरूप 19वीं शताब्दी के अन्तिम वर्षो में अनेक प्रशिक्षण विद्यालय तथा महाविद्यालय खुले। सन् 1904 में लार्ड कर्जन ने अपने प्रस्ताव में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं की संख्या में वृद्धि करने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने, स्नातक से कम योग्यता वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो वर्षीय तथा स्नातकों के लिए एक वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने प्रशिक्षण महाविद्यालयों से अभ्यासात्मक विद्यालय सम्बन्धित करने तथा प्रशिक्षण के दौरान सैद्धान्तिक व व्यवहारिक दोनों पक्षों का ज्ञान देने जैसे सुझाव भी रखें। इन सुझावों का शिक्षक प्रशिक्षण के विकास पर व्यापक प्रभाव पड़ा तथा शिक्षक प्रशिक्षण के आन्दोलनों को नवीन शक्ति मिली। 20वीं शताब्दी के प्रथम कुछ दशकों में प्रशिक्षण संस्थाओं की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई। इसके बाद सन् 1929 में हर्टोग समिति ने प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण पर अधिक बल देने, प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाने, शिक्षकों के लिए अभिनव पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने तथा शिक्षकों की सेवा शर्ते सुधारने जैसे सुझाव दिए। सन् 1937ई0 में बम्बई विश्वविद्यालय ने एम0एड0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ कर दिया। सन् 1937 में वुड एक्ट प्रतिवेदन तथा सन् 1944 में सार्जेन्ट रिपोर्ट में भी शिक्षक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अनेक सुझाव दिए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् 1948 में गठित राधाकृष्ण आयोग ने सैद्धान्तिक व पुस्तकीय ज्ञान के स्थान पर अध्यापन अभ्यास पर अधिक बल देने का सुझाव दिया। सन् 1952 में गठित मुदालियर आयोग ने माध्यमिक शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों को दो वर्षीय तथा स्नातकों को एकवर्षीय प्रशिक्षण देने तथा सेवारत शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए सवेतन अवकाश व नि:शुल्क प्रशिक्षण देने की सिफारिश की तथा सन् 1961 में भारत सरकार ने शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का गठन किया।

सन् 1963-64 में विभिन्न राज्यों में राज्य शिक्षा संस्थान की स्थापना की गई, जो सेवाकालीन प्रशिक्षण, प्रशिक्षण सामग्री व पाठ्य पुस्तकों में सुधार तथा शिक्षा के विकास के लिए परामर्श देने का कार्य करते है। सन् 1964-66 में कोठारी आयोग ने राज्यों में शिक्षक शिक्षा परिषद् गठित करने की संकल्पना की है। सन् 1982 में 5 सितम्बर अर्थात् शिक्षक दिवस पर भारत सरकार ने शिक्षक व्यवसाय के उद्देश्यों, शिक्षकों की भूमिका, शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षक कल्याण, शिक्षकों के लिए आचार संहिता शिक्षकों की स्थिति के सम्बन्ध में अध्ययन करने तथा परामर्श देने के लिए दो आयोगों - शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय आयोग प्रथम व द्वितीय का गठन किया। भारत के शैक्षिक इतिहास से यह पहला अवसर था जब पूर्णरूप से शिक्षकों के लिए समर्पित किसी आयोग का गठन किया गया हो। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षक ही नियुक्त किए जाते हैं। सरकार ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं का विकास किया है ओर आगे भी प्रयासरत है।

वर्तमान में एन.सी.टी.ई. के नये आदेशानुसार बी0एड्0 एवं एम0एड्0 का द्विवर्षीय पाठ्यक्रम पूरे देश में लागू है। अत: इस नये पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण का अध्ययन नवीन विषय है एवं अपने आप में

* शोधार्थी, राजा हरपाल सिंह पी0जी0 कॉलेज, जौनपुर (उ.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, राजा हरपाल सिंह पी0जी0 कॉलेज, जौनपुर (उ.प्र.) भारत

महत्तव रखता है। इसके माध्यम से वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को समझा जा सकता है एवं अपेक्षित सुधार सुझाए जा सकते है।

समस्या कथन –'वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण का अध्ययन।'

तकनीकी शब्दों का परिभाषीकरण।

- **शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम –** शिक्षक प्रशिक्षण वह शैक्षिक आयोजन है जिसमें विभिन्न स्तरीय एवं वर्गीय शिक्षकों को इस तरह से शिक्षित करने के लिए प्रयत्न किया जाता है कि आने वाली पीढ़ी को मान एवं मूल्यों के हस्तांतरण के साथ ही उनके समस्त शैक्षिक एवं विकासात्मक दायित्व को ग्रहण व वहन करने में वे सक्षम हो सके तथा उनमें तकनीकी, कुशलता, वैज्ञानिक चेतना, संसाधन सम्पन्नता, सांस्कृतिक चेतना, मानवता बोध का समन्वयात्मक विकास हो सके।

एन0सी0टी0ई0 द्वारा PDSE, D.El.Ed., B.El.Ed., B.Ed., M.Ed., D.P.Ed., M.P.Ed., Diploma in Arts Education (Visual Arts), Four Year B.A. B.Ed./B.Sc.Ed, Three Year (Part Time) B.Ed. Degree, Three Year B.Ed. M.Ed. (Integrated) Degree आदि शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है।

शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की व्यापकता एवं शोध हेतु समय तथा खर्च को ध्यान में रखते हुए समग्र पाठ्यक्रमों पर शोध कर पाना दुरूह कार्य है। अत: शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित हो रहे एम0एड्0 पाठ्यक्रम को लिया गया है।

दृष्टिकोण –

रैमर्स, गेज तथा रूमेल के शब्दों में –

'अभिवृत्ति अथवा दृष्टिकोण किसी मनोवैज्ञानिक वस्तु के प्रति, अनुभवों के द्वारा संगठित, धनात्मक या ऋणात्मक प्रतिक्रिया करने की संवेगात्मक प्रवृत्ति है।'

शोध का उद्देश्य – वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ–

1. वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

परिसीमांकन – वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में एम0एड्0 स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में समस्या की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए वर्णनात्मक शोध की एक विधि सर्वेक्षणात्मक विधि को अपनाया गया है।

जनसंख्या (समष्टि)–प्रस्तुत अध्ययन में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में एम0एड्0 स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों को जनसंख्या माना गया है।

न्यादर्श – शोधकर्ता ने सम्भाव्य प्रतिचयन के अन्तर्गत वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध राजा हरपाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिंगरामऊ, जौनपुर, टी0डी0 कालेज, जौनपुर, राजा श्रीकृष्णदत्ता पी0जी0 कालेज, जौनपुर महाविद्यालयों में एम0एड्0 स्तर पर अध्ययनरत् 100 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप मे लिया है।

प्रयुक्त मापन उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्त्ता ने प्रमाणिक वर्तमान शिक्षक–प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति स्वनिर्मित दृष्टिकोण मापनी का प्रयोग किया है। दृष्टिकोण मापनी के सारे कथन शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अर्थात एम0एड्0 पाठ्यक्रम के चारों सेमेस्टर से लिए गए है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय प्रविधियाँ – शोधकर्ता ने उद्देश्यों एवं परिकल्पनाओं को दृष्टि में रखते हुए मध्यमान, मानक विचलन, मानक त्रुटि, क्रांतिक अनुपात (Critical Ratio), क्रान्तिक–अनुपात, स्वतंत्रता का अंश (Degree of Freedom) एवं T-Table का प्रयोग किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या –

परिकल्पनाओं का परीक्षण –

H_1 - वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है।

H_{01} - वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका 1 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के दृष्टिकोण मध्यमानों के अन्तर का t–मान 0.835 है जो कि मुक्तांश 51 तथा सार्थकता स्तर 0.05 पर t– के तालिका मान 2.00 से कम है। अत: मध्यमानों के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं है। अत: शून्य परिकल्पना (H01) स्वीकृत होती है तथा शोध परिकल्पना ($क_1$) अस्वीकृत की जाती है।

H_2 – वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं की दृष्टिकोण में सार्थक अन्तर है।

H_{02} – वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं की दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका 2 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के दृष्टिकोण मध्यमानों के अन्तर का t– मान 0.787 है जो कि मुक्तांश 45 तथा सार्थकता स्तर 0.05 पर t– के तालिका मान 2.02 से कम है। अत: मध्यमानों के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं है। अत: शून्य परिकल्पना (H_{02}) स्वीकृत होती है तथा शोध परिकल्पना (H_2) अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये–

- 0.05 सार्थकता स्तर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के दृष्टिकोण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
- 0.05 सार्थकता स्तर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के दृष्टिकोण में कोई सार्थक

अन्तर नहीं है।

शैक्षिक निहितार्थ – प्रस्तुत शोध में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों में शिक्षण व्यवसाय में कितना रूचि रखते है और उनका दृष्टिकोण क्या है यह पता लगाना था।

विद्यार्थियों हेतु निहितार्थ –

1. शिक्षण जिनका कार्य आने वाली पीढ़ी रूपी पौधे को सिंचित करना है, जिनके कंधों पर देश के समस्त विकास की बागडोर है। उनके दृष्टिकोण एवं अभिवृत्ति का परिचय प्राप्त करना न केवल उनके लिए अनुसंधान करने के लिए अपितु यह शिक्षा प्रक्रिया के पूर्णरूपेण नियत संचालन के लिए नितान्त अपरिहार्य है। ज्ञान एवं शिक्षण अध्यापक एवं उसके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है।
2. यदि शिक्षक प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थी अपने कार्य से संतुष्ट नहीं है, व्यवसाय चयन मात्र उसकी औपचारिकता है तथा वह अपने विद्यार्थियों, शैक्षिक प्रक्रिया आदि के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति नहीं हो सकती।
3. शिक्षकों के स्तर में सुधार लाने में भी प्रस्तुत अध्ययन उपयोगी है।
4. शिक्षक प्रशिक्षण के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के प्रति सकारात्मक सोच अपनाना चाहिए जिससे आगामी भविष्य में शिक्षण कार्य करने में उन्हें कोई परेशानी न हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुप्ता, एस0पी0 (2013), अनुसंधान विधियाँ, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. गौड़, श्वेता (2009), इलाहाबाद जिले के स्ववित्तपोषित शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थाओं में संरचनात्मक एवं अनुदेशनात्मक सुविधाओं का अध्ययन, नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. पाण्डेय, दीप्ति (2010), वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में अध्ययनरत बी0एड0 विद्यार्थियों का संस्थागत प्रशासनिक पद्धति के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन, नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

तालिका – 1

क्र. सं.	समूह	संख्या (N)	मध्यमान (M)	मानक विचलन (S.D.)	मध्यमानों का अन्तर (M_1~M_2)	मानक त्रुटि (S_D)	t - मान	सार्थकता स्तर
1.	सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के छात्र	28	99.00	20.42	4.48	5.36	0.835	0.05 स्तर पर सार्थक
2.	स्ववित्तापोषित महाविद्यालयों के छात्र	25	94.52	17.87				

तालिका – 2

क्र. सं.	समूह	संख्या (N)	मध्यमान (M)	मानक विचलन (S.D.)	मध्यमानों का अन्तर (M_1~M_2)	मानक त्रुटि (S_D)	t - मान	सार्थकता स्तर
1.	सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की छात्रा	12	98.25	20.40	5.78	7.34	0.787	0.05 स्तर पर सार्थक
2.	स्ववित्तापोषित महाविद्यालयों की छात्रा	35	104.03	23.39				

****

एस.ओ.एस. बालग्राम के बालकों की पालन-पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

डॉ. रिटा बिश्ट*

प्रस्तावना – वर्तमान शिक्षा शास्त्री पॅस्तालॉजी, फ्रोबेल, मॉन्टेसरी, हेण्डरसन तथा रेमाण्ट बालक के विकास में परिवार के स्थान को सर्वोच्च मानते है। फ्रोबेल के अनुसार माताएँ आदर्श अध्यापिकाएँ तथा घर द्वारा प्रदत्त अनौपचारिक शिक्षा सर्वाधिक प्रभावशाली व स्वाभाविक है। सर्व विदित है कि शिवाजी ने अपने पारिवारिक वातावरण में ही वीरता का पाठ पढ़कर जीवन भर साहस के साथ संघर्ष किया था। इस प्रकार गाँधीजी ने भी अपने माता पिता के आचरण से प्रभावित होकर सत्य अंहिसा और प्रेम के सिद्धांतो को अपनाया था।

आदर्श परिवारों के सदस्य बालक में जीवनपयोगी मूल्यों व आदर्शों का विकास करने के लिए सदैव व प्रत्यनशील रहते है, परिवारजनों के मूल्यों से सम्बन्धित इन मान्यताओं के प्रति बचपन में पडे संस्कार अमिट होते है। परिवार के सदस्यों के नैतिक व चारित्रिक गुणों का प्रत्यक्ष प्रभाव बालक के नैतिक मूल्यों के विकास पर पड़ता है और उसमें जाति व राष्ट्र के प्रति प्रेम के स्थायी भाव बनते है। जिससे बालकों में आज्ञापालन, कर्त्तव्यपालन, सत्यता, ईमानदारी, परोपकार, स्वतंत्रता, सहिष्णुता, बलिदान, अहिंसा जैसे उत्तम गुणों का विकास होता हैं, जो चारित्रिक व नैतिक दृढ़ता के लिए आवश्यक है। बालक विद्यालय के नियम जैसे समय से विद्यालय जाना, गुरूओं का आज्ञापालन, समय-समय पर आयोजित सांस्कृतिक तथा साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेना, अध्ययन कार्यो में रूचि लेना, विद्यालय का काम समय पर पूरा करना आदि परिवार की प्रेरणा से ही सीखता है। इसके विपरीत परिवारों का दूषित वातावरण जैसे परिवारजनों की कथनी करनी में अंतर, उनके बीच असहयोग, घृणा एवं असंभावित व झगडालू प्रवृत्ति के माता पिता इत्यादि का बच्चों पर अस्वास्थ्यकर प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप बालक आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर बढ़ता हैं, जिससे उसमें नैतिक मूल्यों का यथोचित विकास नहीं होता हैं,

समस्या का औचित्य – संसार में बच्चों का जनसंख्या वाला दूसरा बड़ा देश भारत है। देश की पूर्ण जनसंख्या में से 0 से 19 वर्ष के बालकों की 50 प्रतिशत सहभागिता हैं। आज के ये बालक कल के राष्ट्र निर्माता है। माननीय ऊर्जा का एक बड़ा शक्तिशाली स्त्रोत है एवं ये भारत के सामाजिक व आर्थिक भविष्य के भी निर्माता है। किन्तु दुर्भाग्यवश इन बालकों की बड़ी जनसंख्या का एक प्रमुख भाग अनाथ, असहाय व तिरस्कृत तथा नकारे गये बालकों का हैं एवं देश की बढ़ते हुए शहरीकरण व पाश्चात्यकरण से इन बालकों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। यदि हम मानवता के इतने बडे भाग को नकारते हैं, तो देश के भविष्य के लिए अनेक समस्याए उत्पन्न हो जायेगी। अत: समाज के लोगों में इन बालकों के पूर्ण विकास के लिए अपने कर्त्ताव्यों को निभाने व उपलब्धि हेतु अभिप्रेरित करने में यह अध्ययन महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज का बालक ही कल के राष्ट्र का भविष्य है।

समस्या अभिकथन – प्रस्तुत अध्ययन द्वारा शोधकर्त्री यह जानना चाहती हैं कि एस.ओ.एस. बालग्राम संस्था द्वारा प्रदत्ता पारिवरिक वातावरण किस हद तक सामान्य परिवारों के समान बालकों के नैतिक मूल्यों के संबंधों के विकास में शिक्षा के प्राथमिक व अनौपचारिक अभिकरण की भूमिका निभा रहा है। एसओएस बालग्राम की पालन पोषण की पद्धति का इसमें परिवरिश पा रहे बालकों के जीवन के विभिनन आयामों (नैतिक मूल्यों) के विकास पर कैसा प्रभाव पड़ता हैं ? का अध्ययन करने हेतु शोधकर्त्री ने निम्नलिखित शोध विषय का चयन किया।

'' एसओएस बालग्राम के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर पड़ते वाले प्रभाव का अध्ययन।''

शोध का उद्देश्य :-

1. एसओएस बालग्राम के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर पड़ते वाले प्रभाव का अध्ययन।

शोध की परिकल्पनाएं-प्रस्तुत शोध की समस्या हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्धारित की गई हैं :

1. सम्प्रत्यात्मक
2. क्रियात्मक

सम्प्रत्यात्मक प्राकल्पना – एसओएस बालग्राम (संस्थागत) व सामान्य परिवार के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता हैं।

क्रियात्मक 1.1 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के बालकों के नैतिक मूल्यों पर प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

क्रियात्मक 1.2 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के बालकों के नैतिक मूल्यों की विचलनशीलताओं में सार्थक अन्तर नहीं है।

सम्प्रत्यात्मक प्राकल्पना – सामान्य परिवारों के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास परलिंगभेद के कारण सार्थक प्रभाव हैं।

क्रियात्मक 2.1 – सामान्य परिवारों के लड़के लड़कियों के नैतिक मूल्यों पर प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

क्रियात्मक 2.2 – सामान्य परिवारों के लड़के लड़कियों के नैतिक मूल्यों की विचलनशीलताओं में सार्थक अन्तर नहीं है।

सम्प्रत्यात्मक प्राकल्पना – संस्थागत की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास परलिंगभेद के कारण सार्थक प्रभाव पड़ता हैं।

क्रियात्मक 3.1 – एसओएस बालग्राम (संस्थागत) के लड़के लड़कियों के नैतिक मूल्यों पर प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

* डायरेक्टर, दीपशिखा कॉलेज ऑफ टेक्टिन एज्युकेशन, जयपुर (राज.) भारत

क्रियात्मक 3.2 – संस्थागत के लड़के लड़कियों के नैतिक मूल्यों की विचलनशीलता में सार्थक अन्तर नहीं है।

सम्प्रत्यात्मक प्राकल्पना :– संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

क्रियात्मक 4.1 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कों के नैतिक मूल्यों पर प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

क्रियात्मक 4.2 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कों के नैतिक मूल्यों की विचलनशीलताओं में सार्थक अन्तर नहीं है।

सम्प्रत्यात्मक प्राकल्पना – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कियों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

क्रियात्मक 5.1 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कियों के नैतिक मूल्यों पर प्राप्तांकों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर नहीं है।

क्रियात्मक 5.2 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कियों के नैतिक मूल्यों की विचलनशीलताओं में सार्थक अन्तर नहीं है।

अनुसंधान की विधि – अनुसंधान समस्या की प्रकृति तथा प्रस्तावित उद्देश्य के स्वरूप को देखते हुए शोधकर्त्री द्वारा सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। शोधकर्त्री के लिए सम्पूर्ण जनसंख्या का अध्ययन करना संभव नहीं था। इसलिए दिल्ली व जयपुर (उत्तारप्रदेश) के एसओएस व दो सामान्य राजकीय विद्यालय, जयपुर (राजस्थान) के बालकों को सद्देश्य न्यादर्श विधि द्वारा 269 लड़को व लडकियों को अध्ययन हेतु न्यादर्श में चुना हैं, जिनकी आयु 12 से 18 हैं।

प्रस्तुत शोध में लिए जाने वाले न्यादर्श का स्वरूप निम्न प्रकार निर्धारित किया गया हैं **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

न्यादर्श का सारणीयन निम्न प्रकार हैं –

क्र.	संस्था का नाम	लड़के	लड़कियों	कुल
1.	एस.ओ.एस. बालग्राम, जयपुर	15	40	55
2.	एस.ओ.एस. बालग्राम, दिल्ली (बयाना)	25	56	81
3.	पं. दीनदयाल उपाध्याय, रथखाना, जयपुर	70		70
4.	बालिका राजकीय विद्यालय, बनीपार्क, जयपुर	–	63	63
	कुल	110	159	269

प्रयुक्त उपकरण – शोधविषय तथा अध्ययन उद्देश्य के आधार पर इस अध्ययन की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत उपकरणों का प्रयोग किया हैं –

नैतिक मूल्यों के मापन हेतु – लीना जे. पूरनचन्द वनस्थली विद्यापीठ द्वारा मूल्य मापनी।

प्रयुक्त सांख्यिकी – प्रस्तुत अध्ययन से सम्बन्धित परीक्षणों का विधिवत् प्रशासन करके विश्लेषण किया गया हैं।

1. मध्यमान
2. टी अनुपात परीक्षण
3. ''एफ'' रेशा

अध्ययन की परिसीमाए :

1. वर्तमान अध्ययन हेतु भारत के उत्तार, पश्चिम, पूर्व, दक्षिण में से केवल उत्तर क्षेत्रीय (दिल्ली व जयपुर के) एस.ओ.एस. बालग्राम को ही चुना है।
2. केवल जयपुर के 2 राजकीय विद्यालयों के लडके व लड़कियों को ही न्यादर्श में सम्मिलित किया है।
3. एस.ओ.एस. बालग्राम में लड़कों की संख्या व उपस्थित कम होने के कारण न्यादर्श में अधिक लड़कियों को सम्मिलित किया गया।
4. न्यादर्श में 12 से 18 वर्ष के बालकों का ही चयन किया गया हैं।
5. अध्ययन हेतु केवल नैतिक मूल्यों को ही सम्मिलित किया गया हैं।
6. बालक का पालन पोषण करने वाली अनेक संस्थाओं में से केवल एस.ओ.एस. बालग्राम संस्था को ही अध्ययन हेतु चुना गया है।
7. एस.ओ.एस. बालग्राम के लड़के व लड़कियों का केवल सामान्य परिवारों में परिवरिश पाने वाले लड़के लड़कियों से ही तुलनात्मक अध्ययन किया है।

शोध के निष्कर्ष – शोधकर्त्री द्वारा अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। परिकल्पनाओं के आधार पर निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए।

सम्प्रत्यात्मक परिकल्पना 1 – एस.ओ.एस. बालग्राम व सामान्य परिवार के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता हैं।

परिवार की पालन पोषण पद्धति का उनके बालकों के नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो नकारात्मक क्रियात्मक परिकल्पना 1.1 व 1.2 का प्रयोग किया जो अस्वीकृत हुई हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि एस.ओ.एस. बालग्राम व सामान्य परिवार के बालकों की पालन पोषण पद्धति उनके नैतिक मूल्यों के विकास को प्रभावित करती है। एस.ओ.एस. बालग्राम के बालकों में नैतिक मूल्यों का विकास अपेक्षाकृत कम हैं।

सम्प्रत्यात्मक परिकल्पना 2 – सामान्य परिवारों के बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर लिंगभेद के कारण सार्थक प्रभाव पड़ता है।

सामान्य परिवारों का पालन पोषण का लिंगभेद के कारण उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रभाव अध्ययन करने के लिए दो नकारात्मक क्रियात्मक परिकल्पना 2.1 व 2.2 का प्रयोग किया हैं, जो अस्वीकृत हुई हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि परिवारों के पालन पोषण पद्धति का बालकों के नैतिक मूल्यों के विकास पर लिंगभेद के कारण प्रभाव पड़ता है।

सम्प्रत्यात्मक परिकल्पना 3 – संस्थागत बालकों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर लिंगभेद के कारण सार्थक प्रभाव पड़ता है।

संस्थागत परिवारों के बालकों की पालन पोषण पद्धति का लिंगभेद के कारण उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो नकारात्मक क्रियात्मक परिकल्पना 3.1 व 3.2 का प्रयोग किया हैं, जो अस्वीकृत हुई हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि पालन पोषण पद्धति बालकों के नैतिक मूल्यों के विकास को लिंगभेद के कारण प्रभावित करती है अर्थात् संस्थागत के लड़के व लड़कियों के नैतिक मूल्यों के विकास में अन्तर है। इसका संभावित कारण यह हैं कि लड़कियों, लड़कों की अपेक्षा अधिक आज्ञाकारी एवं कर्त्ताव्यपरायणता होती हैं और नियम पालन मे गंभीर होती है।

सम्प्रत्यात्मक परिकल्पना 4 – संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक

प्रभाव पड़ता है।

संस्थागत व सामान्य परिवारों के लड़कों की पालन पोषण पद्धति का उनके लड़कों के नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो नकारात्मक क्रियात्मक परिकल्पना 4.1 व 4.2 का प्रयोग किया हैं, जो अस्वीकृत हुई हैं। जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि संस्थागत व सामान्य परिवारों की पालन पोषण पद्धति मूल्यों के विकास को प्रभावित करती है अर्थात् संस्थागत लड़कों में नैतिक मूल्यों का विकास अपेक्षात्मक कम हैं, अभिप्राय यह हैं कि संस्थागत के परिवारों में संस्थागत माँ की लड़कों में नैतिक मूल्यों के विकास के प्रति सजगता कम हैं। जिससे इन बालकों को मूल्य प्रधान अनुकरणीय पारिवारिक वातावरण उपलबध नहीं हो रहा है। सामान्य परिवारों के बालकों के नैतिक मूल्यों के विकास के प्रति सजगता कम हैं। जिससे इन बालकों के मूल्य प्रधान अनुकरणीय पारिवारिक वातावरण उपलब्ध नहीं हो रहा है।

सम्प्रत्यात्मक परिकल्पना 5 – संस्थागत व सामान्य परिवारों की लड़कियों पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

संस्थागत व सामान्य परिवारों की लड़कियों की पालन पोषण पद्धति का उनके नैतिक मूल्यों के विकास पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए दो नकारात्मक क्रियात्मक परिकल्पना 5.1 व 5.2 का प्रयोग किया हैं, जो अस्वीकृत हुई है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि सामान्य परिवार व संस्थागत की पालन पोषण पद्धति मूल्यों के विकास को प्रभावित करती हैं, अर्थात् संस्थागत लड़कियों में नैतिक मूल्यों का विकास अपेक्षाकृत कम है। इसका अभिप्राय हैं कि संस्थागत के घरों के पारिवारिक वातावरण में नैतिक मूल्यों की प्रधानता अपेक्षाकृत कम है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. आसुबेल डी.पी. (1868), ''द साइकोलॉजी ऑफ मीनिंगफुल लर्निंग'' न्यूयार्क, ग्रीन एण्ड स्टोटेन''
2. आसुबेल डी.पी. एवं फिट्जगॅराल्ड (1962), ''जनरल ऑफ एजुकेशन एण्ड साइकोलॉजी'' 18 (12)
3. आसुबेल डी.पी. एव युसुफ (1963), ''रिव्यू ऑफ एजूकेशनल रिसर्च', 24 पृ. ठ सं. 533-34
4. अग्रवाल, वाई पी., ''स्टैटिस्टिकल मेथड्स, कॉन्सेप्ट एप्लीकेशन एण्ड कम्प्यूटेशन, सैकिण्ड एडिशन'', स्अर्लिंग पब्लिशर्स प्रा. लि.

प्रस्तुत शोध में लिये जाने वाले न्यादर्श का स्वरूप निम्न प्रकार निर्धारित किया गया हैं **(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**



चर प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित स्वतंत्र व आश्रित चर हैं



****

वनशाला शिविर कार्यक्रम का बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन (मन्दसौर जिले के संदर्भ में)

मनीष राठौर *

प्रस्तावना – प्रकृति प्रदत्त स्थितियों का सानिध्य व्यक्ति की आन्तरिक क्षमताओं का यथानुरूप प्रस्फुटित एवं विकसित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करता है। जीवन की वस्तुस्थितियों के साहचर्य के बिना व्यक्ति की सहज प्रवृत्तियों कभी भी सही दिशा में निर्देशित नहीं हो सकती अपितु मात्र कृत्रिमता से युक्त ही रहती है।

शिक्षा का उद्देश्य जीवन का सर्वांगीण विकास करना है, जिससे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र और परिस्थिति के लिए छात्र तैयार हो सके। अत: आवश्यकता इस बात कि है कि विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं मानवीय पक्ष को उत्कृष्ट बनाने हेतु शिक्षा में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजन किया जाए जो छात्रों को समाज एवं देश की वास्तविक स्थितियों से परिचित करावें ताकि विद्यार्थी उन स्थितियों में रहते हुए शिक्षा प्राप्त कर सफल नागरिक बन सके।

इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु बी.एड. महाविद्यालयों में वनशाला शिविर का आयोजन किया जाता है। वनशाला शिविर के अन्तर्गत वनशाला स्थान का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, शैक्षणिक, प्राकृतिक एवं औद्योगिक दृष्टि से अध्ययन किया जाता है। इस शिविर अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थि सामुदायिक जीवन व्यतीत करते है तथा उनके सामाजिक गुणों को अर्जित करते है, जैसे –सहयोग, श्रम के प्रति निष्ठा, अनुशासन, प्रकृति प्रेम, बड़ों के प्रति सम्मान आदि। लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा आयोजित वनशाला शिविर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। योग, प्रार्थना, सामाजिक सर्वेक्षण, मौन वेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भ्रमण। श्रम निष्ठा, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व, सादगी, सौन्दर्यानुभूति, शिक्षकों के प्रति सम्मान व सामाजिकता के गुणों के विकास में पूर्ण अवसर इस शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त होते है। अत: वनशाला शिविर का विद्यार्थियों के सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों के विकास पर क्या प्रभाव हुआ यह जानने के लिए इस विषय का चयन किया गया।

समस्या कथन – वनशाला शिविर कार्यक्रम का बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन।(मन्दसौर जिले के संदर्भ)

शोध उद्देश्य – वनशाला शिविर कार्यक्रम से बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों में विकसित होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का पता लगाना।

परिकल्पना – वनशाला शिविर से पूर्व एवं वनशाला शिविर के पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में कोई अन्तर नहीं होता है।

न्यादर्श – प्रस्तुत अध्ययन के लिए 100 बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। न्यादर्श चयन यादृच्छिक विधि के अन्तर्गत लॉटरी विधि द्वारा किया गया।

परिसीमन – उपर्युक्त शोध मन्दसौर जिले में स्थित शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय में अध्ययन सत्र 2016–17 के प्रशिक्षणार्थियों तक ही सिमित किया गया।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत अध्ययन के लिए स्वनिर्मित उपकरण सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्य प्रश्नावली का प्रयोग किया गया। कुल आठ सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से संबधी 40 प्रश्नों का निर्माण किया गया।

सांख्यिकी – प्रस्तुत अध्ययन हेतु प्रतिशत का प्रयोग किया गया।

प्रदत्तों का विश्लेषण – सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्य प्रश्नावली परीक्षक के प्रदतों का विश्लेषण मूल्यवार किया गया। कुल आठ मूल्य थे। प्रत्येक मूल्य का वनशाला पूर्व व पश्चात का प्रतिशत मान निकालकर तुलना की गई जो निम्न सारणी द्वारा प्रस्तुत है –

क्रं.	सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्य	वनशाला पूर्व :	वनशाला पश्चात:	सार्थकता स्तर
1	श्रमनिष्ठा	70 %	70 %	असार्थकता
2	अनुशासन	60 %	76 %	सार्थकता
3	सहयोग	75 %	84 %	सार्थकता
4	स्वच्छता	72 %	76 %	सार्थकता
5	बड़ों के प्रति सम्मान	80 %	80 %	असार्थकता
6	सामाजिकता	76 %	82 %	सार्थकता
7	सृजनात्मकता	73 %	79 %	सार्थकता
8	प्रतिभा प्रदर्शन	64 %	76 %	सार्थकता

प्रदत्तों की व्याख्या – श्रमनिष्ठा से सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर पूर्व व वनशाला पश्चात् का प्रतिशत समान पाया गया। अर्थात् प्रशिक्षणार्थियों में सामूहिक श्रम कार्य करने, में आनन्द महसूस करने शारीरिक श्रम द्वारा बौद्धिक विकास होना, अपना काम स्वयं करना, शारीरिक श्रम को सामाजिक दायित्व मानना आदि विचारों में वनशाला शिविर के पूर्व एवं पश्चात में कोई अन्तर नहीं पाया गया।

अनुशासन सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर पूर्व पश्चात् के प्रतिशत

* शोधार्थी (शिक्षा) कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर (छत्तीसगढ) भारत

में अन्तर पाया गया। प्रात: समय पर उठना, मौन वेला,परिषदवार एकत्रित रहना, सर्वे में नियमानुसार भाग लेना, समय अनुसार सभी गतिविधियों को करना, परिसर नियमों का पालन करना आदि अनुशासन सम्बन्धी मूल्यों का विकास वनशाला शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में हुआ।

सहयोग सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर पूर्व पश्चात के प्रतिशत में अन्तर पाया गया। दूसरों के साथ काम करने में आनन्द का अनुभव, मिलजुलकर कार्य करने से कार्य आसान होना, सहयोग की भावना से व्यक्तित्व ऊँचा होना व स्वयं का विकास होना आदि सहयोग सम्बन्धी मूल्यों का विकास वनशाला शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में हुआ।

स्वच्छता सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर पूर्व व पश्चात के प्रतिशत में अन्तर पाया गया। परिसर की स्वच्छता सुरक्षा रखना, कचरा सही जगह पर डालना, अपने सामान को व्यवस्थित रखना आदि स्वच्छता सम्बन्धी मूल्यों का विकास वनशाला शिविर के समय में प्रशिक्षणार्थियों में हुआ।

बड़ों के प्रति सम्मान सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर के पूर्व व पश्चात मे कोई सार्थक अन्तर पाया गया। शिक्षकों का आदर व श्रद्धा करना, उनके मार्गदर्शन में चलना, बड़ों के प्रति शिष्टाचार आदि मूल्य का प्रशिक्षणार्थियों में वनशाला शिविर के पूर्व व पश्चात समान पाए गए।

सामाजिकता सम्बन्धी मूल्यों में वनशाला शिविर के पूर्व व पश्चात के प्रतिशत मे सार्थक अन्तर पाया गया। समाज की समस्याओं के बारे में जानना, समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करना समाज हित सम्बन्धी कार्य करने की भावना का विकास आदि सामाजिकता सम्बन्धी मूल्यों का विकास प्रशिक्षणार्थियों में वनशाला शिविर के दौरान हुआ।

सृजनात्मकता सम्बन्धी मूल्य में वनशाला शिविर के पूर्व व पश्चात में प्रतिशत में सार्थक अन्तर पाया गया। उपलब्ध संसाधनों से नवीन सृजन, विविध कार्यक्रमों में नवीनता आदि मूल्यों का विकास प्रशिक्षणार्थियों में वनशाला शिविर के दौरान हुआ।

प्रतिभा का प्रदर्शन सम्बन्धी मूल्यों में वनशाला शिविर के पूर्व व पश्चात के प्रतिशत में सार्थक अन्तर पाया गया का प्रदर्शन सम्बन्धी मूल्य में। रंगोली द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेना, विविध कार्यक्रमों का नेतृत्व करना आदि मूल्यों विकास वनशाला शिविर के दौरान हुआ।

निष्कर्ष :

1. अनुशासन, सहयोग, स्वच्छता, सामाजिकता, सृजनात्मकता व प्रतिभा प्रदर्शन सम्बन्धी मूल्यों का वनशाला शिविर के बाद अधिक विकास हुआ है। वनशाला शिविर में इन मूल्यों के विकास के पूर्ण अवसर प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुए।
2. श्रमनिष्ठा व बड़ों के प्रति सम्मान सम्बन्धी मूल्यों के विकास पर वनशाला शिविर का कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

उपसंहार – वनशाला शिविर बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के जीवन का यादगार समय होता है, जिसमें वह अनेक गतिविधियों के माध्यम से जीवन के व्यवहारिक पक्षों का ज्ञान प्राप्त करता है तथा अनेक मूल्यों का विकास उसमें होता है। वह जीवन के यर्थाथ मूल्यों से परिचित होता है तथा उसका व्यक्तित्व स्व से ऊपर उठता है व दूसरों के प्रति सहयोग, प्रेम, सहकार व परोपकार की भावना को विकसित करता है। अत: वनशाला शिविर कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों के जीवन में मूल्यों के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में प्रभावी संप्रेषण कौशल विकसित करने हेतु प्रशिक्षण सामग्री तकनीक के उपयोग से पड़ने वाले प्रभाव संबंधी अध्ययन

डॉ. अनिता भदौरिया *

शोध सारांश – यदि शिक्षकों का संप्रेषण छात्र–छात्राओं को अपनी ओर आकर्षित करने तथा उनकी कक्षा में रूचि बनाए रखने तथा उनके द्वारा संप्रेषित की जा रही जानकारी को ग्राह्य बनाने में सक्षम होगा तभी आवश्यक एवं अपेक्षित कौशलों व ज्ञान का विकास संभव हो सकेगा। इसलिए इस अध्ययन में यह प्रयास किया गया है कि शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को यदि प्रभावी संप्रेषण कौशलों का ज्ञान हो तथा वे उसका अभ्यास एवं प्रयोग अपने कक्षा शिक्षण में भी करेगें तो संभवत: उन्हें इसका लाभ हो सकेगा।

शब्दकुंजी – शिक्षक – प्रशिक्षणार्थी, संप्रेषण, प्रशिक्षण सामग्री, तकनीक।

प्रस्तावना – शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत बी.एड. के शिक्षार्थियों के कक्षा शिक्षण कार्य का अवलोकन करने पर यह अनुभव किया गया कि बहुत से शिक्षकों में प्रभावी संप्रेषण कौशलों की पर्याप्त दक्षता नहीं है तथा कक्षा शिक्षण में वे इस बात पर कोई विशेष ध्यान भी नहीं देते है। विषयवस्तु के अनुसार आवश्यक शिक्षण पद्धति तो अपनाई जाती है किन्तु संप्रेषण के सामान्य नियमों का पालन नहीं किया जाता है। अत: इस क्षेत्र मे अनुसंधान की आवश्यकता है। यदि शिक्षण पद्धति के साथ–साथ प्रभावी संप्रेषण कौशलों का भी उपयोग किया जाए तो शिक्षण कार्य को अधिक परिणाम मूलक बनाया जा सकता है।

शिक्षा ही बच्चों के भविष्य का आधार है तथा शिक्षा का आधार, शिक्षक और उसकी शिक्षण पद्धति होती है। शिक्षक पद्धति और उसका व्यवहार व उसका व्यक्तित्व उसके विद्यार्थियों पर निश्चित रूप से अपना प्रभाव डालते है। संप्रेषण शिक्षण का आधार है। यदि शिक्षक व विद्यार्थियों के बीच प्रभावी संप्रेषण होगा तो शिक्षक के शिक्षण का प्रभावी होना स्वभाविक है। शिक्षक व छात्रों के बीच समांजस्य स्थापित करने, संवाद स्थापित करने तथा शिक्षण के फीडबैक तथा बच्चों की समस्याओं को समझने के लिए एक शिक्षक में प्रभावी संप्रेषण कौशल का होना आवश्यक है।

अनुसंधान के उद्देश्य :

1. शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के संप्रेषण में पाई जाने वाली सामान्य कमियों का आकलन करना।
2. आकलन के आधार पर उन कमियों को दूर करने हेतु आवश्यकतानुसार रणनीति तैयार कर दृष्य श्रव्य एवं प्रशिक्षण सामग्रियों के उपयोग सहित प्रभावी संप्रेषण के आवश्यक तत्वों की जानकारी देना।
3. इससे उनके संप्रेषण कौशल पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना – अनुसंधान की परिकल्पना यह है कि यदि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को प्रभावी संप्रेषण कौशलों का पूर्ण ज्ञान देकर उनकें संप्रेषण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाए तो वे न केवल अपने संप्रेषण की विशेषताओं एवं कमियों को जान सकेंगे अपितु उन कमियों को दूर करते हुए कक्षा शिक्षण के दौरान प्रभावी संप्रेषण हेतु सीखे गए कौशलों का उपयोग भी कर सकेंगे अंतत: इससे उनका शिक्षण कार्य प्रभावी होगा।

न्यादर्श – यह अनुसंधान कॅरियर महाविद्यालय, भोपाल में अध्ययनरत बी.एड. के 100 छात्र–छात्राओं व शिक्षकों पर किया गया। संप्रेषण कौशल एवं उनका विकास एक व्यापक विषय है। किन्तु सीमित अध्ययन की दृष्टि से शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के लिये आवश्यक संप्रेषण कौशलों में मुख्य रूप से इन कौशलों को सम्मिलित किया गया।

1. शुद्ध उच्चारण।
2. बोलते समय भाव अनुसार स्वर/ध्वनि का उतार चढ़ाव।
3. बोलने की शैली एवं आवश्यक हावभाव एवं अंग संचालन।
4. प्रभावी श्रवण कौशल।

अनुसंधान के क्रियान्वयन हेतु अपनाई गई रणनीति :

1. शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के सामान्य संप्रेषण एवं कक्षा शिक्षण के दौरान संप्रेषण कौशलों का अवलोकन।
2. अवलोकन के दौरान चिन्हित कमियों को दूर करने हेतु संप्रेषण कौशलों पर आधारित सत्रों का आयोजन तथा अभ्यास कार्य।
3. दृष्य श्रव्य सामग्री जैसे टेप रिकॉर्डर वीडियों क्लिपिंग्स अच्छे संप्रेषकों के उदाहरण प्रस्तुतिकरण स्वयं अपने संप्रेषण का अवलोकन वीडियों के माध्यम से कर उसकी समीक्षा करना तथा आवश्यक संशोधन/सुधार हेतु प्रयास करना आदि का उपयोग करने हुए प्रभावी संप्रेषण एवं उसकी बाधाओं को स्पष्ट किया गया।

विश्लेषण एवं व्याख्या – शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के प्रस्तुतीकरण पठन क्रिया एवं सामान्य संप्रेषण प्रक्रियाओं का अवलोकन करने पर यह प्रतीत हुआ कि उनमें प्रभावी संप्रेषण हेतु आवश्यक विभिन्न कौशलों की कमी है। यह कमी किसी में उच्चारण की अशुद्धि के रूप में तथा किसी में प्रस्तुतीकरण में आवाज के उतार चढ़ाव एवं हाव भाव में कमी के रूप में दिखाई दी। अनुसंधानकर्त्ता द्वारा इन दोषों को पहचान लिया जाना ही पर्याप्त नहीं था, जब तक स्वयं शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को इन कमियों की पहचान न हो तो तब तक आवश्यक सुधार संभव नहीं है। इसी अवधारणा के आधार पर प्रशिक्षण सत्रों के द्वारा स्वयं शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को विशेषज्ञों एवं साथी शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की सहायता से इन को पहचानने के अवसर प्रदान किए गए।

* केरियर महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

इससे भी महत्वूर्ण यह है कि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने स्वयं अपनी आवाज में अपने बोलने तथा पढ़ने के अंदाज़ को सुना तथा स्वयं उसमें आवश्यक संशोधनों की ज़रूरत को महसूस किया। उनकी इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए विशेष सत्र आयोजित किए गए जिसमें कम्प्यूटरीकृत दृष्य श्रव्य सामग्री के जैसे पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं वीडियो प्रेजेंटेशन आदि के माध्यम से तथा विशेषज्ञों के व्याख्यान के माध्यम से प्रभावी संप्रेषण एवं उसकी बाधाओं को स्पष्ट किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कृत्रिम कक्षा का निर्माण कर प्रभावी संप्रेषण हेतु अभ्यास भी करवाए गए। इसके साथ ही वास्तविक कक्षाओं में अभ्यास शिक्षण के दौरान उनके संप्रेषण में आए परिवर्तन को अवलोकन किया गया।

उपरोक्त समस्त प्रक्रिया के उपरांत मुख्य रूप से यह तथ्य सामने आए :

1. बहुत से शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में वर्णों एवं मात्राओं के उच्चारण संबंधी दोष हैं। कुछ शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को इन दोषों का ज्ञान था जबकि कुछ ने इस के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की।
2. उनके इन दोषों पर आज तक किसी ने उन्हें टोका नहीं न ही सुधार हेतु आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन दिया, इसलिए वे भी इसमें सुधार को महत्वपूर्ण नहीं मानते थे।
3. जब उन्हें इसका अहसास कराया गया तथा उन्हें ठीक करने हेतु आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया जैसे प्रत्येक वर्ण के उच्चारण का स्थान एवं तरीका स्पष्ट किया गया तो उन्होंने सही उच्चरण का न केवल अभ्यास किया अपितु वे बोलते समय सतर्क भी रहने लगे।
4. इसी प्रकार कक्षा में संचालन हाव-भाव, अंग संचालन एवं प्रभावी श्रवण विधा एवं कौशलों का संतुलित उपयोग करने के संबंध में शिक्षकों प्रशिक्षणार्थियों ने कभी गंभीरता से विचार नहीं किया।
5. अनुसंधान से यह स्पष्ट हुआ कि आवश्यक उच्चारण दोषों की जानकारी होने पर शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने अपने उच्चारण को सुधारने हेतु आवश्यक प्रयास किए किन्तु प्रारंभ से इसी प्रकार उच्चारण करने के कारण प्रवाह में बोलने पर वे इन उच्चरण दोषों के सहित ही बोलते हैं यदि बारम्बार अभ्यास कराया जाए तथा ध्यान दिलाया जाए तो काफी हद तक इन दोषों को दूर किया जा सकता है।

परिकल्पना का सत्यापन :

शोध परिकल्पना – अनुसंधान की परिकल्पना यह थी कि यदि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को प्रभावी संप्रेषण कौशलों का पूर्ण ज्ञान होगा तथा उन्हें उनके संप्रेषण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाए तो वे न केवल अपने संप्रेषण की विशेषताओं एंव कमियों को जान सकेगें अपितु उन कमियों को दूर करते हुए कक्षा शिक्षण के दौरान प्रभावी संप्रेषण हेतु सीखें गए कौशलों का उपयोग भी कर सकेंगे।

सत्यापन – उक्त परिकल्पना को अनुसंधानकर्त्ता द्वारा अपने क्रियात्मक अनुसंधान द्वारा सत्यापित करने का प्रयास किया गया। जिसमें चयनित शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में विभिन्न संप्रेषण कौशलों के उपयोग की वर्तमान स्थिति (अभ्यास पूर्व की स्थिति) को ज्ञात किया गया तथा उन्हें आवश्यक संप्रेषण कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें दृष्य एवं श्रव्य सामग्रियों का उपयोग भी किया गया। प्रशिक्षण उपरांत पुन: चयनित शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों में इन कौशलों के प्रदर्शन/उपयोग कक्षा शिक्षण में उनके प्रयोग किए जाने की स्थिति का अध्ययन किया गया। पूर्व एवं पश्चात् की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन कर परिकल्पना का सत्यापन किया गया।

निष्कर्ष एवं सुझाव :

1. अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को संप्रेषण कौशलों का पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाए तथा उन्हें प्रभावी बनाने हेतु अभ्यास भी कराया जाए तो संप्रेषण कौशलों को प्रभावी बनाया जा सकता है, जिसमें कक्षा शिक्षण स्वयंमेव प्रभावी हो सकेगा।
2. संप्रेषण कौशलों के आकलन तथा अभ्यास के लिए दृष्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाए तो शीघ्र एवं सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते है।
3. शिक्षक प्रशिक्षणों में संप्रेषण कौशलों को अनिवार्य अंग बनाया जाना चाहिए। विशेषकर बी.एड. प्रशिक्षण कक्षाओं में इस पर विशेष ध्यान देना चाहिये।
4. प्रशिक्षण के दौरान दृष्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग जो टेप रिकॉर्डर/ वीडियो क्लिपिंग/पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन आदि का समुचित उपयोग किया जाना चाहि। इन सामग्रियों के उपयोग से स्वयं के संप्रेषण का आकलन करना तथा उसमें सुधार की प्रक्रिया को सरल व प्रभावी बनाया जा सकता है।
5. कक्षाओं की मॉनीटरिंग के दौरान भी शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के संप्रेषण कौशल का अवलोकन किया जाना चाहिए तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाए तो अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बक्शी एन.एस, शिक्षण-प्रशिक्षण में प्रभाव संप्रेषण 2007 शिक्षा तकनीकी, प्रेम प्रकाश, नई दिल्ली।
2. माथुर, एस.एस., शिक्षण कला, शिक्षक तकनीकी, 1995 विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. Landy frank J (1976), Psychology of work behaviour, Home Wood the Dorsey press.
4. शर्मा, आर.ए., अधिगम विकास का मनोवैज्ञानिक आधार, आर लाल बुक डिपो, मेरठ
5. Asthana, Bipin (2010), Research methodology, Agrawal Publication, Agra.
6. Hills, Philip Ed (1987), Communication skills; an internal review volume-1 croom helem.
7. Sign, Chitra, Educational Technology, Agarwal Publication, Agra.

****

Nano Particles: An Overview

Ashok Kumar Verma*

Abstract - Nanoparticles are nearly-spherical particles of diameter between 1 and 100 nanometers. They consist of thousands of atoms, but are still much too small to be directly visible with a light microscope (here I like to draw a line and put various sizes on it: 0.1 nm = atoms, 1–100 nm = nanoparticles, 200 nm = visible with light microscope). Nanoparticles have some interesting properties different from smaller complexes and bigger particles of the same composition, such as color, magnetism, catalytic activity.

The properties of nanoparticles usually highly depend on their size, but unlike for molecules and clusters, not all nanoparticles with the same or similar enough properties have exactly the same number of atoms, but just diameters within some range. The interaction mechanisms between NPs and living systems are not yet fully understood and the complexity increases when moving from in vitro to in vivo models. Even particles of the same material can show completely different behaviour due to, for example, slight differences in surface coating, charge, or size. Hazard identification on the in-vivo level, with regards to nanomaterials, is still at an early stage. Major entry routes (lung, gut, and possibly skin) as well as other targets (lung, liver, heart, and brain) have been identified.

The basic principles of the proposed mechanisms include 1. The formation of Reactive Oxygen Species that cause oxidative stress and cell death. With reducing size, nanoparticles have increasing surface area and thus increased chemical reactivity and dissolution into cells.2. Due to the comparable sizes of nanoparticles with that of human cells they are able to cross biological membranes and access cells, tissues and organs that larger-sized particles normally cannot.Also, due to various ethical issues, study of toxicity of nanoparticles towards human beings can only mainybe inferred by results from IVIVC (In-vitro-in-vivo correlation) studies or studies on animal models. Furthermore, there is presently no authority to specifically regulate nanotech-based products. Scientific research has indicated the potential for some nanomaterials to be toxic to humans or the environment.

The study designed on the basis of secondary data available on the various internet sites in the form of research papers and studies emphasizes the significance of nanoparticles and nanotechnology in the various fields.
Keywords- Nanoparticles, Nanomaterial, Toxicity, Cells, Reactive, Oxygen, Species.

Introduction - The term 'nano' refers to the size which is 0.000000001 meters in length. That is extraordinarily small.When it comes to the ecosystem, nanoparticles, that are synthetic fibers, occur virtually everywhere. If you have ever had to replace an article of clothing because it has worn thin—it is normally because the synthetic fibers have gone through the laundry cycle numerous times. These are nano-sized and micro-sized particles that are pollutants. Occasionally, sewage control facilities can't completely control their effluent. The particles may become fish food end up in the ocean.

A common industrial technique is Laser Vaporizing Deposition; it has become a go-to technique for Nanotech. Buckminster Fullerene C60, which is considered a Nano-sized particle, was first produced by passing an electric current between two carbon rods bound or connected via a hacksaw blade in a helium atmosphere. "Soot" was deposited on the blade metal and eventually analyzed to be, in part, Buckminster Fullerene.

Nanoparticles exist in different forms. Nanoparticles are tiny materials having size ranges from 1 to 100 nm. They can be classified into different classes based on their properties, shapes or sizes. The different groups include fullerenes, metal Nanoparticles, ceramic Nanoparticles, and polymeric Nanoparticles. Nanoparticles possess unique physical and chemical properties due to their high surface area and nanoscale size. Their optical properties are reported to be dependent on the size, which imparts different colors due to absorption in the visible region. Their reactivity, toughness and other properties are also dependent on their unique size, shape and structure. Due to these characteristics, they are suitable candidates for various commercial and domestic applications, which include catalysis, imaging, medical applications, energy-based research, and environmental applications. Heavy metal NPs of lead, mercury and tin are reported to be so rigid and stable that their degradation is not easily achievable, which can lead to many environmental toxicities.

Formation Of Nanoparticles

* Deptt.of Physics, Govt. College, Dholpur (Raj.) INDIA



Properties Of Nanoparticles: They have the following unique properties:

1. Tiny Size that might be (depending on the kind of particle) due toquantum size effect
2. Varied Strains-Because of small volume and large surface, they can have different strains and crystalize in latice not found for the given material in bulk.
3. Balistic transport
4. Surface/volume ratio
5. Super effective- Most of physics and chemistry happens at interfaces. The smaller the particles, the larger part of the particle is the surface. For nanoparticles they basically are only surface. That makes them super effective for things like catalysis, reaction speeds and similar.

Classification Of Nanoparticles: Nanoparticles can fall into several different categories, with different methods of manufacture, properties and applications. Like any other material, nanoparticles are probably most easily categorized into metals, insulators and semiconductors.

Metal nanoparticles: Metal nanoparticles can be made from noble metals such as Au, Ag, Pt, Pd, etc. Au and Ag nanoparticles have plasmonic properties that make them useful in a variety of applications, such as biotech and solar energy conversion.

Semiconductor nanoparticles: Semiconductor nanoparticles are frequently made from compound semiconductors such as CdSe, CdTe and others. These NPs are commonly referred to as "quantum dots," and have a variety of applications in optoelectronics and as replacements for fluorescent dyes.

Insulating nanoparticles: Insulating nanoparticles can be made from polymers such as polystyrene and other materials like silica (SiO2). These particles, in sizes ~ 50 nm and up, are manufactured and sold commercially by companies like Bangs laboratory. Particles like these, particularly silica, form the basis for a number of super-hydrophobic surface coatings.

Evalutation Of Nanoparticles: Nanoparticles possess atleast one dimension in nano size range. (i.e, either its height, thickness, or breadth in nano size). They are usually suspended in a solvent, solvent based synthesis usually gives a control over the size distribution of the particles. Ball milling can also help us reduce the particle into nanoparticles.

When they are suspended in a solvent, we can conduct different spectroscopic techniques (passing light of different wavelengths and see what it absorbs, that determines what type of nanomaterial we have). It could be FT-IR, UV-Vis etc.

Coating of the solution on a glass slide and can carry raman spectroscopy, SEM, XRD or AFM. SEM will allow us to see the particle's morphology.XRD can be carried out on powder samples and that gives information about the particle's grain size, crystallite size, crystal structure etc.

Methods Of Production Of Nanoparticles: Nanoparticles can be produced through various methods, depending on the desired material and properties. Hereunder are some of them-

1. Chemical Precipitation: This method involves the controlled mixing of precursor solutions containing the desired elements or compounds. By adding a precipitating agent or changing the pH or temperature, nanoparticles are formed through nucleation and subsequent growth. The size and shape of the nanoparticles can be controlled by adjusting the reaction parameters.

